भाद्रपद कृष्ण पक्ष एकादशी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 अगस्त 2024
वर्ष 3, अंक 9, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



गुजरात में बारिश से नौ की मौत, कई इलाकों में बाढ़ 16
पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज 15

## सुलतानपुर: दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप में डकैती

### हथियारों से लैस बदमाश करोड़ों की ज्वैलरी-कैश लेकर हुए फरार

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** शहर के चौक इलाके में ठठेरी बाजार स्थित आभूषण की एक दुकान में बुधवार को दिनदहाड़े डाका पड़ गया। नकाबपोश पांच डकैत अचानक दुकान में आ धमके और असलहे के दम पर आभूषण कारोबारी के करोड़ों के जेवरात व करीब 3 लाख कैश लूटकर निकल गए।

घटना से आक्रोशित व्यापारियों ने दुकानें बंद कर दीं। सूचना पर आईजी अयोध्या मंडल प्रवीण कुमार, एसपी सोमेन बर्मा मौके पर पहुंचे। आईजी ने तत्काल जिले की सीमाओं को सील कराते हुए छह टीमें डकैतों की छानबीन में लगा दी।



ठठेरी बाजार में भरत सोनी की भरत सर्राफ नाम से आभूषण की दुकान है। बुधवार की दोपहर 12 बजकर 45 मिनट पर वह बेटे सुमित सेठ, सैदखानपुर के फुटकर व्यापारी अशोक सोनी व एक अन्य ग्राहक के साथ बैठे थे। इसी बीच दुकान में पांच डकैत आ धमके और उन पर असलहे तान दिए। तीन लोग मुंह पर गमछा बांधे थे और दो डकैत हेलमेट पहने हुए थे। भरत सोनी ने बताया कि दो डकैतों ने बैठे लोगों पर पिस्टल तान दी और तीन डकैत अपने हाथ में पहले से लिए बैग में सोने व चांदी के आभूषण भरने लगे। इस दौरान साथ में बैठे व्यापारी अशोक सोनी का आभूषण से भरा बैग भी छीन लिया। तीन लाख रुपये भी छीन लिए। इसके बाद दुकान के सामने खड़ी दो बाइकों पर बैठकर फरार हो गए।

#### अखिलेश का तंज- प्रदेश में चल रहा डकैतों का अमृत काल

सुलतानपुर में डकैती की घटना पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने प्रदेश सरकार को घेरा है। एक्स पर लिखा कि भाजपा राज भ्रष्टाचार-अपराध की जुगलबंदी बनकर रह गया है। हथियारों के बल पर 5 करोड़ की लूट दर्शाती है कि भाजपा राज में किसका अमृतकाल चल रहा है।

## कोलकाता की घटना से मैं निराश और भयभीत हूं: मुर्मू

### आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या पर राष्ट्रपति ने कहा- बस अब बहुत हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी

कोलकाता में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और हत्या की घटना से पूरे देश में गुस्सा और नाराजगी का माहौल है। अब राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने भी इस घटना पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि वह घटना से निराश और भयभीत हैं।



अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए राष्ट्रपति ने महिला अपराधों पर रोक का आह्वान किया और कहा कि अब बहुत हो गया, अब समय आ गया है कि भारत महिलाओं के खिलाफ अपराधों की 'विकृति' के प्रति जाग जाए और उस मानसिकता का मुकाबला करे, जो महिलाओं को कम शक्तिशाली, कम सक्षम, कम बुद्धिमान के रूप में देखती है। मुर्मू ने एक विशेष लेख में कहा कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के लिए, कुछ लोगों द्वारा महिलाओं को वस्तु के रूप में देखने की यही मानसिकता जिम्मेदार है। अपनी बेटियों के प्रति यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम उनके भय से मुक्ति पाने के मार्ग में आने वाली बाधाओं को दूर करें। 9 अगस्त को कोलकाता के एक अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर के साथ बलात्कार और उसकी हत्या का जिक्र करते हुए व्यथित राष्ट्रपति ने कहा कि इससे भी अधिक निराशाजनक बात यह है कि यह महिलाओं के खिलाफ अपराधों की श्रृंखला का हिस्सा है। राष्ट्रपति ने लिखा कि कोई भी सभ्य समाज बेटियों और बहनों पर इस तरह के अत्याचार की अनुमति नहीं दे सकता। राष्ट्र का आक्रोशित होना निश्चित है, और मैं भी आक्रोशित हूं। 'महिला सुरक्षा: बस! बहुत हो चुका' शीर्षक वाले लेख में राष्ट्रपति ने 9 अगस्त को कोलकाता में हुई घटना पर पहली बार अपने विचार व्यक्त किए हैं। ऐसी घटना ने एक बार फिर राष्ट्र की अंतरात्मा को झकझोर दिया है।

#### एक हालिया मुलाकात का किया जिक्र, पूछा- निर्भया घटना से हमने क्या सबक सीखा

राष्ट्रपति ने रक्षाबंधन पर स्कूली बच्चों के एक समूह के साथ अपनी हालिया मुलाकात को याद किया। उन्होंने दिसंबर 2012 में दिल्ली में एक फिजियोथेरेपी इंटर्न के साथ बर्बर दुष्कर्म-उसकी हत्या का जिक्र करते हुए कहा, 'हाल ही में मैं एक अजीब दुविधा में फंस गई थी, जब राष्ट्रपति भवन में राखी मनाने आए कुछ स्कूली बच्चों ने मुझसे मासूमियत से पूछा कि क्या उन्हें भरोसा दिया जा सकता है कि भविष्य में 'निर्भया' जैसी घटना नहीं होगी?' मुर्मू ने कहा कि आक्रोशित राष्ट्र ने योजनाएं बनाईं और रणनीतियां तैयार कीं, और पहल से कुछ फर्क पड़ा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में हुई उस त्रासदी के बाद के 12 वर्षों में इसी तरह की अनगिनत त्रासदियां हुई हैं। हालांकि उनमें से कुछ ने ही पूरे देश का ध्यान खींचा। इन्हें भी जल्द ही भुला दिया गया। क्या हमने सबक सीखा? जैसे-जैसे सामाजिक विरोध कम होते गए, ये घटनाएं सामाजिक स्मृति के गहरे और दुर्गम कोने में दब गईं।'

### एक नजर

#### यूपी कैडर के आईपीएस दलजीत सिंह चौधरी बने बीएसएफ प्रमुख



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी दलजीत सिंह चीमा को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) का प्रमुख नियुक्त किया गया है। चौधरी यूपी कैडर के 1990 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। कार्मिक मंत्रालय ने बताया कि वर्तमान में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के प्रमुख चौधरी को 30 नवंबर 2025 को उनकी सेवानिवृत्ति की तारीख तक के कार्यकाल के लिए बीएसएफ के महानिदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है। वहीं, बिहार कैडर के राजविंदर सिंह भट्टी को सीआईएसएफ का प्रमुख नियुक्त किया गया है।

#### डीएमके सांसद पर 908 करोड़ रुपये का जुर्माना

**चेन्नई।** ईडी ने बुधवार को तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री एस जगतरक्षकन पर फेमा के तहत 908 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। संघीय एजेंसी ने एक बयान जारी किया, जिसमें कहा गया कि सितंबर 2020 में जब्त की गई 89.19 करोड़ रुपये की संपत्ति को 26 अगस्त को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के तहत जारी एक स्थगन आदेश के बाद जब्त कर लिया गया है। 76 वर्षीय जगतरक्षकण अरक्कोणम लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं।

## कांग्रेस और सपा में घुस गई है जिन्ना की आत्मा: मुख्यमंत्री

### योगी आदित्यनाथ ने अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में विपक्षी दलों पर साधा निशाना

- **कहा, जिन्ना की तरह ही समाज को बांटने का कार्य कर रहे दोनों दल**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/अलीगढ़

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुई हमले की घटना पर आक्रोश जताने के बाद अब भारत के बंटवारे के जिम्मेदार मोहम्मद अली जिन्ना का नाम लेकर विरोधियों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोगों के अंदर जिन्ना की आत्मा घुस गई है। जिन्ना ने देश का विभाजन करने का पाप किया था, इसलिए वह अंतिम समय में घुट-घुट कर मरा था। समाज को बांटकर यही पाप कांग्रेस और सपा कर रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को अलीगढ़ में वृहद रोजगार मेला में पांच हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र, उद्यमियों को ऋण, विद्यार्थियों को टैबलेट, स्मार्टफोन वितरण समेत 705 करोड़ की परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा के लोगों को जब भी मिली हुई तो सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने का कार्य किया। अपनी योजनाओं के माध्यम से तुष्टिकरण करते थे और समाज को विकास की धारा से विमुख करने का कार्य करते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब देश विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है, तब कांग्रेस और सपा के लोग समाज को तोड़ने का कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में देश नई बुलंदियों की तरफ आगे बढ़ रहा है, जबकि समूचा विपक्ष समाज में जाति का विष घोल कर अराजकता फैलाने का कार्य कर रहा है।



एक युवा को टैबलेट देते मुख्यमंत्री। ● अमृत विचार

#### मुख्यमंत्री आज कानपुर को देंगे 751 करोड़ की सौगात

**कानपुर।** मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को कानपुर में 751 करोड़ रुपये की 442 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। उनका यह दौरा सीसामऊ विधानसभा के प्रस्तावित उपचुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में जोश भरने वाला माना जा रहा है। मुख्यमंत्री पूर्वाह्न 11.10 बजे लाल इमली के समीप जीआईसी इंटर कालेज के मैदान पर पहुंचेंगे। यहां रोजगार मेला में 1 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र और 8087 युवाओं को टैबलेट बांटेंगे।

#### खुला हुआ है यमलोक का रास्ता

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि जिन्होंने अपने समय में कोई काम नहीं किया, सिर्फ कारनामे किए आज उन्हें प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज पसंद नहीं आ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि डबल इंजन की सरकार में बेटी और व्यापारी के सम्मान के साथ खिलवाड़ करने वालों के लिए यमलोक का रास्ता खुला हुआ है। अराजकता, अव्यवस्था और गुंडागर्दी की छूट किसी को नहीं देंगे।

#### सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का अधिकार नहीं

योगी ने कहा कि सपा मुखिया को बेटी सुरक्षा पर बोलने का कोई अधिकार नहीं है। अयोध्या और कन्नौज में उन्हीं की पार्टी के नेताओं द्वारा बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ किया गया। उनकी सरकार के दौरान व्यापारियों में भय का माहौल था। कोलकाता की घटना पर उनकी जुबान नहीं खुलती है।

## बंगाल बंद में हिंसा, भाजपा नेता की कार पर फायरिंग

### भाजपा-टीएमसी कार्यकर्ताओं में झड़पें हुईं, बंद का रहा मिला-जुला असर

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में बुधवार को भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान हिंसा की घटनाएं भी हुईं। राज्य के कई हिस्सों में बंद समर्थकों की पुलिस और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प हुई और बंद का मिला-जुला असर रहा। उत्तर 24 परगना जिले के भाटपाड़ा से झड़प होने की खबरें सामने आईं, जहां भाजपा ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के गुंडों ने उसके स्थानीय नेता प्रियांगु पांडे की कार पर गोलीबारी की और इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया।

भाजपा के नेताओं ने दावा किया कि हालांकि पांडे सुरक्षित बच गए, लेकिन वाहन के चालक और पार्टी के एक कार्यकर्ता के सिर में गोली लग गई, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हिंसा के बाद भाजपा के स्थानीय नेता अर्जुन सिंह और तृणमूल कांग्रेस के नेता सोमनाथ श्याम के बीच झड़प हो गई, जिससे तनाव और बढ़ गया तथा पुलिस को संघर्षरत समूहों को तितर-बितर करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से ही सड़कों और रेल पटरियों को अवरुद्ध करने के लिए पूर्व राज्यसभा सदस्य रूपा गांगुली और लॉकेट चटर्जी तथा राज्यसभा सदस्य समिक भट्टाचार्य और विधायक अग्निमित्रा पॉल समेत कई भाजपा नेताओं को हिरासत में लिया गया है।

कोलकाता दुष्कर्म-हत्याकांड



#### फांसी के लिए विधेयक लाएंगे: ममता

**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी सरकार शीघ्र ही विधानसभा सत्र बुलाएगी और दुष्कर्मियों को फांसी देने वाला विधेयक पारित करेगी। टीएमसी की छात्र शाखा के 27वें स्थापना दिवस को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि अगले सप्ताह हम सत्र बुलाएंगे और दुष्कर्मियों को मृत्युदंड देने वाला विधेयक 10 दिनों के भीतर पारित करेंगे। अगर राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने विधेयक को मंजूरी नहीं दी तो वह राजभवन के बाहर धरना देंगी।

#### आईएमए ने डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित की

**नई दिल्ली।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने बुधवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष की सदस्यता निलंबित कर दी। यह कदम इस महीने की शुरुआत में कोलकाता स्थित इस संस्थान में एक जूनियर डॉक्टर के साथ दुष्कर्म और हत्या की सीबीआई जांच के बीच उठाया गया है। एसोसिएशन की कोलकाता शाखा के उपाध्यक्ष घोष की सदस्यता के निलंबन का फैसला आईएमए की अनुशासन समिति द्वारा लिया गया।

## प्रयागराज-आगरा बनेंगे स्मार्ट औद्योगिक शहर

### कैबिनेट बैठक: देश के 10 अन्य शहर भी होंगे परियोजना में शामिल, 28 हजार करोड़ होगा खर्च

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए बुधवार को 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 10 राज्यों में 12 नए औद्योगिक शहरों की स्थापना को मंजूरी दी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास कार्यक्रम (एनआईसीडीपी) के तहत 28,602 करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश से 12 नए परियोजना प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

ये औद्योगिक शहर उत्तर प्रदेश के आगरा एवं प्रयागराज, उत्तराखंड के खुरपिया, पंजाब के राजपुरा-पटियाला, महाराष्ट्र के दिघी, केरल के पलक्कड़, बिहार के गया, तेलंगाना के जहीराबाद, आंध्र प्रदेश के ओर्वकल एवं कोपर्थी और राजस्थान के जोधपुर-पाली में स्थित होंगे। इन औद्योगिक शहरों की परिकल्पना छह प्रमुख गलियारों के करीब रणनीतिक रूप से की गई है। इन शहरों के गठन से करीब 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार और नियोजित औद्योगिकीकरण के माध्यम से 30 लाख अप्रत्यक्ष रोजगार पैदा होगा। वैष्णव ने कहा कि यह कदम देश के औद्योगिक परिदृश्य को बदल देगा। इससे औद्योगिक क्षेत्र एवं शहरों का एक मजबूत नेटवर्क तैयार होगा, जो आर्थिक वृद्धि और वैश्विक प्रतिस्पर्धा को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देगा।



#### 234 नए शहरों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को निजी एफएम रेडियो चरण-3 नीति के तहत 234 नए शहरों में 730 चैनलों के लिए आरोही ई-नीलामी के तीसरे समूह के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इसके लिए अनुमानित आरक्षित मूल्य 784.87 करोड़ रुपये आंका गया है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मंत्रिमंडल ने एफएम चैनलों के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क (एएलएफ) जीएसटी को छोड़कर सकल राजस्व का 4 प्रतिशत वसूलने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। यह 234 नए शहरों/कस्बों पर लागू होगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 234 नए शहरों और कस्बों में निजी एफएम रेडियो की शुरुआत से इन क्षेत्रों में एफएम रेडियो की अपूर्ण मांग पूरी होगी, जो अब भी निजी एफएम रेडियो प्रसारण से अछूते हैं और इससे मातृभाषा में नई और स्थानीय सामग्री उपलब्ध होगी।

## आप सांसद संजय सिंह ने कोर्ट में किया सरेंडर

- **50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर मिली जमानत**



**सुलतानपुर।** बसपा सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन और रोड जाम के 23 साल पुराने मामले में दोषी आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह हाईकोर्ट से जमानत के बाद बुधवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में अपने वकील अरविंद सिंह राजा व रुद्र प्रताप सिंह मदन के साथ हाजिर हुए। कोर्ट ने उन्हें 50 हजार रुपये के निजी मुचलके पर रिहा कर कर दिया। एमपी/एमएलए न्यायाधीश एकता वर्मा के यहां 19 जून 2001 की घटना में पुलिस ने सांसद संजय सिंह, पूर्व विधायक अनूप संडा, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव आदि के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। प्रेम प्रकाश की मौत हो चुकी थी, शेष छह लोगों के खिलाफ ट्रायल पूरा हुआ था, जिसमें सभी को तीन माह व डेढ़ हजार रुपए अर्थदंड की सजा तत्कालीन एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने सजा सुनाई थी। मामले में अगली सुनवाई 7 सितंबर को होगी।

## मदरसे में छाप रहे थे नकली नोट मौलवी समेत चार गिरफ्तार

- **सौ-सौ के 1 लाख 30 हजार रुपये मूल्य के नकली नोट बरामद**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रयागराज के एक मदरसे से बुधवार को 100-100 के नकली नोट छपने की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस ने छापा मारा। इस दौरान प्रिंटिंग मशीन के साथ मौके पर 1 लाख 30 हजार की नकली करेंसी भी बरामद हुई। पुलिस ने मौके पर ही मौलवी समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मास्टरमाइंड ओडिशा का रहने वाला है।

मामला मदरसा जामिया हबीबिया मस्जिदे आजम का है। यह शहर के अतरसुइया इलाके में है। डीसीपी दीपक भूकर ने बताया कि सिविल लाइन थाने की पुलिस को सूचना मिली थी कि मदरसे में संदिग्ध गतिविधियां चल रही हैं। चूंकि मामला मदरसे से जुड़ा मामला था, इसलिए पूरी सावधानी बरती गई। जब स्थिति साफ हुई कि वाकई में मदरसे में कुछ गलत हो रहा है, तब यहां रेड की गई। इस दौरान हमें वहां प्रिंटिंग मशीन में नोट छापते हुए तीन लोग मिले। पूछताछ में उन्होंने मदरसे के मौलवी मो.तफसीरुल आरिफीन की संलिप्तता स्वीकार की। इसके बाद उसे भी गिरफ्तार कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि ओडिशा का जाहिर खान गिरोह का मास्टरमाइंड है। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि वे सौ रुपये के एक असली नोट के बदले तीन नोट बेचते थे। मामले में पूछताछ अभी जारी है।

## बरेली: गैंगरेप के बाद किशोरी ने खुद को आग लगाई, मौत

- **गांव के दो किशोरों ने जन्माष्टमी के दिन बहाने से घर से बुलाकर किया था दुष्कर्म**

संवाददाता, बरेली/भोजीपुरा

**अमृत विचार :** भोजीपुरा के गांव में नौवीं में पढ़ने वाली 13 वर्षीय किशोरी ने सामूहिक दुष्कर्म के बाद मंगलवार दोपहर अपने ऊपर तेल डालकर आग लगा ली। बुरी तरह जल जाने से अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। पुलिस ने गांव के ही दो किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

किशोरी के पिता की ओर से दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक सोमवार को जन्माष्टमी पर वह अपनी पत्नी को राखी बांधने के लिए ससुराल ले गए थे। उनकी गैरमौजूदगी में गांव के दो किशोरों ने मझली बेटी को बहाने से घर से बुलाया, इसके बाद जबरन पास ही गन्ने के खेत में ले गए और वहां उससे दुष्कर्म किया। मंगलवार को घर लौटने पर बड़ी बेटी ने पूरी बात बताई तो वह आरोपियों के घर शिकायत करने गया। वहां कोई नहीं मिला तो पत्नी के साथ खेत पर चला गया। दोपहर को खेत पर पहुंची छोटी बेटी ने बताया कि दुष्कर्म पीड़ित बेटी ने अपने ऊपर डीजल उड़ेलकर आग लगा ली है। थाना प्रभारी रामरतन सिंह ने बताया कि आरोपी किशोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है।

## भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस

**प्रयागराज ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को नोटिस जारी कर उनके चुनाव की वैधता को चुनौती देने वाली चुनाव याचिका पर जवाब मांगा है। अगली सुनवाई आगामी 21 अक्टूबर को सुनिश्चित की गई है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की एकल पीठ ने सपा प्रत्याशी डॉक्टर नंद किशोर शाक्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिका जनप्रतिनिधित्व कानून के उपबंधों का पालन करते हुए दाखिल की गई है। याचिका में चुनाव को अवैध कर देते हुए उसे रद करने की मांग की गई है। इसके अलावा यह भी आरोप लगाया गया है कि मतदाताओं पर लाठी चार्ज कर उन्हें भगा दिया गया।

## पशुओं की उम्र और सेहत का रिकॉर्ड रखेगी सरकार

### 1 सितंबर से 31 अक्टूबर तक हर साल होने वाली जनगणना की तर्ज पर चलेगा पशुगणना का देशव्यापी अभियान

- **21वीं पशुगणना के लिए घर-घर जाएंगे पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार पशुओं की उम्र, सेहत और हालात का रिकॉर्ड रखेगी। यह रिकॉर्ड पशुओं को लेकर भविष्य की योजनाएं, नीतियां तैयार करने का आधार बनेगा। दरअसल, हर दस साल पर होने वाली जनगणना की तर्ज पर देशभर में पशुगणना की तैयारी है। पशुओं की गणना हर पांच साल पर होती है, जिसे 1 सितंबर से शुरू किया जाना है। इस देशव्यापी अभियान के साथ उत्तर प्रदेश भी कदमताल करने तो तैयार है।



इस बार 21वीं पशुगणना होनी है, जो एंड्रॉयड एप के माध्यम से होगी। इसके लिए पशुपालन विभाग के प्रतिनिधि गांव-गांव, घर-घर जाएंगे। इस दौरान प्रति मालिक पशुओं की संख्या, नस्ल, उनकी उम्र और स्वास्थ्य ही नहीं रखने की परिस्थितियां भी सवाल का हिस्सा होगी। हालांकि इस रिकॉर्ड में गाय-बकरी के दुग्ध उत्पादन की गणित नहीं लगायी जाएगी। अभियान के तहत गाय, भैंस, घोड़ा, बकरी, बैल, गधा, खच्चर, कुत्ता, बिल्ली आदि की गिनती होनी है। गिनती से प्राप्त आंकड़े पशुधन के जरिए देश के आर्थिक विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने में सहायक बनेंगे। आंकड़ा देखें तो उत्तर प्रदेश में पूरे देश का सर्वाधिक पशुधन है। 2019 की पशु गणना के अनुसार राज्य में 190.20 लाख गोवंश, 330.17 लाख महिषवंश, 9.85 लाख भेड़, 144.80 लाख बकरी एवं 4.09 लाख सूकर है। यह संख्या साल 2019 में आयोजित 20वीं पशुगणना पर आधारित है, जिसमें पहली बार टैबलेट के माध्यम से डेटा जुटाया गया था। आंकड़े सीधे भारत सरकार के सर्वर पर अपलोड हुए थे। इस बार यह पहला मौका होगा जबकि गणना में सभी नस्लों की सटीक और समुचित पहचान के साथ गिनती होगी।

> देश में प्रथमवार पशुगणना वर्ष 1919 में की गई। इस कड़ी में अब तक कुल 20 पशुगणनाएं आयोजित की जा चुकी हैं। इस बार 31 दिसंबर तक पशुगणना में पशुओं के साथ ही मुर्गे-मुर्गियों की भी गिनती की जाएगी। गणना के साथ ही पशुओं के कान में टैग में लगाए जाएंगे। - **सतीश अग्रवाल**, उप निदेशक पशुधन गोवंश, उप्र.

> 21 वीं पशुगणना से पहले उत्तर प्रदेश के साथ-साथ मध्य प्रदेश और उत्तराखंड के कुल 175 पशुचिकित्साविदों, संख्याधिकारियों, नोडल अधिकारियों की ट्रेनिंग पिछले दिनों हुई है। पशुगणना के बाद मिले आकड़ों का विश्लेषण कर उसका उपयोग भविष्य की योजनाएं, नीतियां बनाने में होगा। - **डॉ. संजीव मिश्रा**, उप निदेशक पशुपालन विभाग, उप्र.

# पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव पर 25 हजार का इनाम

## किशोरी से दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● पीड़िता की बुआ को बयान से पलटने के लिए दिया प्रलोभन

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के मामले में आरोपी बने नवाब सिंह यादव के भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव पर एसपी ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है।

किशोरी से दुष्कर्म जेल गये पूर्व ब्लाक के मामले में पीड़िता की बुआ को प्रलोभन देकर पीडिता का मेडिकल न कराने व उसे वरगला देने के मामले में पुलिस ने आरोपी के भाई पूर्व ब्लाक प्रमुख नीलू यादव पर इनाम घोषित किया है। पुलिस ने पीड़िता की बुआ के जानने वाले का बैंक खाता चेक कराया तो उस में चार लाख रुपये ट्रांसफर किये जाने के सबूत मिले हैं। यह धनराशि खाते में इस बात के लिये भेजी गई कि बुआ पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण न होने दे। इसी के चलते पहले दिन पीड़िता का डाक्टरी परीक्षण नहीं कराया। दूसरे दिन परिजनों के आने के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया। मामले में पुलिस ने नीलू यादव को भी आरोपी बनाया। पुलिस लगातार दबिश दे रही है पर वह फरार हैं। इसी के चलते एसपी अमित कुमार आनन्द ने नीलू पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित कर दिया है।

### अवैध कब्जेदारों की बढ़ी धुकधुकी

■ **कन्नौज।** सरायमीरा बाईपास पर करीब दो दशक पहले 13 बिस्वा आराजी का एक तालाब था। यहां लोगों ने कब्जा कर मकानों का निर्माण करा लिया। इसी जमीन पर नवाब का प्लाट होने का दावा किया जा रहा है। सदर तहसील के लेखपालों ने आराजी की नाप कर रिपोर्ट तैयार की थी। खबर है कि 15 दिन पहले सदर तहसील प्रशासन की ओर से करीब आठ कब्जेदारों को नोटिस भी जारी किया था। अब मामले की सुनवाई की बजह से लोगों की धुकधकी बढ़ी है।

## नवाब के विवादित प्लॉट के मामले में सुनवाई आज

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● दो साल पहले पहुंचा था बुलडोजर पर आड़े आया था स्टे आदेश

**अमृत विचार।** किशोरी से दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब सिंह यादव से जुड़े विवादित प्लाट के मामले में बुधवार को जिलाधिकारी कोर्ट में सुनवाई हुई। अगली सुनवाई गुरुवार को होगी। अन्य संपत्तियों की जांच भी तेजी से की जा रही है।

किशोरी से दुष्कर्म में जेल भेजे जाने के बाद पूर्व ब्लाक प्रमुख नवाब से जुड़ी संपत्तियों की जांच प्रशासन तेजी से कर रहा है। टीम की प्राथमिक जांच में सामने आया कि सरायमीरा स्थित एक विवादित प्लाट पर नगर पालिका और नवाब के परिवार के मलिकाना हक को लेकर कई साल से विवाद चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक सदर एसडीएम कोर्ट से करीब दो साल पहले आदेश जारी होने पर निर्माण को गिराने के लिए बुलडोजर पहुंचा था, लेकिन कोर्ट से स्टे होने से कार्रवाई रोकनी पड़ी। जानकारों के मुताबिक सरायमीरा क्षेत्र में कई साल पहले 13 बिस्वा के सरकारी तालाब की भूमि पर कब्जा कर कई लोगों ने निर्माण करा लिया था। इसके बाद मामला न्यायालय में पहुंचा। प्लाट के मलिकाना हक को लेकर कई सालों से कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। इन दिनों कोर्ट की सुनवाई भी अंतिम चरण में है। बुधवार को जिलाधिकारी न्यायालय में मामले की सुनवाई हुई। अधिवक्ताओं की ओर से पेश की गई दलीलें सुनने के बाद जिला मजिस्ट्रेट शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने सुनवाई गुरुवार करने के आदेश दिए है। बताया गया कि कुछ कागजी कोरम पूरा न होने से तारीख बढ़ा दी गई।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद एमओआईसी व पीएमडब्लू। अमृत विचार

### आशा घर-घर करेंगी कुष्ठ रोगी की तलाश

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालग्राम में एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय के नेतृत्व में कुष्ठ रोगी खोज अभियान के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि 02 से 15 सितंबर तक घर-घर अभियान चलाया जाएगा। आशा घर-घर जाकर कुष्ठ रोगी तलाशेंगी। एलसीडीसी ट्रेनिंग के दौरान एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय, पीएमडब्लू तालग्राम सुजीत कुमार, मधुलता, एआरओ सर्वेश कुमार ने आशाओं को कुष्ठ रोग के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि कुष्ठ रोग छुआछूत की बीमारी नहीं है। भौंहों के बालों का कम होना, चेहरे की त्वचा का अधिक चिकना होना, छूने अथवा ठंडे, गर्म का एहसास न होना, किसी भी जगह नसों का मोटा होना, लाल या त्वचा से हल्के रंग के धब्बे होने, ऐसा घाव जिसमें दर्द न हो कुष्ठ रोग के लक्षण है। कुष्ठ रोग एमडीटी से पूर्णतया ठीक हो जाता है। रोग लक्षण होने पर पूरा कोर्स करें। इसका सरकारी अस्पताल में मुफ्त उपचार उपलब्ध है। इस दौरान आशा कमलेश कुमारी, पुष्पा, छुन्नी देवी, बिबिता कटियार, सुमनलता, सरिता देवी, सीती, शशि, संगीता, सोनम, पुष्पा, उर्मिला, संगीता पटेल, मनोरमा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### देर रात निकले दधिकांधौ में खूब नाचे श्रद्धालु

**कन्नौज।** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर इस बार भी मोहल्ला विशुनपुर टीला से भव्य झांकियों के साथ दधिकांधौ शोभायात्रा निकाली गई। इसमें चांदी के सिंहासन पर विराजमान बाल कृष्ण को नगर भ्रमण कराया गया। जगह जगह श्रद्धालुओं प्रभु पर पुष्प वर्षा कर आरती की। मंगलवार की देर शाम शोभा यात्रा विशुनपुर टीला से प्रारंभ होकर मछली बाजार, पीतल मण्डी, तालवारान, फर्श, नगर पालिका रोड, लाखन तिराहा, छोटा चौराहा, बलायपुल, पकरिया टोला, हरी नगर होते हुए तलैया चौकी पहुंची। यहां यात्रा का समापन हुआ। पूरे रास्ते हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल के स्वर गुंजायमान रहे।



दधिकांधौ में प्रभु की पूजा करते श्रद्धालु। अमृत विचार



स्पीड लेजर गन से वाहन चेक करते यातायात प्रभारी आफाक खां।

### यातायात पुलिस ने स्पीड लेजर गन से जांच कर काटे चालान

**कन्नौज।** यातायात पुलिस ने मानीमऊ क्रॉसिंग के पास व फगुआ भट्ठा के पास विशेष चेकिंग अभियान स्पीड लेजर गन से जांच कर चलाया। यातायात प्रभारी आफ़ाक़ खां ने अपनी टीम के साथ मंगलवार को देर रात्रि व बुधवार को मानीमऊ क्रॉसिंग के पास रॉन्ग साइड से आने वाले वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। कई वाहन चालकों के चालान किए गए। एक वाहन चालक नशे में सवारी वाहन (मैजिक) चलाता पाया गया। उसके वाहन को सीज कर मानीमऊ पुलिस चौकी में खड़ा करा दिया। वहीं बुधवार को फगुआ भट्ठा के पास स्पीड लेजर गन से चेकिंग अभियान चलाया गया। इसमें 11 वाहन चालक गति सीमा का उल्लंघन करते हुए पाए गए। सबका चालान किया गया। अभियान के दौरान 36 वाहनों के चालान किए गए। मुख्य आरक्षी प्रमोद कुमार, विजय बाबू व आरक्षी धनीराम वर्मा मौजूद रहे।

## एक नजर

### स्वीमिंग पूल मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के इंदुइयागंज रोड स्थित स्विमिंग पूल में नहाने को लेकर हुए विवाद के बाद मारपीट के बाद युवक की मौत के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 12 आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं। कोतवाल आलोक कुमार दुबे के निर्देशन में उपनिरीक्षक देवी चरण शाहू ने कांस्टेबल प्रशांत बालियान व गजेन्द्र यादव के साथ बुधवार को लगभग 11.35 बजे मोहल्ला शास्त्री नगर, जीटी रोड निवासी गोपाल गुप्ता उर्फ उत्कर्ष गुप्ता पुत्र अरविन्द कुमार गुप्ता को बाईपास रोड डुड़वाबुजुर्ग तिराहे से पहले दरोगा बाबा की मजार की तरफ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाल ने बताया कि मामले में वांछित चल रहे 12 आरोपियों को अब तक गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।



आरोपी गोपाल गुप्ता।

### आयुर्वेदिक चिकित्सा से 170 रोगियों का उपचार

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकार फर्रूखाबाद/कन्नौज डॉ. सर्वेश कुमार के निर्देशन पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सराय प्रयाग में बुधवार को चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें चिकित्सालय प्रभारी डॉ. पायल सक्सेना ने 170 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रोग के अनुसार औषधि वितरित की। रोगियों को अपनी जीवनशैली, आहार, बिहार, योग प्राणायाम आदि को व्यवस्थित करने की सीख दी। इस दौरान सरवन सिंह राजपूत, कुंवर यादव, दिलीप कुमार, उमाशंकर, मौलश्री, पूनम, राकेश, हरीराम, केदारनाथ, तुलाराम, राजकुमार, कमलेश, रामधनी आदि मौजूद रहे।

### सीवर लाइन डालने से रोका तो मारापीटा

**कन्नौज।** मियांगंज गांव में घर के सामने सीवर लाइन डालने से मना करने पर दो लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। सदर कोतवाली के गांव मियांगंज निवासी अली अहमद पुत्र नन्हें ने सदर कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि उसके मकान के सामने रहने वाले असलम पुत्र इब्राहीम उर्फ कल्लू व आजम व साहिवे पुत्रगण असलम, निहाल पुत्र चांद बाबू काफी दिनों से उसे परेशान कर रहे हैं। 27 अगस्त को सुबह नौ बजे के करीब उक्त लोग आए और घर के सामने सीवर लाइन डालने के लिये खुदाई करने लगे। जब उसने व परिजनों ने विरोध जताया तो उक्त लोग लाठे डंडे लेकर पहुंच गये। उसे व उसके परिजनों को जान से मारने की धमकी देते हुए गाली गलौज कर मारपीट की। पुत्र बहार अहमद के सिर व शरीर में चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बाइक व 15 हजार से कम वेतन वालों को भी आवास

## पीएम आवास के बदले हुए नियमों की कन्नौज ब्लॉक सभागार में प्रधान, बीडीसी को दी गईं जानकारियां

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** गांव में रहने वाले लोगों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल होने के नियमों में छूट दी गई है। अब उन लोगों को भी आवास योजना का लाभ दिया जाएगा जिनके पास बाइक, फ्रिज व लैंडलाइन फोन है। साथ ही 15 हजार रुपये मासिक वेतन पाने वाले भी पात्र माने जाएंगे।

बुधवार को ब्लॉक सदर सभागार में उन्मुखीकरण गोष्ठी हुई। इसमें प्रधान व बीडीसी को बुलाया गया। सीडीओ रामकृपाल चौधरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने कहा कि पहले अपात्रता के 13 नियम थे अब तीन नियमों को हटा दिया गया है। 10 नियमों की ही गाइड लाइन अपात्रता के लिए है। पीडी डीआरडीए रामऔतार सिंह ने बताया कि गांव-गांव डुग्गी पिटवाई जाए। मुनादी कर लोगों को आवास के लिए बदले हुए नियमों की जानकारी दी जाए। बीडीओ अमित सिंह ने बताया कि जो नई नियमावली आई है उसमें कहा गया है कि बाइक, फ्रिज व लैंडलाइन फोन रखने वालों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का लाभ दिया जाएगा। बैठक में बताया गया कि पात्रों को अधिक से अधिक लाभ मिले, इसलिए नए नियमों का प्रचार-प्रसार कराया जाए। वर्ष 2018 की सूची में पात्रों को शामिल किया जाए। बीडीओ ने कहा कि एक दिन में एक गांव में बैठक कराई जाए। बताया गया है कि भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय (ग्रामीण आवास प्रभाग) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 से 2028-29 तक पांच वर्षों में प्रधानमंत्री आवास को लेकर पहल शुरू की है। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया, एडीओ सहकारिता सुभाष यादव, केके यादव मौजूद रहे।





बैठक में मौजूद सीडीओ रामकृपाल चौधरी, जानकारी देते पीडी रामऔतार सिंह, साथ में बीडीओ अमित सिंह व ब्लॉक प्रमुख रामू कठेरिया। अमृत विचार



ब्लॉक कन्नौज सभागार में मौजूद प्रधान, बीडीसी व अन्य लोग। अमृत विचार



अब इन नियमों के तहत मिलेगा लाभ।

■ **ग्रामीण इलाकों के लिए कसी कमर :** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण सर्वे 2024 के लिए उन्मुखीकरण गोष्ठी शुरू हो गईं हैं। इसके लिए अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक में खाका खींचा। कहा कि विकास खंड क्षेत्र में बैठकें एक सप्ताह में हो जानी चाहिए।

■ **आज तिर्वा में होगी बैठक :** तिर्वा स्थित उमर्दा ब्लॉक सभागार में आज यानि 29 अगस्त को दोपहर तीन बजे प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर बैठक होगी। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रिया शाक्य, विधायक, जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख अजय वर्मा, एडीओ, ग्राम पंचायत सचिव, प्रधान, बीडीसी व जिलास्तरीय विभागों के अधिकारी बुलाए गए हैं।



टोल पर ज्ञापन सौपते पदाधिकारी। अमृत विचार

## भाकियू श्रमिक जनशक्ति ने टोल प्लाजा पर किया प्रदर्शन

गुरसहायगंज/तिर्वा, कन्नौज

● चार सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार।** भारतीय किसान यूनियन (श्रमिक जनशक्ति) गुट के फर्रूखाबाद जिलाध्यक्ष सत्यभान झा के नेतृत्व पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने बुधवार को आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के तालग्राम टोल प्लाजा पर धरना प्रदर्शन किया। इसमें यूपीडा व एनआइएच के मानकों के विपरीत 20 किमी के दायरे में आने वाले किसानों व आम लोगों से टोल वसूलने व टोल कर्मियों के अभद्रता का विरोध किया गया है। प्रदर्शनकारियों को पुलिस व प्रशासन के अधिकारियों ने शांत कराया।

प्रदर्शन के बाद छिबरामऊ तहसीलदार अभिनव कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसमें कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अनुसार 20 किमी के दायरे में आने वाले ग्रामवासी व किसानों से टोल नहीं लेना चाहिए। तिर्वा संवाददाता के अनुसार बुधवार को भाकियू श्रमिक जनशक्ति के जिलाध्यक्ष दिनेश यादव के नेतृत्व में सदस्यों ने फगुआ भट्ठा के पास निकले एक्सप्रेसवे के नीचे प्रदर्शन कर मांग की कि किसानों का टोल माफ किया जाए। मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार को सदस्यो ने ज्ञापन दिया। इस मौके पर बलवीर यादव, अवधेश यादव, सनोज यादव समेत कई लोग मौजूद रहे।

## मकान निर्माण के लिये लगी मौरंग, गिट्टी नाली में डाली

**कन्नौज।** शहर के मोहल्ला मीर बैस टोला में मकान निर्माण के लिये खाली स्थान पर लगी मौरंग, गिट्टी को लोगों ने जबरन नाली में डाल दिया। मना करने पर भीड़ एकत्र कर धमकी दी। पीड़ित ने मामले की रिपोर्ट सदर कोतवाली में दर्ज कराई है। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कचहरी टोला निवासी मनीष गुप्ता पुत्र सतीष चंद्र गुप्ता ने सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि वह अपने मकान का निर्माण करा रहा है। सकरी गली होने से दरवाजे तक निर्माण सामग्री पहुंचना संभव नहीं है। इसी लिये मोहल्ला मीर बैस टोला में खाली पड़े स्थान पर मौरंग व गिट्टी का ढेर लगा दिया। 26 अगस्त को सुबह करीव सात बजे रिजवी पुत्र लईक, जाहिद पुत्र कयूम व फरजान पुत्र इरफान उक्त भवन निर्माण सामग्री को नाली में डाल दी। उस ने रोका तो उक्त लोगों ने गालीगलौज कर सारी मौरंग व गिट्टी नाली में डालने की धमकी दी। अन्नू पुत्र कयूम से पूछा तो उसने आपसी सलाह बना कर भीड़ जुटा ली। गाली गलौज कर सारी गिट्टी व मौरंग को नाली में डालने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है।

## 14 पदों के लिए 42 डॉक्टरों ने दिया साक्षात्कार



सीएमओ कार्यालय में डॉक्टरों के अभिलेख जांचते अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल व डा. आतिफ। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले के अस्पतालों में एमबीबीएस डाक्टरों की कमी को दूर करने के लिये बुधवार को सीएमओ कार्यालय में साक्षात्कार लिया गया। 14 पदों के सापेक्ष 42 ने साक्षात्कार दिया।

जिले के अस्पतालों में एमबीबीएस डाक्टरों की कमी है। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को डॉक्टर साक्षात्कार देने पहुंचे। इससे पहले अपर शोध अधिकारी वाईके मंजुल व डा. आतिफ ने डॉक्टरों के अभिलेख चेक किये। चयन समिति में जिलाधिकारी की ओर से नामित सीडीओ राम कृपाल चौधरी, सीएमओ डा. विनोद कुमार, डीपीएम दीपक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, सीएमएस डा. शक्ति बसु, एनएचएम के जिला लेखा प्रबंधक चंद्र शेखर शुक्ला, डॉ. संजय सैनी व डॉ. एके जाटव को रखा गया। इन अधिकारियों 11 बजे के बाद से साक्षात्कार लेना शुरू किया जो शाम तक चला। बीते माह भी डॉक्टरों के चयन को लेकर तिथि घोषित की गई थी लेकिन कुछ ही आवेदक पहुंचे थे। समिति ने चयन कर लिया था। इसके बाद भी 14 पदो को भरा नहीं जा सका था। इस बार डॉक्टरों को चयनिति किया जाएगा जो नियमित सेवा दे सकें।

अमृत विचार क्लासीफाइड डिस्प्ले
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7985205326, 8081445811





अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि मैंने अपना नाम हेमन्त वर्मा से बदलकर हेमन्त कुमार वर्मा रख लिया है। भविष्य में मुझे हेमन्त कुमार वर्मा के नाम से जाना पहचाना जाये। **हेमन्त कुमार वर्मा पुत्र श्री नारायण वर्मा, 126/78 बी, एच-ब्लॉक, गोविन्द नगर कानपुर- 208006**

**सूचना**

सूचित हो कि त्रुटिवश आधार कार्ड सं0-706652205243 में मेरा नाम साहिल चौरसिया अंकित है जो कि गलत है। मेरा सही व वास्तविक नाम अशिवन चौरसिया व जन्मतिथि 08.08.2006 है जो कि मेरी हाईस्कूल की मार्कशीट में दर्ज है। अतः मेरे आधार कार्ड में मेरा सही एवं वास्तविक नाम अशिवन चौरसिया पुत्र श्री वीरेन्द्र कुमार चौरसिया निवासी- साहिल नगर, लखनऊ डिग्री कालेज, सिकरोरी, काकोरी, लखनऊ, उ0प्र0 दर्ज किया जाये।

**सूचना**

पहले मेरा नाम ABDUL MAJID KHAN था अब मैने बदलकर अपना नामABDUL MAJEED KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। **S/O: ABDUL SAMAD KHAN VILL& POST BARGADWA SAIF VIA PURANI BAZAR PACHPERWA THANA PACHPERWA DISTT BALRAMPUR UTTAR PRADESH- 271206**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरा सही नाम उभन पुत्र रामलखन है परंतु सरकारी व अर्द्धसरकारी कागजातों पर नाम मनोज कुमार पुत्र रामलखन त्रुटिवश दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में मुझे उभन पुत्र रामलखन निवासी ग्राम देव कहा मजरे नहामऊ परगना व तहसील रामनगर, जिला बाराबंकी के नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सूचित हो कि मैं अपने पुत्र मो0 जुनेद खां का चाल-चलन ठीक न होने व मुझे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने तथा मेरी सामाजिक छवि धूमिल किये जाने के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य, लेन-देन व कर्ज के लिये वह जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। **रफीक खान पुत्र मंसब खान निवासी ग्राम पूरे अहबल, मजरे रवनिया पूरब थाना कुड़वार तहसील सदर जनपद सुलतानपुर।**

**मिली शाबासी** | कलक्ट्रेट में 14 अगस्त 2023 को शुरू हुआ था ई-ऑफिस

# 3432 ई-फाइलें बनी, सूबे में कन्नौज का पहला नंबर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** ई-ऑफिस के मामले में शासन ने कन्नौज की पीठ फिर थपथपाई गई है। करीब एक साल में 3432 ई-फाइलें बनाई गईं हैं। सभी 75 जनपदों में कन्नौज का नाम सूबे में पहले नंबर पर आया है।

दरअसल, 14 अगस्त 2023 को कलक्ट्रेट ई-ऑफिस घोषित हुई थी। प्रदेश में पहला जनपद कन्नौज ही था जहां डीएम कार्यालय में इस तरह का कार्य शुरू हुआ। अब इसकी रिपोर्ट भी जारी हो गई है। सीएम कार्यालय से जारी हुई रिपोर्ट में कहा गया है कि जनपद में डीएससी फार्म प्राप्त करने की संख्या 59 है, सभी प्रगति पर हैं। एक भी निरस्त नहीं हुई है और वीडियो लिंक भी सभी के बनाए गए हैं। जिलास्तर पर दो ही वीडियो पेंडिंग हैं। 51 डीएससी जारी हुईं हैं। ईएमडी डाटा मैपिंग, डिजिटल हस्ताक्षर व बीपीएन/ निकनेट कनेक्टिविटी चल रही है। गो-लाइव स्टेटस लाइव चल रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 3432 ई-फाइल बनाई गईं हैं। 22,699 ई-फाइलों को ले जाया गया है। 6459 फाइलों की रसीद बनाई गई है। इसके अलावा 81,013 फाइलों की प्राप्त रसीद स्थानांतरित हुई है।

### कानपुर नगर, औरैया में मूव ही नहीं हुईं ई-फाइलें

■ मुख्यमंत्री कार्यालय लोकभवन से चिट्ठी जारी हुई है। इसमें 21 व 26 जून को हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग का हवाला दिया गया है। कहा गया है कि अनिवार्य रूप से ई-ऑफिस को लागू किया जाए। पेपर-लेस व्यवस्था तय की जाए। रिपोर्ट में सात मंडलों प्रयागराज, बरेली, आजमगढ़, मिर्जापुर, अलीगढ़, कानपुर व मेरठ में कम संख्या में ई-फाइल बनाने का जिक्र है। हालांकि कानपुर मंडल में कन्नौज पहले नंबर पर है। दूसरी ओर कानपुर मंडल के ही कानपुर नगर व औरैया में ई-फाइल अब तक ले जाई ही नहीं गईं हैं। इसका जिक्र अपर मुख्य सचिव एसपी गोयल ने किया है।

**59** डीएससी फार्म प्राप्त, सभी के वीडियो लिंक जनरेट हुए

> ई-ऑफिस के सफल संचालन में बाबू व अन्य कर्मचारियों का ही योगदान है। पहले प्रशिक्षित किया गया उसके बाद कर्मचारी ही समय से काम पूरा कर रहे हैं। पेपरलेस कार्य करने में कर्मी बधाई के पात्र हैं। अब फाइल से कोई कागज गायब नहीं हो सकता है। कन्नौज का नाम प्रदेश स्तर पर है इसमें कर्मियों की ही मेहनत है। जो विभाग छूटे हैं उनमें भी जल्द ई-ऑफिस व्यवस्था शुरू करने का कार्य चल रहा है।
>
> **शुभ्रान्त शुक्ल, डीएम- कन्नौज**

### जिला समाज कल्याण अधिकारी का तबादला

**कन्नौज।** जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) सुनील सिंह का लखनऊ तबादला हो गया है। उप सचिव रजनीकांत पांडेय ने आदेश भी जारी कर दिया है। अभी इस पद पर किसी अन्य अधिकारी की तैनाती नहीं हुई है। सुनील सिंह को जनपद में सबसे पहले समाज कल्याण अधिकारी का ही चार्ज मिला था लेकिन बाद में उनको जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) की जिम्मेदारी दे दी गई। कहा जा रहा है कि अगर कोई नया अधिकारी नहीं आता है तो जिला समाज कल्याण अधिकारी एसपी सिंह के पास ही अतिरिक्त प्रभार रहेगा। दो अगस्त के आदेश में बिजनौर के अंकित सिंह को कन्नौज भेजा गया था, वह उप्र अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लिमिटेड लखनऊ में संबद्ध थे उन्होंने इस्तीफा दे दिया है।

**आज का मौसम**

गुरुवार को बदली रहेगी। 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।

27.3⁰ अधिकतम तापमान | 25.6⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 47 | सूर्यास्त 06 : 34

## एक नजर

### फसल में जानवर छोड़े विरोध पर गालीगलौज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** कोतवाली के लड़ैता निवासी कमलेश पुत्र राजाराम के खेत में धान की फसल खड़ी है। बुधवार सुबह 10 बजे के करीब गांव के ही तीन लोगों ने अपने मवेशी धान के खेत में छोड़ दिए। सूचना पर खेत पर पहुंचे तब तक मवेशियों ने धान की काफी फसल बर्बाद कर दी। जब विरोध किया तो सभी लोग गालीगलौज कर मारपीट पर आमादा हो गए। पीड़ित ने मामले की शिकायत कोतवाली पुलिस से की।

### परीक्षार्थी की जगह दे रहा था परीक्षा, धरा गया

**छिबरामऊ, कन्नौज।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की स्पेशल बैक पेपर परीक्षा चल रही है। नगर के नेहरू महाविद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। यहां जी सिंह, मीरादेवी महाविद्यालय प्रेमपुर का परीक्षा केंद्र है। बुधवार को प्रथम पाली में रसायन विज्ञान के छात्र अमित कुमार का बैक पेपर था। अमित की जगह फर्रुखाबाद जनपद के जहानगंज थाना क्षेत्र के घाटमपुर निवासी राज पुत्र मधूसूदन परीक्षा दे रहा था। कक्ष निरीक्षक ने जांच पड़ताल के बाद राज को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया।कोतवाली प्रभारी सचिन कुमार सिंह ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### शटर के ताले तोड़ चोरों ने पार की नकदी व सामान

**तिर्वा, कन्नौज।** थाना इंदरगढ़ के हसेरन कस्बा में गोविंद कुमार इलेक्ट्रानिक सामान की दुकान किए है। मंगलवार को वह दुकान बंद कर घर चला गया। सुबह जब दुकान खोलने आया तो ताले टूटे तथा शटर थोड़ा खुला था। अंदर गया तो वहां से सामान गायब था। पीड़ित ने बताया कि उसकी दुकान पर रखी गोलक में 35000 की नकदी रखी थी जो गायब मिली और हजारों का सामान भी दुकान से गायब मिला। इसमें कॉपर वायर कूलर किट, बिजली केबल आदि शामिल है। पीड़ित की सूचना पर यूपी 112 पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। पीडित ने पुलिस को तहरीर दी। थानाध्यक्ष पारूल चौधरी ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### युवक को पत्नी व बेटे ने मारपीट कर किया घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** बक्से से रुपये गायब होने की जानकारी करने पर युवक को पत्नी व बेटे ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मां बेटे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कोतवाली के अहेर बछ्ज्जापुर गांव निवासी बेंचेलाल पुत्र छोटेलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि उसने जानवर खरीदने के लिए 65 हजार रुपये बक्से में रखे थे। 25 अगस्त की रात में उसके बक्से से पुत्र श्याम व पत्नी उर्मिला ने रुपये निकाल लिए। जब उसने पूछताछ की तो दोनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### टेंपो की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल

**सौरिख, कन्नौज।** जनपद व कोतवाली फर्रुखाबाद के गांव दहेलिया निवासी बृजेश पुत्र रामवीर मंगलवार को अपने फूफा अमलेश पुत्र वेदराम निवासी गांव नगला हीरा हरिभानपुर के यहां आया था। बुधवार सुबह लगभग दस बजे फूफा अमलेश को बाइक पर बैठाकर सौरिख बाजार करने आ रहा था। जैसे ही इनकी बाइक आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के अंडरपास पर पहुंची, सामने से आ रहे तेज रफ्तार टेंपो ने टक्कर मार दी। इससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को गंभीर हालत में तिर्वा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने टेंपो को कब्जे में लिया।

### मेड़ को लेकर विवाद मारपीट दो घायल

**तिर्वा, कन्नौज।** कोतवाली के दिलीपनगर निवासी गंगाराम पुत्र गोवर्धन ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि 25 अगस्त की शाम को वह खेत पर गया हुआ था। उसी दौरान उसके विपक्षी धर्मेंद्र, अजय व मीना खेत पर पहुंच गए और खेत की मेड़ को लेकर गालीगलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो मारपीट शुरू कर दी। उसे बचाने आए ध्रूव सिंह को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



कन्नौज सरायमीरा मार्ग के अंधामोड़ बारिश के बीच आवागमन। अमृत विचार



तिर्वा रोड स्थित गोलकुआं के पास भरा बारिश का पानी। अमृत विचार

# दिन भर बरसे बदरा, सड़कों से घरों तक पानी ही पानी

## दिन भर बारिश से घरों में कैद होकर रह गए लोग, न्यूनतम व अधिकतम तापमान में सिर्फ दो डिग्री सेल्सियस का अंतर

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** जिले में बुधवार को दिन भर झमाझम बारिश हुई। मंगलवार देर रात शुरू हुई बारिश दूसरे दिन भी जारी रही। जिले में पानी ही पानी दिखाई दिया। लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिली तो तापमान में खासी गिरावट दर्ज की गई। जिला मुख्यालय की अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गईं तो कई सड़कें झील सी दिखाई दीं। कई मोहल्लों में सड़क का पानी घरों में पहुंच गया। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना भी करना पड़ा।

मंगलवार देर शाम शुरू हुई बारिश दूसरे दिन तक रुक-रुककर होती रही। झमाझम बारिश से सड़क से लेकर दफ्तरों तक सब पानी ही पानी दिखाई दिया। अधिकांश सड़कें जलमग्न हो गईं। बारिश से मानपुर की जर्जर सड़क लोगों के लिए मुसीबत का सबब भी बन गई। वहीं शहर के अजयपाल, सब्जी मंडी, तिर्वा रोड, कृष्णा नगर समेत कई मोहल्लों में जलभराव से लोगों को जूझना पड़ा। दिन भर बारिश से लोग घरों में कैद होकर रह गए। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक अमरेंद्र कुमार ने बताया कि बुधवार को जिले में 12 मिमी बारिश दर्ज की गई। अधिकतम तापमान 27.3 डिग्री व न्यूनतम तापमान 25.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बुधवार के अधिकतम व न्यूनतम तापमान में महज दो डिग्री सेल्सियस का ही अंतर रह गया। आगमी 24 घंटों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बनी हुई है। बारिश के चलते मौसम खुशगवार हो गया है। लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली।



बारिश में ढहा कच्चा मकान।

### बरसात होते ही ग्रामीण क्षेत्र की बिजली गुल

**सौरिख कन्नौज।** क्षेत्र में बुधवार सुबह से रुक–रुक कर हो रही बारिश से कस्बा क्षेत्र समेत कई गांवों बिजली गुल हो गई। सौरिख क्षेत्र में बुधवार सुबह नौ बजे से रुक रुक कर होती रही। बारिश से ग्रामीण क्षेत्र की बिजली अपूर्ति प्रभावित हो रही। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में नगला झावर, बहादुरपुर, मझिगवां, नगला पसा, ईशमपुर, फूलनपुर, गढ़िया, हरिभानपुर, कटिघरा सहित लगभग दो दर्जन गांव में बिजली अपूर्ति बंद रही। विद्युत विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के मुताबिक बारिश होने की बजह से आपूर्ति बंद होने की बात कहीं।

### ढह गया कच्चा मकान

**कन्नौज।** शहर के सरायमीरा बाजरिया मोहल्ला में जीटी रोड किनारे बारिश व हवा के झोकों से कल्लू सक्सेना का कच्चा घर गिर गया। कच्चा घर गिरने से गृहस्थी दब गई। हालांकि घर में मौजूद किसी को भी कोई चोट नहीं आई।

### जलजमाव ने लोगों को किया परेशान

**कन्नौज।** दिन भर हुई बारिश से शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में हर तरफ पानी ही पानी नजर आया। शहर के तमाम प्रमुख मार्गो पर जलजमाव का नजारा देखने को मिला। शहर की तिर्वा और मानपुर रोड झील में तब्दील हो गई। सड़कों पर पानी जमा हो जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कुछ ऐसी ही परेशानी शहर की अन्य सड़कों पर भी हुई।

### गुरसहायगंज में भी मूसलाधार बारिश से जगह-जगह जलभराव

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** बुधवार सुबह से शुरू हुई मूसलाधार बारिश दिन भर जारी रही। लोगों को घर व दुकानों में ही कैद रहे तो बाजार में सन्नाटा पसरा रहा। नगर के जीटी रोड, तिर्वा रोड, चकोर गली, आजाद नगर, किदबई नगर, अशोक नगर सहित विभिन्न स्थानों पर जलभराव की समस्या उत्पन्न हो गई। जलभराव होने से फसल को भी खतरा हो सकता है। बिजली भी दिन भर लुका छिपी का खेल करती रही। आपूर्ति वाधित होने से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो गई। जबकि व्यापार भी बरसात के कारण ठप नजर आए। दिनभर की बारिश ने जनजीवन को अस्त व्यस्त कर दिया।

# कच्ची दीवार गिरी, मलबे में दबे चार बच्चे, एक की मौत

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- बारिश के दौरान हुआ हादसा दीवार के पास बैठे थे चारों

**अमृत विचार।** बारिश के दौरान कच्चे मकान की दीवार ढह गई। उसके मलबे मे चार बच्चे दब गए। ग्रामीणों ने मलबे में दबे बच्चों को निकाला और मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां डॉक्टरों ने एक बच्चे को मृत घोषित कर घायलों का उपचार शुरू कर दिया। जानकारी होते ही पहुंचे प्राचार्य व कोतवाल ने घटना की जानकारी ली।

कोतवाली के चंदियापुर गांव निवासी निसार पुत्र हवीव अली अपनी पत्नी व बच्चों खुशनुमा (5),अलीहुसैन (3),अलीमदार (4) व मदार हुसैन (डेढ़ साल) के साथ एक माह पहले चंदियापुर निवासी रिश्तेदार के यहां रहने आया था। वह मजदूरी करके अपना परिवार का गुजर बसर करता है। बुधवार को सुबह से शुरू हुई हल्की बारिश के दौरान उसके चारों बच्चे कच्चे मकान की दीवार के पास बैठे थे। दोपहर करीब दो बजे अचानक कच्ची दीवार ढह गई। दीवार गिरने से चारों बच्चे मलबे में दब गए। चीखपुकार सुनकर ग्रामीण दौड़ पड़े। आनन फानन दबे बच्चो को बाहर निकाल कर उन्हें मेडिकल कॉलेज ले आए। यहां डॉक्टरों ने मदार हुसैन को मृत घोषित कर घायलों को भर्ती कर उनका इलाज शुरू कर दिया। घटना की जानकारी होते ही इमरजेंसी पहुंचे प्राचार्य डॉ. सीपी पाल व सीएमएस डॉ. दिलीप सिंह ने डाक्टरों की टीम लगाकर घायल बच्चों का उपचार शुरू कराया। जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे कोतवाल जितेंद्र प्रताप सिंह ने घटना की जानकारी लेते हुए परिजनों को धैर्य बंधाया। घटना के बाद राजस्व टीम ने मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा नुकसान का जायजा भी लिया। तहसीलदार अवनीश कुमार ने बताया कि जांच कराकर रिपोर्ट डीएम को भेजी जाएगी। परिजन बच्चे का पोस्टमार्टम कराते हैं तो शासन से मिलने वाली आर्थिक सहायता नियमानुसार दी जाएगी।



मेडिकल कॉलेज में भर्ती घायल खुशनुमा। अमृत विचार



निर्माणाधीन मकान को गिराता बुलडोजर। अमृत विचार

# निर्माणाधीन मकान गिराकर खाली कराए खाद के गड्ढे

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

- करीब दो हजार वर्ग फुट में चल रहा था अवैध निर्माण
- राजस्व टीम ने पैमाइश कराने के बाद बुलडोजर चलवाया

**अमृत विचार।** खाद के गड्ढों पर कब्जा कर मकान निर्माण की शिकायत पर एसडीएम व तहसीलदार के नेतृत्व में पहुंची राजस्व टीम ने पैमाइश कराने के बाद बुलडोजर चलवाकर जमीन को कब्जा मुक्त करा दिया।

थाना ठठिया के बहसुइया गांव के पास बने खाद के गड्ढों की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर मकान बनाना प्रारंभ कर दिया। इसकी शिकायत पर बुधवार को राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम अशोक कुमार, तहसीलदार अवनीश कुमार ने राजस्व टीम से सरकारी जमीन की पैमाइश कराकर निर्माणाधीन मकान पर बुलडोजर चलवा दिया। जमीन को खाली कराने के बाद निर्देश दिए कि अगर दोबारा कब्जा किया जाता है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने बताया कि गांव गांव खाद के गड्ढों के नाम से जमीन है जिस पर पहले लोग खाद बनाकर खेतो पर डालते थे।

इन पर कब्जा की शिकायत पर जब जांच की गई तो मामला सही पाया गया। अवैध निर्माण को बुलडोजर चलाकर खाली कराया गया। यह जमीन करीब दो हजार वर्ग फुट की होगी।

# कोर्ट के बाहर स्वीकारोक्ति कमजोर साक्ष्य

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायालय के बाहर की गई स्वीकारोक्ति को कमजोर साक्ष्य बताते हुए कहा कि न्यायालय के बाहर की गई स्वीकारोक्ति एक कमजोर साक्ष्य है, जब तक कि उपस्थित परिस्थितियां स्वीकारोक्ति को विश्वसनीयता प्रदान नहीं करती हैं। उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति डॉ. गौतम चौधरी की खंडपीठ ने वर्ष 2010 के हत्या मामले में दोषी करार अभियुक्त कृष्ण प्रताप सिंह को बरी करते हुए पारित किया। आरोपी के विरुद्ध आईपीसी की धारा 302 के तहत पुलिस स्टेशन तिर्वा, कन्नौज में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी।

मामले के अनुसार सूचनाकर्ता (मृतका के पति) ने अक्टूबर 2010 में प्राथमिकी में यह आरोप लगाया कि आरोपी ने दो गवाहों की उपस्थिति में यह कबूल किया कि उसने मृतका के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास किया और फिर उसे रिपोर्ट करने से रोकने के लिए गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। इस कथित असाधारण स्वीकारोक्ति के आधार पर जांच अधिकारी ने अपीलकर्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 302 के तहत आरोप पत्र दाखिल किया।

आरोपी के अधिवक्ता का तर्क है कि अभियोजन पक्ष के साक्ष्य विश्वसनीय नहीं है, विशेष रूप से अतिरिक्त न्यायिक स्वीकारोक्ति, जो पूरी तरह से मनगढ़ंत लगती है। इसके अलावा कोर्ट को यह भी बताया गया कि सूचनाकर्ता ने एक अन्य महिला से संबंध होने के कारण अपनी पत्नी की हत्या स्वयं की और पुलिस के साथ मिलीभगत करके साक्ष्यों में हेरफेर कर अपने भाई (आरोपी- अपीलकर्ता) को झूठा फंसाया। अंत में कोर्ट ने साक्ष्यों की सत्यता का परीक्षण कर पाया कि सूचनाकर्ता ने अपनी पत्नी की मृत्यु के 1 महीने के भीतर दूसरी महिला के साथ पुनर्विवाह कर लिया था। असामान्य परिस्थितियों में हुए ऐसे विवाह को आश्चर्यजनक मानते हुए कोर्ट ने सूचनाकर्ता की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिन्ह लगाया, साथ ही इस बात पर भी जोर दिया कि आरोपी को दोषी ठहराने के लिए अकेले सूचनाकर्ता के बयान पर भरोसा करना सुरक्षित नहीं होगा। अतः कोर्ट ने सत्र न्यायालय, कन्नौज द्वारा अभियुक्त की दोषसिद्धि और परिणामी सजा के निष्कर्ष का समर्थन करने से इनकार करते हुए आपराधिक अपील को स्वीकार कर लिया और अभियुक्त को बरी कर दिया।

# किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म के दोनों आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

**अमृत विचार।** किशोरी से सामूहिक रूप से दुष्कर्म के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया। थाना इंदरगढ़ क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि वह बाहर काम करता है। 25 जुलाई को उसकी 14 साल की पुत्री दरवाजे पर लेटी थी। तभी गांव निवासी अशोक कुमार पुत्र चक्रपाल व हल्की पुत्र प्रभूदयाल आए और उसकी पुत्री को उठाकर गांव के बाहर ले गए और दोनों ने दुष्कर्म किया व धमकी दी। 25 अगस्त को आरोपियों ने फिर शिकायत न करने का दबाव बनाया। पुलिस ने आरोपियो खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने देर रात आरोपियों को पकडकर जेल भेज दिया।

### छेड़छाड़ व हमले का आरोपित गिरफ्तार

**गुरसहायगंज।** थाना तालग्राम के गांव निवासी युवती के साथ गांव के आशीष ने घर में घुसकर छेड़छाड़ की थी। विरोध करने पर धारदार हथियार से हमलाकर लहूलुहान कर दिया था।। युवती के दोनों हाथों की कलाई सहित कई गंभीर चोटें आईं थीं। आरोपी की मां मालती देवी ने भी पीड़िता के साथ गालीगलौज व मारपीट की थी। पुलिस ने उसके भी खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है और उसकी भी तलाश की जा रही है। जबकि आरोपी आशीष को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

**सफलता** | जनवरी से अब तक 311 चोरी गये मोबाइल पुलिस कर चुकी बरामद

# 71 लोगों के खोये मोबाइल फोन मिले तो खिले चेहरे

कार्यालय संवाददाता,कन्नौज

**अमृत विचार।** जनवरी से अब तक सर्विलान्स सेल व साइबर क्राइम थाना कन्नौज पुलिस ने खोए हुए 311 मोबाइल बरामद किये। इनकी कीमत लगभग 54 लाख रूपये बताई जा रही है। एसपी ने पुलिस लाइन में हाल ही में बरामद किये गये 71 मोबाइल को उनके मालिकों के सुपुर्द किए तो संबंधितों के चेहरे खिल उठे।

एसपी अमित कुमार आनन्द के कुशल निर्देशन में सर्विलान्स सेल व साइबर क्राइम थाना पुलिस ने खोए हुए 71 मोबाइल बरामद किये। इनको पुलिस अधीक्षक ने बुधवार को सम्बन्धितों को पुलिस लाइन में सौंपा। धारकों ने बताया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हें खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने मोबाइल मिसिंग की ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया CEIR पोर्टल के विषय में बताया। कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से मोबाइल खो जाने की स्थिति में सबसे पहले UP COP APP के माध्यम से सम्बन्धित थाने पर जाकर शिकायत दर्ज करानी होती है। इसके बाद शिकायती प्रार्थना पत्र को अपने पहचान पत्र व मोबाइल बिल के साथ CEIR पोर्टल की वेबसाइट (www.ceir.gov.in) पर जाकर गुम/चोरी हुये मोबाइल को ब्लाक करने के लिए अनुरोध करना होता है। इस के बाद मोबाइल के सिम को बंद कर दिया जाता है। साथ ही नया सिम लेने के लिये आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलान्स सेल व साइबर क्राइम थाना कन्नौज पुलिस ने खोए हुए 311 मोबाइल बरामद किये हैं। मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किये जा चुके हैं। खोये मोबाइल बरामद करने बाली टीम में साइबर क्राइम थाना कन्नौज से प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार अवस्थी, निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र, मुख्य आरक्षी रामअवतार, आरक्षी सहदेव सिंह, आरक्षी ज्ञानेन्द्र सिंह, महिला आरक्षी रंजना कुशवाहा रहीं।



पुलिस लाइन हॉल में खोये मोबाइल पाने के बाद एसपी के साथ मोबाइल दिखाते उनके मालिक। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कानपुर स्कूल अव्वल

**कन्नौज।** तिर्वा कस्बे के स्वामी प्रेमाश्रम संस्कृत उ.मा. विद्यालय में संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता हुई। इसमें संस्कृत गीत में पहला स्थान कानपुर पब्लिक स्कूल की गोपिका द्विवेदी, दूसरा उच्च प्राथमिक स्कूल हैवतपुर कटरा के तौफीक व तीसरा स्वामी प्रेमाश्रम के ही शालू चतुर्वेदी का आया। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया है कि संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में कन्नौज पब्लिक स्कूल के कार्तिक सिंह, इसी स्कूल की राधिका द्विवेदी व मां जसोदा राम सिंह इंटर कॉलेज भखरौली के गोल्डी क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे नंबर पर रहे। संस्कृत वाचन में सेंट जेवियर्स स्कूल के सृजन पांडेय प्रथम, कन्नौज पब्लिक स्कूल की प्रिया द्वितीय व आत्मा प्रकाश इंटर कॉलेज सिकंदरपुर के आरव शुक्ला का तृतीय स्थान है। बताया गया है कि संस्कृत गीत में 35, संस्कृत वाचन में 30 व सामान्य ज्ञान में 43 छात्र–छात्राएं पंजीकृत हुए थे। कुल 113 में 14 अनुपस्थित रहे और 99 ने प्रतिभाग किया। सभी विजेताओं का हौसला बढ़ाया गया।

### गंगा का जलस्तर चेतावनी बिंदु से 11 सेंटीमीटर दूर

**कन्नौज।** महादेवी गंगा घाट पर गंगा का जलस्तर तेजी से चेतावनी बिंदु की ओर बढ़ रहा है। नरौरा बांध से रोज पानी छोड़े जाने से गंगा का बहाव बढ़ रहा है। बुधवार को भी 77 हजार क्सूसेक पानी छोड़ा गया जो 24 घंटों में जिले की सीमा में पहुंच जाएगा। महादेवी गंगा घाट पर बुधवार दोपहर दो बजे गंगा का जलस्तर 124.860 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी बिंदु से महज 11 सेंटीमीटर दूर है। चेतावनी बिंदु 124.970 मीटर पर है। 24 घंटों में महादेवी गंगा घाट पर गंगा का जलस्तर 16 सेंटीमीटर बढ़ा है। लगातार बढ़ रहे गंगा के जलस्तर से गंगा किनारे बसे ग्रामीणों की चिंताये बढ़ रही है। प्रशासन की ओर से भी जलस्तर को लेकर लगातार निगरानी की जा रही है।

### जनधन योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई

**कन्नौज।** तिर्वा कस्बे के पुराने डाकघर के निकट भारतीय स्टेट बैंक व बैंक ऑफ इंडिया ने प्रधानमंत्री जनधन योजना की 10वीं वर्षगांठ मनाई। इसमें खाताधारकों को योजना की जानकारी भी दी गई। साथ ही जनधन योजना के खाते भी खोले गए। किओस्क कंपनी एनआईसीटी के जनरल मैनेजर अंकित गोयल ने खाताधारकों और लाभार्थियों से समस्याएं पूछीं। एसबीआई शाखा प्रबंधक नवनीत पांडेय ने सामाजिक सुरक्षा बीमा के लाभ बताए। उन्होंने बताया कि देश में 53 करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं। इस मौके पर एसबीआई के किओस्क संचालक सुमित श्रीवास्तव, बैंक ऑफ इंडिया के रघुवीर राठौर व रत्नेश कुमार ने नए ग्राहकों को जोड़ने का काम किया। इस मौके पर आदेश चतुर्वेदी, लालू कश्यम, विवेक श्रीवास्तव व आदर्श रहे।



नवदुर्गा समिति के नये अध्यक्ष को सम्मानित करते समिति के लोग। अमृत विचार

### रमाकांत त्रिपाठी बने नवदुर्गा सेवा समिति के अध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज।** नवदुर्गा सेवा समिति के संरक्षक नगर पालिका अध्यक्ष मनोज दुबे की अध्यक्षता में समिति की पहली बैठक हुई। इसमें अध्यक्ष आलोक गुप्ता ने समिति के पिछले वर्ष के आय व्यय का पूरा ब्यौरा देते हुए इस्तीफे की पेशकश की। उसके बाद रमाकांत त्रिपाठी (पप्पी) को समिति का नया अध्यक्ष चुना गया। बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष पंडित प्रशांतानंद चंदन तिवारी, महामंत्री संदीप दुबे,कोषाध्यक्ष रवि गुप्ता को मनोनीत किया गया। सदस्यों ने अध्यक्ष तथा सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया। इस दौरान डाक्टर आदित्य श्रीवास्तव, रिंकू पाण्डेय,डॉक्टर अंचल दीक्षित, शिवानंद भम्मू पंडित, शिवम दुबे, नेहा गुप्ता, मंजू गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स प्रकोष्ठ के अध्यक्ष बने राजू

**छिबरामऊ, कन्नौज।** पुरानी गल्ला मंडी में हुई उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में संगठन का विस्तार करते हुए राजू को टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष बनाया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू ने कहा जल्दी ही नगर में अन्य सभी व्यवसायों के प्रकोष्ठ गठित किए जाएंगे। उन्होंने राजू को टेंट कैटर्स एंड डेकोरेटर्स प्रकोष्ठ का नगर अध्यक्ष बनने की बधाई देते हुए कहा जल्दी ही वह अपनी नगर इकाई का गठन कर लें। संरक्षक आनंद कुमार गुप्ता सेठ जी ने कहा ऑनलाइन व्यापार से व्यापारियों को काफी नुकसान हो रहा है। इस दौरान प्रभाकर गुप्ता, अमित गुप्ता भारतीय, सत्यनारायण वर्मा, बृजेश गुप्ता, अबली गुप्ता, लल्ला, दीपू व राहुल कुमार रहे।

# परिजनों ने शवों के अंतिम संस्कार से किया इंकार

## बाग में फंदे से लटके मिले थे दो सहेलियों के शव, डीएम-एसपी के समझाने पर माने, परिजनों ने उठाए पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर सवाल

संवाददाता, कायमगंज फर्रुखाबाद



घाट पर परिजनों से बात करते डीएम व एसपी। अमृत विचार



गांव में मौजूद उपजिलाधिकारी सीओ कायमगंज, सीओ सिटी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मंगलवार को फांसी लगा कर मरी सहेलियों के शव घर में रख कर परिजनों ने हंगामा किया और अंतिम संस्कार कराने से मना कर दिया। मौके की नजाकत को भांपते हुए जिलाधिकारी वीके सिंह और पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने का भरोसा दिया। इसके बाद दोनों सहेलियों का अंतिम संस्कार किया गया।

सोमवार की रात गांव में जन्माष्टमी के त्यौहार पर मन्दिर गईं दो युवतियां देर रात तक जब घर नहीं पहुंचीं तो परिजनों ने खोजबीन की थी। मंगलवार की सुबह दोनों के शव गांव के ही एक बाग में दुपट्टे से लटके मिले थे। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर पोस्ट कर सरकार से निष्पक्ष जांच की मांग की थी। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराया था। मंगलवार को डीआईजी जोगेन्द्र कुमार व एसपी आलोक प्रियदर्शी ने भी गांव पहुंचकर जांच पड़ताल भी की थी। पोस्टमार्टम के दौरान सीएमओ डॉ. अवनीन्द्र कुमार, डिप्टी सीएमओ डॉ. दीपक कटियार, डॉ. मान सिंह, डॉ विकास कुमार मौजूद रहे थे। दोनों सहेलियों के पोस्टमार्टम के दौरान वीडियोग्राफी भी की गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फांसी से मौत की पुष्टि हुई थी। मंगलवार की देर शाम शव गांव पहुंचे। शवों के पहुंचते ही गांव छावनी में तब्दील हो गया। रात भर पुलिस विभाग के आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ गांव में डेरा डाले रहे। रात में रुक रुक कर हुई बारिश से सभी परेशान नजर आए। बुधवार की सुबह अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संजय सिंह, एसडीएम रवीन्द्र सिंह, सीओं कायमगंज जयसिंह परिहार, सीओ मोहम्मदाबाद अरुण कुमार, सीओ सिटी प्रदीप सिंह व सीओ फायर विजय प्रकाश त्रिपाठी गांव पहुंचे। इस दौरान कायमगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामअवतार, इंस्पेक्टर जहानगंज भूलेन्द्र त्रिपाठी, इंस्पेक्टर मेरापुर, इंस्पेक्टर शमसाबाद बलराज भाटी, इंस्पेक्टर कंपिल जितेन्द्र चौधारी के साथ भारी पुलिस फोर्स मौजूद रहा। इधर परिजनों ने शवों का अन्तिम संस्कार कराने से इंकार कर दिया और हंगामा करने लगे। इसपर उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह व सीओ सिटी ने परिजनों से काफी देर तक वार्ता की और समझाया। परिजनों का आरोप है कि युवतियों के शरीर पर चोटों के निशान हैं। निशानों से ऐसा प्रतीत होता है कि उनके साथ मारपीट की गई है। इसपर महिला कांस्टेबल को बुला कर अधिकारियों ने निशान देखे। पुलिस परिजनों को अलग अलग ले जाकर उन्हे समझाने की प्रयास करती रही। थोड़ी ही देर मे मृतका का पिता बेसुध होकर जमीन पर गिर पड़ा। ब्लाक प्रमुख अनुराधा दुबे के पति अरुण दुबे ने उसे अपनी गोद में बिठाया और पानी पिलाया। बीच बीच में मृतका के भाई व परिजनों के साथ पुलिस की झड़प होती रही। काफी देर समझाने के बाद परिजन दोनों की अर्थी उठाने लिए राजी हुए। इसी बीच मृतका के भाई व मां ने अर्थियों को उठाने के दौरान हंगामा कर दिया। शासन व प्रशासन की सूझबूझ से दोनों सहेलियों की अर्थियों को एक साथ उठाया गया। दोनों के शवों को अलग-अलग डीसीएम में रखे गए, साथ ही एक ट्रैक्टर में लकड़ी आदि रखी गई जबकि अन्य तीन ट्रैक्टर में गांव के अन्य लोग सवार होकर कंपिल क्षेत्र के अटैना घाट के लिए रवाना हुए। शव वाहनों के आगे पीछे पुलिस की गाड़िया मौजूद रहीं। शव अटैना घाट पहुंचा, एक ही चिता पर दोनों शवों को रखा गया। इसी बीच फिर हंगामा शुरू हो गया। परिजन अटैना घाट पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को बुलाने की मांग करने लगे। फिर एक बार उपजिलाधिकारी रवीन्द्र सिंह व सीओ सिटी ने परिजनों को समझाने की कोशिश की लेकिन परिजन नहीं माने। इसपर जिलाधिकारी डॉ. वीके सिंह व एसपी आलोक प्रियदर्शी मौके पर पहुंचे। मृतका के परिजनों ने युवतियों के शरीर पर चोट के निशान की बात कही और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर भी सवाल उठाए। परिजनों ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक से घटना की जांच सीबीआई से काराने मांग की। जिलाधिकारी व एसपी के समझाने के बाद परिजन शवों का अन्तिम संस्कार करने के लिए राजी हुए। मृतका के भाइयों ने मुखाग्नि दी।

### चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की पैनी नजर

**कायमगंज।** मगंलवार को क्षेत्र के एक गांव के बाग में दो युवतियों लाश दुपट्टे के सहारे लटकी मिली। शाम को दोनों के शव गांव पहुंचे। शवों के गांव पहुंचते ही पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड में रहा। गांव व आसपास पुलिस पूरी तरह मुस्तैद रही। रात भर पुलिस विभाग के आला अधिकारी गांव में ही डेरा डाले रहे। शवों के जाने के बाद भी गांव में भारी पुलिस फोर्स तैनात रहा।

## सार-संक्षेप

### इंटर की छात्रा ने फांसी लगा कर दी जान



कशिश।

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के मोहल्ला इस्माईलगंज साहनी निवासी विनोद गुप्ता की 18 वर्षीय पुत्री कशिश गुप्ता इंटर की छात्रा थी। बुधवार की दोपहर वह अपने घर में अकेली थी, तभी उसने दुपट्टे से फांसी लगा ली। कशिश को फांसी पर लटका देख छोटे भाई मयंक ने शोर मचाया तो पास पड़ोस के लोग आ गए। उन्होंने कशिश को फंदे से उतारा और उसे लेकर लोहिया अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर नीरज वर्मा ने उसे मृत घोषित कर दिया। कशिश के पिता विनोद गुप्ता ने बताया कि उनकी पत्नी सुधा किसी काम से फतेहगढ़ गई थी। कशिश का किसी से कोई विवाद भी नहीं हुआ था। उसने यह कदम क्यों उठाया यह उसकी समझ मे नहीं आ रहा है।

### चोरी की नौ बाइकों समेत तीन गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद।** नवाबगंज थाना पुलिस ने चोरी की 9 बाइकें बरामद कर तीन शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। उपनिरीक्षक इंद्रजीत सिंह, हेमंत कुमार, मोहम्मद अकरम ने मंगलवार देर रात नवाबगंज-मोहम्मदाबाद मार्ग से गांव दुनाया जाने वाले मार्ग से थाना नवाबगंज के गांव पहाड़पुर निवासी विशाल, जनपद मैनपुरी, थाना बेबर के गांव मल्लामऊ निवासी जीतू व जनपद कानपुर देहात के थाना रनियां के चौराहा वियासतपुर निवासी अंकित उर्फ यश द्विवेदी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने गिरफ्तार युवकों से अलग अलग स्थानों से चोरी हुई 9 बाइकों को बरामद किया। पुलिस ने शातिरों का चिकित्सीय परीक्षण करा कर न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने 14 दिन की रिमांड पर जिला जेल भेज दिया है।

### दबंगों ने दम्पति को पीटा

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला किशोरगंज हुसैनपुर नौखंडा निवासी मानसिंह की 40 वर्षीय पत्नी राधिका से परिवार के ही रामवीर और रामू गाली-गलौज कर रहे थे। मानसिंह ने गालीगलौज करने का विरोध किया तो रामवीर और रामू ने पत्नी राधिका और मानसिंह को लाठी-डंडों से पीट कर घायल कर दिया। घायल राधिका ने फतेहगढ़ कोतवाली में पहुंचकर रामू और रामवीर के खिलाफ मारपीट की तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर घायल मानसिंह और राधिका का जिला अस्पताल लोहिया में इलाज के बाद मेडिकल परीक्षण कराया है। मामले पर फतेहगढ़ कोतवाल हरिश्याम सिंह ने बताया की महिला राधिका ने मारपीट की तहरीर दी है। जिला अस्पताल में घायल पति-पत्नी का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

### खेत पर अकेली लड़की का गला दबाया

**कायमगंज।** क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि 27 अगस्त की सुबह उसकी 21 वर्षीय भतीजी खेत पर अकेली थी। तभी पड़ोसी अवधेश उसकी भतीजी के पास खेत पर गया। अवधेश ने उसकी भतीजी का हाथ पकड़ा और गला दबाने लगा। चीख पुकार करने पर आरोपित उसे छोड़कर वहां से भाग गया। उसकी भतीजी ने घटना की जानकरी परिजनों को दी।

### अमृतपुर तहसील भवन तक पहुंचा बाढ़ का पानी

**अमृतपुर।** गंगा नदी के उफान से पंचालघाट से लेकर अमृतपुर तहसील भवन तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। बाढ़ का पानी अमृतपुर तहसील भवन से सटकर बहने लगा है। चारों तरफ गंगा का पानी भरे होने से लोग फर्रुखाबाद बदायूं मार्ग के किनारे कुठिला झील के पास शवों का अंतिम संस्कार करने को मजबूर हैं। चित्रकूट डिप पर लगभग 2 फिट पानी बहने लगा है। दौलतपुर, जुगराजपुर, सबलपुर, अंबरपुर, बमियारी, करनपुर घाट, उदयपुर, आशा की मड़ैया, सुंदरपुर, बंगला, नगला दुर्गू, हरसिंहपुर कायस्थ आदि दो दर्जन से अधिक गांवों के संपर्क मार्गों पर गंगा नदी का पानी बहने लगा है। जिससे लोगों को आवागमन मे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तलहटी के गांवों मे घरों मे पानी भर जाने से लोगों के सामने रहने खाने की समस्या उत्पन्न हो गई है।

### घरेलू विवाद में युवक ने खाया जहरीला पदार्थ

**फर्रुखाबाद।** जिला हरदोई थाना अल्लाहगंज क्षेत्र के गांव भरतौली निवासी अहिवरन के 26 वर्षीय पुत्र संटी का घर में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। गुस्से में आकर युवक संटी ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। घर वालों ने उसे जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया।

# एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते किसान नेता। अमृत विचार

- भाकियू बलराज ने नेता प्रतिपक्ष को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार।** भाकियू बलराज जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में बड़ी संख्या में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। ज्ञापन में इंडिया गठबंधन की सरकार वाले राज्यों में एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग की गई है।

भाकियू बलराज जिलाध्यक्ष ने ज्ञापन में कहा कि 21 अगस्त 2024 को दिल्ली में एमएसपी गारंटी किसान मोर्चा की मीटिंग हुई, जिसमें संगठन शामिल था। पिछले 10 अगस्त 2023 में संगठन ने नो एमएसपी नो वोट का आह्वान किया जिसके बाद इंडिया गठबंधन ने लोकसभा चुनाव के बाद एमएसपी गारंटी कानून लागू करने का वायदा किया था लेकिन अब इंडिया गठबंधन इससे मुकर रहा है। भले ही केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार न बनी हो, लेकिन हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, पंजाब, दिल्ली, केरल में इंडिया गठबंधन की सरकार है। इसलिए इन राज्यों में एमएसपी गारंटी कानून तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। इस दौरान अनुराग शाक्य, प्रताप सिंह,सर्वेश कुमार, दिलीप कुमार, धीरेंद्र कुमार, पंकज कुमार आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से 2 घायल

**फर्रुखाबाद।** कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के गांव मुरैठी निवासी 70 वर्षीय प्रेमादेवी पत्नी रामआसरे अपनी पुत्री के पुत्र अवनीश के साथ बाइक से गांव मराठी से सिकंदरपुर जा रही थी। तभी गांव दरियायगंज के पास अवनीश की बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इसमें वृद्ध महिला प्रेमा देवी और अवनीश गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने 108 एंबुलेंस से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कायमगंज में भर्ती कराया। वहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रेमादेवी को जिला अस्पताल लोहिया के लिए रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात डॉ. वैभव यादव ने बताया कि प्रेमा देवी के सिर में गंभीर चोट है। भर्ती कर इलाज शुरू कर दिया गया है।

# पेशी पर आए बंदी की हालत बिगड़ी

**फर्रुखाबाद।** फतेहगढ़ जिला जेल में निरुद्ध बंदी एक मामले में कचहरी में पेशी पर आया था। इस दौरान उसकी हालत बिगड़ गई। आनन फानन में उसे पुलिस ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद कैदी वार्ड में बंदी को शिफ्ट कर दिया गया।

थाना नवाबगंज क्षेत्र के ग्राम मंझना निवासी हिमांशु पुत्र सुखेंद्र (22 ) फतेहगढ़ जिला जेल में निरुद्ध है। मिली जानकारी के अनुसार, उसके ऊपर कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। बुधवार को पुलिस वैन से उसे पेशी के लिए फतेहगढ़ कचहरी लाया गया। पेशी के दौरान अचानक बंदी के सीने में तेज दर्द हुआ और वह गश खाकर गिर गया। इसके बाद उसे सिपाही नवीन कुमार, उप निरीक्षक अवधेश कुमार के साथ जिला अस्पताल लोहिया भेजा गया। इमरजेंसी में भर्ती कर ईएमओ डॉ अभय श्रीवास्तव ने उसे प्राथमिक उपचार दिया। बंदी की हालत गंभीर होने पर उसे ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है।

# दुकान का शटर काट कर नकदी चोरी

**फर्रुखाबाद।** शहर कोतवाली के रस्तोगी मोहल्ला निवासी नितिन पुत्र हरिओम रस्तोगी की रेलवे रोड पर बच्चों के सामान की दुकान है। नितिन ने बताया कि वह मंगलवार की रात लगभग 10 बजे दुकान बंदकर घर चला गया था। सुबह उन्हें शटर कटा होने की जानकारी हुई। जब आकर देखा तो पता चला की चोरों ने उसके दुकान में लगे मीटर से कटिया डालकर बिजली ली और कटर की सहायता से शटर को काट दिया। इसके बाद प्रवेश द्वार पर लगे शीशे को भी तोड़ दिया। चोरों ने मंगलवार की रात 2:40 से 2:50 बजे के मध्य घटना को अंजाम दिया। सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर आकर जांच की। नितिन ने बताया की चोर गुल्लक में रखे 10 हजार रुपये ले गए। कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गयी है।

# जेल परिसर में लगा 108 फिट ऊंचा तिरंगा

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



फीता काट कर उद्घाटन करते मेजर सुनील दत्त द्विवेदी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जिला जेल में निरुद्ध बंदियों और मिलाई करने आ रहे लोगों में देश भक्ति की भावना प्रबल करने के लिए 108 फिट ऊंचे तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण किया गया है। बुधवार को सदर विधायक ने तिरंगे झंडे के आसपास बनाई गई बाउंड्री वाल और शिलालेख का फीता काट उद्घाटन किया।

सदर विधायक मेजर सुनील दत्त द्विवेदी ने कहा कि उन्होंने अपनी विधानसभा क्षेत्रों में सात तिरंगे झंडे लगवाए हैं जिनका लोकार्पण खुद मुख्यमंत्री ने वर्चुअल तरीके से किया है। यहां पर भी काफी समय पहले ही तिरंगा झंडा लग गया था लेकिन बाउंड्रीवाल और अन्य काम पूरा होने के बाद आज जनता के लिए खोल दिया गया है। इस झंडे के आसपास एक सेल्फी प्वाइंट के तौर पर विकसित किया गया है। वह चाहते हैं कि यहां पर आने वाले लोग तिरंगा के साथ फोटो खींचे। जेल प्रशासन ने भी भरोसा दिलाया है कि इस तिरंगे की मर्यादा का पूरा ध्यान रखा जाएगा। तिरंगा ध्वज हर देशवासी के हृदय में बसता है। उन्होंने जेल में बना रहे एलईडी बल्ब व रामनवमी पटके के बारे में भी कार्यक्रम में मौजूद लोगों को जानकारी दी। सदर विधायक ने कहा कि इमरजेंसी के समय उनके पिताजी पूर्व मंत्री ब्रह्मदत्त द्विवेदी इसी जेल में रहे हैं। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद ने जेल में हो रहे अन्य बेहतर कार्यों के संबंध में भी जानकारी दी। जेल अधीक्षक ने बताया कि सदर विधायक ने जेल में निरुद्ध बंदियों को बेहतर उपचार मिल सके, इसके लिए एक एंबुलेंस भी अपने निधि से प्रदान की है।

**बढ़ी दिक्कत** | मौसम का बदला मिजाज, लोगों को उमस भरी गर्मी से मिली निजात

# झमाझम बारिश से जगह-जगह जलभराव

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



राजकीय विद्यालय के सामने भरा पानी।



बारिश की वजह से शेड के नीचे खड़े बच्चे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर में झमाझम बारिश से जहां लोगों को उमस भरी गर्मी से निजात मिली है वहीं जगह जगह जलभराव होने से स्कूली बच्चों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हालात यह है कि बारिश के चलते स्कूली बच्चों को जगह-जगह रुक कर सिर छिपाना पड़ा।

शहर क्षेत्र में बुधवार को सुबह से ही मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से सूरज के दर्शन नहीं हुए और घने बादल छाए रहे। दोपहर होते-होते काले बादलों ने आसमान को घेर लिया और झमाझम बारिश शुरू हो गई। कुछ-कुछ देर रुक कर बारिश होती रही। यह क्रम लगभग 2 घंटे तक चलता रहा। इसका नतीजा यह हुआ कि फतेहगढ़ के राजकीय इंटर कॉलेज के बाहर बरसात का पानी भर गया। इसके साथ ही कई मार्गों पर भी बरसात का पानी भर गया। जब बारिश शुरू हुई तब फतेहगढ़ फर्रुखाबाद के दर्जनों स्कूलों, कालेजों में छुट्टी हो रही थी। जब छात्र-छात्राएं स्कूल कॉलेज से अपने घर जा रहे थे तभी बरसात शुरू हो गई मजबूरन उन्हें दुकानों, संस्थाओं, प्रतीक्षालयों में खड़े होकर बारिश से बचना पड़ा। शहर क्षेत्र के मोहल्ला तलैया फजल इमाम, स्टेट बैंक वाली गली, रेलवे रोड, पक्के पुल, भीकमपुरा में भी बारिश का पानी भर गया जिससे स्थानीय लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा। बरसात के चलते ठेली दुकानदारों का भी व्यापार प्रभावित हुआ। सड़क के किनारे फल, फास्ट फूड व चाय नाश्ते की दुकान लगाये लोग अपनी ठेली को बारिश से बचाने के लिए पॉलीथीन से ढके दिखे। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि लगातार बारिश की वजह से कई मोहल्ले में पानी भर जाता है। लेकिन कुछ ही देर में वह निकल जाता है। नगर पालिका की टीम लगातार नालों की सफाई करा रही है।



# 3 सूदखोरों पर खुदकुशी को मजबूर करने का मुकदमा, एक गिरफ्तार

## किसान ने सूदखोरों से परेशान होकर भाभी व भतीजी को जहर पिलाकर खुद पी लिया था

फॉलोअप

संवाददाता सैफई, इटावा

● दलित परिवार होने से संवेदनशील स्थिति को लेकर गांव में तैनात की गई पीएसी

● आरोपियों पर दलित उत्पीड़न एससी-एसटी एक्ट के तहत भी केस दर्ज किया गया

**अमृत विचार।** कर्ज से परेशान होकर युवा किसान ने कोल्ड ड्रिंक में सल्फास मिलाकर भाभी-भतीजी को पिलाकर खुद पी ली। जिससे तीनों की मौत हो गई। मृतक की मां ने गांव के ही 3 लोगों के खिलाफ कर्ज को लेकर खुदकुशी करने को विवश करने तथा दलित उत्पीड़न एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले की संवेदनशीलता को लेकर गांव में पीएसी तैनात कर दी गई है।

थाना सैफई क्षेत्र में गांव भदेई में रहने वाले दयाशंकर जाटव ने कोल्ड ड्रिंक में जहर मिलाकर अपनी विधवा भाभी पूजा, भतीजी शिवि को पिलाकर खुद पी ली। तीनों की सैफई मेडिकल कॉलेज में थोड़े-थोड़े अंतराल पर मौत हो गई। मृतक की मां सरोजनी देवी सिंह ने गांव के उपेंद्र यादव व जितेंद्र यादव तथा ज्ञानेंद्र सिंह उर्फ रिंकू यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें कहा गया है कि यह लोग शराब पिलाकर बेटे पर काफी कर्जा दिखाकर उसकी वसूली का दबाव बनाने लगे।

यह लोग अवैध शराब का कारोबार करते हैं। इनके दबाव से विवश होकर अपनी भाभी पूजा, भतीजी शिवि को जहर मिली कोल्ड ड्रिंक पिला दी और खुद पी ली। तीनों की मौत हो गई। गांव में इन लोगों का भय व्याप्त है, इनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।



गिरफ्तार आरोपी रिंकू।



सैफई में सूदखोरों से परेशान परिवार ने पिया जहर, मुखिया सहित तीन की मौत

बुधवार को प्रकाशित खबर।

> शुरुआती जांच में स्पष्ट हुआ कि कर्ज को लेकर दयाशंकर परेशान था, साथ ही उसका पत्नी से भी विवाद चल रहा है। इसके तहत भी वह परेशान रहता था। 3 लोगों को नामजद कराया गया है इनमें एक रिंकू को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है। सुरक्षा के मद्देनजर गांव में सुरक्षा बल तैनात किया गया है, फरार दो आरोपियों की तलाश की जा रही है।
>
> –संजय वर्मा, एसएसपी

## हाईवे पर 2 कारें टकराईं, 4 घायल

**जसवंतनगर, इटावा।** नेशनल हाईवे पर पर थाना क्षेत्र में मंगलवार रात सराय भूपत के पास 2 कारें आमने-सामने टकरा गईं जिसमें 4 लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक रामसहाय सिंह ने बताया कि कानपुर देहात के थाना सिकंदरा क्षेत्र के गांव गुरदई के रहने वाले उत्तम शुक्ला अपनी 26 वर्षीय पत्नी निधी शुक्ला और 7 वर्षीय बेटी यशी शुक्ला को लेकर दिल्ली जा रहा था गलत दिशा से आ रहे इटावा के विजय नगर के 25 वर्षीय चिराग ने उक्त स्थान पर सामने से उसकी कार में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से कारें क्षतिग्रस्त हो गई तथा उनके सवार चारों को चोटें आईं। सूचना पर पहुची पुलिस ने उन्हें सीएचसी भिजवाया जहां सभी लोग प्राइमरी इलाज लेकर चले गए। इसके अलावा इकदिल क्षेत्र में शिवम कोल्ड स्टोरेज के पास एक कार डिवाइडर से टकरा गई। कार सवार युवक बाल-बाल बच गया।

# बिजली समस्या पर किसानों का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● अधिशासी अभियंता को सौंपा मांगों का ज्ञापन

● किसानों ने कहा बिजली न होने से नलकूप नहीं चलते





अधिशाषी अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन करते किसान सभा के कार्यकर्ता।

**अमृत विचार।** बिजली से संबंधित समस्याओं को लेकर किसान सभा ने अधिशाषी अभियंता के कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए मांगों का ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिजली कटौती, लो वोल्टेज, ढीली लाइनों, बिलों में हेरा फेरी, स्मार्ट और प्रीपेड मीटर जैसी समस्याओं का निदान किया जाए और बिजली के निजीकरण पर रोक लगाई जाए।

इन समस्याओं को लेकर किसान सभा के नेतृत्व में चितभवन सब स्टेशन से संबंधित किसानों ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण खंड इटावा कार्यालय पर झंडा बैनरों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर अधिशासी अभियंता त्रिपाल सिंह को ज्ञापन दिया। अधिशाषी अभियंता ने शीघ्र ही समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। किसान सभा के सहसचिव अमर सिंह शाक्य ने बताया कि इस समय जिले में बारिश नहीं हो रही है, धान की फसल को पानी की जरूरत है ऐसे समय में स्टेट और निजी नलकूपों का ही किसानों को सहारा है। लेकिन इस समय बिजली किसानों को ना के बराबर मिल रही है। एक घंटे में 10-10 बार लाइन ट्रिप हो रही है। लो वोल्टेज आ रहे हैं जिससे मोटर सही तरीके से चल नहीं पा रही हैं जिस कारण से धान की फसल को भारी नुकसान हो रहा है। उन्होंने तत्काल इन समस्याओं को हल करने की विद्युत प्रशासन से मांग की। किसान सभा के पूर्व जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह यादव, संतोषपुर घाट के प्रधान मुहरमन सिंह ,अवधेश शाक्य, गोविंद बाबू ,पूर्व प्रधान बालेश्वर दयाल , देवेंद्र यादव ,गोविंद बाबू पाल, संजय पाल, रजनीश शाक्य ,नेत्रपाल शाक्य, संदीप तिवारी शामिल रहे।

# बंद पड़े मकान का ताला तोड़कर चोरों ने हजारों का माल पार किया

संवाददाता भरथना, इटावा



● 3 महीने से बंद पड़ा था मकान, पुलिस छानबीन में जुटी

**अमृत विचार।** कोतवाली कस्बा के मोहल्ला बृजराज नगर में मिल वाली गली में मंगलवार की रात को चोरों ने एक बंद मकान के ताले तोड़कर उसमें रखा सामान चोरी कर लिया। बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने मकान को खुला देखा तो इसकी जानकारी हुई। पड़ोस के लोगों ने पूना में रह रहे मकान के मालिक को दी। लोगों की सूचना पर पुलिस फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। घटना स्थल का निरीक्षण किया। घर से चोर कितने का माल ले गए इसकी जानकारी मकान मालिक के आने के बाद पता चल सकेगी।

कस्बा के मोहल्ला बृजराज नगर में मिल वाली गली निवासी सुधीर कुमार पुत्र राजेंद्र सिंह यादव का मकान है। वह पूना में प्राइवेट नौकरी करते है। वह तीन माह पूर्व अपने मकान में ताला डालकर अपने परिवार के साथ पूना चला गया था। मकान बंद पड़ा था। वुधवार की सुबह पडोस के लोगों ने देखा कि मकान के ताले खुले देखे तो उन्होने इसकी जानकारी मकान मालिक को दी। लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और घटना स्थल का निरीक्षण किया। भरथना वाले मकान की देखभाल सुधीर के ससुर द्वारा रहती थी,लेकिन वह भी पिछले करीब तीन माह से उक्त मकान पर नही आ सके। सुधीर के पड़ोसी राकेश कुमार फौजी ने बताया कि गृहस्वामी सुधीर रात्रि दो बजे तक भरथना पहुंच जायेंगे, मकान में हुई चोरी में क्या क्या समान गया है उनके आने पर ही पता चल सकेगा।

### दुकान में घुसकर चोर उठा ले गए सामान

■ **इटावा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के छैराहा हनुमान मंदिर के पास बनी एक दुकान में चोरों ने शटर का ताला तोड़कर दुकान का सामान चुरा लिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुकानदार को सूचना दी। दुकान मालिक राजेश निवासी मोहल्ला छिपैटी ने बताया कि उसकी दुकान में काजू, बादाम के पैकेट और गुल्लक में रखें रुपयों को चोरी कर भाग गए। सदर कोतवाली प्रभारी विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि जांच की जा रही है।

# महिला से लूट के मामले में दोषी को 5 साल की सजा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

● कोर्ट ने 12 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया

**अमृत विचार।** विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र अधिनियम अखिलेश कुमार ने दस साल पुराने लूट के एक मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उसे पांच साल की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर 12 हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पडेगा। कोर्ट ने चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

फ्रेड्स कालोनी थाना क्षेत्र के मोहल्ला पक्का बाग निवासी राम कुमार मिश्रा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया कि दस अगस्त 2014 को वह अपनी पत्नी राधा मिश्रा व पुत्र अपूर्व मिश्रा के साथ बाइक से महेवा गया था । लुटरों ने पत्नी के सिर पर वार कर दिया। पत्नी बाइक से गिरकर घायल हो गई। वैग में अंगूठी जंजीर के अलावा मोबाइल व पांच हजार रूपया लेकर लुटेरे फरार हो गए। पुलिस ने अज्ञात लुटेरों ने खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। बाद में बिरारी गांव के पास से दो लुटेरों को अमित प्रजापित निवासी अयारा बसरेहर व गंगा राम निवासी धर्मपुरा थाना लवेदी को गिरफ्तार कर लिया। अमित प्रजापित के पास से लूटा गया मोबाइल बरामद हआ। पूछताछ में पकडे गए लोगों ने अपने साथियों के नाम गुड्डू गोयल, अभिषेक उर्फ शेखर निवासी रायपुरा थाना इकदिल व गोविंद जाटव निवासी बडी फूफई इकदिल बताया। बाद में पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया। राज्य की ओर से विशेष लोक अभियोजक गौरव दीक्षित ने पैरवी की। कोर्ट ने अमित प्रजापित को दोषी पाया और उसे सजा सुनाई।

## तिब्बती बाजार का विरोध करेगा व्यापार मंडल

**इटावा।** शहर में हर वर्ष सर्दियों के मौसम में लगनें वाले तिब्बती बाजार को परमीशन न देने के लिए उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जनप्रतिनिधियों व प्रशासन से मांग करेगा। व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित एवं रेडीमेड ऐसोसिएशन के अध्यक्ष देव गुप्ता नें बताया कि इटावा का व्यापारी पूरी साल सर्दियों के मौसम का इंतजार करता है। इसके लिए पूंजी लगाकर अपनी दुकानों में माल भरने के लिए दिल्ली, लुधियाना तक भागता है। कुछ वर्षों से कुछ लोग तिब्बती शरणार्थियों के नाम पर शहर के चौधरी पेट्रोल पंप के पास दिल्ली लुधियाना से ही लाये हुये सामान को बेच कर करोड़ों का कारोबार करते हैं। जिससे शहर के व्यापारियों का नुकसान होता है। नेताओं ने कहा इन्हें परमीशन न दी जाये अन्यथा व्यापारियों को धरना-प्रदर्शन करनें को मजबूर होना पड़ेगा।

## सार-संक्षेप

### 29 अगस्त से होगी काउंसलिंग

**इटावा।** राजकीय पॉलिटेक्निक के प्रधानाचार्य ने बताया है कि राजकीय पालीटेक्निक, इटावा में संयुक्त प्रवेश परीक्षा परीक्षा 2024 के चौथे व पांचवे चरण की विशेष काउन्सिलिंग 29 अगस्त से 31 अगस्त के मध्य होगी। संस्था को उ0प्र0 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती परीक्षा–2024 का परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के कारण काउन्सिलिंग संस्था के आवासीय परिसर में स्थित प्रधानाचार्य आवास टाइप–4, गेस्ट हाउस में होगी। अभ्यर्थी दिनांक 29 अगस्त से 31 अगस्त के मध्य संस्था के आवासीय परिसर में उपस्थित होकर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काउन्सिलिंग करा लें ।

### सीडीओ ने लिया अहेरीपुर और महेवा ब्लॉक का जायजा

**महेवा, इटावा।** ग्राम पंचायत अहेरीपुर में स्वच्छता अभियान के तहत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण बुधवार को सीडीओ अजय कुमार गौतम व डीपीआरओ बनवारी सिंह ने किया। ग्राम पंचायत अहेरीपुर जिले की पहली ऐसी ग्राम पंचायत होने जा रही है जिसमें सीवर लाइन बिछाई जा रही है। गंदे जल के लिए सोखता गड्ढे, तालाबों की साफ सफाई, आरआरसी सेंटर आदि पर चल रहे कार्यों को भी अधिकारियों ने देखा। कमिश्नर कानपुर मंडल अमित कुमार गुप्ता ने गांव को पूर्ण स्वच्छ बनाने के लिए पिछले महीने निर्देश दिया था। सीडीओ ने अधीनस्थों के साथ गौशाला का भी निरीक्षण किया। ब्लॉक मुख्यालय पर आकर दोपहर करीब डेढ़ बजे औचक निरीक्षण किया। मनरेगा, राज्य वित्त आदि से चल रहे विकास कार्यों की प्रगति सहित कर्मचारियों की उपस्थिति को भी देखा। आवास लिपिक सुरजीत कुमार से विधवा, दिव्यांग आवासों के बारे में भी जानकारी ली। ग्राम प्रधान संगीता वर्मा, ग्राम सचिव सौरभ, प्रधान प्रतिनिधि अखिलेश वर्मा, एडीओ पंचायत इंद्र पाल सिंह, स्वच्छ भारत मिशन के जिला समन्वयक नितिन कुमार, जेई अंशुमान सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संदेश वर्मा आदि मौजूद रहे।



निरीक्षण करते सीडीओ।

### लापता बेटे को खोजने के बजाए पुलिस कर रही परेशान

**भरथना, इटावा ।** दो महीने पहले से लापता बेटे की तलाश करने के बजाए पुलिस पीड़ित परिवार को ही परेशान करके उत्पीड़न कर रही है। भरथना क्षेत्र में नगला चंदेलन उमरसेड़ा के इंद्रेश कुमार ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ के पोर्टल पर तथा एसएसपी को भेजे शिकायती पत्र में भरथना पुलिस पर यह आरोप लगाया है। उसका कहना है मजदूरी करके परिवार पाल रहा हूं। 22 जून की शाम उसका 18 वर्षीय बेटा आसिंद कुमार घर से खेत पर जाने की कहकर गया था। उसके बाद से वह लापता हो गया। खोजबीन करने पर उसका कहीं कोई पता नही चला। 24 जून को थाना में गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस अभी तक बेटे का पता नहीं लगा सकी।

### टंकी के पास बनी दीवार ढही

**महेवा, इटावा।** प्रधानमंत्री मोदी की महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल योजना के तहत गांव गांव निर्मित हो रही पानी की टंकियों के निमार्ण में मानक विहीन सामग्री लगायी जा रही है। महेवा की ग्राम पंचायत नगला कले में सामने आया है। टंकी का निर्माण पूरा होने के पहले ही इसकी दीवार ढह गई। ग्राम प्रधान विवेक यादव ने बताया कि निर्माण के समय ही उन्होंने अधिकारियों से शिकायत की पर कोई सुनवाई नहीं हुई ।

### बिजली खंभा से टकराकर ऑटो पलटा, 4 घायल

**महेवा, इटावा ।** थाना बकेवर क्षेत्र में बस्ती महेवा में बंबा की पुलिया के पहले अहेरीपुर मार्ग पर बारिश के दौरान ऑटो असंतुलित होकर बिजली के खंभा से टकराकर पलट गया। जिससे कस्बा निवाड़ी कला का ऑटो ड्राइवर रवि, गांव जैतपुर का किशन कुमार, ओरैया बल्लापुर में गांव सूरतपुर का लोकेंद्र तथा इंदिरापुरम के दिनेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें पुलिस ने सीएचसी महेवा पहुंचाया, वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

### बकरी व्यापारी से मारपीट दलित उत्पीड़न में दर्ज

**बकेवर, इटावा ।** डेढ़ महीने पहले बकरी व्यापारी से मारपीट का मामला दलित उत्पीड़न करने में थाना में शहर इटावा में पुरानी पीएसी गली अशोकनगर के राहुल कठेरिया ने दर्ज कराया है। कहा गया है कि वह 14 जुलाई 2024 को बकरियों की खरीदारी करने के लिए कुशगवां अहिरान जा रहा था तभी पुलिस गनर प्राप्त राहुल यादव उनके साथी सत्येन्द्र उर्फ गोलू व रंजीत सिंह तथा सर्वेश ने कार को साइड नहीं देने को लेकर राजेश के नलकूप के पास जबरन रोककर जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट की। सीओ भर्थना अतुल प्रधान द्वारा इस मामले की जांच की जायेगी।



सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा नेता।

# छात्रों, नौजवानों को पीडीए सदस्यता अभियान से जोड़ें

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के छात्र नौजवान पीडीए सदस्यता अभियान के 20वें दिन श्रीप्रहलाद सिंह इंटर कॉलेज में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाध्यक्ष रवि यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी छात्रों के हितों की लड़ाई लड़ती रहेगी। छात्रों ने विभिन्न मुद्दों पर बात रखी, जिनमें पेपर लीक, छात्रसंघ बहाली, फीसवृद्धि, रोजगार आदि शामिल रहे।

मुख्य अतिथि सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव एवं अन्य नेताओं ने सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। राम मिलन कठेरिया, धर्मेंद्र कुमार, जनवेद भोजवाल, राजीव दुबे, प्रेम सागर जाटव, पंकज यादव, बॉबी यादव, डॉ ब्रजवीर यादव, नारायण शास्त्री सुरजेश यादव कल्लू रहे।

## लखना बकेवर में 39 बकायेदारों के कनेक्शन कटे

**बकेवर, इटावा।** बकेवर व लखना कस्बों में बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाकर 39 कनेक्शन काटे गये। तीन लाख 70 हजार रुपये की वसूली की। उपखंड अधिकारी बकेवर राहुल यादव के नेतृत्व में कस्बा बकेवर में अवर अभियन्ता वीरेन्द्र सिंह ने 6 लाख 81 हजार रुपये बकाया के 27 कनेक्शन काटे गये। 2 लाख 70हजार रुपये की वसूली की । एक लाख रुपये के तीन बकायेदारों के मीटर भी उतारे गये। कनेक्शन भी काटा गया। कस्बा लखना में भी अवर अभियन्ता नरदेव सिंह गौतम ने टीम के साथ 7 लाख रुपये के 20 बकायेदारों के कनेक्शन काटे । इसके अलावा एक लाख रुपये की वसूली भी की ।



श्रीकृष्ण की झांकी प्रस्तुत करती छात्रा।





कार्यक्रम में मौजूद विधायक सरिता भदौरिया, प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी।

# राधा-कृष्ण के नृत्य ने मोह लिया मन

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** सरस्वती इंटर कालेज मोतीझील में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक सरिता भदौरिया ने श्री कृष्ण और राधा रानी की आरती से किया । छात्र-छात्राओं ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। श्रेया व स्वर्णिमां ग्रुप ने वासुदेव द्वारा श्री कृष्ण को गोकुल ले जाने का दृश्य प्रस्तुत किया।

इसके बाद अरुण एवं उसके ग्रुप ने कृष्ण सुदामा मिलन की झांकी व तथा विद्यालय की छात्राओं ने राधा कृष्ण नृत्य प्रस्तुत करके पूरे विद्यालय का माहौल कृष्णमय कर दिया। इस दौरान कवि कमलेश शर्मा ने भी कविता पाठ किया। श्रीकृष्ण की आरती से कार्यक्रम का समापन हुआ । प्रधानाचार्य शोभाराम तिवारी ने अतिथियों का परिचय कराया। संचालन संतोष यादव ने किया । कार्यकम में आरएसएस के सह प्रांत कार्यवाह प्रदीप कुमार भदौरिया, विभाग प्रचारक यशवीर, विभाग संगठन मंत्री तरुण बाजपेयी, जिला संघ चालक राजेन्द्र यादव, संजीव भदौरिया, प्रबंधक संतोष हयारण, निशेष कान्त एडवोकेट, डा आर डी दुबे , कवि कमलेश शर्मा, अरुण, संजय दुबे, अरविंद त्रिपाठी, शैलेश, शिवम, शांति, गीता, प्रतिमा भदौरिया, सुवेन्द्र जादौन, धर्मेंद्र बाजपेई, अखिलेश मिश्रा रहे।

एससीएसटी आरक्षण | एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा रामशंकर कठेरिया ने फैसले पर जताई सहमति

# आरक्षण के उपवर्गीकरण का फैसला वंचितों के हक में

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा राम शंकर कठेरिया ने कहा है संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर चाहते थे कि आर्थिक, सामाजिक व राजनीतिक रूप से कमजोरों को अधिकार मिलें। इसीलिए संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई थी। वंचितों को उनके अधिकार मिल सकें इस दृष्टि से सुप्रीम कोर्ट ने एससीएसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण का जो आदेश दिया है वे उससे सहमत हैं। व्यक्तिगत रूप से वे इस फैसले को वंचितों के हक और संविधान की मूल भावना के अनुकूल मानते हैं।

सिंचाई विभाग के डाक बंगले में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आर्थिक सामाजिक राजनीतिक रूप से कमजोरों और वंचितों को अवसर मिलना चाहिए । कुछ लोगों द्वारा बांग्लादेश जैसी स्थिति होने की बात कहे जाने पर उन्होंने कहा कि यह बंगलादेशी मानसिकता भारत में नहीं चलेगी। इस तरह की बात कहना ओछी राजनीति का प्रतीक है। भारत में सही मायने में लोकतंत्र है और यह अभी का नहीं है भगवान राम के समय से लोकतांत्रिक व्यवस्थाएं इस देश में चल रही है। इस देश के लोकतंत्र को कोई हिला नहीं सकता। आजाद समाज पार्टी के सांसद चंद्रशेखर आजाद की ओर से की गई टिप्पणी को लेकर उन्होंने कहा कि जिस तरह की राजनीति वह कर रहे हैं यह राजनीति ज्यादा दिनों तक चलने वाली नहीं है। जिला महामंत्री शिवाकांत चौधरी, मोहित दुबे, अंशुल अशोक दुबे, गुरूप्रसाद, सीपू चौधरी, अमित तिवारी मानू, अरविंद दीक्षित मौजूद रहे।



पत्रकारों से बातचीत करते एससी आयोग के पूर्व अध्यक्ष डा. रामशंकर कठेरिया।

### इटावा में बनेगा इंडस्ट्रियल हब

■ **इटावा।** डा राम शंकर कठेरिया ने बताया कि भरथना क्षेत्र में पक्का लाल ढकपुरा पर 1000 एकड़ जमीन में औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया जाएगा। जमीन के अधिग्रहण का काम पूरा भी हो गया है। राज्य सरकार इस स्थान पर उद्योग लगाने के लिए कार्य करेगी । यहां उद्योग लगेगे जिससे न केवल उत्पादन होगा बल्कि युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह काम समाजवादी पार्टी को करना चाहिए था लेकिन चार–चार बार मुख्यमंत्री रहने के बाद भी सपा ने उद्योग लगाने का काम नहीं किया बल्कि इटावा की एकमात्र स्पिनिंग मिल को भी बंद भी कर दिया।

### सितंबर में शुरू होगा रेलवे का काम

■ **इटावा।** डा. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि रामनगर रेलवे फाटक पर बनने वाले ओवरब्रिज के निर्माण में रेलवे के हिस्से का काम रह गया है जबकि बाकी का काम लगभग पूरा हो गया है। उन्होंने बताया कि रेलवे के उच्च अधिकारियों से उनकी बात हो गई है और सितंबर के महीने में बरसात के बाद रेलवे अपना काम शुरू कर देगी और जल्द ही इसे पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि चकरनगर क्षेत्र में बनने वाली ढकरा की पुलिया का निर्माण का कार्य भी बरसात के बाद पूरा कर लिया जाएगा।

## छात्रा ने जहर पीकर की आत्महत्या

**सैफई, इटावा।** मामा के घर पर रह रही छात्रा ने सोमवार रात अज्ञात कारण के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया, उसने सैफई मेडिकल के इमरजेंसी ट्रॉमा सेंटर में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

मध्य प्रदेश में जिला भिंड के थाना उमरई में रहने वाले रघुवीर सिंह ने बताया कि उसकी 19 साल की बेटी पूनम सैफई थाना क्षेत्र में गांव नगला छविनाथ में अपने मामा रामवीर के पास रहकर कई सालों से पढ़ाई कर रही थी। सोमवार रात उसने किसी बात से क्षुब्ध होकर जहरीला पदार्थ खा लिया।

उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया मंगलवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। अक्सर वह पढ़ाई की वजह से तनाव में रहा करती थी। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर सैफई थाना पुलिस ने जांच की।

शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ।।



स्व. श्री रामदत्त आर्य जी

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी राम दत्त आर्य जी पूर्व अध्यापक (चौ. जवाहर सिंह इंटर कॉलेज सुतियानी) निवासी ग्राम किल्लामपुर दोवा माफी का अचानक हृदय गति रुक जाने के कारण दिनांक 24.08.2024 दिन शनिवार को आकस्मिक स्वर्गवास हो गया है। अतः उनकी आत्मा शांति हेतु शांति हवन दिनांक 31.08.2024 दिन शनिवार प्रातः 8.00 बजे होना सुनिश्चित हुआ है।

शोकाकुल परिवार

| दुःखी पुत्र | पुत्री व दामाद | भाई |
|---|---|---|
| विनोद दत्त | संगीता देवी – ब्रज कांत सिंह | शिशुपाल (शरद) |
| मो.-8650040067 | रीता देवी – शरद यादव | श्री कृष्ण यादव |
| यज्ञ दत्त | नातीगण | प्रकाश चन्द्र यादव |
| मो.- 8077280149 | कृष्णा यादव, नैतिक यादव | श्री प्रकाश यादव |

कार्यस्थल – ग्राम किल्लामपुर उमरैन (औरैया)

# लव जिहाद में कार्रवाई न होने पर कोतवाली का घेराव

## बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन, जमकर नारेबाजी

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस बल। अमृत विचार

**अमृत विचार।** खागा कोतवाली क्षेत्र में लव जिहाद का एक मामला सामने आया है। आरोप है कि एक हिन्दू लड़की को उसके पड़ोसी मुस्लिम युवक ने बहला-फुसलाकर भगा लिया और उसके बाद उसका धर्मातरण कराकर निकाह कर लिया। पीड़ित लड़की के पिता ने 17 अगस्त को पुलिस को तहरीर दी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर बजरंग दल ने कोतवाली का घेराव कर प्रदर्शन किया और कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित व्यक्ति ने 5 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी को पड़ोस के मुस्लिम युवक ने बहला-फुसलाकर भगा ले गया। जब यह पता चला कि लड़की का मतांतरण कर निकाह कर लिया गया है तो उसने पुलिस से गुहार लगाई। आरोप है कि परिजनों को लड़की की हत्या कर कहीं फेंक देने की धमकी दी गई। पुलिस द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज बजरंग दल के जिला संयोजक राजू सोनकर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खागा कोतवाली का घेराव किया। उन्होंने नारेबाजी की और मांग की कि मुस्लिम युवक के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए। राजू सोनकर ने आरोप लगाया कि पुलिस ने 10 दिन बीत जाने के बावजूद कोई कर्रवाई नहीं की है। कहा, अगर जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करेंगे। कोतवाली प्रभारी तेज बहुदार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि जांच पूरी होने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी और अगर आवश्यक हुआ, तो मुकदमा भी दर्ज किया जाएगा। इस घटना ने धार्मिक और सामुदायिक तनाव को बढ़ा दिया है और विभिन्न संगठनों ने पुलिस की निष्क्रियता पर चिंता जताई है।

## पुलिस मुठभेड़ में अपराधी को लगी गोली

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- गिरफ्त में आए अपराधी को अस्पताल में कराया गया भर्ती

**अमृत विचार।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपेशन लंगड़ा के तहत एक शातिर अपराधी से पुलिस और एसओजी (स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप) की मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग के बाद पुलिस की गोली लगने से अपराधी घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए नजदीकी बिंदकी सीएचसी में भर्ती कराया गया है। बिंदकी कोतवाली प्रभारी संजय कुमार पांडेय और एसओजी प्रभारी विनोद कुमार यादव भोर पहर करीब तीन बजे खजुहा नहर पुलिया के पास गश्त कर रहे थे। तभी उन्हें मुखबिर से सूचना मिली कि एक शातिर अपराधी श्मशान घाट के सामने बने टीन शेड के नीचे बैठकर किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस और एसओजी टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। जैसे ही शातिर आपराधी ने पुलिस को देखा, उसने तमंचे से फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। दोनों ओर से कई राउंड फायरिंग के बाद, पुलिस की गोली अपराधी के पैर में लगी, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस अधीक्षक धवल जयसवाल ने बताया कि घायल अपराधी की पहचान गोपाल उर्फ इंदल पुत्र सुखनंदन निवासी मीरखपुर के रूप में की गई है। इसके खिलाफ पहले से छह संगीन मुकदमे दर्ज हैं और यह अंतर्जनपदीय शातिर चोर है। उसके पास से चोरी का माल, तमंचा, कारतूस और 730 रुपये नगद बरामद किए गए हैं। एसपी के चार्ज लेने के 28 दिन के भीतर यह जिले में छठी पुलिस मुठभेड़ है।

# निवेश मित्र के आवेदन समय से निपटाएं

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- औद्योगिक इकाईयों के श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी का करवाएं निर्माण
- जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश



उद्योग बंधु समिति की बैठक में भाग लेतीं डीएम सी. इन्दुमती व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी सी. इंदुमती की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति की मासिक बैठक संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल में प्राप्त आवेदनों का निस्तारण समय से संबंधित विभाग करें। आवेदन डिफाल्टर श्रेणी में नहीं आने पाए।

डीएम ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य वित्तीय वर्ष 2024-25 के अनुसार प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद के उद्योग लगाने के लिए प्राप्त आवेदनों को नियमानुसार कार्यवाही कर ऋण मुहैया कराया जाए।

उद्यमियों द्वारा उठाई गई शिकायतों का निस्तारण संवेदनशीलता के साथ एवं सकारात्मक सहयोग के साथ नियमानुसार हल कराएं। औद्योगिक ईकाइयों के श्रमिकों के लिए डिस्पेंसरी का संचालन कराने के लिए जिला प्रशासन द्वारा ग्राम कोराई में जमीन प्रस्तवित की गई है। इसके लिए शासन स्तर पर पत्राचार करते हुए एवं नियमानुसार कार्यवाही पूरी करते हुए डिस्पेंसरी का निर्माण कराया जाए। वहीं इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट ग्रेटर नोएडा में 25 सितंबर से 29 सितंबर तक यूपीआईटीएएस मेला व प्रदर्शनी में जनपद के उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग करने के लिए उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि उद्यमियों से समन्वय बनाते हुए प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अविनाश त्रिपाठी, उपायुक्त उद्योग समेत अन्य सम्बंधित विभागाध्यक्ष मौजूद रहे।

# सीज अस्पताल में चोरी पर पहुंचे एसीएमओ

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- ताला तोड़कर गायब किया गया था सामान
- आरोपी के खिलाफ स्वास्थ्य विभाग दर्ज कराएगा रिपोर्ट



जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

**अमृत विचार।** औग थाना क्षेत्र में सीज किए गए अस्पताल का ताला तोड़ सामान गायब करने की शिकायत पर मंगलवार को सील अस्पताल का डिप्टी सीएमओ ने टीम के साथ औचक निरीक्षण किया। इस दौरान टीम को अस्पताल का सीज ताला गायब मिला। डिप्टी सीएमओ ने ताला तोड़ने वालों के खिलाफ मुकदमा लिखाने की बात कही है। वहीं टीम ने चौडगरा में बिना पंजीकरण चल रहें 24 हावर्स अस्पताल में छापेमारी की। टीम ने अस्पताल में लैब, मेडिकल स्टोर आदि की जानकारी ली। पंजीकरण न होने पर टीम ने अस्पताल संचालक को नोटिस दिया है।

ज्ञात हो कि नवम्बर माह में चौडगरा स्थित माधुरी अस्पताल में इलाज के दौरान एक किशोरी की मौत हो गई थी। परिजनों के हंगामे के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अस्पताल को सील कर दिया था। कुछ माह बीतने के बाद अस्पताल का सील ताला तोड़कर सामान निकाल लिया गया। जिसकी शिकायत सीएमओ से की गई तो सीएमओ ने डिप्टी सीएमओ को निरिक्षण कर कार्यवाई के आदेश दिए। मंगलवार को टीम चौडगरा पहुंची तो अस्पताल के सटर में लगा ताला गायब मिला। टीम ने आस पास के लोगों से पूछ ताछ की हैं। डिप्टी सीएमओ ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। अवैध अस्पतालो को किसी भी कीमत में चलने नहीं दिया जायेगा।

## कच्चा घर ढहा अधेड़ की मौत

**फतेहपुर।** ललौली थाना क्षेत्र के महाखेड़ा गांव में खाना खाकर आराम करते समय कच्चा घर ढहने से मलबे में दबकर एक अधेड़ की मौत हो गई। हादसे के बाद से परिवारीजनों में कोहराम मच गया।

ललौली थाना क्षेत्र के महाखेड़ा गांव निवासी रविशंकर शर्मा पुत्र छेदीलाल शर्मा बगल के घर में मजदूरी कर रहा था। वह दोपहर में अपने घर खाना खाने पहुंचा था। खाना खाकर आराम करने के लिए चारपाई पर लेट गया। तभी अचानक से उसका छप्पर भरभरा कर उसके ऊपर गिर गया, जिसके मलबे में वह दब गया। आवाज सुनकर आसपास के लोग आ गए। परिवार को मलबे में दबा देख सभी ने मिलकर उसे व उसके परिजनों को आनन-फानन में बाहर निकाला। घायलों की हालत देख ग्रामीण सभी को इलाज के लिए ले जा रहे थे। तभी रास्ते में रविशंकर की की सांसें थम गईं।

# मेडिकल कॉलेज को मिली एक और पार्थिव देह

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- युग दधीचि देहदान अभियान के तहत कानपुर से आया शव

**अमृत विचार।** युग दधीचि देहदान अभियान के अंतर्गत वर्ष 2017 में देहदान संकल्प लेने वाली डब्लू वन ब्लॉक साकेत नगर कानपुर निवासी 83 वर्षीय महिला उमा श्रीवास्तव ने जैसे ही अंतिम सांस ली, उनका शरीर चिकित्सा जगत की अनुपम धरोहर बन गया। उत्तर प्रदेश देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने तत्काल उनकी पार्थिव देह को कानपुर से लाकर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया। जिसे एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ शिरीन जहां ने सम्मान सहित स्वीकार किया। फतेहपुर देहदान अभियान प्रभारी विनोद गुप्ता एवं अमित गुप्ता भी उपस्थित रहे।

अभियान प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि आज तड़के करीब चार बजे उमा जी का निधन होने पर उनके पुत्र आलोक श्रीवास्तव ने सूचना देकर देहदान कराने का आग्रह किया। इसके बाद प्रातः काल सात बजे कानपुर में ही नेत्रदान कराने के बाद सेंगर दंपति उमा के आवास पर एंबुलेंस लेकर पहुंचे एवं देह का विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराने के बाद दोपहर एक बजे फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को शरीर दान कराया। ज्ञातव्य है कि इस कॉलेज को यह तीसरा देहदान कराया गया है। पहली देह संतोष ठक्कर 24 अप्रैल 2024 को, दूसरी देह आरती कुमारी की 12 मई 2024 को एवं यह तीसरी देह आज दान कराई गई है। पूरे प्रदेश की बात करें तो यह 286 वीं देहदान की गई है।

## सार-संक्षेप

### हाईकोर्ट से नवीन जैन की जमानत मंजूर

**कानपुर।** 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी के मामले में जेल भेजे गए इस्पात कारोबारी नवीन जैन को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली। हाईकोर्ट ने आरोपी की जमानत याचिका बुधवार को मंजूर कर ली है। नवीन जैन को 26 जून को जेल भेजा गया था। डीजीजीआई ने किदवई नगर के ब्लॉक निवासी राधे-राधे इस्पात प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर नवीन जैन के फजलगंज स्थित कार्यालय में छापेमारी की थी। छापेमारी में टीम ने 52 करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी थी, जिस पर टीम ने उसे गिरफ्तार कर 26 जून को जेल भेजा था। बीते 17 अगस्त को टीम ने स्पेशल सीजेएम कोर्ट में 250 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं बचाव पक्ष की ओर से हाईकोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई थी। बुधवार को सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट ने नवीन जैन की जमानत याचिका मंजूर कर ली है।

### दिव्यांग युवती से पड़ोसी ने किया दुष्कर्म

**फतेहपुर।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के एक गांव की 24 वर्षीय युवती 23 अगस्त की रात घर को घर के बरामदे में सो रही थी। युवती शरीर से अपाहिज है वह ठीक से बोल और सुन नहीं सकती है। गांव का ही रहने वाले एक युवक ने सोते समय युवती का मुंह दबाकर अगवा कर ले गया और खेत पर ले जाकर दुष्कर्म किया। परिजनों की सुबह जब नींद खुली तो पुत्री को चारपाई में न पाकर खोजबीन करना शुरू कर दिया। गांव में कुछ लोगों ने रात को एक खेत से कुछ आवाजें सुनीं थीं। इस पर परिजन मौके पर पहुंचे और युवती को बेहाल अवस्था में देखा। परिजनों के पूछने पर इशारे से युवती ने आपबीती बताई और परिजनों के द्वारा जब आरोपी युवक के घर शिकायत लेकर पहुंचे तो युवक ने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी देते हुए दरवाजे से भगा दिया। पीड़ित की मां ने थाने में शिकायत की। वही कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि युवक पहले भी कई महिलाओं के साथ छेड़खानी कर चुका है। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि दोनों लोगों द्वारा पहले सुलह का प्रयास किया जा रहा था जब बात नहीं बनी तो थाने में शिकायती पत्र दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की तहरीर मिली है, जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### युवक की रिंद नदी में डूबकर मौत

**जाफरगंज।** जाफरगंज थाना क्षेत्र के नरैचा गांव निवासी रामसिंह निषाद (40) गांव में खेती किसानी के साथ पशुपालन करके परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने बताया कि जंगल में वह मवेशी चराने गया था। जहां टीले में बैठकर पशुओं की निगरानी कर रहा था अचानक फिसल कर रिंद नदी में गिर कर डूब गया। चरवाहों ने परिजनों को सूचना दी। नदी पहुंचे ग्रामीणों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक अपने पीछे तीन बच्चे और पत्नी को छोड़ गया। थाना प्रभारी शैलेस कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों की सूचना पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### मेघ मेहरबान, शहर से गांव तक बरसा पानी

**फतेहपुर।** सोमवार को रोहिणी नक्षत्र लगने के बाद मंगलवार को आखिरकार मेघा मेहरबान हुए और शहर से गांव तक बारिश हुई। इससे लोगों को गर्मी और उमस से निजात मिल गई। बुधवार को दिनभर मौसम खुशनुमा बना रहा। सुबह साढ़े दस बजे के बाद शहर समेत आसपास के इलाकों में बूंदाबांदी शुरू हो गई। करीब घंटे भर तक बूंदाबांदी होती रही। इसके बाद कहीं कहीं तेज बारिश शुरु हो गई। शहर में रात भर रिमझिम बारिश हुई। इससे जगह-जगह जलजमाव हो गया। जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बुधवार को अधिकतम तापमान 30 और न्यूनतम 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### हिंदुओं के हितों के लिए संगठन ने 60 वर्ष किया संघर्ष

**फतेहपुर।** विश्व हिंदू परिषद के स्थापना दिवस पर कानपुर प्रान्त मंत्री राजू पोरवाल ने संगठन की स्थापना से लेकर 60 वर्षो के दौरान किए गए कार्यों एवं संघर्षों को साझा किया। बुधवार को शांतीनगर स्थित बांके बिहारी मंदिर प्रांगण में पत्रकारों से बातचीत में राजू पोरवाल ने बताया कि श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर संगठन के स्थापना के 60 वर्ष पूरे हुए हैं। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर 24 अगस्त से एक सितंबर तक कानपुर प्रान्त के सभी जिलों में स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस मौके पर विजय शंकर मिश्रा, संजीव अग्रवाल, विष्णुकांत, शानू सिंह आदि रहे।

### यूपीएस शिक्षकों को मंजूर नहीं, होगा आंदोलन

**फतेहपुर।** उप्र माध्यमिक शिक्षक संघ ने संघीय सरकार द्वारा घोषित यूनीफाइड पेंशन योजना (यूपीएस) को पूर्णतः अस्वीकार करते हुए विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया है। संगठन के जिलाध्यक्ष आलोक शुक्ला व जिला मंत्री अमित कुमार सिंह ने कहा कि संघीय सरकार ने देश के लाखों कर्मचारियों को भ्रमित करने के लिए एनपीएस का नाम बदलकर यूपीएस कर दिया है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल सिंह चौहान, अतुल सिंह यादव, अंकित कुमार, योगेंद्र कुमार, शोभराज, अर्पित शर्मा रहे।

# रैगिंग में मेडिकल कॉलेज के सात छात्र निष्कासित

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- प्राचार्य ने मामले की जांच के लिए गठित की टीम
- रैगिंग के विरोध पर हुई थी छात्रों में मारपीट

**अमृत विचार।** अमर शहीद जोधासिंह अटैया ठाकुर दरियाव सिंह मेडिकल कॉलेज में रैगिंग के मामले में प्राचार्य ने सात छात्रों को हॉस्टल से निष्कासित करते हुए जांच बैठाई है। एमबीबीएस 2021 व 2023 बैच के छात्रों के बीच रैगिंग को लेकर सोमवार को विवाद और मारपीट हुई थी।

इसमें 2023 के अक्षत कुमार व संयम कुमार को चोट आई थी। वह हास्टल में रहते हैं। दोनों ने सीनियर छात्रों पर रैगिंग और मारपीट का घायल करने का आरोप लगाया है। सहायक वार्डन ने छात्रावास में जांच की। जांच के बाद 2021 बैच के सत्यम बरनवाल, सोहराब अली, अभिषेक त्यागी, लक्ष्य भास्कर, अक्षत कुमार सिंह, पार्थ सेन और आकाश यादव को जूनियर छात्रों के साथ मारपीट में दोषी पाया।

प्राचार्य डॉ आरपी सिंह ने बताया कि कालेज में अनुशासनहीनता व माहौल खराब करने को लेकर सत्यम समेत सात छात्रों को हॉस्टल से अग्रिम आदेशों तक निष्कासित कर दिया गया है। छात्रावास सहायक वार्डन डा. वकार अकरम, एचओडी मेडिसिन डा. संतोष कुमार व सहायक आचार्य डा. शुभम मिश्रा की जांच समिति कमेटी गठित की गई है। टीम तीन दिन में रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी, आगे कार्रवाई की जाएगी।

## हाईवे पर बाइकर्स ने किया खतरनाक स्टंट

**फतेहपुर।** एक खतरनाक स्टंट का वीडियो सामने आया है, जिसमें चार युवक दो बाइकों पर सवार होकर सड़क पर जानलेवा स्टंट कर रहे हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि ये युवक तेज रफ्तार बाइकों पर चल रहे हैं और एक बाइक के स्टैंड से सड़क पर चिंगारी निकाल रहे हैं। यह घटना थरियांव थाना क्षेत्र के कानपुर-प्रयागराज हाईवे की है।

वीडियो में दो बाइकों पर चार युवक बिना हेलमेट के तेज रफ्तार से बाइक चला रहे हैं और सड़क पर रगड़कर चिंगारी निकाल रहे हैं। यह स्टंट न सिर्फ खतरनाक है बल्कि यातायात नियमों का उल्लंघन भी है। वीडियो सामने आने के बाद थरियांव थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया है। कुछ दिन पहले लड़की ने बनाया था वीडियो थाना प्रभारी अरविंद कुमार राय ने बताया कि वीडियो के आधार पर बाइक सवार युवकों की पहचान की जा रही है।

# बागी प्रत्याशी उतारने पर वकीलों ने की निंदा

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



बैठक करते आदर्श अधिवक्ता संगठन के ब्राह्मण अधिवक्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के होने वाले चुनाव की तिथि अभी घोषित नहीं हुई है, इसके बावजूद अधिवक्ता संगठनों द्वारा प्रत्याशी घोषित किए जाने पर रणनीति बननी शुरू हो गई है। बुधवार को आदर्श अधिवक्ता संगठन से संबंधित ब्राह्मण समाज के अधिवक्ताओं की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कुछ दिनों पूर्व समाज की ओर से बागी प्रत्याशी उतारे जाने पर संगठन ने निंदा की।

वरिष्ठ अधिवक्ताओं व डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के ब्राम्हण समाज के पूर्व अध्यक्ष व महामंत्री सहित आम ब्राम्हण अधिवक्ताओं ने शिरकत की। बैठक में एक स्वर से कुछ तथाकथित स्वयंभू राजनैतिक अधिवक्ता नेताओं द्वारा विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी बार के चुनाव में समाज से बागी प्रत्याशी उतारे जाने की कटु निन्दा की। सभी समाज के अधिवक्ताओं से एकजुट होकर सर्व सम्मति से आदर्श अधिवक्ता संगठन की ओर से सभी पार्टनर समाज के साथियों व आम अधिवक्ताओं में लोकप्रिय प्रत्याशी के चयन पर बल दिया। सर्वसम्मति से पांच वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार उपाध्याय, बाबू प्रसाद दीक्षित, रामगोपाल शुक्ला, लक्ष्मीकान्त द्विवेदी, संतोष दीक्षित सहित समाज से निर्वाचित पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व महामंत्रियों की एक समिति गठित की गयी। जो आगामी बार के चुनाव में चुनाव संबंधित रणनीति तय करने आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद हेतु आवेदन प्राप्त करने व चयन प्रक्रिया पर विचार करके बार का चुनाव घोषित होने के बाद प्रत्याशी घोषित करेंगे। इसके लिए 15 सितंबर तक आवेदन प्राप्त किये जाने हेतु आम सभा ने निर्णय किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिवक्ता प्रमोद कुमार उपाध्याय, मणिप्रकाश दुबे, ओम प्रकाश द्विवेदी, चन्द्रधर मिश्रा, राजेश अवस्थी, ज्ञान प्रकाश भारती, पूर्व अध्यक्ष प्रेमशंकर त्रिवेदी, सुशील मिश्र, सुनील बाजपेयी, अनुराग रहे।

**चेतावनी** केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन की बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर ने दिए निर्देश

# नशीली दवाएं डाक्टरों के पर्चे के बिना न दें

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर



बैठक के बाद कक्ष से बाहर निकलते मेडिकल व्यवसाई। अमृत विचार

- सीसीटीवी कैमरे लगवाने व बिना बिल के दवाएं न खरीदने की अपील

**अमृत विचार।** द केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के तत्वावधान में बकेवर में एक बैठक हुई। जिसमें ड्रग इंसपेक्टर भी मौजूद रहे। उन्होंने दवाओं के रखरखाव व विक्री नियमानुसार किये जाने की बात कही।

ड्रग इंसपेक्टर संजय दत्त के साथ मुख्य रूप से बिंदकी तहसील केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश पाण्डेय, महामंत्री विनय विश्वकर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी मौजूद रहे। ड्रग इंसपेक्टर ने सभी दवा विक्रेताओं को मेडिकल स्टोर के रखरखाव पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सभी दवा दुकानदार विना बिल के कोई भी दवा न खरीदें। ग्राहक को बिक्रीत दवाओं का बिल दें। दवाओं से सम्बन्धित अपना रजिस्टर मेंटेन रखे। नशीली दवाएं डाक्टरों के पर्चे के बिना न दें और उसका रजिस्टर प्रतिदिन मेंटेन रखे। एक्सपायरी दवाएं न रखें। फ्रीज मे रखने वाली दवाएं इंजेक्शन फ्रीज में ही रखे। सभी दवा बिक्रेता अपनी दुकान में सीसीटीवी कैमरे जरूर लगाएं। उन्होंने यह भी हिदायत दी कि ड्रग कास्मेटिक एक्ट का पालन न करने वाले दवा बिक्रेताओं के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। कोई कितना भी प्रभावशाली हो बख्शा नहीं जाएगा। इस मौके पर क्षेत्रीय केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी मनीष तिवारी, वीरेंद्र त्रिपाठी (श्याम त्रिपाठी), विजय बहादुर आर्य, विजय सविता, शकील, विकास अवस्थी, आशीष अवस्थी, राम शंकर गुप्ता सहित बकेवर, देवमई व खजुहा के दवा विक्रेता शामिल रहे।

## उल्टी-दस्त से पीड़ित महिला की उपचार दौरान मौत

**फतेहपुर।** चांदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बिलारी में उल्टी-दस्त के बाद एक महिला की हालत खराब हो गई जिसे नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत ठीक न होने पर कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान मंगलवार की रात मौत हो गई। वहीं मृतका के परिजनों ने ससुरालीजनों पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। चांदपुर थाना क्षेत्र के गोविंदपुर बिलारी गांव निवासी आशीष की पत्नी मोहनी को मंगलवार की दोपहर अचानक पेट में दर्द के बाद उल्टी-दस्त शुरू हो गए। परिजन उसे लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के बाद हालत ठीक न होने पर डाक्टर ने उसे कानपुर के लिए रेफर कर दिया। जिसकी इलाज के दौरान देर रात मौत हो गई। परिजन शव लेकर गांव वापस पहुंचे और मामले की सूचना पुलिस को दी। जिस पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस में मृतका का पिता अवधेश निवासी कोरो थाना रेवना जिला कानपुर नगर ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी तीन मई 2023 को की थी। शादी के बाद से ससुरालीजन उसे मारते-पीटते थे। पिता के अनुसार मारपीट के चलते ही उसे अधिक चोट लगने के कारण मौत हुई है। पति का कहना है कि उल्टी-दस्त के बाद हालत ठीक न होने पर कानपुर ले गए। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर विकास खण्ड सैफई-इटावा।**

पत्रांकः मेमो/ग्राम पंचायत-भदेई काशीपुर/निविदा प्रकाशन/2023-24 दिनांकः 28.08.2024

**निविदा सूचना**

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर सैफई-इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2024-24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा/15 वें वित्त/पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइन मद/पी0एफ0एम0एस0 निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने वाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर विकास खण्ड सैफई में फर्मो/ठेकेदारों से निविदायें/टैण्डर 29.08.2024 से 10.09.2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 10.09.2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29.08.2024 से 09.09.2024 तक ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 1:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | योजना का नाम | प्राक्कलन की लागत | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मा0 लज्जाराम के घर से राधाकृष्ण मन्दिर तक सी0सी0 | ग्राम निधि | 276176.00 | 5500.00 | 500.00 |
| 2 | बालेश्वर के घर से वीकेश के घर तक सी0सी0 नाली नि0 | ग्राम निधि | 397855.00 | 7500.00 | 500.00 |
| 3 | सिपाही राम के घर से वीकेश के घर तक सी0सी0 व नाली | ग्राम निधि | 166035.00 | 3300.00 | 500.00 |
| 4 | गौशाला वाउन्ड्रीवाल | ग्राम निधि | 369134.00 | 7500.00 | 500.00 |
| 5 | गौशाला वाउन्ड्रीवाल | ग्राम निधि | 369134.00 | 7500.00 | 500.00 |
| 6 | सा0 शौचालय मरम्मत कार्य | ग्राम निधि | 195275.00 | 4000.00 | 500.00 |
| 7 | गौशाला का खडन्जा | ग्राम निधि | 453363.00 | 9000.00 | 500.00 |

निविदा एवं शर्ते ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है। 01- अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0-730/33-3-2022-11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी/कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में संविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा स्थापित फर्म/वेण्डर की निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान ग्राम पंचायत भदेई काशीपुर विकास खण्ड सैफई-इटावा। ग्राम पंचायत अधिकारी

# दर-दर भटक रहे पेंशनर, केवाईसी न होने का बहाना बना रहे अधिकारी

## बुजुर्ग चक्कर लगा-लगा कर थक गए, पिछले एक साल से नही मिल पाई पेंशन

संवाददाता ककोर,औरैया

**अमृत विचार।** जिला औरैया के विकास भवन में विधवा, विकलांग, बुजुर्ग सभी पेंशन के लिए चक्कर लगाकर थक गए हैं। लेकिन समाज कल्याण विभाग से लोगों की पेंशन नहीं मिल पा रही है। वही समाज कल्याण विभाग पिछले एक माह से अपनी केवाईसी का बहाना बना रहे हैं। जिन लोगों की केवाईसी नहीं होगी उनके खाते में पेंशन नहीं पहुंचने का बहाना बना रहे हैं। इससे पहले पेंशन धारक की पेंशन आराम से पहुंच रही थी। लेकिन अब लोगों की पेंशन उनके खाते में नहीं पहुंच रही है। जबकि अधिकतर पेंशनधारक बुजुर्ग विधवा विकलांग, कमजोर वर्ग से ही है। जिन्हें बार-बार विकास भवन के दफ्तर में आने-जाने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उसके बावजूद भी अधिकारियों के दफ्तर के चक्कर लगाकर परेशान है। उसके बाद पेंशन धारक को ऊपर की मंजिल पर भेज दिया जाता है।

- **अधिकतर पेंशनधारक बुजुर्ग विधवा, विकलांग, कमजोर वर्ग के, दफ्तर आने में परेशानी**

बुजुर्ग राम रानी (80)भाऊपुर निवासी को पिछले 2 साल से पेंशन नहीं मिली। वहीं बाबू और कर्मचारी लगातार परेशान कर रहे हैं। हम गरीब की कोई सुनने वाला नहीं है। हम लोग लगातार परेशान हैं। पिछले डेढ़ साल से चक्कर लगा रहे हैं कोई ना कोई कमी निकाल कर वापस लौटा दिया जाता है। अगर हम लोगों के पास पैसा ही होता तो पेंशन की क्या जरूरत थी। लेकिन अधिकारी इस मामले में कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। सबसे बड़ी समस्या तब आती है जब ऑफिस पहुंचकर सर्वर का ना होना का बहाना बनाया जाता है। कार्यालय में बैठे कर्मचारी ठीक से काम नहीं करते। हम लोगों को घंटो इंतजार के लिए खड़े रहना पड़ता है। इसके लिए बैठने की कोई व्यवस्था भी नहीं है।

### इनकी भी बात सुनिए



राम रानी 80 वर्षीय भाऊपुर निवासी ने बताया मेरी विधवा पेंशन पिछले 8 महीने से बंद है और हर माह में हम दो बार चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन अभी तक विभाग द्वारा कोई काम नहीं किया गया और हर बार कुछ ना कुछ बहाना बना दिया जाता है। चक्कर लगाते-लगाते परेशान हो गए।



बिटोली देवी 75 वर्षीय अछल्दा की रहने वाली हैं। प्रत्येक सप्ताह दफ्तर के चक्कर लगा रही हैं और उन्हें केवाईसी के नाम पर ही वापस भेज दिया जाता है। पिछले 18 महीने से उन्हें कोई पेंशन नहीं मिली। बिटोली देवी ने कर्मचारियों के व्यवहार पर नाराजगी जताई।



विधवा गुड्डी देवी ने बताया कि मुझे पिछले 15 महीने से पेंशन नहीं मिली है। इस दफ्तर के कम से कम 20 चक्कर लगा चुके हैं। पेंशन के लालच में हमारे हजार रुपए खर्च हो गए हैं। लेकिन कर्मचारी द्वारा कहीं आधार कार्ड में संशोधन कहीं फोन नंबर में समस्या और कहीं केवाईसी,कही नेटवर्क समस्या को बता दिया जाता है। हम लोग कर्मचारियों के बाद अधिकारियों के चक्कर लगाकर भी थक गए हैं।

इस मामले की पूरी जानकारी नहीं है। समाज कल्याण अधिकारी से मिलकर वार्ता की जाएगी। जिससे किसी भी फरियादी को दफ्तर के बार-बार चक्कर ना लगाने पड़े। हालांकि केवाईसी के लिए सभी पेंशनधारक को बोला गया है, लेकिन किसी की पेंशन रोकी नहीं गई है।

आरएस गौतम, मुख्य विकास अधिकारी

## शिक्षकों के लिये भाषा व गणित का प्रशिक्षण शुरू

**औरैया।** ब्लॉक बिधूना के बीआरसी प्रांगण में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत बुनियादी भाषाई एवम गणित दक्षताओं के विकास के लिए 4 दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण शुरू हुआ। जिसमें प्रथम चक्र के अंतर्गत तमाम संकुलो से प्राथमिक व उच्च प्राथमिक के शिक्षकों को बुलाया गया।

प्रशिक्षण का आरंभ में एआरपी सुभाष चंद्र ने इतनी शक्ति हमे देना दाता प्रार्थना से की। इसके बाद एआरपी रचना गुप्ता ने प्रथम सत्र के तहत शिक्षक संदर्शिका की महत्ता को बताते हुए साप्ताहिक शिक्षण चक्र को सारणी बद्ध करते हुए पढ़ाने के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शित किया।

निपुण तालिका 2024-25 में निपुण दक्षताओं को बालक बालिकाएं अवश्य प्राप्त करें ऐसा हम सभी को प्रयास करना चाहिए। प्रशिक्षण में ए आर पी लाल प्रबल प्रताप,अनिल पोरवाल, इंद्रेश तिवारी, के साथ शिक्षक शिक्षिकाओं में बेबी पाल , तृप्ति मिश्रा, मोहिनी,मयंक,मयंक प्रकाश, विश्व वैभव,पूनम बाजपेई, गौरव,दीपिका, आमिर, प्रीति,दीपक,आशीष कुमार, आदि मौजूद रहे।

# स्मार्ट क्लास का संचालन होने से रोचक हो जाएगा शिक्षण का कार्य

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा के बदलते परिदृश्य में अब सरकारी स्कूलों के बच्चे भी स्मार्ट क्लास के माध्यम से पढ़ाई करेंगे। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में प्रथम चरण में 112 विद्यालयों को स्मार्ट टीवी डिजिटल बोर्ड प्रदान किये गए हैं। बुधवार को स्मार्ट क्लास के सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान अजीतमल में जनपद के 112 परिषदीय विद्यालयों के स्मार्ट क्लास के लिए नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण का आरंभ डाइट प्राचार्य गंगा सिंह ने मां सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्वलन कर किया। इस मौके पर शिक्षिका प्रीति त्रिपाठी ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।

प्रशिक्षण की शुरुआत एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी ने सत्र परिचय एवं प्रशिक्षण की उपयोगिता पर चर्चा से किया। इस एक दिवसीय प्रशिक्षण में जनपद के एसआरजी सुनील दत्त राजपूत के साथ सहयोगी संस्था टीसीआईएल एवं आईग्रेप के प्रशिक्षक अजय कुंडू, पंकज कुमार, अजय तिवारी व



शिक्षकों को प्रशिक्षण देते एसआरजी सुभाष रंजन द्विवेदी एवं सुनील दत्त राजपूत।

- **स्मार्ट क्लास के संचालन के लिए 112 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण**

डाइट प्रवक्ता विनय कश्यप व आनंद गोंड ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को डिवाइस के हार्डवेयर के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने बताया कि विद्यालयों को उपलब्ध कराया गया यह स्मार्ट पैनल एनरॉयड मोड के साथ-साथ पीसी मोड पर भी कार्य करता है। है। इसी स्मार्ट पैनल पर कक्षा एक से लेकर कक्षा आठ तक के सभी विषयों की शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई गयी है, जिसे ऑफलाइन एवं ऑनलाइन मोड पर शिक्षण हेतु प्रयोग किया जा सकेगा। सामग्री के रूप में सभी कक्षाओं के सभी विषयों की पाठ्य पुस्तके, पाठ्यक्रम से सम्बंधित वीडियो व अभ्यास पत्रक उपलब्ध कराये गए हैं। इसी स्मार्ट पैनल के माध्यम से बच्चों का आंकलन भी किया जा सकेगा। इस मौके पर डाइट प्राचार्य ने कहा कि स्मार्ट क्लास के संचालन से शिक्षण प्रक्रिया को रोचक बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास की ट्रेनिंग आधुनिक तकनीक का उपयोग करके कक्षा के अनुभव को बेहतर बनाती है। इस मौके पर स्मार्ट क्लास वाले विद्यालयों के नोडल शिक्षक मौजूद रहे।

## मंदिरों व घरों में मनाई जन्माष्टमी



**फफूंद,औरैया।** नगर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार मन्दिरों व घरों में धूमधाम से मनाया गया। भक्तों ने धार्मिक आयोजन कराए और कान्हा का जन्मदिन हर्षोल्लास से मनाया। नगर के मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म जैसे ही हुआ शंख, घड़ियाल के साथ पूजा अर्चना की गई और प्रसाद वितरण किया गया। नगर के राम मन्दिर, राम जानकी मन्दिर, शिव धाम, शिव मन्दिर योगेश्वर धाम व फफूंद थाना आदि में धूमधाम से मनाया। सुरक्षा के लिए थाना पुलिस ने चाकचौबन्द व्यवस्था बनाए रखी।

# सहार सीएचसी अधीक्षक को खींच कर पीटा

कार्यालय संवाददाता औरैया

**अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार के अधीक्षक डा. जितेंद्र कुमार के साथ एक दर्जन से अधिक लोगों ने कार्यालय में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट कर दी। सूचना पर पहंची पुलिस ने 1 शख्स को गिरफ्तार किया है। मारपीट के बाद सीएचसी कर्मचारियों ने कार्य ठप कर दिया।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहार के अधीक्षक डा. जितेंद्र कुमार ने थाना सहार पर तहरीर देते हुए बताया कि वह अपने कार्यालय में बैठे थे। लगभग 11 वजे आकस्मिक सेवा में एक्सीडेंट से घायल मरीज आए। जिनका प्रारंभिक उपचार के बाद उनकी गम्भीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए डॉ पुष्पेंद्र सागर ने रेफर कर दिया। घायल सरला देवी के साथ जा रहे करीब 15 लोग वापस सीएचसी आये और कार्यालय में घुसकर जातिसूचक गालिया देते मारपीट करने लगे। जिससे डॉक्टर को काफ़ी चोटें आईं हैं। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने बहादुर निवासी थाना सहपाल जिला औरैया मोके पर पकड़ा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी बिधूना भरत पासवान ने भी पहुंचकर घटना की जानकारी ली। इस घटना के बाद सीएचसी में कर्मचारियों ने काम ठप कर दिया। प्रमुख प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ जनपद शाखा औरैया के अध्यक्ष डा राकेश सिंह , जिला सचिव डा बी पी शाक्य, राज्य कर्मचारी संयुक्द परिषद जनपद शाखा के जिला मंत्री श्याम नरेश दुबे संविदा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अजय पाण्डेय जिला कार्यक्रम प्रबंधक अनीस असारी, सरफराज अहमद अंसारी कार्यक्रम प्रबंधक अनुराग वर्मा, स्वास्थ शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र शुक्ला डिप्लोमा फार्मासिस्ट के अध्यक्ष संदीप सेंगर, डा पुष्पेंद्र सागर,मनोज मिश्रा, सीएचसी एरवा कटरा के अधीक्षक डा मोहित यादव व अछल्दा के अधीक्षक डा जितेंद्र यादव, दिबियापुर सीएचसी अधीक्षक सहित आदि ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष सहार अजय कुमार ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है।



सीएचसी में जांच करते प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ औरैया के अध्यक्ष डॉ राकेश सिंह एवं सीओ भरत पासवान। अमृत विचार

- **मारपीट के विरोध में सीएचसी कर्मचारियों ने स्वास्थ्य सेवाएं कर दी ठप, आक्रोश जताया**

# फाल्ट से केशमपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप

संवाददाता फफूंद,औरैया

**अमृत विचार।** असेनी फीडर से जुड़े केशमपुर उपकेंद्र में आई 33 केवी मेन लाइन में सोमवार की सुबह मेन लाइन में फाल्ट आ जाने के कारण कस्बा सहित सैकड़ो गांवों की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। इस दौरान मरम्मत होने के बाद मंगलवार सुबह बिजली आने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

सोमवार को मौसम खराब होने से असेनी पॉवर हाउस से जुड़े केशमपुर उपकेन्द्र की मेनलाइन में फाल्ट हो गया। जिससे नगर सहित गावों की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। जन्माष्टमी पर भी बिजली न मिलने पर लोगों में भारी रोष रहा। कुछ घंटों बाद लोगों के इनवर्टर भी जवाब दे गए। विद्युत विभाग की टीम ने फाल्ट खोजने के लिए पेट्रोलिंग शुरू की मगर फाल्ट नही मिल सका।

- **सोमवार से गई बिजली 24 घंटे बाद आई, लोग परेशान**

मेनलाइन में फाल्ट मिलने के बाद आपूर्ति बहाल हो सकी। ग्रामीणों ने बताया केशमपुर फीडर पर आए दिन फाल्ट हो रहे है। इस फीडर पर चपटा फीडर को विद्युत आपूर्ति की जाती है। जिससे चपटा की लाइन ब्रेक डाउन होने पर केशमपुर फीडर की विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। जेई ने मेन लाइन में फाल्ट होने की वजह से बिजली आपूर्ति बाधित हाना बताया।

# फेंफड़ों की बीमारी से हुई विवाहिता की मौत

फॉलोअप

संवाददाता अयाना, औरैया

**अमृत विचार।** अजीतमल कोतवाली क्षेत्र के कस्बा जाना निवासी महिला की गुरुग्राम के एक अस्पताल में मौत हो गई थी। पति द्वारा मौत पर आशंका जाहिर करने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेंफड़ों में इंफेक्शन होने के चलते मौत होना बताया गया है।

जसवंतपुर निवासी शिव नारायण की बेटी नेहा 22 की शादी तीन साल पहले कस्बा जाना निवासी विकास दोहरे के साथ हुई थी। उनकी एक दो साल की बेटी निष्का है। डेढ़ साल पहले दोनो में अनबन होने के चलते नेहा पति से अलग रहकर गुरुग्राम में नौकरी करने लगी। पति ने उसके खिलाफ कोर्ट से मुकदमा करवाया था। सोमवार को नेहा की गुरुग्राम के एक अस्पताल में संदिग्ध मौत हो गई। इसपर मृतका के पिता के दोस्त होम सिंह निवासी दिबियापुर शव जसवंतपुर ले आए। जानकारी होने पर पति ने पुलिस को सूचना देकर अनहोनी की आशंका जाहिर करने पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया था। थानाध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में फेंफड़ों में इंफेक्शन के चलते कार्डियक रैसप्रेट्री फैल्योर से मौत होना बताया गया है। बिसरा भी सुरक्षित किया गया है।

## भाइयों में झगड़े का थाने में समझौता

**औरैया।** दिबियापुर नगर के फफूंद रोड पर स्थित एक साड़ी सेंटर को लेकर दो भाइयों में बुधवार सुबह मारपीट हो गई। छोटे भाई की पत्नी ने 1090 पर कॉल कर सूचना दी तो पुलिस ने जांच कर दोनों भाइयों को थाने ले आई। दोनो पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप लगाकर मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर दी। दोनो भाईयो की मारपीट की सूचना पर थाने में में व्यापारियों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस से दोनो पक्ष में समझौता कराने की बात कही जिस पर थाना प्रभारी ने दोनो पक्षों से व्यापारियों के समक्ष वार्ता की। व्यापारियों के काफी समझाने के बाद दोनों पक्ष समझौता करने को राजी हो गए। थाना प्रभारी मुकेश बाबू चौहान ने बताया कि भाइयों में समझौता करा दिया गया है।

# बैंक के आसपास पुलिस ने की चेकिंग

संवाददाता अजीतमल,औरैया

**अमृत विचार।** जिले भर में बैंको एवं बाजारों की सुरक्षा हेतु एसपी चारू निगम के आदेश के बाद कोतवाली पुलिस ने बैंको की सुरक्षा व्यवस्था दुरस्त रखने तथा बैंको एवं बाजारों में बाइकों के आसपास खड़े संदिग्ध लोगो पर नजरें रखना शुरू कर दी है। बुधवार को कस्बे में स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, सेन्ट्रल बैंक, यूनियन बैंक एवं पंजाब नेशनल बैंको आदि में सीओ अशोक कुमार ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। बैंको में लगे सीसी टीवी कैमरों आदि को देखा।

वही बैंको के आसपास खड़ी होने वाली बाइको के आसपास खड़े संदिग्ध लोगों से पूछताछ भी की। वही बाजारों में दुकानदारों को अपनी अपनी दुकान के अन्दर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरा लगावाने की नसीहत भी दी।

- **संदिग्ध लोगों पर पुलिस की निगाहें हुई सख्त, पूछताछ की**
- **दुकानदारों को सीसीटीवी कैमरा लगवाने की नसीहत**




बैंक में ग्राहकों से पूछताछ करते सीओ अशोक कुमार। अमृत विचार

सीओ अजीतमल अशोक कुमार ने बताया कि रूटीन के हिसाब से प्रतिदिन बैंको की चैकिंग की जाती है।आज विशेष अभियान चलाकर बैंको की सुरक्षा हेतु चेकिंग अभियान चलाया गया है।

## सार-संक्षेप

### आइडिया का चयन हुआ तो कराएगा जापान की सैर

**अछल्दा,औरैया।** बीआरसी में इंस्पायर अवार्ड मानक योजना के तहत कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के नामांकन में वृद्धि हेतु अछल्दा ब्लॉक के परिषदीय शिक्षकों की एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन बीआरसी परिसर में हुआ। परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालय के 44 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। संदर्भ दाता के रूप में उपस्थित मोटिवेशनल शिक्षक मोहित सिंह और राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त जूनियर हाईस्कूल शिवगंज सहार के विज्ञान शिक्षक मनीष कुमार ने उपस्थित शिक्षकों को छात्र-छात्राओं के नामांकन संबंधी कठिनाइयों को दूर करने के लिए विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जनपद का कोई भी सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त अथवा सरकारी विद्यालय कक्षा 6 से 10 तक में पढ़ने वाले पांच बच्चों के आइडिया को इन्स्पायर मानक एप से अथवा वेबसाइट से शीघ्र नामांकित करें। आइडिया चयनित होने पर बच्चे को जनपद, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुतीकरण के आधार पर जापान की यात्रा का अवसर मिलेगा। जानकारी के लिए आप अपने ब्लॉक के ए.आर.पी. मोहम्मद जावेद एवं ब्लॉक कोऑर्डिनेटर बृजेन्द्र प्रताप सिंह और अशोक राजपूत से सम्पर्क कर सकते हैं।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक में मारी टक्कर,गंभीर घायल

**औरैया।** दिबियापुर थाने में दर्ज कराई गई एफआईआर में सुनीता देवी निवासी गांव तिवारी का पुवा, थाना दिबियापुर ने बताया कि बीते 19 अगस्त को रात्रि में मेरा पुत्र अपने मित्र योगेन्द्र कुमार के साथ बाइक से कृष्णा नगर दिबियापुर से अपने घर गांव तिवारी पुर्वा जा रहा था। एनटीपीसी दिबियापुर गेट के पास स्विफट डिजायर कार के चालक ने तेजी व लापरवाही से बाइक में टक्कर मार दी। जिससे संदीप व योगेन्द्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### 3 नवंबर से होगा 108 कुंडीय मृत्युंजय पीतांबरा महायज्ञ

**बिधूना औरैया।** संत श्रीराम दास जी महाराज के सानिध्य में श्रीवनखण्डेश्वर महादेव मंदिर बिधूना में आगामी 3 नवंबर से प्रारंभ होने वाले 108 कुण्डीय मृत्युंजय पीतांबरा महायज्ञ के निमित्त यज्ञ यजमान संकल्प अनुष्ठान एवं कलश स्थापना डॉ श्याम नरेश दुबे के आवास पर मंत्रोच्चारों के बीच हुआ। इस अवसर पर डॉ दुबे ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से जहां व्यक्तियों का तन मन शुद्ध होता है वहीं वातावरण भी शुद्ध होता है। इस अवसर पर डॉ एसपी सिंह चौहान ने बिधूना में पहली बार हो रहे इस आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना की। राम औतार शास्त्री राष्ट्रपति पुरस्कृत, श्रषि पाण्डेय सांसद प्रतिनिधि, अशोक कुमार सिंह, विपिन तिवारी, अजय गुप्ता, जनमेजय मिश्रा, शिव कांत दुबे, कुनाल तिवारी, आलोक दुबे, आशीष त्रिपाठी, बंटू ठाकुर, वेदपति दुबे , शाश्वत दुबे , भानू ठाकुर, टी पी सिंह, श्याम शर्मा आदि रहे।

### अधेड़ ने पेड़ पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

**बिधूना औरैया।** बुधवार सुबह रतनपुर बंथरा निवासी परशुराम (48) का शव ताजपुर गांव के बाहर आलोक दुबे के खेत में आम के पेड़ पर फांसी पर लटकता मिला। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत पासवान, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह चौकी प्रभारी अजयपाल सिंह आदि पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बताया जाता है कि परशुराम का अक्सर अपनी पत्नी से किसी न किसी बात को लेकर विवाद होता रहता था। बीती देर रात भी कहासुनी हुई और परशुराम साइकिल से घर से बाहर चला गया। सुबह बंथरा निवासी शिवदत्त ने पेड़ पर जब फांसी पर लटकता शव देखा तो उन्होंने गांव में सूचना दी तो सभी परिजन पहुंच गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

### पास्को एक्ट में वांछित दूसरा अभियुक्त भी गिरफ्तार

**अजीतमल।** कोतवाली अजीतमल पर 22 अगस्त को पीड़िता द्वारा उसकी नाबालिग पुत्री के साथ 2021 से लगातार ब्लेक मेल करते हुए शोषण करने, गहने एवं पैसे लेने के बाद लगातार मांग करने आदि को लेकर कोतवाली में पास्को सहित विभिन्न धाराओं तीन नाम दर्ज सहित पांच लोगो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त गणों की गिरफ्तारी हेतु तीन टीमें गठित कर तलाश शुरू कर दी थी। कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राजकुमार ने बताया कि तलाश के दौरान पारस त्रिपाठी निवासी राजीवनगर अजीतमल को प्रतापपुर ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उन्होने बताया कि पूर्व में भी एक अभियुक्त पवन दुबे उर्फ किस्सू को जेल भेजा जा चुका है। एक अभियुक्त की तलाश जारी है।

खेल-खिलाड़ी

3 दिवसीय टूर्नामेंट में खिलाड़ी बैडमिंटन, एथेलेटिक्स, योगा, खोखो, शतरंज जैसे कई खेलों में भाग लेंगे

# गेल डीएवी में क्लस्टर स्तर के खेलकूद-2024 का आगाज

कार्यालय संवाददाता,औरैया

**अमृत विचार।** गेल डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर लेवल का बुधवार को आरंभ हुआ। इस अवसर पर ओलंपिक मशाल जलाई गई और सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने की शपथ ली। इस तीन दिवसीय टूर्नामेंट में खिलाड़ी बैडमिंटन, एथेलेटिक्स, योगा, खोखो, शतरंज जैसे अनेक खेलों में भाग लेंगे। यूपी के आठ डीएवी विद्यालयों के लगभग 300 खिलाड़ियों का जमावड़ा विद्यालय में हुआ है। ये स्पर्धाएं अंडर 14,17 और 19 आयु वर्ग में बालक और बालिकाओं की अलग अलग होगी।

इस अवसर पर डीएवी के क्लस्टर हेड असिस्टेंट रीजनल ऑफिसर आनंद स्वरूप सारस्वत ने गेल द्वारा विद्यालय को दी जा रही खेल एवं अन्य सुविधाओं की सराहना की। गेल इंडिया लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक अजय त्रिपाठी ने देश में खेलों में निरंतर हो रही उन्नति का जिक्र करते हुए बताया कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर डीएवी का खेलों के क्षेत्र में बड़ा योगदान है। जल्द ही गेल ऐसी सुविधाएं प्रदान करेगा जिससे राष्ट्रीय स्तर के आयोजन भी गेल गांव ने हो सकें। इस अवसर पर गेल के मुख्य महाप्रबंधक आर एस वेलमुरुगन, विपुल टैड, रवि शर्मा, अजय रावत, गेल मॉडल प्राचार्य सौभाग्य सिंह तोमर, डीएवी घाटमपुर प्राचार्या प्रियंका गौर तथा जितेंद्र पाठक ओ आई सी गेल दिबियापुर उपस्थित थे। प्राचार्या दीपा शरण ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा स्मारिका भेंट की।

आज हुए प्रमुख मुकाबलों में योग प्रदर्शन स्पर्धा में अंडर 14 गर्ल्स और बॉयस कैटेगिरी में डीएवी मॉडल स्कूल , गेल विहार ने बाजी मारी। वहीं बैडमिंटन स्पर्धा में अंडर 17 बॉयस & गर्ल्स में गेल डीएवी ने डीएवी फर्टिलाइजर बबराला को सिंगल्स और डबल्स मुकाबलों में हराया। वहीं अंडर 14 मुकाबलों में बॉयस कैटेगिरी में डीएवी फर्टिलाइजर ने गेल डीएवी को हराया। गर्ल्स कैटेगिरी में गेल डीएवी सिंगल्स और डबल्स में विजेता रहा।



कार्यकारी निदेशक अजय त्रिपाठी ने ओलंपिक मशाल जला शुरू की प्रतियोगिता



शतरंज स्पर्धा में भाग लेते खिलाड़ी। अमृत विचार

- **ओलंपिक मशाल जलाकर सभी खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने की शपथ ली**

## कस्बे में चला विद्युत चेकिंग अभियान

**अजीतमल,औरैया।** कस्बे में विद्युत विभाग ने विद्युत चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। साथ ही विद्युत चोरी व विद्युत बिल बकाएदारों के खिलाफ विद्युत विभाग द्वारा चलाये गए चेकिंग अभियान से कस्बे में हड़कंप मच गया।

बुधवार को बाबरपुर कस्बे के शास्त्री नगर और लक्ष्मी नगर आदि मोहल्ले में विद्युत विभाग के एसडीओ राहुल कुमार के निर्देशन में अवर अभियंता विजय कुमार की टीम ने विद्युत बिल बकाए दारो के खिलाफ अभियान चलाया, कस्बे में अधिक संख्या में विद्युत कर्मचारी की टीम देखकर विद्युत चोरी करने वाले लोगों में हड़कंप मच गया। विद्युत कर्मचारियों की टीम ने करीब 30 बकायेदारों के विद्युत कनेक्शन विच्छेद किए गए । इस संबंध में अवर अभियंता विजय कुमार ने बताया की विद्युत बिल बकाया जमा न करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए है।

यत्र स्त्री यत्र कितवो बालो यत्रानुशासिता।
मज्जंति तेवशा राजन् नद्यामश्मप्लवा इव॥

जहां का शासन स्त्री, जुआरी और बालक के हाथ में होता है। वहां के लोग नदी में पत्थर की नाव में बैठने वालों की भांति विवश होकर विपत्ति के समुद्र में डूब जाते हैं।

## संपादकीय

# समुद्र का बढ़ता जलस्तर

समुद्री जलस्तर में चिंताजनक ढंग से हो रही वृद्धि को संयुक्त राष्ट्र ने वैश्विक आबादी के लिए विशाल खतरा करार दिया है। जलवायु परिवर्तन पर बनाए संयुक्त राष्ट्र के अंतर-सरकारी पैनल (आईपीसीसी) ने भी अंदेशा जताया है कि सदी के अंत तक उच्च उत्सर्जन परिदृश्य में वैश्विक स्तर पर समुद्र का जलस्तर 1.6 मीटर तक बढ़ सकता है। समुद्र का ऊंचा जलस्तर अधिक खतरनाक तूफानों का कारण बन रहा है जिससे जान-माल का नुकसान हो रहा है। अनुमान है कि दुनिया में 90 करोड़ लोग समुद्र के नजदीक रहते हैं। इंसान पहले से कहीं ज्यादा बाढ़ और गायब होती तटरेखा जैसे खतरों से जूझ रहा है। इसके साथ ही समुद्र का बढ़ता जलस्तर पेयजल को खारा बना रहा है। इसकी वजह से भारत, बांग्लादेश, पाकिस्तान, मालद्वीप, सहित अन्य देशों में तटों के आसपास रहने वाले समुदायों के लिए खतरा बहुत ज्यादा बढ़ जाएगा। बढ़ते समुद्री जलस्तर के दूरगामी नतीजे हो सकते हैं, जोकि केवल भौतिक पर्यावरण तक ही सीमित रहने के बजाय, विश्व भर में संवेदनशील हालात से जूझ रहे देशों में आर्थिक, सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को भी प्रभावित कर सकते हैं।

भारत की 7,516 किलोमीटर लंबी तटरेखा में मुख्य भूमि पर 5,422 किलोमीटर, नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों के द्वीपों पर 2,094 किलोमीटर की तटरेखा शामिल है। समुद्र तट व्यापार देश के कुल व्यापार का 90 प्रतिशत हिस्सा है और यह 3,331 तटीय गांवों और 1,382 द्वीपों तक फैला है। सेंटर फॉर स्टडी ऑफ साइंस, टेक्नोलॉजी एंड पॉलिसी (सीएसटीईपी) ने एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि समुद्र का बढ़ता जल स्तर 2040 तक मुंबई में 13 फीसदी से अधिक जमीन को निगल लेगा। इसी तरह अगले 16 वर्षों में चेन्नई का 7.3 फीसदी (86.8 वर्ग किलोमीटर) हिस्सा पानी में डूबा होगा, जो सदी के अंत तक बढ़कर 18 फीसदी (215.77 वर्ग किलोमीटर) पर पहुंच जाएगा। समुद्र का बढ़ता जलस्तर पूरी तरह से मानव निर्मित संकट है। दुनिया को हरकत में आना होगा और इससे पहले बहुत देर हो जाए लोगों के जीवन की रक्षा करनी होगी। इसके लिए सबसे कारगर और जरूरी उपाय ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में कटौती के जरिये जलवायु परिवर्तन की रफ्तार में कमी लाना है। हालांकि समुद्र में जलस्तर वृद्धि की प्रक्रिया को पूरी तरह से उलटना संभव नहीं है। बढ़ते जल स्तर के कुछ प्रभाव अपरिहार्य हैं। इसलिए प्रक्रिया को उलटने पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय आगे की वृद्धि को रोकने के उद्देश्य से इसे कम करने के लिए व्यावहारिक उपाय करने होंगे।

# जम्मू-कश्मीर : प्रयोग और परिवर्तन के प्रयासों की परीक्षा



प्रदीप मिश्र
वरिष्ठ पत्रकार

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई।



दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को समाप्त कर केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अब मतदाताओं का मन बताएगा कि 2014 के बाद हुए बदलावों को उन्होंने किस भाव-भावना से महसूस किया है। 2019 के बाद तो वादों-इरादों, दावों-प्रतिदावों की बाढ़ सी आती रही है। कई प्रयोग भी किए गए। परिणामों में इनका परीक्षण होगा। अनुच्छेद 370, पूर्ण राज्य के दर्जे की बहाली के साथ-साथ रोजी-रोजगार और जमीन के बुनियादी अधिकारों पर जम्मू की जनता की जद्दोजहद, कश्मीरियों की कश्मकश और पंडितों के पुनर्वास पर पशोपेश का भी जनादेश में अहम पहलू बनना तय है।

1996 के बाद यहां किसी भी दल को बहुमत नहीं मिला है। उस समय नेशनल कांफ्रेंस ने 87 में से 57 सीटें पाई थीं, जो 2002 और 2008 में 28 पर आ गईं। 2008 में 11 सीटें पाने वाली भाजपा 2014 में दोगुने से अधिक यानी 25 सीटों तक पहुंच गई। 2014 में अलग-अलग लड़ी पीडीपी ने 28, नेशनल कांफ्रेंस ने 15 और कांग्रेस ने 12 सीटें जीती थीं। अब जम्मू-कश्मीर में 'एक विधान-एक निशान' के तहत भारत सरकार के नियम-कानून लागू हो रहे हैं। आपातकाल के दौर में शुरू हुई छह साल की राज्य सरकार की परंपरा भी खत्म होने वाली है। 36 सदस्यीय विधान परिषद का अस्तित्व खत्म हो गया है। राज्यसभा की खाली चार सीटें विधानसभा चुनाव के बाद ही भरी जाएंगी। चुनाव बाद केंद्र शासित प्रदेश के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना है। अनुच्छेद 370 खत्म करते समय संसद में गृहमंत्री अमित शाह और बाद में श्रीनगर में सार्वजनिक तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी घोषणा कर चुके हैं। 2023 में सुप्रीम कोर्ट अनुच्छेद 370 के खात्मे को संविधान सम्मत ठहराने के साथ ही राज्य का दर्जा खत्म करने पर सवाल उठा चुकी है। आजादी के बाद जम्मू-कश्मीर पहला राज्य है, जिसे विभाजित कर केंद्र शासित प्रदेश बनाया गया। वैसे, शेख अब्दुल्ला द्वारा नाराजगी में रियासी जिले को खत्म कर तहसील बनाने का उदाहरण भी यहीं का है। गुलाम नबी आजाद के मुख्यमंत्रित्व काल में पुराना जिला बहाल हो पाया।

दस साल बाद अवाम जो नई सरकार चुनेगा, उसके स्वरूप और ताकत के बारे में वह आश्वस्त नहीं है। राज्य के दर्जे की जल्द वापसी पर उसे संशय है। दिल्ली या पुडुचेरी मॉडल उसे समझना होगा। हालांकि छह साल से राज्यपाल और उपराज्यपाल शासन के अधीन होने के कारण अधिकारियों की मनमर्जी को मतदाता समझ गए हैं। इससे पहले इतने लंबे अर्से तक उसे कभी भी अपने नुमाइंदों से दूर नहीं रहना पड़ा है। इस दौरान जनप्रतिनिधियों का विवशता से वास्ता साफ दिखा। फिर भी पुराने और स्थापित दलों और उनके नेताओं को चुनौती देने और अपनी पहचान बनाने के लिए जम्मू-कश्मीर अपनी पार्टी और डेमोक्रेटिक प्रोगेसिव आजाद पार्टी जैसे नए दल बने। नए दलों के अलावा सज्जाद लोन की पीपुल्स कांफ्रेंस, बारामुला से लोकसभा सदस्य इंजीनियर रशीद की अगुवाई वाली अवामी इत्तेहाद पार्टी ही नहीं,1987 के बाद पहली बार जमात-ए-इस्लामी से जुड़े नेता भी निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं।

बीते पांच साल में पाकिस्तान अधिकृत जम्मू-कश्मीर (पीओके), वेस्ट पाकिस्तानी शरणार्थियों को जमीन जायदाद का मालिकाना हक दिया गया है। पंचायतों, शहरी स्थानीय निकाय में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण और महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें सुरक्षित की गई हैं। औद्योगीकरण के लिए 90 हजार करोड़ से अधिक के प्रस्तावों में से 14 हजार करोड़ रुपये से अधिक का निवेश हुआ है। 34 हजार से अधिक सरकारी नौकरी दी गईं। श्रीनगर में विजय दशमी के आयोजन, साढ़े तीन दशक बाद शिया समुदाय का जुलूस, खीर भवानी मंदिर में कश्मीरी पंडितों की पूजा-अर्चना और इसी साल जुलाई तक 12.5 लाख से अधिक पर्यटकों को घाटी आना भी उपलब्धि है।

चुनाव की घोषणा से ठीक पहले 78 वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में पाकिस्तान के सीमावर्ती जिले बारामुला में कशूर रिवाज में 10 हजार छात्राओं ने एक साथ कश्मीरी लोक नृत्य प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बना दिया। यही नहीं, दो दशक के दौरान 2024 में चौथी बार अमरनाथ यात्रियों की संख्या पांच लाख से अधिक रही। रक्षाबंधन पर श्रीनगर के शंकराचार्य मंदिर में 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे और हरि पर्वत घंटे-घड़ियाल से गूंज गया। एक बार पीडीपी के साथ गठबंधन सरकार बना और गिरा चुकी भाजपा को ऐसे आयोजनों के अलावा राष्ट्रवाद, अनुसूचित जनजातियों के लिए पहली बार आरक्षित की गईं नौ सीटों, अनुसूचित जाति की सात सीटों और आठ लाख से अधिक नए मतदाताओं का सहारा है। वह जम्मू संभाग की 43 सीटों पर चुनाव केंद्रित कर कश्मीर घाटी में 8-10 सीटों पर निर्दलियों को समर्थन देगी,लेकिन पहले चरण की 24 सीटों पर उसने जम्मू संभाग की चिनाब घाटी (डोडा, किश्तवाड़ और रामबन) पीर पंजाल (राजोरी-पुंछ) में भी मुस्लिम उम्मीदवार उतार कर इरादे जता दिए हैं। बाद के दो चरणों की सूची में दोनों पूर्व उपमुख्यमंत्रियों डॉ. निर्मल सिंह और कविंद्र गुप्ता का नाम नहीं होना बताता है कि पुराने और लोकप्रिय चेहरों को किनारे कर आयातित नेताओं के सहारे पार्टी दंभ दिखा रही है। यह हाल तब है, जब लोकसभा चुनाव में उसके साथ रही पूर्व मंत्री अल्ताफ अंसारी की अपनी पार्टी और गुलाम नवी आजाद की डीपीएपी बाद में राजनीतिक सौदेबाजी के लिए छिटक गई हैं।

दूसरी तरफ राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस के साथ 'इंडिया' गठबंधन में प्रमुखता और प्रखरता से शामिल नेशनल कांफ्रेंस और पीडीपी में चुनाव पूर्व तालमेल नहीं हुआ है। फिर भी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं के मिजाज के आधार पर हुए गठबंधन में नेशनल कांफ्रेंस ने 51 सीटें अपने लिए ले लीं। कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद 370 की याद दिलाई जा रही है। घोषणापत्र में इस अनुच्छेद के साथ-साथ राज्य के दर्जे की बहाली और 2000 से पूर्व विधानसभा द्वारा पारित वृहत्तर स्वायत्तता का प्रस्ताव भी है। पीडीपी का घोषणापत्र भी कश्मीर केंद्रित है। वह भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत और विश्वास बहाली की पैरोकार है। अपनी बेटी इल्तिजा मुफ्ती की चुनावी रण में उतारने वाली पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती की गठबंधन न होने पर सधी प्रतिक्रिया से जाहिर है कि नतीजों के बाद बनने वह गठबंधन सरकार का समर्थन करेंगी।

## प्रसंगवश

# फ़िराक़ के लिए अश्लीलता का मुद्दा



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

उर्दू के मशहूर शायर फ़िराक़ गोरखपुरी का जन्म 1896 ई. में गोरखपुर में हुआ था। फ़िराक़ का पूरा नाम रघुपति सहाय फ़िराक़ था। पेशे से वकील पिता मुंशी गोरख प्रसाद भी शायर थे। इस प्रकार कह सकते हैं कि शायरी फ़िराक़ को विरासत में मिली थी। फ़िराक़ गोरखपुरी ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में शिक्षा प्राप्त की और उनकी नियुक्ति डिप्टी कलेक्टर के पद पर हो गई।

इसी बीच गांधी जी ने असहयोग आंदोलन छेड़ा तो फ़िराक़ उसमें सम्मिलित हो गए। नौकरी गई और जेल की सजा मिली। कुछ दिनों तक वे आनंद भवन, इलाहाबाद में पंडित नेहरू के सहायक के रूप में कांग्रेस का काम भी देखते रहे। बाद में उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय में अंग्रेजी के शिक्षक के रूप में काम किया। फ़िराक़ साहब ने अपने लेखन के जरिए कला के जो मानक बनाए हैं उन पर खुलकर बहस करने की जरूरत है। उनके लिए अश्लीलता और नग्नता कभी मुद्दा नहीं रहा। वे हर चीज को कला के नजरिए से देखते थे,इसलिए इतना सुंदर और बेबाक लिख पाए- यह वस्लका है करिश्मा कि हुस्न जाग उठा।/तेरे बदनकी कोई अब खुद आग ही देखे।। हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फ़िराक़ साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है। फ़िराक़ ने नियाज़ साहब को एक पत्र में लिखा- "जिस तरह रोने से कुछ फ़ायदा नहीं होता, फिर भी आंसू निकल ही आते हैं, उसी तरह गजल कहने से होता क्या है? मगर मजबूरियां और मायूसियां झख मारने को मजबूर कर देती हैं।" हिंदी-उर्दू में प्रगतिशील लेखकों ने बड़े पैमाने पर सन् 1940-60 के बीच में स्त्री के सौंदर्य, प्रेम और शरीर पर बहुत ही बेहतरीन साहित्य रचा है। आमतौर पर उस साहित्य का ठीक से मूल्यांकन नहीं हुआ है। यह स्त्री के सौंदर्य, रूप और देह को लेकर नई अनुभूति का साहित्य है। इस तरह के साहित्य सृजन में फिराक साहब की रचनाओं की बड़ी भूमिका है।

# रहवास समाप्त होने से बढ़ीं मनुष्य-पशु मुठभेड़



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे।

लीजिए सचमुच भेड़िया आ ही गया। उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में नर-भक्षी हो चुके भेड़ियों के एक झुंड ने आतंक मचा दिया। शासन प्रशासन के लिए यह एक बड़ी चुनौती है,क्योंकि भेड़ियों के घात लगाकर किए आक्रमण में कई लोग जिनमें ज्यादातर बच्चे हैं,जान गंवा चुके हैं। वन विभाग के आला अधिकारी भी डेरा जमाए हुए हैं और निरंतर कांबिंग कर रहे हैं। ड्रोन से लिए गए चित्र में भेड़ियों का एक झुंड भागता हुआ दिख रहा है। प्रधान वन्य जीव संरक्षक ने अपने ताजा बयान में कहा है कि तीन भेड़िये पकड़ लिए गए हैं, जिनमें एक की मृत्यु हो गई है और दो कानपुर चिड़ियाघर में स्थानांतरित किए जा चुके हैं।

दरअसल कई वन्य पशुओं के प्राकृतिक रहवास का विनाश हो जाने से मनुष्य-पशु मुठभेड़ें विगत एक दशक में तेजी से बढ़ीं हैं। भेड़िया भी उनमें है। सच तो यह है कि कुत्ते (कैनिस डोमेस्टिकस) का बेहद करीबी भेड़िया (कैनिस ल्युपस) खुद संकटापन्न है। वन्य जीव अधिनियम के भाग एक शिड्यूल एक में आ जाने के कारण अबध्य है और कानूनी संरक्षण के दायरे में है। यह रेगिस्तानों और पहाड़ों में तो मांद में रहता है,मगर उत्तर प्रदेश के मैदानी क्षेत्रों की घनी झाड़ियों में छुपकर अपनी वंश रक्षा कर रहा है। बहराइच में अभी भी गहन वन क्षेत्र है,जहां इसे छिपने में सहजता है। प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में झाड़ियों झुरमुटों के सफाए के चलते अब इनका भी सफाया हो चुका है। अब पूर्वांचल में भेड़िया आया,भेड़िया आया जुमला अतीत की याद दिलाता है। ये अब दिखते नहीं। हां इसकी एक निकटवर्ती दूसरी छोटे कद काठी की प्रजाति- सियार/गीदड़ (कैनिस औरियेस) अभी भी रातों में हुंआ-हुंआ का रुदन करती हुई अपने बचे रहने का अहसास दिलाती है। भेड़िया को पूर्वांचल में हुड़ार भी कहा जाता था। कहते हैं कि विदेशी आक्रांता हूड़ों के नृशंस हमलों ने यह नामकरण इस हिंस्र पशु के लिए दिया,मगर भेड़िये कभी मनुष्य के लिए इतने हिंस्र नहीं थे। जब वनों और वन्य जीवों की भरपूर संपदा थी तो ये कुदरती तौर पर खरगोशों, मृगछौनों, पक्षियों का शिकार कर अपना पेट भरते थे।

मनुष्य जनित वनों के विनाश से ये आबादियों के निकट आकर भेड़ों और दूसरे मवेशी शावकों पर झपट्टा मारने लगे। मुर्गियों और अन्य पालतू पशु-पक्षियों को भी दबोच लेते। तभी इन्हें मनुष्य के छोटे-बड़े बच्चों पर आक्रमण करना आरंभ किया। यही कोई दो दशक पहले पूर्वांचल में भेड़ियों का ऐसा खौफ था कि बीबीसी की एक पूरी टीम यहां फिल्म बनाने आई थी। सच तो यह है कि पर्यावरण का विनाश करके मनुष्य ने यह आफत खुद बुलाई है। क्योंकि शिकारी होने के बाद भी इनमें मूलतः मनुष्य पर आक्रमण करने की प्रवृति नहीं होती। प्रसिद्ध व्यवहारशास्त्री डिज्मांड मोरिस ने,'एडाप्टेड बाई वोल्फ' शीर्षक लेख में बताया है कि इन्हें पालतू भी बनाया जा सकता है। हमारा चिर परिचित कुत्ता तो इन्हीं का घनिष्ठ करीबी है। बहराइच में वन विभाग को भेड़ियों के देशी-विदेशी विशेषज्ञों से कुछ टिप्स लेकर इनके आतंक पर अंकुश लगाना चाहिए। इन्हें पकड़ना बहुत मुश्किल है। तीन भेड़ियों को पकड़ लेना (हालांकि एक की मृत्यु हो गई) सचमुच शाबाशी की बात है। ग्रामीणों को यह बताना जरूरी है कि घात लगाकर आक्रमण करने में भेड़ियों को महारत हासिल है। ये बिल्कुल निश्चल होकर,दुबके हुए अपने लक्ष्य को पाने में घंटों बिता सकते हैं। ऐसे कि अगल-बगल इनकी भनक तक न लगे।

बहराइच में सहसा घर के भीतर कई आक्रमण भेड़ियों ने किए हैं। इनके व्यवहार का दूसरा पहलू यह भी है कि ये रातों-रात घटनास्थल से तीस-चालीस किलोमीटर सहजता से दूर भाग सकते हैं। इसलिए घटनास्थल के आसपास जब तक इन्हें खोजा जाएगा ये बहुत दूर निकल चुके होंगे। कांबिग का दायरा इसलिए बहुत विस्तारित करना होगा जो व्यावहारिक रुप से मुश्किल रहता है। खैर अब कई ड्रोन के जरिये इनको ट्रैक करना आसान हो गया है। बहराइच के चालीस से अधिक गावों तक भेड़ियों ने अपना दायरा बढ़ा लिया है। जरूरी बात यह है कि ग्रामीणों को ही दिन-रात दोनों समय बच्चों को लेकर बहुत सजग रहना होगा। भूखे भेड़िये दिन में भी अटैक कर सकते हैं।

वैसे तो भेड़ियों की संख्या बहुत घट गई है। राजस्थान में भेड़िये कुत्तों के क्रास भी मिलने लगे हैं। जिन पर शोध चल रहा है कि वे नर भेड़िया और मादा कुत्ते के हैं या फिर नर कुत्ते या मादा भेड़िये के। आनुवंशिक दृष्टि से ये कितना एक-दूसरे के करीब हैं इनके कुदरती क्रास से ही स्पष्ट है। इन दोनों तरह के क्रास (संकरण) को वैज्ञानिक शब्दावली में रेसीप्रोकल क्रास कहते हैं। हमारे वन्य जीव अधिनियम में केवल प्रदेश के मुख्य वन संरक्षक को ही नर-भक्षी हो चुके वन्य पशुओं को मारने की इजाजत का अधिकार है। मगर मनुष्य पशु मुठभेड़ों में उभयपक्ष जान गंवा रहे हैं यह दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है।

## सोशल फोरम

# स्पष्ट नहीं था जिन्ना का दृष्टिकोण



वीरेंद्र ओझा
आयकर आयुक्त

जिन्ना के कई भाषण है, जो कहते हैं,जिन्ना के पास पाकिस्तान बनने के बाद के एक स्पष्ट दृष्टिकोण का अभाव था। जिन्ना को खुद ही नहीं पता था या वह समझ नहीं पा रहे थे कैसा पाकिस्तान बनाया जाए,जबकि इसके विपरीत भारत का दृष्टिकोण बहुत ही स्पष्ट था और उसके लिए आजादी के संघर्ष के समय से ही दस्तावेज बनने लगे थे, जिनकी परिणति आजादी के बाद हमें दिखाई देती है।

जिन्ना पाकिस्तान के मुस्लिम समाज के साथ चाहे जो सकारात्मक किए हों, हालांकि एक वाजिब बहस उस पर भी है,खासकर पूर्वी पाकिस्तान को लेकर जो बाद में बंगलादेश बना,पर उनका भारत में पीछे छूट गए मुस्लिम समाज से कोई सरोकार न था। वह मालाबार हिल का अपना बंगला सुरक्षित रखना चाहते थे और नेहरू जी से कहा भी था कि इसे किराये पर उठाने में मदद करें 3000 रुपया प्रतिमाह की दर से,वह भी मात्र यूरोपियन को किराये पर दिया जाए न कि किसी और को। जिन्ना कितने मुस्लिम थे इस पर मुझे गालिब का वह वाक़या याद आता है,जो उन्होंने 1857 की क्रांति के पश्चात अंग्रेज हुक्मरान से कहा था, मैं आधा मुस्लिम हूं,क्योंकि शराब पीता हूं पर जिन्ना तो आधा भी मुस्लिम नहीं थे,क्योंकि वह शराब के साथ और भी चीजें शरीयत में वर्जित उपयोग करते थे।

जिन्ना की 14 अगस्त 1947 की स्पीच कहीं नहीं मिलती,जिसमें उदारवाद एवं धर्म निरपेक्ष दृष्टिकोण परिलक्षित होता है। क्या उस स्पीच को जिन्ना की सहमति के बगैर इतिहास से हटाया गया होगा,वह भी वह जिन्ना जो जब तक जीवित रहे पाकिस्तान के मामलों में एक मात्र निर्णय करने वाले थे। ऐसा कोई तथ्य, भाषाण और लेख आज तक मुझे नहीं मिला,जबकि मैंने बहुत प्रयास किया कि जिन्ना ने अपने पीछे छूट गए भारत के मुसलमानों के हित बारे में किसी भी तरह की बात की हो। जिन्ना ने दो प्रतिशत से कम बोली जाने वाली भाषा उर्दू को पूरे पाकिस्तान पर थोप दिया,जिसका परिणाम बांग्लादेश के विभाजन के रूप में प्राप्त हुआ। द्विराष्ट्र सिद्धांत की धज्जी वैसे ही उड़ी थी,क्योंकि यह बगैर तर्क के था एवं अप्राकृतिक था। इतिहास को घटनाओं और व्यक्तियों के व्यक्तित्व के आलोक में समझने की आवश्यकता है।

-फेसबुक वॉल से

# गुड गवर्नेंस : एक विश्लेषण



प्रमोद कुमार गुप्ता
ग्रुप कैप्टन,भारतीय वायु सेना (वेटरन)

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है,जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता,अत: यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता।

प्रशासनिक व सामाजिक व्यवस्थाओं पर राजनीति का साया कोई नई बात नहीं है। आए दिन हम हर छोटे-बड़े मसले में राजनीतिक दखलंदाजी व पक्षपातपूर्ण तौर-तरीकों की बातें करते रहते हैं और समस्याओं के लिए प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हैं,परंतु इन सामाजिक व्यवस्थाओं में गुड गवर्नेंस से जुड़े दो अन्य पहलू भी हैं जिनको समझना आवश्यक है। पहला, प्रशासनिक अमला, जो कार्यपालिका की धुरी है,स्वयं में जनकल्याण के प्रति कितना प्रतिबद्ध है व अच्छी व्यवस्था प्रणाली को धरातल पर उतारने के लिए किस प्रकार कि सकारात्मक सोच व रोड मैप रखता है। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू स्वयं जनता ही है,दुर्भाग्यवश गुड गर्वनेन्स में जनता का सरोकार दिन-प्रतिदिन कम होता जा रहा है और वह अपने सामाजिक दायित्व व सहभागिता से दूर भाग रही है।

यह विचार घर कर रह गया है कि अच्छा समाज या देश बनाना केवल सरकार या प्रशासन का ही काम है और इसमें आम नागरिक की कोई जिम्मेदारी नहीं है। हम असफलताओं का ठीकरा सरकारी तंत्र पर तो फोड़ते हैं,परंतु जहां जनसहयोग, सहभागिता या जिम्मेदारी उठाने का प्रश्न आता है,वहां हम चुप हो जाते हैं। यह सोच उत्थानवादी नहीं है। व्यक्तिगत कारणों,राजनीतिक गुटबंदी व लाभ-हानि से परे हटकर यदि कोई कार्यक्रम,योजना या नीति प्रभावी रूप से लागू नहीं होती है तो एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में हमारा सामूहिक दायित्व है कि हम कारणों की तह तक जाएं और व्यवस्थापकों के साथ मिलकर कमियों को दूर करने का प्रयास करें। विदित रहे कि कोई भी योजना बुरी नहीं होती,अच्छा-बुरा सिर्फ उसका क्रियान्वयन होता है और सही क्रियान्वयन के लिए जनता का सहयोग दखलअंदाजी भी नहीं कहा जा सकता। आरंभ में यह सब अव्यावहारिक लग सकता है,परंतु अच्छे परिणाम आने पर इस प्रकार के प्रयासों को स्वीकार्यता मिलेगी। यह भी एक दुर्भाग्यपूर्ण तथ्य है कि सरकारों की सकारात्मक सोच के बावजूद जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों की अज्ञानता, उदासीनता, अक्षम कार्यशैली या व्यक्तिगत भ्रष्टाचार के चलते आम जनता को वांछित परिणाम नहीं मिलते,जिसका दुष्प्रभाव न सर्फ आम नागरिकों,बल्कि पूरे व्यवस्था तंत्र को झेलना पड़ता है। ब्लॉक, तहसील या जिला स्तरीय कार्य वर्षों तक लंवित रह जाते हैं, निचले स्तर के कर्मचारियों की कोई जबाबदेही नहीं होती, अतः निराश होकर जनता को उच्च जिला /मंडल या प्रदेश स्तरीय कार्यालयों की शरण लेनी पड़ती है। यही घोर अव्यवस्था के लक्षण हैं इसी को बैड गवर्नेंस कहते है।

एक विचारणीय सत्य यह भी है कि मध्यम व जमीनी स्तर के सरकारी कर्मचारियों पर अत्यधिक कार्य बोझ रहता है,जो उनकी क्षमताओं व प्रशिक्षण के अनुरूप नहीं होता,अतः यह वर्ग अपनी जिम्मेदारियां समय व गुणवत्ता से संपादित नहीं कर पाता। दूसरा,यह कि इस वर्ग पर अनुशासन या अंकुश जैसे शब्द लागू नहीं होते और अराजकता की स्थिति में उच्च अधिकारी वर्ग असहाय सा लगता है। स्टाफ की कमी, काम रोको, धरनाप्रदर्शन, हड़ताल, अन्य विभागीय कार्यों का दबाव भी एक कारण है कि यह कर्मचारी आपने कार्य दक्षतापूर्ण तरीके से नहीं कर पाते। ऐसे प्रशासनिक वातावरण में यह स्वाभविक है कि सिस्टम से त्रस्त जनता अनैतिक रास्ते ढूढ़ लेती है। वह नैतिक-अनैतिक का भेद खत्म कर,नियमों का उल्लंघन कर शॉर्टकट अपनाने को मजबूर हो जाती है।

हम अमूमन ऐसे वाक्य सुनते रहते हैं कि "मैं सालों से दौड़ रहा हूं", "जूते घिस गए हैं", "सुविधा शुल्क देने के बावजूद भी कोई सुनवाई नहीं होती है"। अंततः सिस्टम के शरणागत होना व भ्रष्टाचार का साथ देना आम आदमी की विवशता हो जाती है। अब प्रश्न यह आता है कि इन कुरीतियों का समाधान कैसे हो,प्रश्न कठिन है और उत्तर उससे भी अधिक कठिन। परंतु देश हित में प्रयास तो होना ही चाहिए अन्यथा "जनता की सरकार", "पारदर्शी सरकार", "ईमानदार संवेदनशील सरकार" मात्र नारे ही रहे जाएंगे। हमे त्रिसूत्रीय दृष्टिकोण अपनाते हुए हर स्तर पर विश्वासनीयता,इच्छाशक्ति, जिम्मेदारी व जबावदेही के सिद्धांत को अपनाना होगा। प्रशासनिक कार्यों में राजनीतिक दखलंदाजी बंद होना आवश्यक है। कार्यक्रमों व योजनाओं कि प्रगति पर जन प्रतिनिधि सवाल उठाने का अधिकार अवश्य रखते है,परंतु नियमानुसार क्रियान्वयन कार्य पालिका का ही अधिकार है,जिसमें भाई-भतीजा वाद व अनावश्यक हस्तक्षेप नहीं चाहिए। इसके लिए कार्य पालिका को हर स्तर पर अपनी क्षमताओं में वृद्धि करनी होगी,सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को उनके पद के अनरूप ट्रेनिंग के साथ साथ जिम्मेदारियों का आवंटन भी करना होगा।

समयबद्ध व पारदर्शी रूप से कार्यों का संपादन कार्यपालिका की नैतिक जिम्मेदारी है, जिसका पालन निष्पक्ष रूप से होना चाहिए, जिससे जनता में प्रशासन के प्रति विश्वास बढ़े। स्मरण रहे कि सरकारी संसाधन आम जनता की कमाई है, जिसके सदुपयोग की नैतिक जिम्मेदारी कार्यपालिका की है, अतः वह पब्लिक फंड्स की कस्टोडियन है। इसमें कोई दो मत नहीं कि गुड गर्वनेन्स के लिए एक तरफ राजनीतिक दखलंदाजी का खात्मा हो तो दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारी वर्ग अपनी कार्य शैली में सुधार लाए और आम जनता को विकास कार्यों में सहयोगी बनने के लिए प्रोत्साहित करे।

# बढ़ने लगे हवाई किराए



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

देश के एक बड़े आर्थिक जगत के अखबार की रिपोर्ट के अनुसार विमान उद्योग में स्पर्धा कम होने से विमानन कंपनियों को काफी राहत मिली है। वे किरायों को कम करने के बजाय किरायों को बढ़ाने की ओर ध्यान दे रहे हैं,जेट एयरवेज और गो फर्स्ट के बंद होने से और स्पाइजेट के विमानों की संख्या कम होने के बाद अब केवल एयर इंडिया और इंडिगो के बीच टक्कर रह गई है। इसका नमूना हाल में 15 अगस्त और 19 अगस्त के बीच देखने को मिला।

2019 में 55.2 प्रतिशत हवाई मार्ग ऐसे थे,जहां स्पर्धा ही नहीं थी और एक ही कंपनी के विमान आते-जाते थे। अप्रैल 2024 में ऐसे मार्ग बढ़कर 69.2प्रतिशत हो गए। देश के सबसे व्यस्त मार्ग दिल्ली मुंबई की बात करें तो इस मार्ग पर अप्रैल 2019 से अप्रैल 2023 तक औसत हवाई किराया 20.5 प्रतिशत तक गिरा,मगर पिछले एक साल में 34.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसी तरह दिल्ली से बैंगलौर के लिए इकोनॉमी क्लास का किराया एक साल में 53.1 प्रतिशत बढ़ गया।

पिछले कुछ सालों में निस्संदेह विमान क्षेत्र में मांग बढ़ी है,मगर आपसी प्रतिस्पर्धा कम होने से विमान किराए में वृद्धियां हो रही हैं। अब इंडिगो और एयर इंडिया का दबदबा बढ़ रहा है। अगर इसी तरह प्रतिस्पर्धा कम होती जाएगी तो वो समय दूर नहीं जब यह दोनों विमानन कंपनियां अपना किराया और भी बढ़ा सकती हैं,जरूरत है सरकार की ओर से भी बढ़ते किराए पर नियंत्रण रखने की।

## एक नजर

### बृजेश सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेशीय उपाध्यक्ष मनोनीत

अमृत विचार,लखनऊ : सहकारिता के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों व कांग्रेस संगठन के विभिन्न पदों पर किए गए कार्यों को देखते हुए प्रदेश कांग्रेस सहकारिता प्रकोष्ठ के चेयरमैन कृपा शंकर मिश्रा एडवोकेट ने बृजेश कुमार को सहकारिता प्रकोष्ठ का प्रदेशीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। अपेक्षा की गई है कि वह सहकारिता प्रकोष्ठ को और अधिक मजबूत व गतिशील बनाते हुए प्रदेश भर में संगठन को मजबूती करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

### एक साथ तीन गैंगस्टर की संपत्तियां हुईं कुर्क

अमृत विचार,लखनऊ : पुलिस एवं प्रशासन ने बाराबंकी, मऊ एवं आजमगढ़ में गैंगस्टर के अभियुक्तों पर कार्रवाई करते हुए उनकी अवैध संपत्तियां कुर्क की हैं। पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार बाराबंकी के गैंगस्टर एक्ट में अभियुक्त त्रिभुवन नारायण पांडेय, आजमगढ़ के आलोक कुमार चौबे वहीं मऊ जिले के सुधीर सिंह द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गई चल-चल संपत्ति को बुधवार को प्रशासन ने कुर्क कर दी है।

### देश के हवाईअड्डों पर भी होगा पर्यटन स्थलों का प्रचार

अमृत विचार,लखनऊ : राज्य के प्रमुख पर्यटन स्थलों का प्रचार अब देशभर के प्रमुख हवाई अड्डा पर भी किया जाएगा। इसके लिए पर्यटन विभाग ने पहले चरण में दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, कोयंबटूर व इंदौर के हवाई अड्डा को चिह्नित किया है। सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में पर्यटन को और बढ़ावा दिया जाए, जिससे ज्यादा से देश-विदेश से ज्यादा से ज्यादा पर्यटक उत्तर प्रदेश के पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने आएं। पिछले दो वर्षों से उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटकों की संख्या के मामले में देश में पहले स्थान पर है। पिछले वर्ष प्रदेश में 48 करोड़ पर्यटक आए थे। इस वर्ष इनकी संख्या और बढ़ने की संभावना है। इसके लिए पर्यटन विभाग की तरफ से विभिन्न योजनाओं पर काम किया जा रहा है।

# भेड़ियों के आतंक का योगी ने लिया संज्ञान, पहुंचे वन मंत्री

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



बहराइच के कोलैला ग्राम में विधायक से जानकारी लेते वन मंत्री डॉ. अरुण कुमार।

**प्रदेश के वरिष्ठ वनाधिकारियों ने किया क्षेत्र का निरीक्षण, लोगों से की बात**

**चार मृतकों के परिजनों को मिला पांच-पांच लाख रुपये का मुआवजा**

**अमृत विचारः** बहराइच में भेड़ियों द्वारा विगत डेढ़ महीने में सात बच्चों को निवाला बनाने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उनके निर्देश पर वन व पर्यावरण मंत्री डॉ. अरुण कुमार सक्सेना बहराइच पहुंचे। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों संग बैठक भी की। गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों को आश्वस्त किया समस्या निदान के लिए वन विभाग की टीम मुस्तैदी से जुटी है। वन विभाग सुरक्षा के लिए ड्रोन मैपिंग कर रहा है। बतादें कि बीते दिनों चार मृतकों के आश्रितों को जिला प्रशासन की तरफ से पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि पहले ही दी जा चुकी है। शेष के परिजनों को जल्द ही राशि जारी की जाएगी।

बुधवार को वन मंत्री उन गांवों में भी पहुंचे, जहां भेड़ियों ने हमला किया था। कहा कि समस्या के समाधान को लेकर विभाग सजग है। तीन बचे भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग की टीम हरसंभव कोशिश कर रही है। वन मंत्री के साथ प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुधीर कुमार शर्मा, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) संजय श्रीवास्तव आदि भी मौके पर मौजूद रहे। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव संजय श्रीवास्तव ने बताया कि भेड़ियों को पकड़ने के लिए 16 टीमें तैनात की गई हैं। यहां जिला स्तर के 12 अधिकारी भी कैंप कर रहे हैं। भेड़िया पकड़े जाने तक अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक रेनू सिंह यहां कैंप करती रहेंगी। डीएफओ बाराबंकी आकाश बधावन व डीएफओ नवीन प्रकाश भी ऑपरेशन भेड़िया को सकुशल पूरा करने में जुटे हैं।

### भेड़ियों को ट्रेंकुलाइज करने के लिए दो डॉक्टर भी पहुंचे

भेड़ियों को पकड़ने के लिए वन विभाग सजग है। ड्रोन व थर्मल ड्रोन से मैप किया जा रहा है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डेन से भेड़ियों को ट्रेंकुलाइज करने की अनुमति मिल गई है। इसके लिए दो डॉक्टर भी बहराइच में टीम के साथ जुटे हैं। वहीं जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया गया कि जिन घरों में दरवाजे नहीं हैं, वहां विभिन्न फंड के जरिए दरवाजे लगवाए जा रहे हैं। इसके लिए सीएसआर समेत अन्य फंड से पैसा दिया जा रहा है। गांवों में रात्रि गश्त किया जा रहा है। वहीं आमजन व महिलाओं को जागरूक करने के लिए आशा वर्कर्स की भी ड्यूटी लगाई गई है।

# मंकी पॉक्स को लेकर एडवाइजरी जारी, स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

**उप मुख्यमंत्री ने दिए निर्देश हेल्पलाइन नंबर भी जारी**

**अमृत विचारः** मंकी पॉक्स को लेकर देश भर में एडवाइजरी जारी की गई है। प्रदेश में भी स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर आ गया है। स्थानीय स्तर पर हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कहा है कि सभी जिलों के एंट्री प्वाइंट्स पर मरीजों को स्क्रीनिंग हो।

उप मुख्यमंत्री ने बुधवार को बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने मंकी पॉक्स को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी ऑफ इंटरनेशनल कंसर्न घोषित किया है। संदिग्ध रोगियों की पुष्टि कर इलाज करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में हेल्पलाइन नंबर (18001805145) जारी किया गया है।

#### लक्षण व संक्रमण

- शरीर पर दाने, तेज बुखार, अधिक कमजोरी, लकिसा ग्रंथियों में सूजन।
- लक्षण दो से चार सप्ताह तक बने रह सकते हैं।
- मंकीपॉक्स से ग्रसित रोगी के संपर्क में आने से भी यह रोग हो सकता है।

# बारा व ओबरा की दो बिजली इकाइयां ठप

## थम नहीं रहा इकाइयों के बंद होने का सिलसिला, बिजली संकट गहराया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**बिजली की अधिकतम मांग 25,251 मेगावाट दर्ज की गई**

**अमृत विचारः** बारा व ओबरा की दो इकाइयों के ठप हो जाने से उत्पादन बिजलीघरों में बिजली संकट गहरा गया, जबकि पहले से बंद चल रही इकाइयां चालू नहीं हो सकीं।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बारा बिजलीघर की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई व ओबरा की दो सौ मेगावाट की एक इकाई ठप हो गई। दो इकाइयों के बंद होने से उत्पादन बिजली घरों में बिजली संकट गहरा गया। इन इकाइयों को चालू किए जाने के प्रयास देर रात तक जारी रहे। बिजली अभियंता ओबरा इकाई के देर रात तक चालू हो जाने की संभावना जताते रहे, जबकि बारा इकाई के एक सितंबर तक चालू हो जाने की संभावना है। सूत्रों ने बताया कि पहले से बंद चल रही ओबरा सी की 660 मेगावाट, ओबरा की 200 मेगावाट व पारीछा की 210 मेगावाट क्षमता की इकाइयां चालू नहीं हो सकीं। सूत्रों ने बताया कि बुधवार को बिजली की अधिकतम मांग 25,251 मेगावाट दर्ज की गई, जबकि राज्य के बिजलीघरों में 1947 मेगावाट घट गया। शाम के वक्त उत्पादन 4600 मेगावाट हो रहा था।

### निर्माणाधीन इकाइयों के विलंब पर अध्यक्ष नाराज

अमृत विचार। पावर कॉरपोरेशन व उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उत्पादन निगम के अध्यक्ष डॉ आशीष कुमार गोयल ने जवाहरपुर परियोजना में दूसरी इकाई के चालू किए जाने में देरी पर सख्त नाराजगी जाहिर की। अध्यक्ष बुधवार को उत्पादन निगम की परियोजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि निर्माणाधीन 660 मेगावाट की दूसरी इकाई लगाए जाने का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए। अध्यक्ष ने घाटमपुर व पनकी परियोजनाओं के शुरू होने में हो रहे विलम्ब पर भी असंतोष व्यक्त किया।

### कंपनियां बना रहीं बिजली दरें बढ़ाने का दबाव

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने बिजली कंपनियों पर दरें बढ़ाने के लिए दबाव बनाने का आरोप लगाया है। नियामक आयोग स्तर पर बिजली कंपनियों व उपभोक्ता प्रतिनिधियों के पक्ष सुने जा चुके हैं। पिछले दिनों आयोग की राज्य सलाहकार समिति की बैठक का कार्यवृत्त जारी हो चुका है। बिजली कंपनियों ने जहां घाटे का उल्लेख कर आयोग ने खुद उचित निर्णय लेने का अनुरोध किया था, वहीं उपभोक्ता प्रतिनिधियों ने दरें बढ़ाने के बजाय घटाए जाने का तर्क रखा था। परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि बिजली कंपनियां पर उपभोक्ताओं का 33,122 करोड़ रुपए निकल रहे हैं। ऐसे में बिजली दरें बढ़ाने के बजाय घटाने की जरूरत है, पर बिजली कंपनियां राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए आयोग पर दबाव बना रही हैं।

# 31 पीसीएस अधिकारियों की हुई जिलों में तैनाती

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**प्रदेश की अकादमी में प्रशिक्षण ले रहे थे सभी अधिकारी**

**श्वेता मिश्रा को बाराबंकी में मिली तैनाती**

**अमृत विचारः** शासन ने प्रशासन एवं प्रबंध अकादमी लखनऊ में प्रशिक्षण ले रहे 31 प्रशिक्षु पीसीएस अधिकारियों को जिलों में तैनाती का आदेश जारी किया है। सभी का प्रशिक्षण 30 अगस्त को पूरा हो रहा है।

शासन के नियुक्ति विभाग की ओर से बुधवार को किए गए तैनाती आदेश के अनुसार पीसीएस अधिकारी अंकित कुमार वर्मा को मऊ, शुभेंद्र गोपाल व सल्तनत प्रवीन को फतेहपुर, नागेंद्र पांडेय व श्वेता मिश्रा को बाराबंकी, प्रिंस वर्मा व ज्योति चौरसिया को बहराइच, दिव्या सिकरवार को एटा, प्रतीक्षा पांडेय को अमेठी, कुमार गौरव को श्रावस्ती, मोहसिना बानो को ललितपुर, प्रजाक्ता त्रिपाठी को जौनपुर, संदीप कुमार तिवारी को बलरामपुर, शांतनु कमार सिनसिनवार को हमीरपुर, आशीष भारद्वाज को फर्रूखाबाद, निधि पटेल को बांदा और विकास मित्तल को अमरोहा भेजा गया है।

इसी तरह योगिता सिंह को कासगंज, प्रतीक्षा त्रिपाठी को लखीमपुर खीरी, रामकृष्ण चौधरी को बस्ती, विनय कुमार मौर्य को कौशांबी, अनामिका मौर्या को सिद्धार्थनगर, सविता देवी को महोबा, रश्मि यादव को प्रयागराज, अंकित वर्मा को गोंडा, आरती साहू को जालौन, आशुतोष रामप्यारे जैसवाल को गाजीपुर, पंकज कुमार को महराजगंज, चंद्र प्रकाश गौतम व शरद चौधरी को मिर्जापुर और मंजुल मयंक को संतकबीरनगर में तैनाती दी गई है। सभी अधिकारी अपने जिलों के जिलाधिकारी को पहली सितंबर को रिपोर्ट करेंगे, जहां उनके कार्य का बंटवारा होगा।

## दो शिक्षकों को मिलेगा राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार

अमृत विचार,लखनऊ : प्रतापगढ़ और मिर्जापुर के परिषदीय विद्यालयों के दो शिक्षकों को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए चयनित किया गया है। इन्हें शिक्षक दिवस के अवसर पर 05 सितंबर को विज्ञान भवन, नई दिल्ली में पुरस्कृत किया जाएगा। उत्तर प्रदेश से चयनित शिक्षकों में प्रतापगढ़ के मान्धाता ब्लॉक स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय मल्हूपुर के श्याम प्रकाश मौर्या और मिर्जापुर के प्राथमिक विद्यालय भगेसर के रविकांत द्विवेदी शामिल हैं।

दरअसल, केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2024 के लिए देश भर से 50 शिक्षकों के नाम की घोषणा की है। चयनित शिक्षकों को पुरस्कार के रूप में 50-50 हजार रुपए नगद, चांदी का मेडल व प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। मालूम हो कि, शिक्षक श्याम प्रकाश मौर्य द्वारा परिषदीय बच्चों को पीपीटी के माध्यम से व रविकांत द्विवेदी द्वारा बनाया गया गणित का बगीचा, काफी चर्चित रहा।

# निषाद पार्टी ने 10 सीटों पर घोषित किए प्रभारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी को 11 सीटों पर मिली थी जीत**

**अमृत विचारः** प्रदेश में विधानसभा उप चुनाव को लेकर निषाद पार्टी ने सभी 10 सीटों पर प्रभारी घोषित किए हैं। प्रभारियों को सभी सीटों पर तैयारी करने के निर्देश दिए गए हैं।

पार्टी प्रवक्ता ने बताया कि सरवन निषाद को मझवां, राजबाबू उपाध्याय को कटेहरी, पीयूष रंजन निषाद को फूलपुर, अनिल त्रिपाठी को मिल्कीपुर, विपुल दुबे को कुंदरकी, ऋषि त्रिपाठी को मीरापुर, असीम राय को गाजियाबाद, विवेकानंद पांडेय को खैर, रमेश सिंह को करहल व केतकी सिंह को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया है।

उप चुनाव को लेकर भाजपा, सपा, कांग्रेस व बसपा ने तैयारी तेज कर दी है। इन दलों की ओर से प्रत्याशी घोषित किए जा रहे हैं, इस बीच राजग में शामिल निषाद पार्टी ने भी तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी ने सभी सीटों पर विधायकों को प्रभारी बनाया है। निषाद पार्टी ने कार्यकर्ताओं को उपचुनाव की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि निषाद पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था जिसमें पार्टी ने 11 सीटों पर जीत दर्ज की थी। बताया जा रहा है कि प्रदेश में सितंबर माह में चुनाव की घोषणा होने की संभावना है, ऐसे में सत्ता पक्ष व विपक्षी दलों ने उप चुनाव जीतने की तैयारी तेज कर दी है।

## बहन-बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं प्रदेशः अजय

अमृत विचार,लखनऊः कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि प्रदेश बहन-बेटियों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। उन्होंने फर्रुखाबाद में दो युवतियों की हत्या पर सवाल उठाते हुए कहा कि प्रदेश कानून-व्यवस्था पूरी तरह फेल हो चुकी है। मुख्यमंत्री को नैतिक आधार पर इस्तीफा दे देना चाहिए।

उन्होंने जारी बयान में कहा कि प्रदेश पुलिस घटना को आत्महत्या का मामला बताकर रफा-दफा करने की कोशिश कर रही है, जबकि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का लग रहा है। उन्होंने कहा कि आए दिन महिलाओं के खिलाफ गंभीर अपराध हो रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले आगरा में अनुसूचित वर्ग की युवती के साथ दुष्कर्म के बाद हत्या, हमीरपुर में युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसे कई मामले प्रकाश में आए हैं।

# सदस्यता अभियान में जन-जन तक पहुंचे कार्यकर्ताः भूपेंद्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सदस्यता अभियान को लेकर हुई कार्यशाला**

**अमृत विचारः** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि सदस्यता अभियान में पार्टी कार्यकर्ता जन जन तक पहुंचेंगे। यह संगठन के विस्तार का बड़ा अवसर है। सभी कार्यकर्ताओ को लक्ष्य तय करके जुटना होगा।

वे बुधवार को सहकारिता भवन में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा की सदस्यता अभियान की कार्यशाला में बोल रहे थे। चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर काम करते हुए डबल इंजन सरकार ने समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए कार्य किया है। उन्होंने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के कार्यकर्ताओ का आह्वान किया कि अपनी भूमिका का निवर्हन करें।

अध्यक्षता कर रहे पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि प्रदेश में मोर्चे को पार्टी द्वारा 10 लाख सदस्य बनाये जाने का लक्ष्य दिया है। मगर, निर्धारित लक्ष्य से अधिक लोगों को सदस्य बनाने का काम करना है। बताया कि मोर्चा द्वारा 30 अगस्त को जिला व 31 अगस्त को मंडल स्तर पर सदस्यता अभियान को लेकर कार्यशालाएं आयोजित की जाएगीं।

## वर्ग पहेली-175

**बाएं से दाएं**

3. वर्षाऋतु में हिमालय पर स्थित मानसरोवर झील की ओर प्रवास करने वाली हंस की एक प्रजाति।
6. एक-दूसरे का सिर फोड़ना, मारपीट, लडाई-झगड़ा।
8. कपड़े पर कढ़ाई करना की क्रिया, सुई धागे से बेल-बूटे बनाना या काढ़ना।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. चौथाई भाग, चतुर्थांश 2. एक सेर का एक चौथाई भाग 3. एक किलो का चौथाई भाग (250 ग्राम)।
2. 1. सुबह, भोर 2. ग्रीष्म ऋतु 3. एक प्रकार की झाड़ी जिसमें से गोंद निकलती है, लोबान।
4. बत्तख, हंस की प्रजाति का लंबी गरदन और टांगों वाला एक पक्षी।
5. कार्बन का, कार्बन संबंधी।
7. कान या नाक में पहना जाने वाला सुराहीदार मोती।



### वर्ग पहेली -174 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 पु | | 2 प | |
| | 3 खु | र | ह | रा | |
| | | नि | | | 4 इ |
| 5 भे | ड़ि | या | धँ | सा | न |
| द | | | | | क |
| नी | | 6 ख | र | से | ला |
| ति | | शी | | | बी |

## सुडोकू -88

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 4 | | 9 | | | 8 | |
| 3 | | 8 | | | 2 | 9 | | |
| 1 | 9 | | | 6 | | | 7 | |
| | | 7 | | 3 | | | | 1 |
| | | 9 | | | | 2 | | |
| 6 | | | | 5 | | 4 | | |
| | 8 | | | 1 | | | 9 | 6 |
| | | 6 | 7 | | | 5 | | 3 |
| | 5 | | | 2 | | 1 | 4 | |

### सुडोकू -87 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 3 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 |
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 2 | 8 | 7 | 6 |
| 1 | 2 | 8 | 5 | 6 | 7 | 9 | 3 | 4 |
| 8 | 3 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 6 | 5 |
| 4 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 8 | 9 |
| 7 | 8 | 9 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 3 |

## मुख्य सचिव से मिले ग्राम प्रधान, सौंपा मांग-पत्र

**अमृत विचार लखनऊः** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के पदाधिकारियों ने मुलाकात कर विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और मांग-पत्र सौंपा।

इस दौरान बुधवार को लोकभवन में मुख्य सचिव ने कहा कि संगठन से मिले मांग-पत्र पर शासन गंभीरतापूर्वक विचार कर समस्याओं का निस्तारण करेगा। जिससे प्राधानों को राहत मिल सके।

# अंधेरे में जंगली जानवरों से मिलेगी सुरक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**चारों टाइगर रिजर्व के समीप 150 से अधिक गांवों की सुरक्षा में लग रहीं स्ट्रीट लाइटें**

**अमृत विचारः** अंधेरे में जंगली जानवरों से ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने नई पहल की है। सरकार और भारत केयर्स के बीच एमओयू हुआ है, जिसके तहत भारत केयर्स एनजीओ अपने सीएसआर फंड से दुधवा, पीलीभीत, अमानगढ़ व रानीपुर टाइगर रिजर्व के आसपास के संवेदनशील गांवों में स्ट्रीट लाइट लगा रहा है।

यह स्ट्रीट लाइट सिग्निफाई की तरफ से उपलब्ध कराई गई है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के समीप अतिसंवेदनशील गांवों में लाइट लगाने का कार्य शुरू हो गया है। शेष स्थानों पर मार्किंग व सर्वे का कार्य चल रहा है। सरकार का यह कदम रात में गांवों में प्रवेश करने वाले जंगली जानवरों से संघर्ष को रोकने और सुरक्षा में काफी कारगर साबित होगा।

पीलीभीत के डीएफओ मनीष सिंह ने बताया कि भारत केयर्स के सीएसआर फंड से 12 अगस्त से यह कार्य प्रारंभ हुआ है। 50 गांवों के समीप 200 से अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जा चुकी हैं। यहां गांवों में 750 से अधिक लाइट्स लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। पंडरी, भैरों, गोयल कॉलोनी, माला कॉलोनी, जमुनिया, मंदारी आदि गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है।

### सोलर लाइट्स को भी लगाया जाएगा

सीएसआर फंड से स्ट्रीट लाइट लगवाने वाली भारत केयर्स के सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट रजत सिंह ने बताया कि इसे लेकर राज्य सरकार से एमओयू हुआ है। इसके तहत 100 से अधिक वन्य गांवों में एलईडी लाइट्स लगाई जाएगी। आवश्यकतानुसार यहां सोलर लाइट्स को भी लगाया जाएगा। पीलीभीत में लाइट लगाई जा रही है। अमानगढ़ और दुधवा के आसपास के गांवों में मार्किंग व सर्वे के उपरांत इसे लगाया जाएगा।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 अगस्त गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-भाद्रपद, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-एकादशी 30 अगस्त 01.37 तक तत्पश्चात द्वादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-शरद।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-आर्द्रा 16.39 तक तत्पश्चात पुनर्वसु।

**मेष** — आज अपने प्रेमी जन को विवाह के लिए प्रपोज करने हेतु दिन अच्छा है। लोगों के साथ विविध विषयों पर चर्चा करने में आप काफी रुचि लेंगे। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। धन से जुड़े मामलों में आप भाग्यशाली रहेंगे।

**वृष** — आज आपको पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना होगा। कुछ रिश्तेदार आपसे ईर्ष्या कर सकते हैं। कुछ महत्वपूर्ण पेपर्स के गुम होने की आशंका है। आप दिखावे के चक्कर में धन खर्च कर सकते हैं। व्यवसाय में उतार-चढ़ाव की स्थिति बनी रहेगी।

**मिथुन** — आज आप अपने ही निर्णयों को प्राथमिकता दें। सभी काम योजनाबद्ध तरीके से करेंगे,जिसके कारण सभी काम तय समय पर पूर्ण हो जाएंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। व्यापार में उच्च आर्थिक लाभ मिलेगा। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा में विजय मिल सकती है।

**कर्क** — आज कार्यक्षेत्र में सहयोगियों के साथ संबंध प्रभावित हो सकते हैं। अपने व्यवहार में लचीलापन रखें। ज्यादा सोच-विचार के कारण आपके काम प्रभावित हो सकते हैं। जीवनसाथी को आपके ऊपर भरोसा कुछ कम हो सकता है। परिवार में कुछ परेशानी का माहौल रहेगा।

**सिंह** — आज जीवनसाथी के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। संतान के प्रति मन में वात्सल्य भाव बढ़ेगा। विवादित मामलों में प्रतिक्रिया न दें। अपने काम में पारदर्शिता बनाकर रखें। सामाजिक कार्यों से जुड़े लोगों को बड़ा जनसमर्थन मिल सकता है।

**कन्या** — आज आर्थिक स्थिति में धीरे-धीरे सुधार होगा। लेन-देन से जुड़े मामले आसानी से सुलझ जाएंगे। जोखिम भरे कार्यों से आपको बचना चाहिए। आप अपने मनपसंद भोजन का आनंद उठा सकते हैं। कार्यक्षेत्र में सहयोगी आपकी मदद करेंगे।

**तुला** — आज व्यापारिक यात्रा लाभकारी सिद्ध होगी। वैवाहिक जीवन में प्रेमभाव और समर्पण का भाव बढ़ेगा। कई दिनों से रुके हुए काम दोबारा शुरू होंगे। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें। कानूनी विवादों में आपको सफलता मिल सकती है।

**वृश्चिक** — आज रियल एस्टेट में सावधानी पूर्वक निवेश करें। खानपान में थोड़ी भी लापरवाही नुकसानदेह सिद्ध हो सकती है। घर में मेहमानों का आगमन हो सकता है। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। सहकर्मियों के भरोसे अपने काम न छोड़ें।

**धनु** — आज मन को शांत रखने के लिए मधुर संगीत की मदद ले सकते हैं। संतान के व्यवहार से आपका मन प्रसन्न होगा। अपनी बातों को दृढ़तापूर्वक रखने से आपका काम आसानी से पूर्ण हो जाएगा। प्रेम विवाह में आ रही बाधा दूर होगी।

**मकर** — आज आप नया वाहन खरीदने की योजना बना सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों का उत्तम व्यवहार देखने को मिलेगा। गैरकानूनी मामलों में आपको उलझने से बचना चाहिए। उच्च अधिकारी के साथ आपके संबंध बहुत ही अच्छे रहेंगे।

**कुंभ** — आज बच्चों के साथ काफी समय बिताएंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। राजनीतिक समारोह में हिस्सा ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में विस्तार कर सकते हैं। नई स्किल्स सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। माता-पिता के साथ अपने संबंध मधुर रखें।

**मीन** — आज घरेलू मामलों में आपको ध्यान रखने की आवश्यकता है। व्यापारियों के लिए दिन बहुत अच्छा नहीं है। अनुचित कार्यों को लेकर आप रुचि ले सकते हैं। संतान की गलतियों को ढंकने से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आपके खर्चों में कमी आएगी।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
कातिलों का कातिल — सुबह : 10.41
फौलादी — रात : 08.34

&pictures
ग्रेट ग्रैंड मस्ती — सुबह : 10.53
लॉस्ट — रात : 08.00

SONY PIX
घोस्टबस्टर्स — सुबह : 11.28
जिओस्ट्राम — रात : 09.00

ZEE CINEMA
मेरा बदला — सुबह : 10.50
अक्षरा — रात : 08.00

colors CINEPLEX
डैशिंग सीएम भारत — सुबह : 10.40
द गार्जियन — रात : 07.59

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक महिला रिक्शे वाले से- मैं तुम्हारे रिक्शे से उतरकर जा रही थी, फिर भी तुम ने भाड़ा क्यों नहीं मांगा?
रिक्शा वाला- जी, मैं शरीफ औरतों से पैसे नहीं मांगता।
महिला-अगर मैं बिना भाड़ा दिए चली जाती तो?
रिक्शा वाला- मैं समझ जाता कि आप शरीफ नहीं हैं और फिर मैं भाड़ा मांग लेता।

हॉस्टल में रहने वाले पिंटू ने अपने दोस्तों से कहा- यार धोखा हो गया धोखा
दोस्त- क्या हो गया?
पिंटू- यार घर से बुक्स के लिए पैसे मंगवाए थे, लेकिन घर वालों ने बुक्स ही भेज दीं।

## एक नजर

### हादसों में दो लोग गंभीर

**मौदहा।** क्षेत्र में हुई दो अलग अलग घटनाओं में एक बच्ची सहित दो गंभीर हो गए। दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। क्षेत्र के गहरौली खुर्द निवासी राजकुमार की तीन वर्षीय पुत्री मुस्कान खेलते समय ऊंचाई से गिर गई। तो दूसरी घटना में छिमौली निवासी शोभा (28) पत्नी अनिल ऊंचाई से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। दोनों घायलों को परिजनों द्वारा इलाज के लिए कस्बे के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां से दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। फिलहाल दोनों को गंभीर चोटें बताई जा रही हैं।

### मजदूरी दिलाने की लगाई गुहार

**बिवांर।** मौदहा कस्बे की युवती सीमा व महिला चुन्नी देवी सहित अन्य ने थाना में तहरीर देते हुए बताया कि मसगवां गांव निवासी महेंद्र सिंह के खेत में धान फसल की रोपाई की थी। जिसकी मजदूरी का रुपया नहीं दे रहा है। रुपये मांगने अभद्रता कर रहा है। उसके साथ ही अन्य चार महिलाओं की मजदूरी का 18 हजार रुपये हो रहा है। कुनेहटा चौकी प्रभारी अखिलेश प्रसाद ने बताया कि महिलाओं की तहरीर पर खेत मालिक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### युवती को ले जाने की एफआईआर दर्ज

**बिवांर।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी 21 वर्षीय युवती को पड़ोसी बहला फुसलाकर भगा ले गया। उधर पुत्री का अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। एक गांव निवासी परिजनों ने बताया कि रात में वह गहरी नींद में सो गए। तभी मौका को पाकर रात करीब एक बजे पड़ोसी अमित उर्फ करिया पुत्र कल्लू वर्मा उनकी बेटी को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गया। एसआई मनोज कुमार ने बताया कि युवती के पिता की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। दोनों की तलाश कर युवक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### महिला के साथ पिता-पुत्र ने की मारपीट, थाने में तहरीर

**बिवांर।** झांसी जनपद के मोंठ थाना क्षेत्र के गरौठा गांव की महिला प्रियंका पत्नी रामजी खंगार ने थाना में तहरीर दी। बताया उसका मायका बांधुरखुर्द गांव में है। बुधवार को दोपहर ई रिक्शा की चाबी को लेकर भाई साकेत से गांव का अनिल पुत्र बाबूराम विवाद कर अभद्रता करने लगा। विरोध के किए जाने पर मारपीट शुरू कर दी है। उसी समय अनिल का पिता बाबूराम पुत्र अठमनिया आकर मारपीट करने लगा। इस पर उसके बीच बचाव करने के दौरान बाबूराम ने मारपीट कर हाथ पकड़ा। चूड़ी के तोड़ देने से कलाई में घायल हो गई। महिला ने पिता पुत्र दोनों के खिलाफ थाना में तहरीर दी है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पिता पुत्र दोनों की तलाश कर कार्रवाई की जाएगी।

### बारिश से ढहा गरीब का घर

**सुमेरपुर।** बिल्हड़ी में एक गरीब विधवा का रिहायशी कच्चा मकान ढह जाने से गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया। पीड़िता का आरोप है कि वह आवास योजना के लिए पिछले 18 वर्षों से मांग करती चली आ रही है। लेकिन उसे आज तक योजना का लाभ नहीं मिला है। बारिश के चलते बीती रात बिल्हड़ी निवासी विधवा कलावती प्रजापति का कच्चा रिहायशी मकान ढह जाने से गृहस्थी का हजारों रुपए का सामान नष्ट हो गया। पीड़िता का आरोपी की वह 18 साल से आवास की मांग कर रही है। लेकिन उसे पात्र नहीं माना गया। ग्राम प्रधान जय नारायण विश्वकर्मा ने बताया कि विधवा पात्र है। उसका नाम सूची में शामिल किया जा रहा है। जल्द ही उसे आवास का लाभ दिलाया जाएगा।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**मौदहा।** नगर के सिचौली पुरवा निवासी राजेंद्र उर्फ लाला (42) पुत्र कल्लू व रमेश (40) पुत्र जमुना दोनों बाइक में सवार होकर कस्बे से कबरई की ओर जा रहे थे तभी महोबा की ओर से आ रही चार पहिया गाड़ी से किसान पेट्रोल पंप के पास दोनों में जोरदार टक्कर हो गई जिससे दोनों बाइक सहित सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें लहूलुहान की हालत में वहां मौजूद लोगों ने आनन फानन में नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होते देखा प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

### पुष्पेंद्र गुप्ता के निधन पर शोकसभा का आयोजन

**हमीरपुर।** बुंदेलखंड अभिव्यक्ति साहित्य संस्था की ओर से आचार्य देवनारायण सोनी के आवास पर शोक सभा का आयोजन हुआ, जिसमें संस्था के कोषाध्यक्ष रहे स्टेट बैंक के कर्मचारी पुष्पेंद्र कुमार गुप्ता के निधन पर दो मिनट का मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। इस मौके पर नारायण प्रसाद रसिक, प्रेमपाल द्विवेदी, डा.ज्ञानेंद्र कुमार द्विवेदी, पं.दिनेश दुबे, गणेश विद्यार्थी, विष्णु कुमार खरे, महेंद्र कुमार खरे, आशीष कुमार बादल आदि मौजूद रहे।

# ग्राम समाज की जमीन पर बनी थी ईदगाह

## सुमेरपुर कस्बे का मामला, अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की जांच के दौरान हुआ खुलासा

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** वक्फ बोर्ड की जमीन बताकर गृहस्वामियों को खाली करने का नोटिस थमाने के बाद दांव उल्टा पड़ गया। नोटिस के बाद मकान मालिकों की शिकायत पर हुई जांच में पाया गया कि ईदगाह वक्फ बोर्ड की जमीन पर नहीं, बल्कि ग्राम समाज की जमीन पर बनी है। जांच टीम को कमेटी कोई अभिलेख भी मुहैया नहीं करा सकी। जांच टीम ने माना कि कमेटी मनमाने तरीके से कार्य कर रही है।

कस्बे के बांकी रोड स्थित ईदगाह एवं मदरसा के संचालन के लिए अंजुमन नूरुल इस्लाम कमेटी बनी है। इस कमेटी के अध्यक्ष तुफैल खान एवं सचिव असद उल्ला हैं। 13 अगस्त को कमेटी के अध्यक्ष एवं सचिव ने ईदगाह के पीछे रहने वाले लोगों को वकील के जरिये नोटिस भेजकर मकान खाली करने के निर्देश देते हुए कहा था कि यह जमीन ईदगाह की है। यह नोटिस मिलने के बाद लोगों में हड़कंप मच गया था।

नोटिस मिलने के बाद ईदगाह के पीछे रहने वाले लोगों ने मामले की शिकायत जिलाधिकारी राहुल पांडेय से की। जिलाधिकारी ने मामले की जांच अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल को सौंपी।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल बुधवार को जांच के लिए पहुंचे। उन्होंने ईदगाह पहुंचकर सबसे पहले ईदगाह में संचालित दारुल नूरुल इस्लाम मदरसा का निरीक्षण किया और मदरसा के मौलवी जाहिद अली से पूछताछ करने के बाद मदरसा के अभिलेख मांगे, लेकिन वह कुछ नहीं दिखा सके। मौलवी ने कहा कि मदरसा के मुतवल्ली हाफिज सैफ उल्ला हैं, अभिलेख उनके पास ही हैं। काफी जद्दोजहद के बाद कमेटी के अध्यक्ष तुफैल अहमद जांच टीम के सामने आए और ईदगाह की खतौनी पेश की, लेकिन वह वक्फ बोर्ड के कोई कागजात नहीं दिखा सके। इससे जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने साफ लफ्जों में कहा कि यह जमीन वक्फ बोर्ड की नहीं, बल्कि ग्राम समाज की संपत्ति है। कमेटी नियम विरुद्ध ढंग से मदरसा का संचालन कर रही है।



वक्फ बोर्ड की जमीन की जांच करते अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी।

- कोई भी दस्तावेज पेश नहीं कर सकी अंजुमन नूरुल इस्लाम कमेटी
- आसपास के गृहस्वामियों को जमीन खाली करने की दी गई थी नोटिस

### मदरसा की रद होगी मान्यता

- जांच के दौरान पाया गया कि ईदगाह में संचालित मदरसा मान्यता प्राप्त है, लेकिन छात्र संख्या नगण्य है। इस वजह से मदरसा की मान्यता समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि जमीन वक्फ बोर्ड की नहीं, बल्कि ग्राम समाज की है। इसकी जांच रिपोर्ट तैयार कर कार्रवाई के लिए जिलाधिकारी के साथ अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। जांच के दौरान अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के लिपिक सुरेश कुमार, सोहनलाल आदि मौजूद रहे।

## जमीन विवाद का हल किए बगैर लौट गई राजस्व टीम

संवाददाता, मुस्करा

- जिला पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत के बीच बढ़ा विवाद

**अमृत विचार।** क्षेत्र के इमिलिया गांव में राजस्व टीम जमीन का विवाद नहीं सुलझा सकी। इस मामले को लेकर जिला पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत आमने-सामने आ गए। विवाद बढ़ता देख राजस्व टीम वापस चली गई। मौके पर पहुंची मुस्करा थाने की पुलिस ने मामला शांत कराया।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महिपाल राजपूत ने बताया कि बस स्टॉप के पास गाटा संख्या 639 में आबादी श्रेणी 6/2 की जमीन, मौदहा बसवारी मुख्य मार्ग, उमरी रोड के कॉर्नर पर सार्वजनिक क्षेत्र के लिए मूल आबादी के तौर पर छोड़ी गई थी, जिस पर वर्ष 1985 में ग्राम प्रधान रहे सुंदरलाल प्रजापति ने यात्री प्रतीक्षालय और चबूतरा का निर्माण कराया था। वर्ष 2000 में ग्राम प्रधान रहीं संपत देवी ने प्रस्ताव पास कर टीनशेड तुड़वाकर दुकानों का निर्माण करने का बीड़ा उठाया था, लेकिन तब बजट के अभाव में दुकानें नहीं बन सकी थीं। इसके बाद प्रधान रहे मौजूदा जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह की इस जमीन पर नीयत खराब हो गई।

बताया गया कि दो बार प्रधान रहे दिनेश सिंह इस जमीन पर कब्जा करने में आमादा हैं, जबकि जिला पंचायत सदस्य दिनेश सिंह का कहना है कि जमीन विवादित नहीं है। इस जमीन का उनके पास बैनामा है। उन्होंने 2010 में रामकुमार विश्वकर्मा से जमीन खरीदी थी। इस जमीन पर न कोई मुकदमा चल रहा है और न ही कोई स्टे है। उनका ही मालिकाना हक है। लेखपाल और नायब तहसीलदार ने इस मामले में कुछ भी टिप्पणी करने से इंकार किया। उन्होंने सिर्फ इतना ही कहा कि इस मामले का निर्णय अब न्यायालय से ही किया जा सकता है।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें



किशोरी के शव को कब्र से निकलवाती पुलिस। अमृत विचार

# छह माह बाद कब्र से निकाला गया शव

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- किशोरी की मौत के मामले में नया मोड़, चाचा पर हत्या का आरोप
- जिलाधिकारी के आदेश पर डॉक्टरों के पैनल से कराया जाएगा शव का पोस्टमार्टम

**अमृत विचार।** छह महीने पहले फंदा लगने से हुई किशोरी की मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। किशोरी की मां की ओर से अपने ही देवर के खिलाफ हत्या का आरोप लगाए जाने के बाद जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को किशोरी के शव को कब्र से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इस दौरान गांव के लोगों के बीच भारी पुलिस बल के साथ तहसीलदार मौजूद रहे।

मौदहा क्षेत्र के रीवन के विश्राम की पुत्री सपना (11) का एक फरवरी को फंदे पर शव लटका मिला था। परिजनों ने दूसरे दिन शव का अंतिम संस्कार कर दिया था और किशोरी की मौत की सूचना कोतवाली में भी नहीं दी थी। इस मामले को लेकर कुछ दिन बाद सपना की मां उर्मिला ने बेटी की मौत को लेकर अपने देवर सहित परिवार के कुछ लोगों पर हत्या करने की आशंका जताते हुए जिलाधिकारी से शव को खुदवाकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। कुछ माह पहले मां उर्मिला ने जिला मुख्यालय पर अनशन भी शुरू कर दिया था, जिसके बाद जिलाधिकारी ने 17 अगस्त को कब्र खुदवाकर डॉक्टरों के पैनल से वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराने के आदेश जारी किए थे। जिलाधिकारी ने इसके लिए मौदहा सीओ और तहसीलदार को अधिकृत किया था। जिलाधिकारी के आदेश पर बुधवार को तहसीलदार मनोज कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी आशीष यादव और कोतवाली प्रभारी रामआसरे सरोज भारी पुलिस बल के साथ रीवन गांव पहुंचे और खेत पर दफनाए गए शव को खोदवाने का काम शुरू किया। इस दौरान मौके पर परिवार के लोगों के साथ ग्रामीणों का खासा मजमा लगा रहा।

# आखिर फटकार के बाद पोषाहार का वितरण शुरू

संवाददाता, सुमेरपुर

**अमृत विचार।** जिला कार्यक्रम अधिकारी की फटकार के बाद बुधवार से आंगनबाड़ी केंद्रों के पोषाहार का वितरण ब्लॉक से शुरू कराया गया। अब माह के अंत तक इसके आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरण होने की उम्मीद बनने लगी है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी के यदा कदा आने तथा चंद मिनट में वापस लौट जाने से जुलाई माह के पोषाहार का वितरण नहीं हो रहा था। गत सप्ताह जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बाल विकास परियोजना कार्यालय का औचक निरीक्षण किया था। पोषाहार का वितरण न होने पर उन्होंने सुपरवाइजर कामनी पाल आदि को कड़ी फटकार लगाई थी और तत्काल वितरण के आदेश दिए थे। इस खबर को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया गया था। मंगलवार को सीडीपीओ कार्यालय पहुंची और सुपरवाइजरों को पोषाहार तत्काल बांटने को कहा। बुधवार को पोषाहार का वितरण आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को ब्लॉक कार्यालय से शुरू कराया गया। पोषाहार का वितरण शुरू होने के बाद अब उम्मीद जगी है कि माह के अंत तक इसका वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों में शुरू हो जाएगा।



ई रिक्शा में पोषाहार ले जाते।

## डीयू में नेता प्रतिपक्ष बने उज्ज्वल पाठक

**हमीरपुर।** दिल्ली विश्वविद्यालय में संविधान समीक्षा के संदर्भ में आयोजित सदन में जिले के कांग्रेस नेता उज्जवल पाठक ने कांग्रेस के मुख्य प्रतिनिधि के रूप में बतौर नेता प्रतिपक्ष उपस्थिति रहे।

उन्होंने कांग्रेस का पक्ष रखते हुए कहा कि आजादी से 2014 तक कांग्रेस सरकार ने संविधान की रक्षा के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया है। भूमि सुधारों को 9वीं अनुसूची में शामिल कर गरीब किसानों को उनका हक दिया। उन्होंने कहा कि वह आपातकाल के नैतिक पक्षधर नही है, परंतु तत्कालीन समय में राष्ट्र विरोधी तत्वों को रोकने के लिए आपातकाल जरूरी था, जो संविधान के अनुच्छेद 352 के तहत लगाया गया था। उन्होंने बीजेपी सरकार को संविधान और लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया।

## कार सवारों ने ट्रक के खलासी को किया अगवा, रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, राठ

- कार सवारों के चंगुल से छूटा खलासी, चालक के साथ राठ कोतवाली पहुंचा

**अमृत विचार।** कस्बे के चौपरा गेट इलाके के पास साइड न देने का आरोप लगाते हुए ब्लैक स्कॉर्पियो कार सवार लोगों ने ट्रक के आगे कार खड़ी कर चालक और खलासी के साथ गाली गलौज करते हुए खलासी को खींच लिया और उसे अगवा कर लिया। चंगुल से छूटे खलासी ने ट्रक चालक के साथ थाने पहुंचकर दो युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है।

कानपुर देहात के भोगनीपुर थाना क्षेत्र के चौरा गांव निवासी अरशद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि वह खलासी गोविन्द प्रसाद पाल निवासी अचपुरा थाना जलालपुर, हमीरपुर के साथ ट्रक से हमीरपुर जा रहा था, तभी राठ के चौपरा गेट के पास ब्लैक स्कॉर्पियो कार सवारों ने ट्रक के आगे अपनी कार लगा दी और साइड न देने का आरोप लगाते हुए गालीगलौज करने लगे।

बताया कि जब गालीगलौज करने का विरोध किया तो कार सवारों ने खलासी गोविंद प्रसाद को खींच लिया और उसे कार में बैठाकर मुस्करा रोड की ओर ले गए। कुछ देर बाद उसे फोन पर मुस्करा बुलाया। जब वह मुस्करा पहुंचा तो वहां खलासी चौराहे पर खड़ा मिला। बताया कि अगवा करने वाले दोनों युवक कस्बे के ही रहने वाले हैं। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि ट्रक चालक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप



बैनर लेकर कामतानाथ जाता श्रद्धालु। अमृत विचार

### कामतानाथ के भक्त दे रहे पानी बचाने का संदेश

**मुस्करा।** सोमवती अमावस्या को भगवान कामतानाथ स्वामी की परिक्रमा लगाने पैदल जा रहे तीर्थयात्रियों द्वारा पानी बचाओ का संदेश दिया जा रहा है। कस्बा निवासी चंद्रपाल अहिरवार अमावस्या पर कामतानाथ के दर्शन करने अपने साथियों के साथ पैदल जा रहे हैं। वह पैदल यात्रा करीब 7-8 दिन में पूरी करेंगे। साथ में एक बैनर लेकर चल रहे हैं, जिसमें पानी बचाओ का संदेश दिया जा रहा है। जिसमें लिखा है रहिमन पानी राखिए बिन पानी सब सून। उन्होंने अपने बैनर में लिख रखा है जो न जागा जल के लिए- वह न बचेगा कल, पानी की बर्बादी रोकिए- बिना पानी का क्या होगा जरा सोचिए, पानी बचाने का करो जतन क्योंकि पानी है बहुमूल्य रत्न, पानी को हम बचाएंगे -देश में खुशहाली लाएंगे, जल है असली सोना -इसे नहीं है कभी खोना, पानी के साथ न करो नादानी- नहीं तो हो जाएगी परेशानी, जैसे नारे लगाते हुए और रास्ते में पड़ने वाले गांवों के ग्रामीणों को पंपलेट बांटते हुए अपने साथियों के साथ लोगों को जागृत करते हुए कामतानाथ की यात्रा के लिए पैदल चल रहे हैं।

### पुत्र के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग

**हमीरपुर।** पुत्र की हत्या में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बुधवार को पीड़ित पिता ने एसपी की चौखट पर दस्तक दें कर न्याय की गुहार लगाई है। सुमेरपुर कस्बे निवासी गोपी यादव ने पत्र में बताया कि बीते 10 अप्रैल को उनके पुत्र भारत यादव (18) को सुमेरपुर निवासी हरीराम सोनकर आदि फैक्ट्री एरिया के खेतों में ले जाकर हत्या कर दी थी। जिसकी उसने स्थानीय पुलिस से लिखित शिकायत की। स्थानीय पुलिस की हीला हवाली के चलते पीड़ित पिता न्यायालय की शरण पहुँचे। न्यायालय के आदेशानुसार मुकदमा पंजीकृत हुआ किन्तु विवेचक द्वारा गिरफ्तारी ना होने पर उक्त लोगों द्वारा लगातार समझौते का दबाव बनाने से आहत हो पीड़ित पिता बुधवार को हत्या में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर एसपी से मिल न्याय की गुहार लगाई।

### ई-रिक्शे में करंट से चालक की हुई मौत

**हमीरपुर।** शहर के यज्ञशाला मोहल्ले में बुधवार को तड़के चार्जिंग में लगे ई-रिक्शे का प्लग हटाते समय करंट लगने से युवक की मौत हो गई। युवक एक घंटे तक ई-रिक्शे से चिपका रहा। सुबह पांच बजे के आसपास सोकर उठे परिजनों ने जब उसे ई-रिक्शे से चिपके देखा तो उसे लेकर जिला अस्पताल भागे, जहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद मृत घोषित कर दिया। यज्ञशाला निवासी रामप्रकाश गुप्ता का 21 वर्षीय पुत्र अंकित ई-रिक्शा चलाकर परिवार का सहयोग कर रहा था। मंगलवार रात अंकित घर के बाहर खाली पड़े प्लाट में रोज की तरह अपने ई-रिक्शा को चार्जिंग में लगाकर सो गया। तड़के चार बजे के आसपास अंकित उठा और चार्जिंग का प्लग निकालने लगा। इसी दौरान करंट की चपेट में आ गया। सुबह छह बजे जब परिजनों की आंख खुली तो अंकित ई-रिक्शे से चिपका हुआ था। आनन-फानन में उसे ई-रिक्शा से छुड़ाकर परिजन अस्पताल लेकर भागे, जहां डॉक्टरों ने देखते ही उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों में कोहराम मच गया।

### शिविर लगाकर बिजली बकायेदारों से वसूली की

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे के रहमानिया मदरसा में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने कैम्प लगाकर लोन वसूल किया साथ ही जमा करने वालो को प्रोत्साहित करते हुए सभी से जल्द लोग जमा करने के लिए जागरूक किया। बुधवार को जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने कस्बे के मदरसा रहमानिया स्कूल में अल्पसंख्यक वित्त एवं विकास लोन की वसूली के लिए कैंप लगाकर बकायेदारों से लोन वसूल किया एवं शेष बचे बकायेदारों को अगले कैंप में जल्दी बकाया की रकम जमा करने के निर्देश दिए हैं। वहीं जिला अल्पसंख्यक अधिकारी हिमांशु अग्रवाल ने बताया कि बुधवार को 80586 रुपये कैंप लगाकर वसूली की गई। साथ ही लोन जमा करने वाले नागरिकों को प्रोत्साहित करते हुए अन्य बकायेदारों को जल्द ही लोन जमा करने के लिए जागरूक किया गया।

### प्राधिकरण के सचिव ने जिला जेल का किया निरीक्षण

**हमीरपुर।** जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जिला जज गीतांजलि गर्ग ने बुधवार को जिला जेल का निरीक्षण किया। उन्हें साफ सफाई के साथ खाने की गुणवत्ता अच्छी मिली। जेल में अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों से उनकी दवा व समुचित इलाज उपलब्ध होने की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए जेल में अस्पताल का निरीक्षण कर बंदियों से उनकी दवा व समुचित इलाज उपलब्ध होने की जानकारी ली। सचिव ने बंदियों को बताया कि जिन बंदियों के पास उनकी पैरवी के लिए अधिवक्ता नहीं हैं। वह जेल अधीक्षक के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र नि:शुल्क अधिवक्ता के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में दे सकते हैं।

# खेल दिवस पर हुईं प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** मेजर ध्यानचंद के जन्म दिवस 29 अगस्त के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस पर राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेले प्रतियोगिताएं जारी हैं। जिला क्रीड़ाधिकारी ब्रजेश सोनी ने बताया कि जूनियर बालक अंडर-14, अंडर-19 एवं जूनियर बालिका अंडर-19 एथलेटिक्स प्रतियोगिता एवं जूनियर बालिका वर्ग खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

400 मी दौड़ अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम मो.फरहान, द्वितीय सचिन व तृतीय कुणाल वर्मा रहे। जबकि अंडर-19 बालक वर्ग में पृथ्वीराज सिंह प्रथम, हृदेश दीक्षित द्वितीय व शिवा तृतीय रहे। अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रथम पारूल, द्वितीय गौरी यादव व तृतीय स्थान पर रही। 1500 मी दौड़ अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम लवकुश, द्वितीय युसुफ व तृतीय आलेख रहे। डिस्कस थ्रो अंडर-14 बालक वर्ग में प्रथम नैतिक, द्वितीय सुभाष व तृतीय अंश रहे।

डिस्कस थ्रो अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम प्रेम कुमार, द्वितीय युवराज व तृतीय दिव्यांशु रहे। जैवलिन थ्रो अंडर-19 बालक वर्ग में प्रथम अभिषेक कुमार, द्वितीय आर्थिक व तृतीय युसुफ, जबकि डिस्कस थ्रो अंडर-19 बालिका वर्ग में प्रथम श्वेता, द्वितीय निधि, तृतीय रागिनी, जैवलिन थ्रो अंडर 19 बालिका वर्ग में प्रथम वैभवी, द्वितीय रागिनी, तृतीय भावना रही।



खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। अमृत विचार

## 100 वर्ष पुराना पेड़ गिरने से बिजली के 4 खंभे टूटे

संवाददाता, राठ

- पूरे इलाके की लाइनें क्षतिग्रस्त होने से बिजली गुल

**अमृत विचार।** कस्बे के फरसौलियाना इलाके में बुधवार को तड़के अचानक 100 वर्ष पुराना भारी भरकम नीम का पेड़ गिरने से इलाके में लगे बिजली के चार खंबे टूट गए तथा पूरे इलाके की विद्युत लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे पूरे इलाके की बिजली गुल हो गई। वहीं 100 वर्ष पुराने नीम के पेड़ के गिरने से पास में रखा एक हाथ ठेला भी पेड़ से दबकर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। टीम खम्बों और विद्युत लाइनों को दुरुस्त कर रही है।

कस्बे के फरसौलियाना इलाके के निवासी नासिर अली ने बताया कि आज तड़के अचानक मोहल्ले के पलंग चौक के पास लगा 100 वर्ष पुराना नीम का पेड़ अचानक भरभरा कर गिर गया। बताया कि भारी भरकम नीम के पेड़ के गिरने से मोहल्ले में लगे बिजली के चार खंबे टूट गए तथा उन खम्बों पर लगी विद्युत लाइनें भी टूटकर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई। बताया कि वह हाथ वाले ठेले पर चिकन आदि बेचकर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसने बताया कि उसका हाथ ठेला वहीं खड़ा था। नीम के भारी भरकम पेड़ के गिरने से उसका हाथ ठेला भी दबाकर पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया।

**शपथ दिलाई** फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत ऊं हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्वस्थ जीवन शैली अपनाने पर जोर

# स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का होता वास : स्वामीप्रासद

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** स्वस्थ्य शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का निवास होता है। मस्तिष्क स्वस्थ्य होने पर व्यक्ति में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ाता है और व्यक्ति नवाचार की ओर आगे बढ़ता है।

यह विचार ऊँ हरिहर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत सरकार के खेल विभाग एवं युवा कार्यक्रम के अन्तर्गत 26 से 31 अगस्त तक मनाए जाने वाले फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत प्राचार्य डा.स्वामी प्रसाद ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा किसी भी राष्ट्र और समाज के विकास में युवा छात्र-छात्राओं का विशेष योगदान होता है। यदि युवाओं के मस्तिष्क में सकारात्मक विचार होंगे तो देश और समाज नवाचार की दिशा में आगे बढ़ेगा। महाविद्यालय में अध्ययनरत सैकड़ों छात्र-छात्राओं को फिट इंडिया प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई। छात्र-छात्राओं ने एक सक्रिय एवं स्वस्थ जीवन शैली, फिटनेस और स्वास्थ्य के लिए प्रतिदिन आधा घंटा समय निकालने और अपने परिवार एवं पड़ोस के लोगों को स्वस्थ रहने के लिए प्रोत्साहित करने की प्रतिज्ञा ली। कीड़ा विभाग के प्राध्यापक डा.स्वयंवर सिंह ने स्वास्थ्य जीवन के लिए व्यायाम की आवश्यकता के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रवक्ता गण आरडी कर्णधार, डॉ सरिता दुबे, अमित नामदेव, अवधेश कुमार, मनोज कुमार, अजय कुमार, डॉ.अंजली मिश्रा, डॉ.राशिदा, प्रियंका, सूरज सिंह, त्रिभुवन देव, अनुज सिंह, अजीत सिंह, नईम बक्श आदि उपस्थित रहे।



फिट इंडिया प्रतिज्ञा की शपथ लेते महाविद्यालय के छात्र। अमृत विचार

# 2 कक्षाएं दूसरे स्कूल और 3 पंचायत भवन में चल रहीं

हरी नारायण पांडेय, रामनगर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** एक स्कूल का भवन जर्जर और क्षतिग्रस्त हो गया। सवाल उठा कि बच्चे कहां पढ़ेंगे। आननफानन में इसका भी हल खोज लिया गया। जिम्मेदारों ने तय किया कि अब कक्षाएं दो भागों में चलाई जाएं। मतलब दो कक्षाएं उच्च प्राथमिक विद्यालय में और तीन कक्षाएं पंचायत भवन में संचालित हों। यहां भी जगह कम हैं। ऐसे में पढ़ाई लिखाई की गुणवत्ता की कल्पना करना बहुत असंभव नहीं।

व्यवस्थाओं को चिढ़ाती और जिम्मेदारों को आइना दिखाती यह कोई कहानी नहीं बल्कि हकीकत है। मामला आकांक्षी ब्लाक रामनगर की ग्राम पंचायत कटैया खादर का है। विनोद, बलदेव द्विवेदी, नारायन, राजेंद्र सेन, संतोष आदि ग्रामीण बताते हैं कि प्राथमिक विद्यालय कटैया का भवन सन् 1995 के आसपास बनाया गया था। वर्ष 2018 आते आते यह भवन जर्जर और क्षतिग्रस्त होता गया और शिक्षकों ने इसे निष्प्रयोज्य घोषित कराने के लिए खंड शिक्षाधिकारी रामनगर को सूचना देनी शुरू कर दी। सन् वर्ष 2022 में बीईओ ने इस जर्जर विद्यालय में शिक्षण कार्य बंद करा दिए। इसके बाद गांव के पंचायत भवन में कक्षा एक से तीन कक्षाएं तथा कक्षा चार व पांच इसी पंचायत भवन के समीप स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय के दो कमरों में संचालित करने के आदेश दिए गए।


पंचायत भवन में लगी बच्चों की कक्षा। अमृत विचार


पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करते बच्चे। अमृत विचार


स्कूल जाने का बदहाल रास्ता। अमृत विचार

### क्या कहते हैं अफसर

बीडीओ ओमप्रकाश यादव ने कहा कि वह अभी हाल ही में रामनगर आए हैं। जानकारी नहीं है। इस मामले पर बीईओ ही बेहतर बता पाएंगे क्योंकि उनके शिक्षा विभाग का मामला है। बीईओ एनपी सिंह से बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने मीटिंग में होने के कारण बाद में बात करने के लिए कहा।

### नीलामी भी ठंडे बस्ते में

ग्रामीण बताते हैं कि जर्जर स्कूल की बिल्डिंग की नीलामी कराने की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई थी। बताया गया कि तब 2022 व 23 में इस जर्जर स्कूल की नीलामी एक लाख 82 हजार रुपये के लगभग आंकी गई थी पर इसे लेने के लिए कोई सामने नहीं आया था। आज भी उसी तरह जर्जर भवन जस का तस खड़ा हुआ है और नीलामी की कार्रवाई ठंडे बस्ते में चली गई।

### ग्राम पंचायत का काम भी प्रभावित

पंचायत भवन में कक्षाएं चलने से पंचायत का काम प्रभावित होता है। किसी भी काम के लिए ग्राम प्रधान के घर आना जाना पड़ता है। कई चुनावी प्रतिद्वंदिता रखने वाले ग्रामीण प्रधान के घर नहीं जाते।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय में भी जगह कम

यहां यह भी बताना उचित होगा कि उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यालय समेत कुल चार कमरे व एक खुला बरामदा है। इसमें इसी विद्यालय की कक्षा छह, सात व आठ के लगभग 170 बच्चे हैं। दो भवन प्राइमरी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई को देने से यहां की पढ़ाई भी प्रभावित हुई है। प्राथमिक विद्यालय में नामांकित 168 बच्चों में आधे तो पंचायत भवन में बैठाकर पढ़ाए जाते हैं और बाकी चार व पांच के बच्चे उच्च प्राथमिक विद्यालय के भवन में बैठने को विवश हैं इससे बच्चों के साथ ही अध्यापकों की भी समस्या होती है। प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक विनीत सिंह ने कहा कि जैसा अधिकारियों का निर्देश होगा, वैसा ही किया जाएगा।

- गजबः बिल्डिंग क्षतिग्रस्त हुई तो कक्षाओं का हुआ बंटवारा

### नहर से होकर आनाजाना

प्राइमरी स्कूल के बच्चों की पढ़ाई को लेकर उनके अभिभावकों में चिंता है। ग्रामीण इस बात को लेकर आक्रोशित हैं कि गांव से प्राइमरी स्कूल पहले नजदीक था लेकिन वर्तमान पंचायत भवन और जूनियर हाईस्कूल एक से डेढ़ किलोमीटर दूर है। बीच में सिलाउंटा नहर पड़ती है। ऐसे में अभिभावकों के मन में भय बना रहता है।

### आरटीआई में मिली जानकारी भी बेमतलब

4समाजसेवी व क्षेत्र पंचायत सदस्य अंकित शुक्ला एडवोकेट बताते हैं कि बीईओ रामनगर के माध्यम से आरटीआई के तहत पूछा गया कि यह विद्यालय कब बनवाया जाएगा। इसमें जल्द ही बनवाने का आश्वासन दिया गया लेकिन दो वर्ष बीत गए अब भी स्कूल बनने की उम्मीद कहीं नहीं दिख रही है।



# बरगढ़ फीडर चालू किए बिना दिक्कत नहीं होगी दूर

संवाददाता, मऊ (चित्रकूट)

- बनकर तैयार पर ध्यान नहीं दे रहे अफसर
- बिजली कटौती से उपभोक्ता हो रहे परेशान

**अमृत विचार।** बरगढ़ में बिजली की आवाजाही से लोगों को दिक्कत है। लोगों का कहना है कि जबतक बरगढ़ फीडर को अलग नहीं किया जाएगा, यह समस्या दूर होने वाली नहीं। इस संबंध में बरगढ़ के लोग हर स्तर पर आवाज उठा चुके हैं पर कोई सुनने वाला नहीं।

बरगढ़ निवासी समाजसेवी सुजीत जायसवाल कहते हैं कि लंबे समय से बरगढ़ फीडर बनकर तैयार है। अभी तक यहां ओबरी फीडर से बिजली आती है। बरगढ़ बड़ी ग्राम पंचायत है। यहां के फीडर को चालू कर दिया जाए तो अस्सी फीसदी समस्या दूर हो जाएगी। उन्होंने बताया कि अभी रेलवे अंडरपास से होकर तार ले जाने की व्यवस्था नहीं हो पाई और इसी वजह से यह फीडर चालू नहीं हो पा रहा। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देना होगा। उन्होंने यह भी बताया कि इसके अलावा बरगढ़ में पावर हाउस न होना भी बिजली आपूर्ति की अव्यवस्था का एक कारण है। अगर बरगढ़ मोड़ पर इसे स्थापित कर दिया जाए तो क्षेत्र की बिजली आपूर्ति की समस्या लगभग समाप्त हो जाएगी। उन्होंने बताया कि फिलहाल सैकड़ों मीटर लंबी लाइन जंगल के रास्ते से होकर गुजरी है। ज्यादा लोड होने की वजह से बिजली आतीजाती रहती है। रात में कोई भी कर्मचारी बिजली बनाने जंगल जाने को तैयार नहीं होता। अधिकारियों को इस ओर ध्यान देना होगा। क्योंकि रात भर बिजली गुल होने पर उपभोक्ताओं को गर्मी में ही रात बितानी पड़ती है। उन्होंने बिजली समस्या दूर करने के लिए लोगों में जागरूकता की आवश्यकता भी बताई।


सुजीत जायसवाल।

# संविदाकर्मी की मौत पर परिजनों ने दिया धरना

## मुआवजे की मांग, लिखित आश्वासन पर माने, ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय गिरने से हुई थी मौत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** ट्रांसफार्मर चढ़ाते समय गिरने से संविदाकर्मी की मौत के मामले में परिजनों ने बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पोस्टमार्टम हाउस में ये लोग शव रखकर धरने पर बैठ गए। इनकी मांग थी कि विभाग मुआवजा दे और मौके पर उच्चाधिकारी पहुंचकर आश्वस्त करें। लगभग तीन घंटे की अफरातफरी के बाद एसडीओ ने लिखित आश्वासन दिया। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।


मइयादीन।

जानकारी के मुताबिक, कर्वी तहसील अंतर्गत मडिलिकापुरवा मजरा हिनौता माफी निवासी मइयादीन यादव (44) पुत्र बाबूलाल विद्युत विभाग में लोढ़वारा में संविदाकर्मी था। मइयादीन के भाई रामफल ने बताया कि विभागीय अधिकारियों के आदेश पर वह 27 अगस्त को धरमपुरहा मजरा रेहुटा में खंभे पर ट्रांसफार्मर चढ़ा रहा था कि पैर फिसल जाने से गिर गया। आननफानन उसे जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पोस्टमार्टम हाउस में शव को रखकर परिजनों ने धरना शुरू कर दिया। इनकी मांग थी कि नियमानुसार मुआवजा दिया जाए और अधिकारी आकर इसका लिखित आश्वासन दें। इस पर पोस्टमार्टम हाउस में अफरातफरी मच गई। सीओ, कोतवाली प्रभारी आदि पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने की कोशिश की। लगभग तीन घंटे बाद एसडीओ रजनीश मौर्या के आश्वासन के बाद परिजनों ने धरना खत्म किया।


पोस्टमार्टम हाउस में धरने पर बैठे परिजन। अमृत विचार


एक्सईएन को ज्ञापन देते बिजलीकर्मी। अमृत विचार

### कर्मचारियों में रहा रोष

संविदाकर्मी की मौत को लेकर बिजलीकर्मियों में भारी रोष नजर आया। इस संबंध में उप्र विद्युत मजदूर संघ, बिजली कर्मचारी संघ और हा. इंप्लाई यू. संघ ने अधीक्षण अभियंता को पत्र भी दिया। इसमें संविदाकर्मी के परिजनों को साढ़े सात लाख रुपये मुआवजा देने का अनुरोध किया गया है। कर्मचारियों में इस बात को लेकर भी नाराजगी रही कि ट्रांसफार्मर का ठेका लेने वाली कंपनी के कर्मचारियों को ही ट्रांसफार्मर उतारना और चढ़ाना चाहिए पर जेई, एसडीओ के दबाव में संविदाकर्मियों को जान जोखिम में डालकर करना पड़ता है। इस संबंध में एसडीओ मौर्या ने बताया कि ट्रांसफार्मर चढ़ाने-उतारने के दौरान कंपनी के भी आदमी को रहना चाहिए। घटनास्थल पर कौन कौन था, क्या हालात थे सबकी जानकारी की जा रही है और अगर कोई दोषी पाया जाएगा तो उस पर भी कार्रवाई होगी।

# कबड्डी में जनसेवा इंटर कालेज की छात्राओं ने लहराया परचम

चित्रकूट कार्यालय

- राष्ट्रीय खेल दिवस के तहत हो रहे खेलकूद
- बालक वर्ग में 120 व बालिका वर्ग में 72 खिलाड़ियों ने लिया भाग

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर हो रही खेल प्रतियोगिताओं के क्रम में बुधवार को कबड्डी प्रतियोगिता हुई। इसमें बालक वर्ग में 120 व बालिका वर्ग में 72 खिलाड़ियों ने भाग लिया। श्रीगंगा प्रसाद जनसेवा इंटर कालेज की छात्राओं ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया।

स्पोर्ट्स स्टेडियम में हुई कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में जनसेवा कालेज की ए टीम विजेता तथा बी टीम उपविजेता बनी। बालक वर्ग में सरदार खां टीम विजेता व सरस्वती विद्या मंदिर की टीम उपविजेता रही। इसके पूर्व प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षाधिकारी बीके शर्मा ने किया। शैलेश उपाध्याय जिला युवा कल्याण अधिकारी एवं ज्ञानेंद्र मिश्रा मिड डे मील प्रभारी ने खिलाड़ियों की हौसलाफजाई की। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी विजय कुमार ने खेलों का महत्व समझाया। बताया कि प्रदेश सरकार ने अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को यूपी पुलिस अधीक्षक, जिला युवा कल्याण अधिकारी व आरटीओ विभाग में निरीक्षक पद नियुक्ति देने का फैसला किया है। खेल विभाग में निदेशक से लेकर सहायक प्रशिक्षक तक खिलाड़ियों को ही नौकरी दी जाती है।

ऐसे में खेल से रोजगार और स्वास्थ्य दोनों मिलेगा। प्रतियोगिता को संपन्न कराने में श्यामसुंदर, श्रीकृष्णा, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी का सहयोग रहा।


विजेताओं के साथ अतिथि और शिक्षक। अमृत विचार

# 24 किलो गांजा बरामद 2 आरोपी हुए गिरफ्तार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- लगभग साढ़े 7 लाख का है गांजा, दोनों आरोपी हैं भाई

**अमृत विचार।** सरधुआ पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर इनसे 24 किलो 690 ग्राम गांजा बरामद किया है।

28 अगस्त को प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी को सूचना मिली कि दो युवक गांजा लेकर राजापुर से कमासिन जा रहे हैं। पुलिस ने सुबह चिल्लीमल मोड़ पर बिना नंबर की बाइक पर सवार ननकू यादव और रामजस पुत्रगण स्व. भोला यादव निवासी सिकरी अमान को दबोच लिया। इनसे 24 किलो 690 ग्राम सूखा गांजा बरामद किया। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज हुई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि वे गांजा चित्रकूट के अलावा कौशांबी, फतेहपुर एवं बांदा में बेचते हैं। आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम में एसआई चंद्रमणि पांडेय, शिवमणि मिश्रा, शिवम कन्नौजिया, आरक्षी शक्ति सिंह, अतुल मिश्रा, राहुल पुरी, ललित सोनी और सतीश शामिल रहे।

# 24 घंटे के अंदर बाइक बरामद

**मऊ (चित्रकूट)।** पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बाइक चोरी का खुलासा किया है। बाइक बरामद कर दो आरोपियों को पकड़ा है। 27 अगस्त को शुभम मिश्रा निवासी लालता रोड ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी ने उसके कमरे के सामने से बाइक चोरी कर ली है।

एसआई अभिनव प्रताप सिंह ने मुखबिर की सूचना पर बुधवार को अहिरी पेट्रोल पंप के पास से कमलेश पुत्र शंभू निवासी बंबुरा व छोटेलाल पुत्र प्राण निषाद निवासी भिटारी को चोरी की बाइक के साथ पकड़ लिया। पुलिस टीम में आरक्षी राहुल पांडेय और अभिषेक कुमार शामिल रहे।

# नाती बनकर आए युवक ने जेवर किए पार

संवाददाता, राजापुर (चित्रकूट)

- वृद्धा ने दी तहरीर पुलिस कर रही जांच
- राजपुर थाना क्षेत्र का मामला

**अमृत विचार।** एक वृद्धा ने अनजान युवक पर टप्पेबाजी कर जेवर लूटने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज से युवक का पता लगाने में जुटी है।

ग्राम पंचायत पराको की कुसियापुरवा निवासी रामसंवारी ने बताया कि वह बुधवार को आर्यावर्त बैंक शाखा जा रही थी। इसी दौरान एक युवक उसे मिला और नानी कहते हुए उसका हाथ पकड़कर बैंक ले जाने की बात कही। उसे कम दिखता है और ऐसे में उसने सोचा कि यह उसका नाती है। वृद्धा का आरोप है कि वह उसे बैंक न ले जाकर गुड़ मंडी, बंदरहाई गली की ओर ले गया और बरगलाकर उसके गहने और रुपये लेकर चंपत हो गया। बाद में वह कालिंदीनगर नहर के पास पशु बाजार में रहने वाली पुत्री लक्ष्मीनिया के पास पहुंची और पूरी जानकारी दी तो पुत्री के यह बताने पर वह सन्न रह गई कि नाती तो यहां है ही नहीं।


रामसंवारी।

वृद्धा ने राजापुर थाने में तहरीर दी है। उधर, पुलिस कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। फुटेज में यह दिख रहा रहा है कि एक युवक वृद्धा का हाथ पकड़कर लिए जा रहा है। उधर, प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है। जल्द ही शातिर टप्पेबाज को पकड़ लिया जाएगा।

# रास्ते पर अतिक्रमण हो रही परेशानी

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** कर्वी कोतवाली अंतर्गत कोलगदहिया मजरा कछारपुरवा निवासी एक विधवा महिला ने अपने पड़ोसी पर रास्ते में अतिक्रमण करने का आरोप लगाया है। उसने इस संबंध में कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

उसका कहना है कि आरोपी विरोध करने पर एससी-एसटी एक्ट में फंसाने की धमकी देता है। कछारपुरवा निवासी संगीता देवी पत्नी स्व. संतराम साहू ने बताया कि वह अपने मकान का निर्माण करा रही है। उसका पड़ोसी इसमें अवरोध उत्पन्न कर रहा है। इसने नाली के ऊपर चबूतरा बनवा लिया है और इस पर सीढ़ियों का निर्माण भी करा लिया है। ऐसे में मकान बनाने के सामान को लाने ले जाने में दिक्कत होती है। आरोपी जानबूझकर उसी रास्ते पर अपने मवेशी भी बांधता है।

महिला ने बताया कि जब इसका विरोध किया जाता है तो वह विवाद पर उतारू हो जाता है। धमकी देता है कि एससी-एसटी के फर्जी केस में फंसा देगा। बताया कि यह सब बातें उसके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद भी हैं। उसने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार की है।

हाल | तीर्थस्थान आनेजाने के लिए एक सड़क तक नहीं

# कीचड़ से गुजरने के बाद मिलते हैं भैरम बाबा के दर्शन

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार।** पचास से अधिक गांव-मजरों के लोगों के लिए आस्था के केंद्र मठदर के भैरम बाबा धार्मिक स्थल जाने के लिए आज भी सड़क नहीं है। श्रद्धालु जान जोखिम में डालकर यहां आतेजाते हैं।

मठदर क्षेत्र में मुख्यमंत्री आ चुके हैं और पौधरोपण भी कर चुके हैं। उस समय मड़ैयन प्रधान ने मठदर के भैरम बाबा स्थल की सड़क बनवाने का अनुरोध किया था। तब अधिकारियों ने जल्द ही सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था लेकिन फिर कोई काम नहीं हुआ। ग्रामीण बताते हैं कि सेहरिन गांव से लगभग ढाई किमी लंबी सड़क वन क्षेत्र से होकर गुजरती है। कच्ची सड़क पर घुटनों तक पानी और कीचड़ से होकर श्रद्धालु आते जाते हैं। यहां पेयजल के लिए कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने यहां सोलर पंप की स्थापना कराई है। सड़क की समस्या अभी भी बरकरार है। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने जिलाधिकारी से इस ओर ध्यान देने का अनुरोध किया है।


इस तरह के रास्ते होकर आतेजाते हैं श्रद्धालु। अमृत विचार


मठदर का प्राचीन मंदिर। अमृत विचार

### भादों में लगता है मेला

पाठा क्षेत्र की ग्राम पंचायतों के अलावा कर्वी माफ़ी, सोनेपुर, सिद्धपुर, कोलगदहिया, सेमरिया, शीतलपुर, रेहुटिया, कुठलिहाई आदि गांव-मजरों के आस्थावान पहुंचते हैं। वैसे तो पूरे साल श्रद्धालु दर्शन करने जाते हैं लेकिन भादों के प्रत्येक मंगलवार को यहां भारी भीड़ उमड़ती है। ग्रामीण भंडारे करते हैं।

# श्रद्धालुओं को कराया जा रहा भोजन

संवाददाता, मुस्करा

**अमृत विचार।** भाद्र प्रद्र अमावस्या में चित्रकूट कामतानाथ दर्शन करने पैदल पहुंचने वाले यात्रियों के लिए प्रसाद की व्यवस्था समाजसेवियों ने की। आराम से बैठकर भरपेट भोजन कर भक्त भगवान कामतानाथ का नाम ले आगे बढ़ रहे हैं।

कस्बा निवासी भागीरथ महाराज ने बताया कि वह पिछले करीब पांच वर्षों से अपने साथियों के साथ कामतानाथ पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के भोजन की उत्तम व्यवस्था कर रहे हैं। जिसमें नाश्ता एवं भोजन के साथ रात्रि विश्राम की भी उत्तम व्यवस्था की जाती है। इसी प्रकार डाकखाना तिराहा के पास मोहित चंसोरिया की देखरेख में तीन दिनों से पैदल तीर्थयात्रियों के लिए चाय, नमकीन, बिस्किट, पानी की व्यवस्था की जा रही है। मुस्करा से पैदल निकलने वाले श्रद्धालुओं ने बताया कि वह लोग विलगांव, बंडवा, जमखुरी, सरीला, तुरना, चिल्ली, गोहांड आदि से हैं जो यहां से 70-80 किमी है। इसी तरह क्षेत्र के बसवारी, बिहुनी, मसगांव, इमलिया, न्यूरिया, गहरौली आदि गांवों में कामतानाथ के दर्शन करने जाने वाले पैदल यात्रियों को रोक-रोक कर बड़ी भक्ति भाव से भोजन व जलपान कराया जाता है।


चित्रकूट जाने वाले श्रद्धालुओं को खाना खिलाते। अमृत विचार

# दिव्यांग अपने खाते से लिंक कराएं आधार

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका यादव ने बताया कि दिव्यांग पेंशन की प्रथम किस्त की धनराशि लाभार्थियों के खाते में भेजी जा चुकी है। द्वितीय किस्त की धनराशि आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से लाभार्थी के खाते में भेजी जानी है। जिसके खाते में आधार लिंक होगा पेंशन की धनराशि भी उसी खाते में अंतरित होगी। उन्होंने बताया कि लाभार्थी चालू वित्तीय वर्ष में द्वितीय किस्त की धनराशि भेजे जाने के पहले 15 सितंबर तक बैंक खाते में आधार लिंक करा लें।

# वांछित गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पुलिस ने एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया। चौकी प्रभारी सीतापुर अनिल कुमार गुप्ता ने वांछित शेष कुमार पुत्र रामलाल साहू निवासी खटकाना शंकर बाजार को पकड़ा।

# रोजगार मेला कल, 12 से अधिक कंपनियां आएंगी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश के निर्देश पर जिला सेवा योजन कार्यालय में 30 अगस्त को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में एक दर्जन कम्पनियों द्वारा 500 से अधिक रिक्त पदों की भर्ती के लिए अभ्यर्थियों का साक्षातकार द्वारा चयन कर उन्हें रोजगार से जोड़ा जाएगा।

जिला रोजगार सहायक अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 अगस्त को सुबह दस बजे से होने वाले रोजगार मेले में नवार्ण भारत प्रा0 लि0, एसकेआर वर्कफोर्स प्रा0लि0, श्रीराम लाइफ इश्योरेंस कंपनी, एलआईसी महोबा सहित एक दर्जन कम्पनियां प्रतिभाग कर रही है, जो लाइन आपरेटर, असेंबल आपरेटर, सेल्स मैनेजर, बीमा अभिकर्ता आदि रिक्त पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेगी। उन्होंने अभ्यर्थियों से अपनी शैक्षिक योग्यता, डिप्लोमा आदि लेकर समय से पहुंचकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करते हुए इ अवसर का लाभ उठाए जाने की अपील की है।

### आज होगा आशा चयन का साक्षात्कार

**महोबा।** जिले में नगरीय आशा चयन का साक्षात्कार गुरुवार को सुबह दस बजे से नवीन मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय पुलिस लाइन रोड महोबा किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि पूर्व में जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था वह समय से कार्यालय पहुंचकर साक्षात्कार में शामिल हो साथ ही अपने मूल प्रमाण पत्रों को भी लेकर आए। कहा कि साक्षात्कार के बाद चयनित अभ्यर्थियों को जानकारी देकर अवगत कराया जाएगा।

# 15 चेकडेम बनाकर एमपी ने रोका बारिश का पानी, कैसे भरे बांध

**किसान परेशान**

नईमुर्रहमान

**अमृत विचार।** यूपी-एमपी की सरहद में समझौते के तहत बने उर्मिल बांध में मध्यप्रदेश के हिस्से में होने वाली बारिश का पानी बांध में नहीं आ रहा। कारण, मध्यप्रदेश प्रशासन ने बांध के पहले 15 चेकडेम और एक बड़ा तालाब बनाकर पानी रोक दिया है, जिसके चलते बारिश का आधा सीजन खत्म हो जाने के बाद भी बांध में पानी कम नजर आ रहा है। इस साल लगभग छह मीटर बांध अभी भी खाली है, जिससे इस साल यूपी और एमपी के खेतों में सिंचाई का संकट बढ़ना तय माना जा रहा है, जिससे किसान खासे चिंतित हैं।

एमपी में पानी का बंटवारा करने वाले केंद्रीय जल आयोग के बिना अनुमति के ही चेकडेम बना दिए गए। इतना ही नहीं सिंचाई के लिए बांध से 60 फीसदी पानी लेने वाले मध्यप्रदेश के छतरपुर जिला प्रशासन ने बांध निर्माण की 1768.09 लाख रुपये की बकाया धनराशि भी आज तक नहीं दी है, जबकि यूपी एमपी की सरहद में बने बांध निर्माण के समय यूपी को 40 फीसदी और एमपी को 60 फीसदी पानी देने की शर्त के साथ 60 प्रतिशत एमपी को निर्माण की धनराशि और यूपी को 40 फीसदी धनराशि व्यय करने का भी समझौता हुआ था, लेकिन उत्तर प्रदेश ने निर्माण कार्य में पूरा पैसा व्यय कर दिया था, इसके बाद भी मध्यप्रदेश ने अपने हिस्से का सिंचाई विभाग महोबा को एक पैसा भी नहीं दिया।



उर्मिल बांध। अमृत विचार

उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश सरकार के बीच वर्ष 1972 में हुए समझौते के तहत मध्यप्रदेश की 90 फीसदी और उत्तप्रदेश की दस फीसदी भूमि लेकर 2575 हेक्टेयर क्षेत्रफल में 2945.15 रुपये व्यय करके सरहद में उर्मिल बांध का निर्माण सिंचाई विभाग महोबा ने कराया था। उर्मिल बांध में भंडारन की क्षमता 1166 लाख घन मीटर है, लेकिन बांध के पहले छतरपुर मध्यप्रदेश प्रशासन ने 15 चेकडैम का निर्माण कराकर उर्मिल बांध में मध्यप्रदेश से आने वाले बारिश के पानी को रोक दिया है। इससे बरसात के मौसम में भी अब बांध जलभंडारण क्षमता के अनुसार नहीं भर पाता है। एमपी के हिस्से में बने चेकडेम ओवरफ्लो होने के बाद भी बांध में पानी आता है, लेकिन बारिश इतनी कम होती है कि चेकडेम और बड़ा तालाब भरना ही मुश्किल हो जाता हैं, जिससे ओवरफ्लो होने का सवाल ही पैदा नहीं होता है और इससे बांध में पानी नहीं आ पा रहा है। इतना ही नहीं बांध निर्माण के समय एमपी शासन को 1768.09 लाख और यूपी शासन को 1178.06 लाख की धनराशि व्यय करनी थी, लेकिन एमपी ने बांध निर्माण की धनराशि देने से साफ मना कर दिया। नतीजतन पूरी धनराशि उत्तर प्रदेश शासन को ही व्यय करनी पड़ी। अब एमपी की सरहद पर उल्टा चेकडेम बनाकर बांध के पानी को रोक दिया गया है।

- बारिश का आधा सीजन बीता उर्मिल बांध 6 मीटर खाली

> एमपी के छतरपुर जिले उर्मिल बांध से पहले बनाए गए चेकडेम के बावत उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया था। चेकडेम बनवाने से पहले छतरपुर जिला प्रशासन को पानी बंटवारा करने वाले केंद्रीय जल आयोग से वार्ता कर अनुमति लेनी चाहिए थी, लेकिन जनपद छतुपुर के सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने ऐसा नहीं किया है। इतना ही नहीं सींच की धनराशि भी छतरपुर जिला प्रशासन ने कई सालों से नहीं दी है।
>
> **संजय प्रसाद, अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग महोबा**

### बांध में पानी की मात्रा कम होने से किसान चिंतित

उर्मिल बांध के निर्माण के समय समझौते के तहत सिंचाई के लिए एमपी के किसानों को 60 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश के महोबा जिले के किसानों को 40 प्रतिशन सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है, लेकिन इस साल उर्मिल बांध के खाली होने से मध्यप्रदेश के जनपद छतरपुर और उत्तर प्रदेश के जनपद महोबा के किसानों को सिंचाई के लिए लाले पड़ना तय माना जा रहा है, जिससे किसानों को रबी फसल की जुताई-बुवाई की चिंता सता रही है। कारण, उर्मिल बांध का पानी पहले पेयजल के लिए साल भर के लिए सुरक्षित रखा जाता है, फिर सिंचाई के लिए पानी दिया जाता है।

# एलपीजी गैस से दौड़ा रहे वाहन

## घरेलू गैस से वाहन चलाने से वाहन चालक के साथ-साथ यात्रियों को भी खतरा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** जिले में कार व अन्य चार पहिया वाहनों को पेट्रोल और सीएनजी गैस से न चलाकर घरेलू गैस (एलपीजी) का उपयोग कर सड़कों पर दौड़ाया जा रहा है, जिससे जहां एक तरफ आम जनमानस को घरेलू गैस की किल्लत का सामना करना पड़ता है, वहीं दूसरी तरफ देसी जुगाड़ से लगाई गई गैस किट वाले वाहन दुघर्टनाओं का शिकार हो जाते हैं और इसका खामियाजा वाहन स्वामी के साथ-साथ वाहन में बैठे लोगों को दुर्घटना का शिकार होकर भुगतना पड़ता है।

गौरतलब है कि पेट्रोल और सीएनजी गैस से चलने वाले वाहन की तुलना में घरेलू सिलेंडर का उपयोग करना काफी सस्ता है। इसके चलते अधिक कमाने के चक्कर में लोग चार पहिया पेट्रोल वाहनों में गैस किट का प्रयोग कर धड़ल्ले से घरेलू गैस का उपयोग कर रहे हैं और वाहन में गैस भरने के लिए कई लोगों ने मशीन खरीद रखी है। कस्बों के अलावा शहर में इस गैस रिफलिंग मशीन के जरिए ही कार व अन्य वाहनों में लगे सिलेंडर में एलपीजी गैस रिफलिंग कर सड़कों पर धड़ल्ले से वाहन दौड़ाए जा रहे हैं, बावजूद इसके सबन्धित अधिकारी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जिले के अधिकांश स्थानों पर गैस रिफलिंग का कार्य किया जा रहा है और यह काला धंधा लंबे समय से जिले में पनप रहा है।



एलपीजी सिलेंडर से किट लगाकर वाहन में गैस भरता दुकानदार। अमृत विचार

वाहन स्वामी का कहना है कि पेट्रोल की तुलना में घरेलू गैस का उपयोग करने पर वाहन डेढ़ गुना से भी अधिक एवरेज देता है। मारुति, ओमनी वाहन तो एक गैस सिलेंडर से साढ़े तीन से चार सौ किमी तक चलते हैं, जिससे उन्हें अच्छा खासा मुनाफा हो जाता है।

> घरेलू गैस वाहनों में भरकर चलाने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है, और न ही आज तक किसी के द्वारा इस तरह की शिकायतें की गईं हैं, इसका पता लगाया जाएगा और घरेलू गैस भरने पर रोक लगाई जाएगी। जिससे किसी भी तरह का खतरा न पैदा हो सके।
>
> **राजीव कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी**

# बाबूलाल तिवारी की जयंती मनाई

**महोबा।** आजीवन निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा में समर्पित रहे, बाबूलाल तिवारी (दादाजी) की जयंती पर मंगलवार को रामलीला मैदान स्थित रामालय सभागार में पुष्पांजलि कार्यक्रम मुकुंद फाउंडेशन, महोबा द्वारा किया गया।

सर्वप्रथम उपस्थित लोगों द्वारा स्व. तिवारी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि आर्पित की गई। संगीताचार्य अबोध सोनी के निर्देशन में वीणापाणि संगीत महाविद्यालय एवं नवरस म्युजिकल ग्रुप के कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किया। इस मौके पर पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, पूर्व विधायक अरिमर्दन सिंह नाना, कॉंग्रेस जिलाध्यक्ष तुलसीदास लोधी, दिवारी लोक नृत्य कलाकार रमेश पाल, उपभोक्ता भंडार से मुकेश गुप्ता, जिला अधिवक्ता समिति से इंद्रपाल सिंह, शिव पाल सिंह, प्रभात सुल्लेरे, भारतविशाल शुक्ला आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को भाजपा से जोड़ने पर दें जोर

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** कस्बा खरेला में बुधवार को हमीरपुर कॉपरेटिव बैंक अध्यक्ष चक्रपाणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में कार्यशाला हुई। बैठक में गांव-गांव जाकर नए वोटरों को बनाने और भाजपा की सदस्यता दिलाए जाने और भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी अभियान चलाकर जनजन तक पहुंचाने के लिए अभियान चलाए जाने पर जोर दिया।

बैठक में पंडित नरेंद्र मिश्रा ने कहा कि सदस्यता संगठन की आत्मा है गांव-गांव, गली-गली जाएं और वहां के समाजसेवियों, अच्छे लोगों के साथ साथ नए युवा वोटरों को भाजपा की सदस्यता दिलाकर अपने धर्म और कर्म की रक्षा करने के लिए प्रेरित करें। कहा कि ये देश प्रभु श्री राम का है। भाजपा विश्व का सबसे बड़ा संगठन है, इसको और मजबूत बनाएंगे और आने वाले समय में प्रदेश में पुनः सरकार बनाकर इतिहास रचने का कार्य किया जाएगा।



बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी। अमृत विचार

- कार्यशाला में बोले अतिथि, प्रदेश में सरकार बनाकर रचा जाएगा इतिहास

बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रुद्रप्रताप शुक्ला, पूर्व जिला महामंत्री व ज़िला संयोजक सदस्यता अभियान महेंद्र गुरुदेव, मण्डल प्रभारी देवेन्द्र राजपूत, तेजा शिवहरे, शशांक गुप्ता, सुनील सेंगर, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष संदीप तिवारी, मण्डल महामंत्री शिव शंकर तिवारी, मंडल सदस्यता अभियान संयोजक ईशान सिंह, आर्यन सचान, कमल किशोर सिंह, सुमन श्रीवास एवं सभी मंडल पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन अध्यक्ष को मिला धमकी भरा पत्र

संवाददाता कुलपहाड़ महोबा

**अमृत विचार।** तहसील कुलपहाड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के नेतृत्व में अधिवक्ता पिछले छह दिनों से तहसील परिसर में आंदोलन कर तहसीलदार के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की अधिकारियों से मांग कर रहे हैं। आंदोलन के चलते एसोसिएशन के अध्यक्ष व महामंत्री को धमकी दी जा रही है और अध्यक्ष के चैम्बर में एक धमकी भरा पत्र भी डाला गया। नाराज अधिवक्ताओं ने तहसीलदार पर धमकी भरा पत्र डाले जाने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत की है।

तहसील कुलपहाड़ में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के नेतृत्व में अधिवक्ता 23 अगस्त से आंदोलन कर रहे हैं और तहसीलदार के खिलाफ जांच कर कार्रवाई किए जाने की मांग उठाई जा रही है। तहसीलदार कुलपहाड़ द्वारा आंदोलन को खत्म करने का भी दबाव बनाया जा रहा है, लेकिन अधिवक्ता अपनी मांगों को लेकर आंदोलित हैं। बताया कि जब बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना अपने चैम्बर में पहुंचे तो उन्हें एक पत्र मिला, जिसमें जल्द से जल्द आंदोलन समाप्त करने और धरना समाप्त नहीं करने पर अध्यक्ष व महामंत्री को दुनिया में न रहने की धमकी लिखी थी। अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन कुलपहाड़ के अध्यक्ष व महामंत्री ख्यालीराम राजपूत के नेतृत्व में एक ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए तहसीलदार पर धमकी भरा पत्र डालने का आरोप लगाया। इस मौके पर शिवराम राजपूत, कपिल यादव, मोतीलाल राजपूत, महेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद थे।

# किसानों की समस्याओं के निस्तारण पर मंथन

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** भारतीय हलधर किसान यूनियन महोबा की जिला स्तरीय मासिक बैठक बुधवार को शहर के हनुमान मंदिर में हुई। बैठक में प्रधानमंत्री फसल बीमा में अनियमितता, फर्जी बीमा कराने वालों और पीसीएफ केंद्र अजनर में फैले भ्रष्टाचार पर केंद्र प्रभारी पर हुई एफआईआर पर आज तक कार्रवाई न होने सहित तमाम बिन्दुओं पर चर्चा की गई। बैठक में किसानों की समस्याओं के निस्तारण किए जाने पर रणनीति बनाई गई और भ्रष्टाचार के खिलाफ किसानों ने नारेबाजी करते हुए 9 सितम्बर को आयोजित होने वाले अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन की रूप रेखा तैयार की गई।

यूनियन के जिलाध्यक्ष जनक सिंह परिहार ने कहा कि पीसीएफ केंद्र अजनर में फैली अनियमितता का भंडफोड करने के बाद भी आज तक एफआईआर होने के बाद जांच कार्य अधर पर लटका दी गई, जिससे केंद्र प्रभारी पर कोई ठोस कार्रवाई नही हुई। प्रशासन की इस उदासीनता के चलते यूनियन में प्रशासन के प्रति खासा आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा में अनियमितता व फर्जी बीमा कराने वाले गिरोह पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई साथ ही शेष किसानों का बीमा भुगतान भी अधड़ पर लटका हुआ है, जिससे किसान राशि पाने के लिए भटक रहा है और उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वहीं प्रधानमंत्री सम्मान निधि में किसानों को बेवजह परेशान करना तथा इस योजना से वंचित किया जा रहा है।



बैठक में प्रदर्शन करते किसान नेता। अमृत विचार

बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला प्रमुख महासचिव शंतराम त्रिपाठी ने जिले में सबसे गम्भीर समस्या चक रोडों पर किए गए अवैध कब्जे से जूझ रहे किसानों की है, जिसकी शिकायत के बाद भी अधिकारियों द्वारा निस्तारण में उदासीनता बरती जा रही है। किसान जहां तमाम समस्याओं से जूझ रहा है, वहीं शिक्षा स्वास्थ्य, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से प्रभावित हो रहा है। बैठक में विद्युत विभाग कबरई उपखंड कार्यालय में फैले भ्रष्टाचार पर ठोस सबूत होने के बाद भी किसी भी प्रकार की कार्रवाई अमल में न होने जैसे मामलों पर भी चर्चा की गई। अंत में 9 सितंबर से आयोजित होने वाले अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किए जाने के लिए अपर जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया जाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में बुंदेलखंड सचिव राजेंद्र सिंह परिहार, जिला सचिव धनीराम अनुरागी कुलपहाड़, तहसील अध्यक्ष राकेश यादव तहसील, शिशुपाल सिंह, तहसील सचिव अरविंद सिंह, ब्लाक अध्यक्ष कबरई दीपक कुमार त्रिपाठी, वीर बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

- 9 सितंबर को धरना और मुख्यमंत्री को ज्ञापन देने की बनाई रणनीति

# विधायक से मिला जूनियर शिक्षक संघ, बताईं समस्याएं

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ महोबा के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को चरखारी विधायक बृजभूषण राजपूत से भेंट कर शिक्षकों की समस्याओं से रुबरू कराया। विधायक ने शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण किए जाने का आश्वासन भी दिया।

बैठक में बेसिक विद्यालयों के भौतिक उत्थान, छात्रों को सर्व सुविधा युक्त वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा आदि विषयों पर विधायक के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षकों ने सकारात्मक सोच के धनी जनप्रतिनिधि से मिलने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक द्वारा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद एक घंटे का समय शिक्षक संघ को दिया और उनकी समस्याओं को भी सुना गया। समस्याओं को सुनकर विधायक ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द उनकी समस्याओं का निस्तारण कराया जाएगा और छात्र छात्राओं को बेहत वातावरण मुहैया कराने में उनके द्वारा सहयोग किया जाएगा।

विधायक बृजभूषण राजपूत ने बुंदेलखंड के युवाओं को सेना में अधिकारी के तौर पर एवं अधिक से अधिक संख्या में जागरूकता के लिए एक अच्छा संस्थान खोले जाने का भी आश्वासन दिया। कहा कि किसी भी शिक्षक का शोषण नहीं होने दिया जाएगा, शिक्षक समाज के सुधारक हैं। उनका अपमान सहन नहीं किया जाएगा। इस मौके पर समिति के जिला संयोजक प्रशांत सक्सेना, सह संयोजक रमाकांत मिश्रा, सदस्य रामसिंह राजपूत, भारत सिंह यादव आदि मौजूद थे।

**कजली मेला** काव्य गोष्ठी के माध्यम से दर्शकों का किया गया मनोरंजन

# क्यों जुल्म कर रहे हो, जनता को लूटे जा...

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** ऐतिहासिक कजली मेले में जहां सांस्कृतिक मंच में आयोजित कार्यक्रमों का समापन हो गया है, वहीं बुंदेली विधाओं के लिए बनाए गए आल्हा मंच में अभी भी तमाम बुंदेली कलाकारों द्वारा गीत, नृत्य व अन्य बुंदेली कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार की रात्रि संतोष कुमार पटेरिया की अध्यक्षता व ओमप्रकाश तिवारी राजू पंडित के संयोजन से काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में कवियों और रचनाकारों ने अपनी अपनी कविताएं सुनाकर दर्शकों का मनोरंजन कर वाहवाही लूटी। गोष्ठी में अतिथि के रूप में डा. एलसी अनुरागी मौजूद रहे।

गोष्ठी की शुरुआत वरिष्ठ कवि विदेश विद्यासेन ने सरस्वती वंदना हंसवाहिनी विराजो आज दाहिनी से की, इसके बाद उन्होंने मोबाइल के दुरुपयोग पर सांची बताव, होत रात मन को, अपनी रचना सुनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संतोष पटेरिया ने गरीब मजदूरों की रोजगार समस्या पर रचना पढ़ी कि मजूर घर से जा रये आज, छोड़ के देहरी गांव समाज को दर्शकों द्वारा खूब पसंद किया गया। इसी प्रकार संतोष कुमार ने कृष्ण की माया है, भेद नहीं पाया है सुनाई। कवि सुमंत शर्मा ने नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कहा कि क्यों जुल्म कर रहे हो, जनता को लूटे जारहे हो में दर्शकों ने खूब तालियां बजाई।



आल्हा मंच में आयोजित काव्य गोष्ठी में कविता सुनाते कवि। अमृत विचार

- आल्हा मंच में कलाकार बुंदेली गीत और संगीत की सजा रहे महफिल

कार्यक्रम के अतिथि वीरभूमि डिग्री कालेज महोबा के पूर्व प्रवक्ता डा. एलसी अनुरागी ने आल्हा ऊदल की वीरता पर कविता सुनाई कि सुमिरन करके मनियादेव का, कजली मेला का करुं बखान। ओमप्रकाश तिवारी ने मोरो नगर महोबा प्यारो, चंदेलन को न्यारो कविता सुनाई, तो वहीं पं. योगेंद्र तिवारी ने देश भक्ति से परिपूर्ण रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि तुम कैसे देश संभालोगे, कैसे देश बचाओगे। गोष्ठी के अंत में आए हुए कवियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया, साथ ही कवियों द्वारा कजली मेले को राष्ट्रीय मेला बनाए जाने के लिए आवाज बुलंद की गई।

# गांजा तस्करी के दोषी को 5 हजार रुपये का जुर्माना

**उरई।** अपर जिला जज ने अवैध रूप से गांजा तस्करी के मामले में दोषी को जुर्म कबूल करने पर 5 हजार रुपये से दंडित किया। अर्थदंड अदा न करने पर 15 दिन की अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

आटा पुलिस तीन मई 2022 को थाना क्षेत्र में अपराध रोकथाम के लिए नेशनल हाईवे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। चेकिंग के दौरान पुलिस को देख कर एक युवक भागने लगा। शक होने पर पुलिस ने उसका पीछा किया और घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुछताछ में उसने अपना नाम दुर्गा प्रसाद कस्बा थाना ललितपुर जिला ललितपुर बताया। पुलिस ने जामा तलाशी में अवैध गांजा बरामद कर जेल भेज दिया था। मामले में बुधवार को अपर जिला जज भारतेंद्र सिंह ने दुर्गा प्रसाद को जेल में बिताई अवधि और जुर्म कबूल करने पर पांच हजार रुपये से दंडित किया।

# क्षतिग्रस्त सड़क, निकलना मुहाल

कार्यालय संवाददाता महोबा

**अमृत विचार।** ग्राम रिवई को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली सड़क का बारिश आते ही हाल बेहाल हो जाता है। पहले से क्षतिग्रस्त सड़क में बारिश के चलते गहरे-गहरे गड्ढे हो गए, जिनमें पानी भर जाने से ग्रामीणों का वाहनों पर सवार होकर चलना तो दूर पैदल निकलना मुश्किल हो गया है। इन पानी भरे गड्ढों के कारण आधा दर्जन से ज्यादा वाहन चालक गिरकर जख्मी हो चुके हैं। ग्राम प्रधान व अन्य समाजसेवियों द्वारा कई बार उच्चाधिकारियों से मुख्य सड़क को बनवाए जाने की मांग की गई।

गौरतलब है कि थाना पनवाड़ी अंतर्गत आने वाले ग्राम रिवई में मुख्य सड़क का बारिश के मौसम में दलदल स्वरुप नजर आने लगी है। इस मार्ग को ग्राम वासियों को पार करने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है साथ ही वाहन चालक सड़क पर पानी भरे गड्ढों का अनुमान न लगा पाने के कारण गिर का घायल हो जाते हैं, बावजूद इसके इस सड़क की मरम्मत कराने में जनप्रतिनि और अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।



ग्राम रिवई की क्षतिग्रस्त सड़क। अमृत विचार

- ग्राम रिवई को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ने वाली सड़क का मामला

ग्राम वासियों का कहना है कि बरसात का मौका आते ही उक्त सड़क से हाईवे तक जाने में काफी समय लगता है, इतना ही नहीं किसी गंभीर मरीज या गर्भवती महिलाओं को वाहन द्वारा अस्पताल तक ले जाने में सबसे ज्यादा परेशानी होती है, क्योंकि इस सड़क पर पानी से भरे गड्ढों मंच वाहन डगमगाता रहता है, जिससे मरीज को भारी समस्या होती है।

ग्राम प्रधान राजू राजपूत व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि सालों से जर्जर पड़ी सड़क दुर्घटना को दावत दे रही है, गड्ढे हो जाने से लोगों की मुश्किलें और बढ़ गईं, बावजूद इसके ग्राम वासियों को मजबूरी वश इस मुख्य सड़क से आना जाना पड़ता है।

## एक नजर

### पात्रों को दिलाएं पीएम आवास

बांदा। कलक्ट्रेट स्थित महर्षि वामदेव सभागार में बुधवार को जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह पटेल की अध्यक्षता में पीएम आवास योजना उन्मुखीकरण गोष्ठी हुई। बैठक में डीआरडीए परियोजना निदेशक प्रवीणानंद ने पीएम आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत पात्रता की जानकारी दी। सीडीओ वेद प्रकाश मौर्य ने सभी खंड विकास अधिकारियों को पात्रों को पारिदर्शितापूर्ण चयन करके आवास देने के निर्देश दिए। बैठक में ब्लाक प्रमुख नरैनी मनफूल पटेल, ब्लाक प्रमुख बबेरू रमाकांत पटेल, ब्लाक प्रमुख तिंदवारी दीपशिखा आदि मौजूद थे।

### नागरिक अधिकार पार्टी का राष्ट्रीय लोकदल में हुआ विलय

बांदा। लखनऊ स्थित रालोद पार्टी कार्यालय में नागरिक अधिकार पार्टी का विलय हुआ। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष मुन्नालाल दिनकर के साथ राष्ट्रीय महासचिव राजबहादुर सिंह कुशवाहा, कमलेश चैधरी, मंडल अध्यक्ष रामबाबू वर्मा, छेदुवा वर्मा, रामगोपाल, उदयमान प्रजापति, राजकुमार वर्मा, विजयकरन वर्मा, सुनील वर्मा, मनोज गौतम शिवप्रसाद वर्मा, चुनकवा वर्मा, रामसजीवन वर्मा, माता प्रसाद वर्मा आदि ने रालोद प्रमुख व केंद्रीय मंत्री जयंती चैधरी के समक्ष पार्टी के विलय की घोषणा की।

# कोंच का जेपीएस अस्पताल 3 दिन के लिए सील, नोटिस किया चस्पा

## जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में चिकित्सा विभाग ने की कार्रवाई

संवाददाता, कोंच (जालौन)

**अमृत विचार।** जच्चा-बच्चा के इलाज में लापरवाही के आरोप के बाद चिकित्सा विभाग ने जेपीएस हॉस्पिटल पर बड़ी कार्रवाई की है। बुधवार को पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की मौजूदगी में एसीएमओ ने अस्पताल को 3 दिनों के लिए सील कर अस्पताल संचालक को नोटिस जारी किया है। एसीएमओ का कहना है कि अगर अस्पताल संचालक 3 दिन में नोटिस का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाता है तो आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गौरतलब है कि अस्पताल में उपचार के लिए आए जच्चा-बच्चा की मौत हो गई थी। परिजनों ने नर्सिंग होम के स्टाफ पर लापरवाही के आरोप लगाए थे और जच्चा-बच्चा की मौत का जिम्मेदार अस्पताल को ठहराया था। 23 अगस्त को कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गोरा करनपुर निवासी 35 वर्षीय गर्भवती महिला सुमन पत्नी मंगल सिंह दोपहर में प्रसव कराने के लिए उक्त नर्सिंग होम में आईं थी। यहां पर नर्स ने शाम को उसे उरई जाने की सलाह दी थी जिसके बाद महिला उरई स्थित कमला नर्सिंग होम पहुंची थी। यहां पर जांच के दौरान उसके पेट में बच्चे की मौत हो जाने की बात कह कर उसे झांसी रेफर कर दिया गया था लेकिन रास्ते में ही सुमन की मौत हो गई थी। मामले को लेकर पति मंगल सिंह ने यहां कोतवाली में शिकायती पत्र देकर जेपीएस नर्सिंग होम को मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की थी। मंगलवार को एसडीएम ज्योति सिंह, सीएचसी अधीक्षक डॉ. अनिल शाक्य, नायब तहसीलदार सुधीर कुमार सिंह, कोतवाल अरुण कुमार राय के साथ अस्पताल पहुंचीं थीं जहां उन्हें कोई जानकारी नहीं मिल सकी थी। इस पर बुधवार को एसीएमओ अरविंद भूषण ने एसडीएम ज्योति सिंह व कोतवाल अरुण कुमार राय की मौजूदगी में उरई रोड स्थित जेपीएस नर्सिंग होम पर छापा मारकर सील कर दिया। एसीएमओ ने बताया कि नर्सिंग होम संचालक को नोटिस जारी कर 3 दिन में जबाव मांगा गया है। अगर अस्पताल संचालक 3 दिन में नोटिस का स्पष्ट जवाब नहीं दे पाते हैं तो अस्पताल में परमानेंट ताला पड़ सकता है। इस दौरान तहसीलदार वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, सीएचसी प्रभारी डॉ. अनिल कुमार शाक्य, डॉ. रामकरण गौड़, लेखपाल सदर अखिलेश कुशवाहा, संग्रह अमीन नवीन दीक्षित आदि मौजूद रहे।



अस्पताल को सील करते अधिकारी। अमृत विचार

## स्वास्थ्य उपकेंद्र व आंगनबाड़ी केंद्रों का किया औचक निरीक्षण

**कालपी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देश पर उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने ग्रामीण क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं तथा नैनिहालों को दी जाने वाली शिक्षा व्यवस्था की हकीकत जानने के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तथा आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नैनिहालों की पढ़ाई तथा खेलकूद के संसाधनों को देखा। औचक निरीक्षण पर पहुँचे उपजिलाधिकारी को देखकर हड़कम्प मच गया।

बुधवार को उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह स्वास्थ्य उपकेंद्र सरसेला पहुँचे जहाँ पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मचारी गायब मिली, इस पर उन्होंने नाराजगी जताई। गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में तीन दर्जन पंजीकृत बच्चों में सिर्फ 6 बच्चें ही उपस्थित मिले। जिस पर उन्होंने नाराजी जागते हुए कहा कि बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए। सोहरापुर गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में 15 बच्चे पाए गए, कम उपस्थिति को देखते हुए उन्होंने नाराजगी जताई।

## सार-संक्षेप



स्कूल में बच्चों को पढ़ाते एसडीम सुशील कुमार सिंह व बीईओ सुनील कुमार राजपूत।

### एसडीएम ने परखी शिक्षा की गुणवत्ता

**कालपी।** प्राथमिक शिक्षा की हकीकत को परखने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार राजपूत के साथ उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने बुधवार को महेवा विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों से सवाल जबाब किये, जबाब सही मिलने पर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप उपजिलाधिकारी ने खंड शिक्षा अधिकारी के साथ इंग्लिश मीडियम प्राथमिक स्कूल सोहरापुर में 50 विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से अंग्रेजी के विषय में प्रश्न पूछें, बच्चों के सही जबाब देने पर अधिकारियों ने संतोष व्यस्त किया। इसी क्रम में वह प्राथमिक विद्यालय हरकूपुर पहुँचे विद्यालय में 119 विद्यार्थियों में 101 बच्चे उपस्थित पाए गए। जबकि प्राथमिक विद्यालय सरसेला में पंजीकृत एक सैकड़ा विद्यार्थियों में 70 बच्चें उपस्थित पाए गए। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने शिक्षकों से विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने विद्यालयों में बनने वाले मध्यान्ह भोजन की व्यवस्था का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक रखी जाए तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढाई जाए।

### अधिकारियों ने 13 परियोजनाओं का किया निरीक्षण

**कालपी।** जिला प्रशासन के निर्देशन पर जिला पंचायत अधिकारी आर.डी. गुप्ता ने नायब तहसीलदार तारा शुक्ला के साथ महेवा विकास खंड के दुर्गम ग्राम पाल सरैनी के विकास कार्यों का निरीक्षण किया, उन्होंने घूम-घूमकर शासन के द्वारा चलाई गई 13 परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों की वास्तविकता को देखा। विदित हो कि पाल सरैनी में डीपीआरओ आरडी गुप्ता तथा नायब तहसीलदार तारा शुक्ला औचक तरीके से पहुँचे, अधिकारियों ने ग्रामीणों से संवाद स्थापित करके विकास कार्यों की हकीकत को जाना। गांव में शासन की विभिन्न योजनाओं तथा मदों से तालाब, सड़क, नाला, पौधारोपण आदि कार्य कराए गए हैं। अमृत सरोवर तालाब का भी निरीक्षण किया, इसी क्रम में उन्होंने सीसी सड़क, नाले आदि से कराए गए कार्यों को देखा। नायब तहसीलदार ने बताया कि गांवों में संचालित 13 परियोजनाओं का स्थलीय किया गया। स्थलीय निरीक्षण के दौरान ग्रामवासियों से भी वार्ता की। निरीक्षण के दौरान कई जिम्मेदार अधिकारी मौजूद रहे।

### शिविर में 457 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बांदा।** आरोग्य भारती के तत्वाधान में जवाहर नवोदय विद्यालय दुरेड़ी में आयोजित शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने 457 छात्र-छात्राओं समेत विद्यालय स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए मुफ्त दवाएं वितरित कीं। शहर सीमा के दुरेड़ी गांव स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय में आरोग्य भारती के तत्वाधान में बुधवार को स्वास्थ्य प्रबोधन, स्वास्थ्य एवं दंत शिविर आयोजित हुआ। शिविर का उद्घाटन जिला जज डा.बब्बू सारंग व सिविल जज बीडी गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में डा.संगीता सिंह, डा.अनीता अग्रहरि, डा.अरविंद झा, डा.एसपी गुप्ता, डा.आलोक गुप्ता, डा.हिमांशु सिंह, डा.एसपी सिंह, डा.ऋषिका, डा.विनीत सिंह, डा.नीलम सिंह, डा.प्रदीप सिंह, डा.भूपेंद्र सिंह आदि ने विद्यालय के 457 बच्चों समेत स्टाफ का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित कीं।

### उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किए गए सजल कुमार

**बांदा।** इंडियन योग एसोसिएशन उत्तर प्रदेश स्टेट चैप्टर कमेटी की पहली बैठक में पदाधिकारियों व सदस्यों ने बढ़चढ़कर भागीदारी की। अखिलेश पांडेय ने वैदिक मंत्रोच्चार व दीप प्रज्वलन तथा शंखनाद के साथ बैठक का शुभारंभ किया। एसोसिएशन सचिव अमर सिंह भदौरिया ने वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बताया कि वर्तमान में एसोसिएशन में 252 सामान्य सदस्य, 319 योग प्रशिक्षित सदस्य, 39 आजीवन सदस्य, 13 अनुसांगी केंद्र और दो संस्थागत सदस्य हैं। पदाधिकारियों को सदस्यता बढ़ाने पर जोर दिया गया। इस मौके पर उत्तर प्रदेश मध्य जोन (फैजाबाद व चित्रकूट मंडल) प्रभारी सजल कुमार रेंडर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए गए। अध्यक्षता कर रहे पीयूष कांत मिश्रा ने बताया कि दो साल में यह पहली बैठक है। इस मौके प डा.पीएन अवस्थी, क्षमा त्रिपाठी, (कानपुर), नवीन सिंह (बस्ती), डा.राजेश द्विवेदी, डा.संजीव पांडेय, ललित मोहन पंत, डा.अरविंद शुक्ला, लक्ष्मण दास पुरवार, डा.शिल्पी समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्टेडियम-ए टीम बनी वॉलीबाल प्रतियोगिता की विजेता

**बांदा।** मेजर ध्यानचंद्र के जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय बालक वर्ग की वॉलीबाल प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला स्टेडियम ए और बजरंग इंटर कॉलेज की टीम के मध्य खेला गया। जिसमें 25-22 व 25-21 से स्टेडियम-ए टीम विजेता रही। स्पोर्ट्स स्टेडिय में जिला स्तरीय बालक वर्ग की बालीवाल प्रतियोगिता बुधवार को आयोजित की गई, जिसमें स्टेडियम ए, खानकाह इंटर कॉलेज, भागवत प्रसाद अकादमी, आदर्श बजरंग इंटर कॉलेज, एकलव्य महाविद्यालय, स्वराज कॉलोनी, स्टेडियम बी टीम ने प्रतिभाग किया। उद्घाटन मैच खानकाह इंटर कॉलेज व स्टेडियम बी टीम के बीच खेला गया, जिसमें खानकाह की टीम 25-22, 25-23 से विजयी रही। इस तरह पहला सेमीफाइनल खानकाह इंटर कॉलेज और स्टेडियम ए टीम के बीच खेला गया, जिसमें 25-15 व 25-12 से स्टेडियम ए ने प्रतिद्वंदी टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसी प्रकार से दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बजरंग इंटर कॉलेज व एकलव्य अकादमी के बीच खेला गया, जिसमें बजरंग इंटर कॉलेज की टीम ने अपनी प्रतिद्वंदी को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इस तरह बजरंग कॉलेज व स्टेडियम ए के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें स्टेडियम ए की टीम विजेता रही। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बालीबाल संघ के सचिव शिवकुमार गुप्ता ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। निर्णायक अभिषेक कुमार, रोहित कुमार व सेवानिवृत्त क्रीड़ाधिकारी सबल सिंह, डॉ. इंद्रवीर सिंह द्वारा किया गया। संचालन इंद्रवीर सिंह ने किया। सभी प्रतियोगिताएं उप क्रीड़ाधिकारी कल्पना कमल की देखरेख में हुई।

### परियोजना निदेशक ने जुझारपुरा गौशाला का किया निरीक्षण

**कोंच।** परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी ने जुझारपुरा में संचालित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा। गौशाला में गंदगी पसरी देख उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र ही सफाई कराये जाने के निर्देश दिए। कहा कि इस तरह की लापरवाही बरतने पर कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौशाला में सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए। इस दौरान सचिव हर्षित गुप्ता, प्रधान महेंद्र कुमार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विकास कार्यों को गुणवत्ता के साथ तेजी से कराएं

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** विकास कार्यों को तेज गति से तथा गुणवत्तायुक्त तरीके से पूर्ण कराएं, साथ ही जन शिकायतों के निस्तारण में भी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें, शिकायत कर्ता से मोबाइल पर वार्ता करके उसके संतुष्ट होने की जानकारी भी अवश्य लें।

आयुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने अपने सभागार में बुधवार को आयोजित मंडलीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। आयुक्त ने चित्रकूट और बांदा की रैंकिंग में सुधार लाने को कहा। विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी चिकित्सालयों में नियमित रूप से निर्धारित अवधि में विद्युत आपूर्ति कराना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत जिन किसानों के खातों का मिलान एवं केवाईसी त्रुटि को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश संयुक्त कृषि निदेशक एवं सम्बन्धित जनपदों के मुख्य विकास अधिकारियों को दिये। उन्होंने मुख्यमंत्री आवास योजना में प्रगति लाने के साथ आवासों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिया कि नये आवासों के पत्रों को आवास चिन्हित एवं सर्वे कार्य में कडी निगरानी एवं पूर्ण पारिदर्शिता रखी जाए। उन्होंने सेतुओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के साथ निमार्णाधीन पुलों के सभी कार्य एप्रोच रोड सहित पूर्ण किये जायें। उन्होंने ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अंतर्गत अवशेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये जाने के अपर निदेशक बेसिक शिक्षा को निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी चित्रकूट शिवशरणअप्पा जीएन, जिलाधिकारी हमीरपुर राहुल पाण्डेय, जिलाधिकारी महोबा, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, संयुक्त विकास आयुक्त यशवंत कुमार सिंह सहित मंडल के सभी मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी तथा मंडलीय अधिकारी उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी। अमृत विचार

### प्रार्थना पत्रों का समय से कराएं निस्तारण

- चित्रकूट धाम पुलिस उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह ने अपने सभागार में बुधवार को परिक्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ अपराध समीक्षा बैठक की तथा अपराध नियंत्रण के संबंध में निर्देश दिए। साथ ही शिकायत प्रकोष्ठ (जनसुनवाई) से सम्बन्धित लम्बित प्रार्थना पत्रों तथा आईजीआरएस से प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराए जाने को कहा। प्रचलित अभियान ऑपरेशन कन्वेंशन, ऑपरेशन दृष्टि और ऑपरेशन त्रिनेत्र आदि को लगातार चलाए जाने तथा इस संबंध में अपेक्षित कार्रवाई पूरी करने को निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, चित्रकूट एसपी अरुण कुमार सिंह, हमीरपुर एसपी डा.दीक्षा शर्मा, महोबा एसपी अर्पणा गुप्ता उपस्थित रहे।



निरीक्षण करने जाते जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय व एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार।

## जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए : जिलाधिकारी

संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने बुधवार को संयुक्त रूप से जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न बैरकों का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बंदियों से वार्ता कर उनकी समस्याएं व सुविधाओं के सम्बंध में जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि जेल के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री न जाने पाए। कारागार परिसर में साफ-सफाई मिलने पर संतोष व्यक्त किया और निर्देशित किया कि इसी प्रकार प्रतिदिन जेल में साफ-सफाई होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने जेल अधीक्षक नीरजदेव को निर्देशित किया कि जेल के अन्दर किसी भी दशा में मोबाइल का प्रवेश न होने पाए इसके लिए रोस्टर बनाकर चेंकिग अभियान चलाकर चेक किया जाए। इस दौरान जेल अधीक्षक के अलावा कारपालक अरविंद सिन्हा, उप कारपालक अमर सिंह व डॉ राहुल वर्मन सहित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



प्रतियोगिता में हिस्सा लेता प्रतिभागी छात्र।

## काजल, छाया व शरद ने प्रतियोगिता में मारी बाजी

संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** डीएवी इंटर कालेज में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान (लखनऊ) के तत्वाधान में बुधवार को आयोजित जिला स्तरीय संस्कृत प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में कक्षा 6 से 12 तक के शासकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, सीबीएसई बोर्ड के 120 छात्र-छात्राओं ने भागीदारी करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता के निर्णायक डा.जयंती सिंह, डा.इच्छाराम पाठक, श्रीप्रकाश द्विवेदी, डा.सर्वेश तिवारी, वर्षा द्विवेदी रहे। संस्कृत गीत प्रतियोगिता में काजल गिरी प्रथम, मिशबा खान द्वितीय व अभय तिवारी तृतीय रहे। संस्कृत वाचन प्रतियोगिता में छाया ने बाजी मारी। गौरव सोनी व काजल ने दूसरा व तीसरा स्थान पाया। संस्कृत सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शरदचंद्र शुक्ल अव्वल रहे। नेहा सिंह दूसरे और महेश ने तीसरे स्थान पर रहा।

## नगर पंचायत की बोर्ड बैठक हुई

**माधौगढ़।** नगर पंचायत कार्यालय सभागार में नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेन्द्र व्यास की अध्यक्षता में अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर सिंह एवं सभी सभासदों की उपस्थिति में बोर्ड की बैठक संपन्न हुई। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास व सभी सभासदों ने नगर की खराब विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने पर चर्चा की। इसके साथ ही बंदन योजना की डीपीआर शासन को भेजे जाने पर विचार हुआ तथा उपवन योजना की डीपीआर शासन को भेजे जाने पर विचार हुआ एवं मुख्यमंत्री अंतोदय योजना की डीपीआर शासन को भेजे जाने पर विचार हुआ। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष राघवेंद्र व्यास व अधिशासी अधिकारी विजय बहादुर सिंह एवं श्रीमती गुड्डी देवी सभासद, अरविंद सिंह सभासद, अंकुर सभासद आदि मौजूद रहे।

# 442 हेक्टेयर भूमि में 3 लाख 8 हजार छायादार और शोभाकर पौधे रोपित

संवाददाता कालपी

**अमृत विचार।** डीएफओ प्रदीप कुमार के निर्देशन के अनुरूप कालपी के वन राजि क्षेत्र के 442 हेक्टेयर भूमि में वृक्षारोपण अभियान के तहत 3 लाख 8 हजार 125 छायादार तथा शोभाकार वृक्ष रोपित करके धरती को हराभरा करने का संकल्प लिया गया है।

जानकारी के अनुसार वन राजि क्षेत्र के अलग-अलग जंगलों में पौधारोपण करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया था। लक्ष्य के मुताबिक जोल्हूपुर में 55 हेक्टेयर भूमि, हरकूपुर में 20 हेक्टेयर भूमि, शाहजहांपुर में 15 हेक्टेयर भूमि, आलमपुर में 75 हेक्टेयर भूमि, इमिलिया में 90 हेक्टेयर भूमि, उकसा में 20 हेक्टेयर भूमि, काशीरामपुर में 20 हेक्टेयर भूमि, इमिलिया में 90 हेक्टेयर भूमि, सुल्तानपुर में 40 हेक्टेयर भूमि में पौधरोपण करने का लक्ष्य था। जिसे विभाग के द्वारा पूरा किया गया है। इसके अलावा विभिन्न सार्वजनिक पौधरोपण का कार्य चलाया गया है। वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार ने बताया कि नीम, शीशम, सागौन, कंजी, बास, पाखड़ आदि प्रजातियों के शोभाकार तथा छायादार पौध रोपित की गई है। वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि शुद्ध पर्यावरण के लिए वृक्षों का होना बहुत जरूरी है, उन्होंने कहा कि सभी लोग वृक्षों का संरक्षण संतान की तरह करें।



पौधरोपण कार्यक्रम में जुटे कर्मचारियों के साथ वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार।

# कानपुर नगर

**निरीक्षण** टेस्ट मैच की तैयारियां देखने ग्रीनपार्क स्टेडियम पहुंचे कमिश्नर

# छतों से टपकता मिला पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** भारत-बांग्लादेश के बीच 27 सितंबर से होने वाले अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के मद्देनजर ग्रीनपार्क का निरीक्षण करने पहुंचे कमिश्नर अमित गुप्ता ने बदहाली देखकर नाराजगी जताई। कमिश्नर जब न्यू प्लेयर्स पवेलियन पहुंचे तो वहां पर कई जगह छतों से पानी टपकता मिला। ग्रीनपार्क के अंदर बने रेस्टोरेंट की तरफ पहली मंजिल पर पानी भरा मिला। कमिश्नर ने जानकारी की तो पता चला कि ऊपर छत से पानी टपकता है, जिस कारण पानी भरता है। कमिश्नर ने कहा इस कमी को जल्द दूर कराएं।

कमिश्नर अमित गुप्ता ने बुधवार दोपहर ग्रीनपार्क स्टेडियम का निरीक्षण किया। सबसे पहले मैदान का जायजा लिया। इसके बाद न्यू प्लेयर पवेलियन और दर्शक दीर्घाओं की स्थिति देखी। वहां फटे सोफे और खिड़कियों के टूटे शीशे देखकर नाराजगी जताते हुए कहा कि जो भी कमियां हैं, उसकी सूची बनाई जाए। उन्होंने यूपीसीए व खेल विभाग के अधिकारियों को आदेश दिया कि मिलकर जल्द काम पूरा कराएं।

### सिर्फ ड्रेसिंग रूम पर हुआ काम, दर्शक क्षमता पर नहीं

- ग्रीनपार्क की गिर रही दर्शक क्षमता के बारे में कमिश्नर ने जब जानकारी की तो पता चला कि एक दशक से दर्शकों के बैठने के बजाय खिलाड़ियों के ड्रेसिंग रूम पर काम किया गया है। प्लेयर्स पवेलियन का निर्माण होने के बाद से लगातार दर्शक क्षमता कम हुई है। जब से ग्रीनपार्क बना है, उसके बाद खिलाड़ियों के लिए तीन प्लेयर्स पवेलियन अभी तक बन चुके हैं, लेकिन दर्शकों के लिए गैलरी का निर्माण नहीं कराया गया। इस कारण दर्शक क्षमता कम होती गई।

## फतेहपुर मेडिकल कालेज को सौंपी देह

**कानपुर।** युग दधीचि देहदान अभियान के तहत वर्ष 2017 में देहदान संकल्प लेने वाली डब्लू वन ब्लॉक साकेत नगर कानपुर निवासी 83 वर्षीय उमा श्रीवास्तव का निधन हो गया।

बुधवार को उत्तर प्रदेश देहदान अभियान प्रमुख मनोज सेंगर एवं माधवी सेंगर ने उनकी पार्थिव देह को कानपुर से ले जाकर फतेहपुर मेडिकल कॉलेज को दान कर दिया जिसे एनाटमी विभागाध्यक्ष डॉ शिरीन जहां ने स्वीकार किया। फतेहपुर देहदान अभियान प्रभारी विनोद गुप्ता एवं अमित गुप्ता भी उपस्थित रहे। अभियान प्रमुख ने इस कॉलेज को यह तीसरा देहदान कराया है।

# पूर्व विधायक का इंजीनियर दामाद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



सत्येंद्र कुमार

- नवाबगंज थानाक्षेत्र का मामला भैरवघाट पर खड़ी मिली स्कूटी

**अमृत विचार।** जालौन के कोंच से पूर्व विधायक दयाशंकर वर्मा का इंजीनियर दामाद भैरवघाट से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। पुलिस को उनकी स्कूटी भैरवघाट पर खड़ी मिली। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए नवाबगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई है। पुलिस भैरवघाट के आसपास लगे सीसीटीवी खंगालकर तलाश में जुटी है।

सिकंदरा के फिरोजपुर निवासी मनोज कुमार भारतीय ने पुलिस को बताया कि उनके भाई सत्येंद्र कुमार एक निजी कंपनी में कुछ समय पहले इंजीनियर थे। वर्तमान में वह पत्नी व दो बच्चों अभिश्री और अभिराज के साथ सिग्नेचर सिटी में रहते हैं। उनकी पत्नी प्रभा मेडिकल कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर हैं। 24 अगस्त की सुबह करीब 7:35 पर वह स्कूटी लेकर घर से निकले थे। इसके बाद से वापस नहीं लौटे। मोबाइल बंद मिलने पर परिजनों ने उनकी खोजबीन शुरू की। इस बीच उनकी स्कूटी भैरवघाट पर खड़ी मिली। साथ ही उनका मोबाइल और पर्स कमरे में मिला। काफी खोजबीन के बाद परिजनों ने अनहोनी की आशंका जाहिर करते हुए नवाबगंज थाने में तहरीर दी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि परिजनों की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। परिजनों ने पूछताछ में आशंका जताई कि काफी प्रयास के बाद भी नौकरी न मिलने की वजह से वह परेशान थे।

## श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी लेकर आएगी ट्रेन

**कानपुर।** सिख समाज के श्री पांच तख्त साहिब के दर्शन कराने के लिये जा रही विशेष ट्रेन गुरुवार को गोविंदपुरी स्टेशन होकर गुजरेगी।

गुरुवार को ये विशेष ट्रेन दोपहर 12.30 बजे गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचेगी। ये विशेष यात्रा गुरुद्वारा शहीद बाबा भूंजग सिंघजी चेरीटेबल ट्रस्ट नांदेड़ द्वारा निकाली गई है। श्री गुरु सिंह सभा लाटूश रोड के प्रधान सरदार हरविंदर सिंह, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा कानपुर-बुंदेलखंड के क्षेत्रीय अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह समेत गुरुद्वारों के प्रधानों ने संगत से अपील की है 11: 30 बजे गोविंदपुरी स्टेशन पहुंचें।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूँदड़ा 2625–2650 आर.आर.21 2725–2750 गेहूँफारम 2850–2900 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2100–2150 मकाई 2200 –2400दलहन (प्रति क्वि.)चना 7300 –7400 अरहर 9000 –9500 मसूर 5500 –5600 मटर 3600 –3700 उड़दहरा 11000 –11500 उड़दकाला 8000 –9000 मूँग 8000 –8200 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 15500–15600 अरहरस्पेशल 12500–12600 चनादाल 9000–9100 मटरदाल 4550–4650 मसूरमलका 7000–7050 मसूरदाल 7200–7250 उड़ददाल 9000– 13300 उड़द धोवा10000– 13000 मूँगदाल 8100 –9700 मूँग धोवा9700–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500 – 11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1500–1600 मैदा 1600–1630 सूजी 1620–1650 चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1500–1530 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5300–5400 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 11000–11500 मूँगफलीदानाषिवपुरी 9500–11000 बटाली 8500 –11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों एक्सपेलर सरसोंकोल्हू 12600–12700 अलसी 10500–10600 अण्डी 12900–13100 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1575–1590 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2550–2600 अलसी 5100–5200 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1590 –1590 मयूर 1590–1590 गुड़ (प्रति क्वि.) मंगलौरलडडू 4900–4950 देशी भेली 4600–4700

## सर्राफा

कानपुर

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 87300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 95000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 100000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 73600 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54850–55050 |

# दो नई रेलवे लाइन, मल्टी-ट्रैकिंग परियोजना मंजूर

## मंत्रिमंडल की बैठक : 6,456 करोड़ रुपये में तैयार होंगी रेलवे की तीन परियोजनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी



- रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 300 किमी तक बढ़ा देगी यह योजना

प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति ने 6,456 करोड़ रुपये की कुल अनुमानित लागत वाली तीन रेलवे परियोजनाओं को मंजूरी दी है। रेल मंत्रालय के अनुसार, इन परियोजनाओं से दूर-दराज के इलाकों को आपस में जोड़कर ढुलाई संबंधी दक्षता में सुधार लाने, मौजूदा लाइन क्षमता बढ़ाने और परिवहन नेटवर्क का विस्तार करने के साथ-साथ आपूर्ति श्रृंखला को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा जिससे तेजी से आर्थिक विकास होगा।

मंत्रालय ने कहा कि नई लाइन के प्रस्तावों से सीधा संपर्क बनेगा तथा भारतीय रेलवे की दक्षता और सेवा संबंधी विश्वसनीयता बढ़ेगी। मल्टी-ट्रैकिंग प्रस्ताव परिचालन को आसान बनाएगा और भीड़भाड़ को कम करेगा। ये परियोजनाएं मल्टी-मॉडल कनेक्टिविटी के लिए पीएम-गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान का परिणाम हैं, जो एकीकृत योजना तैयार किए जाने से संभव हुआ है और यह लोगों, वस्तुओं एवं सेवाओं की आवाजाही के लिए निर्बाध संपर्कता प्रदान करेगा। मंत्रालय ने कहा, ओडिशा, झारखंड, बंगाल और छत्तीसगढ़ के लिए तीन परियोजनाएं रेलवे के मौजूदा नेटवर्क को 300 किलोमीटर तक बढ़ा देंगी।

### पीएम ने की समीक्षा

प्रधानमंत्री मोदी ने 11 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से संबंधित सात परियोजनाओं की समीक्षा के लिए बुधवार को प्रगति के 44वें बैठक की अध्यक्षता की। इन परियोजनाओं की 76,500 करोड़ है। प्रधानमंत्री कार्यालय से जारी बयान के अनुसार सड़क की दो, रेल दो और कोयला, बिजली एवं जल संसाधन क्षेत्र की एक-एक परियोजनाएं की समीक्षा की गई। यह उप्र, उत्तराखंड, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा, गोवा, कर्नाटक, छत्तीसगढ़ और दिल्ली से संबंधित हैं।

### पूर्वोत्तर में पनबिजली के लिए 4,136 करोड़ देगा केंद्र

मंत्रिमंडल ने पूर्वोत्तर राज्यों को आठ साल में 15,000 मेगावाट (15 गीगावाट) क्षमता की पनबिजली परियोजनाएं विकसित करने के लिए 4,136 करोड़ रुपये की इक्विटी सहायता को मंजूरी दे दी। बैठक में बिजली मंत्रालय के पूर्वोत्तर राज्य की सरकारों को केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि योजना का परिव्यय 4,136 करोड़ है और इसे 2024–25 से 2031–32 तक क्रियान्वित किया जाएगा। योजना को बिजली मंत्रालय के कुल परिव्यय से पूर्वोत्तर क्षेत्र के लिए 10 प्रतिशत सकल बजटीय सहायता (जीबीएस) से वित्तपोषित किया जाएगा।

### कृषि अवसंरचना कोष योजना का दायरा बढ़ाएगी सरकार

सरकार ने एक लाख करोड़ रुपये की कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) योजना का दायरा बढ़ाकर इसे और अधिक आकर्षक बना दिया। यह कदम देश में कृषि संबंधी बुनियादी ढांचा सुविधाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि एआईएफ के तहत वित्तपोषण सुविधा की केंद्रीय क्षेत्र योजना के प्रगतिशील विस्तार को मंजूरी दी गई है। इसका मकसद इसे और अधिक आकर्षक, प्रभावी और समावेशी बनाना है। देश में कृषि बुनियादी ढांचे को आगे बढ़ाने और मजबूत करने तथा कृषक समुदाय को समर्थन देने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में सरकार ने एआईएफ योजना के दायरे का विस्तार करने को कई उपायों की घोषणा की है।

# वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने में जन धन योजना की अहम भूमिका : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रधानमंत्री ने की योजना की सफलता के लिए काम करने वालों की सराहना

प्रधानमंत्री मोदी ने प्रधानमंत्री जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को कहा कि यह योजना सम्मान, सशक्तीकरण और राष्ट्र के आर्थिक जीवन में भागीदारी का प्रतीक है। मोदी ने योजना की सफलता के लिए काम करने वालों की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि यह योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण रही है।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, आज एक ऐतिहासिक दिन है... जन धन योजना के 10 वर्ष पूरे हो गए हैं। सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं और योजना को सफल बनाने के लिए दिन-रात एक करने वालों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि जन धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों खासकर महिलाओं, युवाओं तथा वंचित समुदायों को सम्मान देने में सबसे आगे रही है। प्रधानमंत्री ने पेशेवर मंच लिंक्डइन पर बाद में लिखा योजना को शुरू हुए एक दशक हो गया है और यह पहल महज नीति नहीं है। यह एक ऐसे भारत के निर्माण का प्रयास है, जहां हर नागरिक, चाहे उसकी आर्थिक पृष्ठभूमि कुछ भी हो, उसकी बैंकिंग प्रणाली तक पहुंच हो।

### पीएमजेडीवाई गरीबों मुख्यधारा में शामिल करती है : वित्त मंत्री

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल है जो गरीबों को मुख्यधारा में लाती है और हाशिए पर मौजूद समुदायों के विकास में भूमिका निभाती है। वित्तीय समावेश के लिए राष्ट्रीय पहल पीएमजेडीवाई के सफल क्रियान्वयन को एक दशक पूरा हो गया है। सीतारमण ने कहा कि बैंक खाते, लघु बचत योजनाएं, बीमा तथा पहले बैंकिंग सुविधा से वंचित रहे लोगों को ऋण सहित सार्वभौमिक, सस्ती व औपचारिक वित्तीय सेवाएं प्रदान कर जन धन योजना ने देश के बैंकिंग तथा वित्तीय परिदृश्य को बदल दिया है। जन धन खातों के जरिये 53 करोड़ लोग औपचारिक बैंकिंग प्रणाली में शामिल हुए हैं।

# पेटीएम को पीपीएसएल में निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिली

नई दिल्ली, एजेंसी

- कंपनी बोली- भुगतान एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए नए सिरे से करेगी आवेदन

पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी वन97 कम्युनिकेशन को पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड (पीपीएसएल) में डाउनस्ट्रीम निवेश के लिए सरकार की मंजूरी मिल गई है।

कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि वह भुगतान एग्रीगेटर (पीए) लाइसेंस के लिए नए सिरे से आवेदन करेगी। पेटीएम ने कहा कि पीपीएसएल को वित्त मंत्रालय के तहत आने वाले वित्तीय सेवा विभाग से 27 अगस्त, 2024 के पत्र से मूल कंपनी से निवेश के लिए मंजूरी मिल गई है। पीपीएसएल मौजूदा भागीदारों को ऑनलाइन भुगतान एग्रीगेटर सेवाएं देना जारी रखेगी। आरबीआई ने 2022 में पेटीएम के लाइसेंस आवेदन को रद कर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के तहत प्रेस नोट-3 अनुपालन के साथ फिर से आवेदन का निर्देश दिया था।

# सेबी ने राणा शुगर्स, प्रवर्तकों तथा अन्य को प्रतिभूति बाजार से दो वर्ष के लिए किया प्रतिबंधित

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं सहित 14 इकाइयों को प्रतिभूति बाजार से दो वर्ष के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। धन के हेर-फेर के आरोप में उन पर 63 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है।

पूंजी बाजार नियामक ने इंदर प्रताप सिंह राणा (प्रवर्तक), रणजीत सिंह राणा (चेयरमैन), वीर प्रताप राणा (प्रबंध निदेशक), गुरजीत सिंह राणा, करण प्रताप सिंह राणा, राजबंस कौर, प्रीत इंदर सिंह राणा और सुखजिंदर कौर (प्रवर्तक) पर किसी भी सूचीबद्ध कंपनी में निदेशक स्तर या कोई अन्य प्रबंधन स्तर का पद लेने से भी दो साल की रोक लगाई है। सेबी ने राणा शुगर्स, उसके प्रवर्तकों, अधिकारियों और अन्य संबंधित पक्षों पर तीन करोड़ रुपये से लेकर सात करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया है।

# यूपीआई, रुपे को वैश्विक बनाने के प्रयास : दास

मुंबई, एजेंसी



- ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में आरबीआई के गवर्नर ने कहा- वित्तीय ढांचे को मजबूत करना केंद्रीय बैंक का लक्ष्य

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकान्त दास ने बुधवार को कहा कि यूपीआई और रुपे को वैश्विक बनाने के प्रयास हो रहे हैं। दास ने ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2024 में कहा कि आरबीआई का ध्यान वित्तीय समावेशन, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना (डीपीआई), उपभोक्ता संरक्षण एवं साइबर सुरक्षा, टिकाऊ वित्त और वित्तीय सेवाओं के वैश्विक एकीकरण को सशक्त बनाने पर है।

उन्होंने कहा कि भारत कई देशों के साथ आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों और द्विपक्षीय समझौतों का सक्रिय हिस्सा है और सीमापार भुगतान प्रणालियों सहित वित्तीय बुनियादी ढांचे को मजबूत करना रिजर्व बैंक का प्रमुख लक्षित क्षेत्र होगा। दास ने कहा कि इस दिशा में भूटान, नेपाल, श्रीलंका, सिंगापुर, संयुक्त अरब अमीरात, मॉरीशस, नामीबिया, पेरू, फ्रांस और कुछ अन्य देशों के साथ यूपीआई नेटवर्क से रुपे कार्ड और भुगतान की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। ये दुनिया में भारत की पहल को अपनाने के लिए प्रयासों को रेखांकित करते हैं।

### सीमापार भुगतान से धनशोधन पर लगाम मुश्किल: फेडरल

**मुंबई।** आरबीआई के गवर्नर शक्तिकान्त दास की सीमापार लेनदेन में अधिक दक्षता लाने की मांग के बीच अमेरिकी केंद्रीय बैंक के वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि बाधा–रहित सीमापार भुगतान से धनशोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण पर रोक लगा पाना मुश्किल होगा। अमेरिकी बैंक फेडरल रिजर्व के निदेशक मंडल के सदस्य क्रिस्टोफर जे वालर ने कहा कि भुगतान की रफ्तार धीमी करने वाले सभी गतिरोध खराब ही नहीं होते हैं। भुगतान की धीमी रफ्तार एवं सुस्त निपटान से बैंकों को धनशोधन रोकने और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने, धोखाधड़ी से किए सीमापार भुगतान को रोकने में मदद मिलती है।

## राष्ट्रीय

## एक नजर

### एमसीडी कराएगा 4 सितंबर को वार्ड समिति के चुनाव

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) 12 जोन में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुनने के लिए चार सितंबर को वार्ड समिति के चुनाव कराएगा। आदेश अनुसार दिल्ली नगर निगम विनियम 1958 के अनुसार वार्ड समिति के चुनाव गुप्त मतदान के जरिये कराए जाएंगे। पार्षद 30 अगस्त तक निगम सचिव के पास अपना नामांकन दाखिल कर सकते हैं। एमसीडी के छह जोन– रोहिणी, नजफगढ़, पश्चिम, दक्षिण और मध्य जोन के लिए वार्ड समिति के चुनाव नगर निगम मुख्यालय के हंसराज गुप्ता सभागार में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक कराए जाएंगे।

### सैर के दौरान कुत्तों के हमले में बुजुर्ग महिला की मौत

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु में सुबह सैर के दौरान 76 वर्षीय बुजुर्ग महिला की बुधवार को आवारा कुत्तों के हमले में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राजदुलारी सिन्हा पर सुबह करीब 6.30 बजे जलाहल्ली स्थित एयरफोर्स ईस्ट 7वें आवासीय शिविर के मैदान में कम से कम 10–12 कुत्तों ने अचानक हमला कर दिया। पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि गंगम्मा गुडी थाने में इस सिलसिले में एक मामला दर्ज किया गया है। सिन्हा वायुसेना के एक कर्मी की सास हैं और कुत्तों के हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं और अस्पताल ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गई।

### कश्मीरी पंडितों ने की पुनर्वास की मांग

**जम्मू।** जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव के पहले चरण के पास आते ही विस्थापित कश्मीरी पंडित कश्मीर घाटी में अपने गृह निर्वाचन क्षेत्रों से मीलों दूर होने के बावजूद मतदान करने के लिए उत्सुक हैं और वे चाहते हैं कि वापसी तथा पुनर्वास की उनकी प्राथमिक मांग पूरी की जाए। आतंकवाद के बढ़ने के कारण 1990 में पलायन के बाद से देश के विभिन्न हिस्सों में फैला यह समुदाय विधानसभा चुनावों में अपने एजेंडे के रूप में शांति, सुरक्षा और सम्मान के साथ घाटी में स्थायी बसावट की वकालत कर रहा है।

### 12 साल बच्ची से किया दुष्कर्म 52 वर्षीय व्यक्ति गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के रोहिणी में स्थित कब्रिस्तान में 52 वर्षीय एक व्यक्ति ने नाबालिग बच्ची के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म किया। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी ने लड़की के बीमार पिता के इलाज के लिए तंत्र–मंत्र के अनुष्ठान करने की आड़ में अपराध को अंजाम दिया।

# डॉक्टरों ने ममता की अपील ठुकराई

## 20 दिनों से काम बंद कर हड़ताल कर रहे हैं चिकित्सक, मांगों को लेकर रैली भी निकाली

कोलकाता, एजेंसी

**कोलकात्ता दुष्कर्म-हत्याकांड**

- डॉक्टर्स फोरम ने कहा- महिला डॉक्टर को न्याय समेत मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे
- पूर्व प्राचार्य को निलंबित तथा कोलकाता पुलिस आयुक्त पर कार्रवाई की मांग

प. बंगाल में आंदोलनरत जूनियर डॉक्टरों ने काम पर लौटने की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की अपील को बुधवार को ठुकरा दिया। राज्य के महिला जूनियर डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या की घटना के विरोध में 20 दिनों से काम बंद कर हड़ताल कर रहे हैं।

प. बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम के सदस्य ने कहा कि महिला डॉक्टर को न्याय समेत मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे। जूनियर डॉक्टरों ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष को स्वास्थ्य सेवाओं से निलंबित करने तथा कोलकाता पुलिस आयुक्त पर कार्रवाई की मांग की। डॉक्टरों ने मांगों को लेकर कोलकाता के उत्तरी भाग में श्यामबाजार इलाके में रैली भी निकाली। प. बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फोरम के सदस्य ने कहा कि हमें यह जानकर खुशी हुई कि मुख्यमंत्री हमारे मुद्दे का समर्थन कर रही हैं। हम काम पर लौटना चाहते हैं लेकिन अभी यह संभव नहीं है क्योंकि हमारी मांगें तक पूरी नहीं हुई हैं।

तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद की रैली में ममता बनर्जी ने कहा कि मैं शुरू से ही डॉक्टरों के प्रति सहानुभूति रखती आ रही हूं, क्योंकि वे अपने सहयोगी के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं। हमने उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की, जबकि घटना को इतने दिन बीत चुके हैं। हम आपका दर्द समझते हैं। लेकिन, कृपया अब काम पर लौट आइए, क्योंकि मरीज बेहद परेशान हैं।

### बंगाल में केंद्र की योजनाएं नहीं लागू

**नई दिल्ली।** बंगाल कांड पर हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा है कि राज्य में एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद महिलाओं की स्थिति बिगड़ती जा रही है। उन्होंने महिलाओं के खिलाफ अपराधों से निपटने के लिए त्वरित अदालतों के गठन और आपातकालीन हेल्पलाइन जैसी केंद्र सरकार की योजनाओं को लागू करने में विफल रहने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना की।

### बंद के खिलाफ याचिका रद

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने भाजपा द्वारा आहूत 12 घंटे के बंगाल बंद के खिलाफ याचिका बुधवार को खारिज कर दी, क्योंकि संबंधित याचिकाकर्ता को पूर्ववर्ती आदेश के माध्यम से अदालत के समक्ष जनहित याचिका (पीआईएल) दायर करने से हमेशा के लिए रोक दिया गया था। उच्च न्यायालय में वकालत का दावा करने वाले याचिकाकर्ता संजय दास ने अपनी याचिका में अनुरोध किया था कि बंद को अवैध घोषित किया जाए। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवज्ञानम की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने जनहित याचिका खारिज कर दी।

### जनता से लूटे 43,500 करोड़ रुपये : खरगे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने प्रधानमंत्री जनधन योजना के 10 साल पूरे होने पर बुधवार को दावा किया कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के समय की वित्तीय समावेशन योजना का नाम बदलकर जनधन कर दिया गया और आज उसी की वर्षगांठ है।

उन्होंने सवाल भी किया कि क्या यह सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते बंद हो चुके हैं, जिनमें 50% बैंक खाते महिलाओं के थे? प्रधानमंत्री मोदी ने अपने पहले कार्यकाल की शुरुआत के कुछ महीनों बाद 28 अगस्त, 2014 को जनधन योजना की शुरुआत की थी। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया कि क्या यह सच नहीं कि 10 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते बंद हो चुके हैं, जिनमें 50% बैंक खाते महिलाओं के थे?

# चंपई का झामुमो से इस्तीफा भाजपा में जल्द होंगे शामिल

रांची, एजेंसी



- सोरेन बोले- आदिवासियों के हितों के लिए संघर्ष जारी रखूंगा

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की कार्यशैली और नीतियों से व्यथित होकर यह कदम उठाने को मजबूर हैं। सोरेन जल्द भाजपा में शामिल होने वाले हैं।

उन्होंने कहा कि आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के हितों के लिए उनका संघर्ष जारी रहेगा। सोरेन ने कहा कि मैंने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। पार्टी प्रमुख शिबू सोरेन को लिखे पत्र में उन्होंने कहा कि झामुमो की वर्तमान कार्यशैली और नीतियों से व्यथित होकर पद छोड़ने को मजबूर होना पड़ा।

### चंपई पर उनकी सरकार की थी नजर : हिमंत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व सरमा ने बुधवार को आरोप लगाया कि झारखंड के मंत्री चंपई सोरेन पर पांच महीने से उनकी ही सरकार की पुलिस नजर रख रही थी। सरमा ने कहा कि सोरेन के करीबी लोगों ने दिल्ली के होटल में झारखंड पुलिस की विशेष शाखा के दो उप निरीक्षकों (एसआई) को पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन पर नजर रखते हुए पकड़ा था।

# केंद्र ने चिकित्सकों की सुरक्षा के लिए राज्यों से कहा- बढ़ाएं रात की गश्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को लिखा पत्र

केंद्र ने कार्यस्थलों पर चिकित्सकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राज्यों को विभिन्न कदम उठाने को कहा है, जिनमें अस्पताल में रात में गश्त और महत्वपूर्ण स्थानों तक लोगों की पहुंच को विनियमित करना शामिल है। कोलकाता में जूनियर डॉक्टर से दुष्मर्क- हत्या मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के बाद केंद्र ने यह कदम उठाया है।

केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव अपूर्व चंद्रा ने 23 अगस्त को राज्यों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को लिखे पत्र में अस्पतालों में हिंसा और कोलकाता की घटना के परिणामस्वरू विरोध प्रदर्शनों पर उनका ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए सुप्रीम कोर्ट ने 20 और 22 अगस्त को आदेश दिए। कोर्ट ने 22 अगस्त के आदेश में, अन्य बातों के साथ यह निर्देश दिया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राज्य के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ मिलकर काम करेंगे, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि राज्य सरकारें/केंद्र शासित प्रदेश राष्ट्रीय कार्य बल (एनटीएफ) की रिपोर्ट प्राप्त होने तक बुनियादी जरूरतों को लागू करें।

### आरोप पर गिरफ्तारी नहीं, पुलिस पहले जांच करें : बॉम्बे होईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने वसूली के मामले में ठाणे के पत्रकार की गिरफ्तारी को अवैध करार देते हुए कहा है कि महज आरोप पर गिरफ्तारी नहीं होनी चाहिए और पुलिस को पहले वास्तविकता की जांच करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और श्याम चांडक की खंडपीठ ने महाराष्ट्र सरकार को पत्रकार अभिजीत पडाले को 25,000 रुपये का मुआवजा देने का निर्देश देते हुए कहा कि तीन दिनों तक जेल में रखने से उनके स्वतंत्रता के अधिकार का हनन हुआ। अदालत ने मुंबई पुलिस आयुक्त को पत्रकार को गिरफ्तार करने वाले शहर के वकोला थाने के पुलिसकर्मियों के आचरण की जांच को भी कहा। इसके लिए उपायुक्त स्तर के अधिकारी को नियुक्त करने का भी निर्देश दिया गया। पडाले ने याचिका में कोर्ट से अनुरोध किया था कि उनकी गिरफ्तारी और हिरासत को अवैध घोषित किया जाए, क्योंकि पुलिस ने पहले उन्हें नोटिस जारी नहीं किया था।

# कुकर्म के अपराधों के प्रावधानों को बीएनएस से हटाने के विरुद्ध अभ्यावेदन पर निर्णय करे केंद्र

नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली हाईकोर्ट का निर्देश**

- खंडपीठ ने केंद्र से कहा- अभ्यावेदन पर छह महीने में फैसला करें
- भारतीय दंड संहिता की धारा 377 बीएनएस के लागू होने से हो गई है निरस्त

दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार को निर्देश दिया कि वह अप्राकृतिक यौन संबंध और कुकर्म के अपराधों के लिए दंडात्मक प्रावधानों को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) से बाहर करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका को अभ्यावेदन के तौर पर विचार करे। बीएनएस ने भारतीय दंड संहिता का स्थान लिया है।

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति तुषार राव गेलेला की खंडपीठ ने केंद्र सरकार से कहा कि वह इस अभ्यावेदन पर शीघ्रता से निर्णय ले और यदि हो सके तो छह महीने में फैसला किया जाए। अदालत ने याचिका का निपटारा कर दिया तथा याचिकाकर्ता को अनुमति दी कि यदि सरकार उसके अभ्यावेदन पर निर्णय लेने में देरी करती है तो वह अपनी याचिका लेकर फिर से अदालत आ सकता है। अदालत ने वकील गंतव्य गुलाटी की जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। गुलाटी ने अपना पक्ष व्यक्तिगत रूप से अदालत के समक्ष रखा। उन्होंने बीएनएस लागू होने से उत्पन्न आवश्यक कानूनी विसंगती को दूर किए जाने का अनुरोध किया था। बीएनएस के लागू होने से भारतीय दंड संहिता की धारा 377 निरस्त हो गई। केंद्र के वकील अनुराग अहलूवालिया ने दलील दी कि यह मामला विचाराधीन है और इस पर समग्र दृष्टिकोण अपनाया जाएगा।

### जम्मू कश्मीर विस चुनाव नहीं लड़ेंगी महबूबा

**श्रीनगर।** पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने बुधवार को कहा कि वह जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव नहीं लड़ेंगी। अगर वह मुख्यमंत्री बन भी गईं तो भी वह केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पार्टी का एजेंडा पूरा नहीं कर पाएंगी। मैं भाजपा के साथ मुख्यमंत्री रही हूं जिसने (2016 में) 12,000 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी वापस ले ली थी। उन्होंने कहा कि उमर ने कहा कि चपरासी के तबादले के लिए उन्हें गवर्नर के दरवाजे पर जाना पड़ेगा। मुझे इसकी चिंता नहीं है, लेकिन क्या हम अपना एजेंडा लागू कर सकते हैं?

### डब्ल्यूएफआई की याचिका: केंद्र को जवाब के लिए दिया समय

- एसएनजेपीसी प्रस्तावों का गैर-अनुपालन पर किए गए तलब

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब देने के लिए केंद्र को बुधवार को चार सप्ताह का समय और दिया। केंद्र ने निर्णय लेने में संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने को लेकर नए पदाधिकारी चुनने के तीन दिन बाद 24 दिसंबर, 2023 को डब्ल्यूएफआई को निलंबित किया था और आईओए से प्रबंधन के लिए तदर्थ समिति गठित करने का अनुरोध किया था। केंद्र ने याचिका पर जवाब के लिए चार सप्ताह का समय और मांगा, जो पहली बार अप्रैल में सुनवाई के लिए आई थी।

# मुआवजे पर देरी के लिए महाराष्ट्र सरकार की खिंचाई

नई दिल्ली, एजेंसी



- सुप्रीम कोर्ट ने अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भेजा
- याचिकाकर्ता की जमीन पर छह दशक से है सरकार का कब्जा

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को महाराष्ट्र सरकार से ऐसे व्यक्ति को दिए जाने वाले मुआवजे की गणना में विलंब और गैर-गंभीर दृष्टिकोण पर नाखुशी जताई, जिसकी जमीन पर छह दशक से सरकार ने अवैध कब्जा कर लिया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, न्यायमूर्ति प्रशांत मिश्रा और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने वन एवं राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया और उनसे पूछा कि विभाग द्वारा दायर हलफनामे में की गई अवमाननापूर्ण टिप्पणियों के लिए उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए। पीठ ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी को नौ सितंबर को व्यक्तिगत रूप से अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि जब राज्य ने मुआवजे की पुनर्गणना के विशेष उद्देश्य के लिए समय मांगा है, तो ऐसा किया जाना चाहिए था। ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य टालमटोल कर रहा है। कोर्ट ने कहा कि हलफनामे से ऐसा प्रतीत होता है कि राज्य सरकार मुआवजा देने के प्रति गंभीर नहीं है।

### धनशोधन मामलों में भी जमानत नियम है और जेल अपवाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज अवैध खनन से संबंधित मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के सहयोगी को राहत देते हुए बुधवार को कहा कि धन शोधन के मामलों में भी जमानत नियम है और जेल में रखना अपवाद है। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि अदालत का मानना है कि धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज मामलों में भी जमानत नियम है और जेल अपवाद है। पीठ ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उसकी स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाना चाहिए और धन शोधन मामले में आरोपी की जमानत के लिए दोहरी शर्तें रखने वाली पीएमएलए की धारा 45 में भी सिद्धांत को इस तरह से नहीं लिखा गया कि स्वतंत्रता से वंचित करना नियम है।

# जय ने बोर्ड को बनाया अग्रणी : सचिन

मुंबई, एजेंसी



● तेंदुलकर ने बीसीसीआई सचिव के रूप में शाह के कामकाज की प्रशंसा की व दी बधाई

दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष जय शाह की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव के रूप में पुरुष और महिला क्रिकेट को सामान प्राथमिकता देने के उनके प्रयासों के कारण भारतीय बोर्ड अन्य संचालन संस्थाओं से काफी आगे निकल गया।

शाह ने अक्टूबर 2019 में बीसीसीआई का पद संभाला था। वह पांच साल तक इस पद पर रहे जिसे अब उन्हें छोड़ना पड़ेगा। वह एक दिसंबर को आईसीसी में अपना पद संभालेंगे। तेंदुलकर उन कई क्रिकेटरों में शामिल हैं जिन्होंने शाह को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। जय शाह ने बीसीसीआई सचिव के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान इन गुणों का अच्छी तरह से उपयोग किया। शाह आईसीसी के प्रमुख बनने वाले पांचवें भारतीय होंगे और तेंदुलकर को उम्मीद है कि वह इस विरासत को आगे ले जाने में सफल रहेंगे। भारत के कई खेल प्रशासकों ने इससे पहले भी आईसीसी का नेतृत्व किया है। इनमें जगमोहन डालमिया, शरद पवार, एन श्रीनिवासन और शशांक मनोहर शामिल हैं। बीसीसीआई अध्यक्ष रहे पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा आईसीसी अध्यक्ष के रूप में नयी भूमिका के लिए जय शाह को बधाई और अगली पारी के लिए शुभकामनाएं। विराट कोहली ने कहा आईसीसी अध्यक्ष चुने जाने पर बधाई और भविष्य में सफल बनने के लिए शुभकामनाएं। भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने लिखा, बधाई जय शाह।

# 40 साल बाद कश्मीर में खेलेंगे दिग्गज क्रिकेटर

**नई दिल्ली।** शिखर धवन और दिनेश कार्तिक समेत कई दिग्गज 20 सितंबर से शुरू हो रहे लीजैंड्स लीग क्रिकेट के तीसरे सत्र में नजर आएंगे और करीब 40 साल बाद दिग्गज क्रिकेटर श्रीनगर में खेलेंगे । लीग 20 सितंबर को जोधपुर के बरकतुल्लाह खान स्टेडियम में शुरू होगी। इसमें छह टीमें 25 मैच खेलेंगी और शीर्ष दो टीमों के बीच फाइनल 16 अक्टूबर को होगा।

फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में 200 खिलाड़ियों का पूल बनाया गया है। इसका फाइनल श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम पर होगा। एलएलसी के सह संस्थापक रमन रहेजा ने कहा लीजैंड्स लीग क्रिकेट का अगला सत्र शुरू होने वाला है। हमें खुशी है कि इस बार कश्मीर में भी मैच होंगे। कश्मीर के लोगों के लिये स्टेडियम में लाइव क्रिकेट देखने का यह 40 साल बाद मिला मौका होगा। लीग के लिए नीलामी गुरुवार को होगी।

# चैंपियंस ट्रॉफी में गोलकीपर होंगे पाठक

नई दिल्ली, एजेंसी

पी आर श्रीजेश के संन्यास के बाद आगामी एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिये कृष्ण बहादुर पाठक को हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी वाली 18 सदस्यीय भारतीय हॉकी टीम का मुख्य गोलकीपर बनाया गया है।

भारत के अलावा टूर्नामेंट में कोरिया, मलेशिया, पाकिस्तान, जापान और मेजबान चीन भाग लेंगे। यह टूर्नामेंट आठ से 17 सितंबर तक खेला जाएगा। पेरिस ओलंपिक में भारत के स्टैंडबाय गोलकीपर रहे पाठक अब मुख्य गोलकीपर होंगे जबकि सूरज करकेरा रिजर्व गोलकीपर रहेंगे। अनुभवी मिडफील्डर विवेक सागर प्रसाद को उपकप्तान बनाया गया है।



● एशियाई चैंपियंस के लिए भारतीय हॉकी टीम का ऐलान, हरमनप्रीत होंगे कप्तान

नियमित उपकप्तान हार्दिक सिंह, मनदीप सिंह, ललित उपाध्याय, शमशेर सिंह और गुरजंत सिंह को आराम दिया गया है। भारत के उदीयमान ड्रैग फ्लिकर जुगराज सिंह जूनियर के लिए भी यह सुनहरा मौका होगा। अराइजीत सिंह हुंडल टीम में तीसरे ड्रैग फ्लिकर होंगे। डिफेंस का जिम्मा जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय और सुमित पर होगा। वहीं मिडफील्ड में राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा, मनप्रीत सिंह और मोहम्मद राहील होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में अभिषेक, सुखजीत सिंह, हुंडल, जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह और गुरजोत सिंह रहेंगे।

एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी से नया ओलंपिक चक्र शुरू हो रहा है और हम चुनौती के लिये तैयार हैं। भारतीय टीम 8 सितंबर को चीन के खिलाफ पहला मैच खेलेगी। इसके बाद जापान (9 सितंबर), मलेशिया (11 सितंबर), कोरिया (12 सितंबर) और पाकिस्तान (14 सितंबर) से खेलना है। सेमीफाइनल 16 सितंबर को और फाइनल 17 सितंबर को खेला जाएगा।

## खेल डायरी

### डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को कहा अलविदा



**लंदन।** इंग्लैंड के लिए सभी प्रारूपों में शतक जमाने वाले पूर्व शीर्ष टी-20 बल्लेबाज डेविड मलान ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया। 36 वर्ष के मलान ने ब्रिटिश अखबार द टाइम्स आफ लंदन से कहा कि सफेद गेंद के प्रारूप में अपनी सफलता से वह खुश है लेकिन टेस्ट क्रिकेट में वह अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके। मलान ने 22 टेस्ट, 30 वनडे और 62 टी-20 मैच खेले हैं। वह टी-20 प्रारूप में 2020 में दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने। उन्होंने पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद से इस प्रारूप में नहीं खेला है। मलान ने कहा मैने तीनों प्रारूपों को काफी संजीदगी से लिया लेकिन टेस्ट क्रिकेट में काफी मेहनत चाहिए। पांच दिन और तैयारी के दिन अलग। यह मानसिक रूप से काफी थकाऊ है।

### प्रज्ञानानंदा ने करुआना को बराबरी पर रोका

**सेट लुई (अमेरिका)।** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा ने सिंकफील्ड कप में आठ बाजियों में आठवीं बार ड्रॉ खेला। यह टूर्नामेंट ग्रैंड शतरंज टूर का हिस्सा है। विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर गुकेश ने नीदरलैंड के अनीष गिरी से सिर्फ 23 चाल में ड्रॉ खेला जबकि प्रज्ञानानंदा ने स्थानीय दावेदार फाबियानो करूआना को 28 चाल में बराबरी पर रोका। आठवें दौर की सभी बाजियां ड्रॉ रही। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने एक दौर शेष रहते ग्रैंड शतरंज टूर जीत लिया और उन्हें अपने इस प्रदर्शन के लिए एक लाख डॉलर की बोनस राशि भी मिलेगी। आठवें दौर में फिरोजा ने सबसे लंबी बाजी खेली। उनकी और रूस के इयान नेपोमनियाची की बाजी 80 चाल के बाद ड्रॉ पर समाप्त हुई। दस खिलाड़ियों के इस डबल राउंड रोबिन टूर्नामेंट की दिन की दो अन्य बाजियों में उज्बेकिस्तान के अब्दुसत्तोरोव ने चीन डिंग लिरेन जबकि फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर लाग्रेव ने अमेरिका के वेस्ली सो से अंक बांटे।

### वेस्टइंडीज ने द. अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**टारुबा।** शे होप (40) और निकोलस पूरन (35) रनों की शानदार पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने वर्षा बाधित तीसरे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराकर सीरीज 3-0 से जीत ली है। 109 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही थी और उसने पहले ही ओवर में एलेक एथनेज (1) का विकेट गवां दिया। इसके बाद शे होप और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। शे होप 24 गेंदों में नाबाद 42 रनों की पारी खेली। निकोलस पूरन ने 13 गेंदों में 35 रन बनाए। शिमॉन हेटमार 17 गेंदों में नाबाद 31 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने 9 .2 ओवरों में दो विकेट खोकर 116 रन बनाकर मैच जीत लिया। इससे पहले बारिश के कारण खेल एक घंटे की देरी से शुरु हुआ और ओवरों की संख्या घटकर 13 ओवर कर दी गई। वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दक्षिण अफ्रीका ने निर्धारित 13 ओवरों में चार विकेट पर 108 रन बनाए।

### कोरिया ओपन बैडमिंटन में भारतीय चुनौती समाप्त



**सियोल।** अश्मिता चालिहा, मालविका बंसोड़ और आकर्षी कश्यप की बुधवार को कोरिया ओपन के पहले दौर में हार के साथ इस सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय अभियान समाप्त हो गया। दुनिया के 53वें नंबर की खिलाड़ी अश्मिता को महिला एकल के एकतरफा मुकाबले में दुनिया की 17वें नंबर की खिलाड़ी पोर्नपावी चोचुवोंग के खिलाफ 8-21 13-21 से हार झेलनी पड़ी जबकि आकर्षी को पहले दौर के एक अन्य मुकाबले में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसन के खिलाफ 15-21 15-21 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। दुनिया की 41वें नंबर की खिलाड़ी मालविका को कड़े मुकाबले में दुनिया की 18वें नंबर की खिलाड़ी डेनमार्क की लाइन होजमार्क जेयर्सफेल्ट के खिलाफ 21-18 15-21 17-21 से हार मिली। मिश्रित युगल में आयुष राज गुप्ता और श्रुति स्वेन की भारतीय जोड़ी को को सुंग ह्युन और इयोम ह्ये वोन की कोरियाई जोड़ी के खिलाफ 7-21 12-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी।

# लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर बने जहीर

## पूर्व तेज गेंदबाज बोले- नई शुरुआत बहुत खास, सफलता के लिए जरूरी है अच्छी प्रक्रिया

कोलकाता, एजेंसी

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने बुधवार को लखनऊ सुपर जायंट्स टीम के मेंटर (मार्गदर्शक) का पद संभालने के बाद इसे उस फ्रेंचाइजी के लिए बेहद खास शुरुआत बताया जो दो बार प्लेऑफ में पहुंचने के बावजूद आईपीएल जीतने में नाकाम रही।

लखनऊ की टीम ने 2022 में पदार्पण करने के बाद गौतम गंभीर के मेंटर रहते हुए दो बार प्लेऑफ में जगह बनाई लेकिन पिछले सत्र में उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा और टीम सातवें स्थान पर रही। जहीर ने मेंटर नियुक्त किए जाने के बाद कहा लखनऊ आईपीएल में नई फ्रेंचाइजी है लेकिन इसे इस रूप में नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि टीम हर तरह से तैयार है। इस फ्रेंचाइजी ने काफी प्रगति की है। लगातार प्लेऑफ में पहुंचकर उसने अपनी निरंतरता दिखाई है जो इस तरह के कड़े टूर्नामेंट में मुश्किल होता है। जब मैं फ्रेंचाइजी की सफलता में अपना योगदान देने के बारे में सोचता हूं तो इससे मुझे काफी आत्मविश्वास मिलता है। जहीर ने कहा प्रक्रिया बेहद जरूरी होती है और यह मेरी जिम्मेदारी होगी। मैं यह सुनिश्चित करूंगा कि वह प्रक्रिया अच्छी तरह से लागू हो जो टीम की सफलता के लिए आवश्यक होती है। उम्मीद है कि अगला सत्र हमारे लिए खास होगा जो इस फ्रेंचाइजी के लिए बहुत-बहुत खास शुरुआत होगी।

45 वर्ष के जहीर दो साल बाद आईपीएल में लौटे हैं। वह 2018 से 2022 के बीच पांच बार की चैंपियन मुंबई से जुड़े थे। गंभीर के जाने के बाद से लखनऊ टीम में यह पद रिक्त पड़ा है। गंभीर कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़ गए थे जिसने 2024 आईपीएल जीता। अब गंभीर भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं। जहीर मुंबई इंडियंस में क्रिकेट निदेशक थे और बाद में वैश्विक विकास प्रमुख बने।

लखनऊ टीम के पास फिलहाल गेंदबाजी कोच नहीं है। दक्षिण अफ्रीका के मोर्नी मोर्कल टीम के गेंदबाजी कोच थे जो अब गंभीर के साथ भारतीय टीम के सहयोगी स्टाफ में शामिल है। जहीर मुंबई इंडियंस, आरसीबी और दिल्ली डेयरडेविल्स के लिए खेल चुके हैं। उन्होंने इन टीमों के लिए 100 मैचों में 102 विकेट लिये। आखिरी बार 2017 में आईपीएल खेला था जब वह दिल्ली टीम के कप्तान थे।

लखनऊ के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर हैं लांस क्लूसनर और एडम सहायक कोच हैं।



### इंपैक्ट खिलाड़ी नियम से रणनीति का बढ़ा महत्व : अश्विन



**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन का मानना है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम ने खेल को निष्पक्ष बनाया है और इससे रणनीति का महत्व बढ़ा है। विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे सीनियर खिलाड़ियों ने इस नियम की आलोचना की है क्योंकि उनका मानना है कि इससे हरफनमौलाओं का विकास रूकेगा तथा गेंद और बल्ले के बीच संतुलन भी नहीं रहेगा। यह नियम आईपीएल 2023 से लागू किया गया जिसमें सभी टीमें अपनी पारी के दौरान एक खिलाड़ी को सब्स्टीट्यूट कर सकती हैं। अश्विन ने भारत के पूर्व कप्तान कृष्णामाचारी श्रीकांत के तमिल यूट्यूब शो में कहा मुझे लगता है कि यह नियम उतना बुरा नहीं है क्योंकि इससे रणनीति का महत्व बढ़ता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने शो के हवाले से कहा दूसरा पक्ष यह है कि इससे हरफनमौलाओं को प्रोत्साहन नहीं मिलता, लेकिन उन्हें कौन रोक रहा है। इस पीढ़ी में वे ऐसा नहीं करते हैं (बल्लेबाज गेंदबाजी करें या गेंदबाज बल्लेबाजी)। इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम उन्हें हतोत्साहित नहीं करता।

### जहीर ने की इंपैक्ट प्लेयर की सिफारिश

**कोलकाता।** लखनऊ सुपर जायंट्स के नवनियुक्त मेंटर जहीर खान ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में इंपैक्ट प्लेयर के नियम को बरकरार रखने की सिफारिश की क्योंकि उनका मानना है कि इससे भारतीय क्रिकेट में काफी सुधार होगा। जहीर ने कहा इंपैक्ट प्लेयर नियम को लेकर काफी चर्चा हुई है। मेरा मानना है कि इस नियम को बरकरार रखा जाना चाहिए। आईपीएल 2023 में इंपैक्ट प्लेयर का नियम लागू किया गया था जिसको लेकर मिश्रित प्रतिक्रिया मिली। उन्होंने कहा इससे निश्चित तौर पर भारत के युवा खिलाड़ियों को मौके मिलेंगे। आपको मेगा नीलामी में इसका असर देखने को मिलेगा जब फ्रेंचाइजी टीमों की निगाहें इस तरह के खिलाड़ियों पर होगी।

# कोहली और जायसवाल की टेस्ट रैंकिंग में सुधार





**दुबई।** सीनियर भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली बुधवार को जारी नवीनतम आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में दो स्थान के फायदे से आठवें स्थान पर पहुंच गए जबकि उनके कप्तान रोहित शर्मा एक स्थान के नुकसान से छठे पायदान पर हैं। रोहित और कोहली के अलावा युवा यशस्वी जासयवाल भी बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष 10 में शामिल हैं। वह एक स्थान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं।

इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट श्रीलंका के खिलाफ मैनचेस्टर में अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। ओल्ड ट्रैफर्ड में 56 और 32 रन की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के हैरी ब्रूक तीन स्थान के फायदे से चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पाकिस्तान के बाबर आजम, ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और रोहित को पीछे छोड़ा। बाबर को छह स्थान का नुकसान हुआ है और वह संयुक्त तीसरे से नौवें स्थान पर खिसक गए हैं। बांग्लादेश के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट में वह नाकाम रहे थे। पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान पहले टेस्ट में शतक की बदौलत सात स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। बांग्लादेश के मुशफिकुर रहीम भी सात स्थान के फायदे से करियर की सर्वश्रेष्ठ 17वीं रैंकिंग पर हैं। भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।

# एथलेटिक्स में भारत 10 पदक जीत सकता है : सत्यनारायण

नई दिल्ली, एजेंसी

● 84 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा दल ले रहा है हिस्सा, 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल

पैरा एथलेटिक्स के मुख्य कोच सत्यनारायण का मानना है कि भारत बुधवार से शुरू हो रहे पैरालंपिक में एथलेटिक्स में पांच स्वर्ण सहित 10 पदक जीत सकता है और उनका लक्ष्य पिछले पैरालंपिक के अपने प्रदर्शन को बेहतर करना होगा।

सत्यनारायण ने कहा कि भारतीय एथलीटों ने पेरिस पैरा खेलों के लिए गहन प्रशिक्षण लिया है। इस प्रतियोगिताओं में भारत का 84 खिलाड़ियों का अब तक का सबसे बड़ा दल हिस्सा ले रहा है जिसमें 52 पुरुष और 32 महिलाएं शामिल हैं। सत्यनारायण ने कहा तोक्यो में हमारे कई एथलीटों ने रजत और कांस्य पदक हासिल किए। इस बार हमारा ध्यान उन्हें स्वर्ण पदक में बदलने पर है। प्रशिक्षण गहन रहा है और हमारे एथलीटों ने अविश्वसनीय समर्पण दिखाया है। उनमें से अधिकांश पहले ही परिस्थितियों के अनुकूल होने और अपनी कड़ी ट्रेनिंग जारी रखने के लिए पेरिस पहुंच चुके हैं।

# ओसाका ने येलेना को हराया, अल्काराज भी जीते

अमेरिकी ओपन

न्यूयॉर्क, एजेंसी

एक साल पहले मातृत्व अवकाश के दौरान नाओमी ओसाका अमेरिकी ओपन के दौरान यहां नजर आई थीं जब उन्होंने महान तैराक माइकल फेल्प्स के साथ मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर चर्चा में भाग लिया था और उस समय उन्हें पता नहीं था कि फिर कोर्ट पर कब उतरेंगी।

एक साल बाद ओसाका ने लुईस आर्मस्ट्रांग स्टेडियम पर 10वीं रैंकिंग वाली येलेना ओस्टापेंको को 6-3, 6-2 से हराकर अमेरिकी ओपन के अगले दौर में प्रवेश कर लिया।



● इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया

● सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को दी शिकस्त

<< मैच के दौरान शॉट लगातीं नाओमी ओसाका।

अब उनका सामना 2023 फ्रेंच ओपन उपविजेता कैरोलिना मुचोवा से होगा जिसने अमेरिका की कैटी वोलिनेट्स को हराया। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने कैमिला राखिमोवा को हराया। वहीं अमेरिका की 11वीं वरीयता प्राप्त डेनियेले कोलिंस को हमवतन कैरोलिन डोलेहाइड ने मात दी। वहीं सोफिया केनिन ने 2021 अमेरिकी ओपन विजेता एम्मा राडूकानू को हराया। पुरूष वर्ग में चार बार के ग्रैंडस्लैम विजेता स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने आर्थर एशे स्टेडियम पर क्वालीफायर लि तू को मात दी। वहीं यानिक सिनेर ने मैकी मैकडोनाल्ड को मात दी। डैन इवांस ने कारेन खाचानोव को हराया।

### इवांस ने यूएस ओपन इतिहास का सबसे लंबा मैच जीता

**न्यूयॉर्क।** ब्रिटेन के डैन इवांस ने यूएस ओपन टेनिस प्रतियोगिता के अब तक के सबसे अधिक समय तक चले मुकाबले में रुस के करेन खाचानोव को हरा दिया है। इंवास ने यूएस ओपन के इतिहास के सबसे लंबे मैच में अंतिम सेट में 0-4 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मैच जीत। इंवास ने पांच घंटे और 35 मिनट तक चले मुकाबले में करेन खाचानोव पर 6-7(6), 7-6(2), 7-6(4), 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की।

## बॉलीवुड हलचल

# पुष्पा 2 द रूल का नया पोस्टर रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी आने वाली फिल्म पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर रिलीज किया है। पोस्टर में अल्लू अर्जुन के किरदार पुष्पा राज को लाल पृष्ठभूमि पर खड़ा दिखाया गया है। पोस्टर पर लिखा था। 100 दिनों में फिल्म होगी रिलीज। पोस्टर को माइथ्री मूवी मेकर्स के सोशल मीडिया हैंडल पर भी अपलोड किया गया। कैप्शन में लिखा है, #पुष्पा 2 : द रूल के लिए 100 दिन बाकी हैं, एक प्रतिष्ठित बॉक्स ऑफिस अनुभव के लिए तैयार हो जाइए। 6 दिसंबर 2024 को सिनेमाघरों में आ रही है पुष्पा 2। माइथ्री मूवी मेकर्स और मुत्तमसेट्टी मीडिया द्वारा निर्मित, फिल्म पुष्पा 2 : द रूल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल पुष्पा राज, श्रीवल्ली और भंवर सिंह शेखावत के रूप में अपनी भूमिकाओं को दोहराते हुए दिखाई देंगे। गौरतलब है कि फिल्म के मुख्य कलाकार अल्लू अर्जुन को पुष्प : द राइज यानी फिल्म के पहले भाग में उनके प्रदर्शन के लिए राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला था।

# सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी रहना है तेरे दिल में



**मुंबई।** सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा जैसे सितारों से सजी लोकप्रिय रोमांटिक फिल्म रहना है तेरे दिल में 30 अगस्त को सिनेमाघरों में फिर से रिलीज होगी। वाशु भगनानी के बैनर पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित वर्ष 2001 में प्रदर्शित फिल्म रहना है तेरे दिल में सैफ अली खान, आर माधवन और दीया मिर्जा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

गौतम वासुदेव मेनन द्वारा निर्देशित यह फिल्म उसी वर्ष रिलीज़ हुई उनकी तमिल फिल्म मिन्नाले की रीमेक थी। इस फिल्म से दीया मिर्जा ने बॉलीवुड में अपने करियर की शुरूआत की थी। फिल्म रहना है तेरे दिल में की दोबारा रिलीज को लेकर उत्साहित निर्माता जैकी भगनानी ने अपनी टीम द्वारा साझा किए गए एक नोट में कहा, यह फिल्म मेरे दिल में एक बहुत खास जगह रखती है, क्योंकि सहायक निर्देशक के रूप में यह मेरा पहला प्रोजेक्ट था। उस वक्त मैं काफी छोटा था। इस फिल्म का हिस्सा होने से मुझे सेट पर सैफ और दीया के साथ मिलकर काम करने का अविश्वसनीय अवसर मिला। ऐसे प्रतिभाशाली कलाकारों को एक्शन में देखना और फिल्म का हिस्सा बनना वास्तव में प्रेरणादायक था। आज भी, यह फिल्म युवाओं के बीच बेहद लोकप्रिय है, इसकी खूबसूरत धुनें ताजा और मनमोहक लगती हैं, और हम वास्तव में इसे अपने दर्शकों के लिए वापस लाकर खुश हैं, जिससे वे इसका दोबारा आनंद ले सकें।

# रामायण में मां सीता का किरदार निभाकर बहुत कुछ सीखा : प्राची



**मुंबई।** सोनी सब के सीरियल श्रीमद् रामायण में मां सीता का किरदार निभाने वाली प्राची बसंल ने कहा कि मां सीता का किरदार निभकार उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला है। प्राची बंसल ने कहा, मैं सीता के शांत और संयमित स्वभाव से जुड़ती हूं, जिसे मैं खुद में भी देखती हूं।

उनके किरदार को निभाने से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। मुझे लगता था कि मेरे जीवन में बहुत-सी समस्याएं हैं, लेकिन हमारी समस्याएं और चुनौतियां सीता के सामने कुछ भी नहीं हैं। अब मैंने हर चुनौती और खुशी के पीछे छिपे गहरे अर्थ को समझना सीख लिया है। इसने मुझे जीवन के अलग-अलग चरणों को और भी स्पष्ट रूप से देखने में मदद की है।मां सीता का बलिदान रामायण का एक महत्वपूर्ण अध्याय है, जिसने सदियों से महिलाओं को प्रेरित और प्रभावित किया है। उनका बलिदान सिर्फ़ एक पौराणिक कहानी नहीं है बल्कि समाज और रिश्तों के कई पहलुओं पर प्रकाश डालता है। सीता ने अपने परिवार और प्यार के लिए बहुत कुछ त्याग दिया। आज भी महिलाएं अपने परिवार के लिए कई त्याग करती हैं। उन्हें अपना करियर, सपने और यहां तक कि अपनी पहचान भी छोड़नी पड़ सकती है।

प्राची बंसल ने कहा,सीता की यात्रा के इस नए चरण की तैयारी के लिए मैंने उनके चरित्र की जटिलताओं और आगे बढ़ रही कहानी को समझने में खुद को डुबो दिया है। मैं विशेष रूप से उसके भावनात्मक आर्क से रोमांचित हूं क्योंकि वह इस चुनौतीपूर्ण अवधि से गुज़रती हैं। मैंने गहरी अंतर्दृष्टि प्राप्त करने, उसकी पिछली कहानी की बारीकियों और उसके कार्यों को प्रेरित करने वाली अंतर्निहित प्रेरणाओं की खोज करने के लिए रचनात्मक टीम के साथ चर्चा की है। सीता के मेरे चित्रण को आकार देने में यह सहयोगी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

## एक नजर

### झील में मिला महिला टीवी पत्रकार का शव

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में एक झील से बुधवार को 32 वर्षीय महिला टीवी पत्रकार का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान सारा रहनुमा के रूप में हुई है। वह बांग्ला भाषा के सैटेलाइट और केबल टीवी चैनल गाजी टीवी की न्यूजरूम एडिटर थीं। यह गाजी ग्रुप का चैनल है। खबरों में बताया गया कि ढाका की हातिरझील में सारा रहनुमा का शव तैरता हुआ पाया गया। ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल (डीएमसीएच) पुलिस चौकी के प्रभारी निरीक्षक बच्चू मिया ने महिला पत्रकार का शव मिलने की पुष्टि की।

### उत्तरी यमन में बाढ़, 24 लोग हुए लापता

**काहिरा।** उत्तरी यमन के एक गांव में बाढ़ का पानी घुस गया, जिससे घर और दुकानें जलमग्न हो गईं और कम से कम 24 लोग लापता हैं। यमन के हूती विद्रोहियों के एक बयान के अनुसार पिछले कुछ दिन में हुई भारी बारिश के कारण अल-महवित प्रांत के मेलहान जिले में बाढ़ आ गई, जिससे सात घर और चार दुकानें ध्वस्त हो गईं।

### स्पेसएक्स ने पोलारिस डॉन मिशन फिर टाला

**वाशिंगटन।** स्पेसएक्स ने कहा है कि स्प्लैशडाउन क्षेत्र में प्रतिकूल मौसम के पूर्वानुमान के कारण पोलारिस डॉन मिशन के साथ ड्रैगन अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण फिर से स्थगित कर दिया गया है। स्पेसएक्स ने मंगलवार को कहा कि लॉन्चर के सतही खंड में हीलियम का रिसाव होने के कारण पोलारिस डॉन मिशन का प्रक्षेपण बुधवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

### कागोशिमा में तूफान के कारण चेतावनी जारी

**टोक्यो।** जापान के कागोशिमा प्रान्त में बुधवार को शानशान तूफ़ान को लेकर आपातकालीन चेतावनी जारी की गयी। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने यह चेतावनी जारी की। एजेंसी ले तूफान शानशान के दक्षिण-पश्चिमी जापान की ओर बढ़ने के कारण स्थानीय निवासियों के बीच शीर्ष स्तर के अलर्ट का आह्वान किया है।

### अमेरिकी संयंत्र ने तोप गोलों का उत्पादन बढ़ाया

**स्क्रैंटन।** रूस के खिलाफ यूक्रेन की लड़ाई में इस्तेमाल के लिए तोप के गोले बनाने वाले पेनसिल्वेनिया स्थित संयंत्र ने बढ़ती मांग के मद्देनजर उत्पादन को 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है। सरकारी अधिकारियों ने ऐतिहासिक कारखाने के 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर की लागत से किए जा रहे आधुनिकीकरण के बारे में बताते हुए उत्पादन में हुई वृद्धि की इस सप्ताह जानकारी दी।

### नाइजीरिया में बाढ़ से 170 लोगों की मौत

**अबूजा।** नाइजीरिया में कुछ सप्ताह पहले आई बाढ़ और वर्षाजनित घटनाओं के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 170 पर पहुंच गई है। सीएनएन ने नाइजीरियाई राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता मन्ज़ो ईजेकील के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। पंच अखबार ने सोमवार को बताया कि उत्तरी नाइजीरिया के 10 राज्यों में कृषि भूमि लगातार बारिश के कारण आई बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुई है।

### पहली यूक्रेनी बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन निर्मित पहली बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण में सफल रही है। ज़ेलेंस्की ने मंगलवार को कहा कि पहली यूक्रेनी बैलिस्टिक मिसाइल का सकारात्मक परीक्षण हुआ। इसके लिए रक्षा उद्योग को बधाई देता हूं। हालांकि, उन्होंने मिसाइल की विशेषताओं सहित कोई विवरण नहीं दिया।

# खाने के ऑर्डर में देरी पर विवाद, युवक की हत्या

- भोजनालय के दो मालिकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में स्थित एक भोजनालय में खाने को लेकर दिए गए ऑर्डर में देरी के कारण हुए विवाद में बुधवार की सुबह एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। खबरों के अनुसार, पीड़ित को लाठी और धारदार हथियार से पीटा गया। पश्चिमी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि हरनीत सिंह सचदेवा (29) सुबह के समय एक ढाबे पर गया था जहां उसने भोजन के लिए ऑर्डर दिया। उन्होंने कहा कि खाने के ऑर्डर में देरी के कारण सचदेवा और भोजनालय के कर्मचारियों के बीच बहस हो गई।

पुलिस उपायुक्त ने बताया कि इसके बाद कर्मचारियों ने काफिला भोजनालय के मालिक केतन नरूला और अजय नरूला को जानकारी दी जिसके बाद वे कुछ अन्य लोगों को लेकर पहुंचे। इसके बाद उनका सचदेवा और उसके दोस्तों से झगड़ा शुरू हो गया। सचदेवा के दोस्त उसे अस्पताल ले गए जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है और मामले की जांच जारी है। अधिकारियों के अनुसार, सचदेवा सफेदी करने का काम करता था। सचदेवा की मां ने बताया कि वह कुछ खाने का ऑर्डर देने गया था। उन्होंने कहा कि वहां क्या हुआ हमें कुछ नहीं पता।

# सिग 716 : सटीक और शक्तिशाली है मारक क्षमता



सिग 716 राइफल एक आधुनिक, सेमी-ऑटोमैटिक राइफल है जो अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर द्वारा डिजाइन और निर्मित की गई है। अपनी विश्वसनीयता, सटीकता, और शक्तिशाली मारक क्षमता के लिए जानी जाती है। सिग 716 को अपनी मजबूत निर्माण गुणवत्ता, सुविधाजनक डिजाइन और उन्नत सुविधाओं के लिए प्रशंसा मिली है, जैसे कि एडजस्टेबल स्टॉक और रेल सिस्टम। यह राइफल विभिन्न सैन्य और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उपयोग की जाती है और अपनी क्षमताओं के लिए बेहतरीन हथियार मानी जाती है। इसीलिए भारतीय सेना इसे खूब पसंद कर रही है।

### पहले यह राइफलें थीं सेना के पास

- **ली एनफील्ड राइफल** : स्वतंत्रता के बाद 1947-1960 के दशक में ली एनफील्ड राइफल का उपयोग किया, जो एक ब्रिटिश-निर्मित बोल्ट-एक्शन राइफल थी।
- **सेल्फ लोडिंग राइफल** : भारतीय सेना ने 1960 से 1990 के दशक में 7.62एमएम 1ए नाटो कार्टिज वाली सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर) को अपनाया, जो एक सेमी-ऑटोमैटिक राइफल थी।
- **वन ए वन राइफल** : भारतीय सेना ने 1980 के दशक में 1ए1 नामक राइफल का भी उपयोग किया जो एसएलआर को उन्नत करके बनाया गया था। इन राइफलों का उपयोग भारतीय सेना ने कई दशकों तक किया, लेकिन वे धीरे-धीरे पुरानी हो गईं।
- **इंसास राइफल** : भारतीय सेना में इंसास राइफल को 1990 में शामिल किया गया था। इंसास का 1997 में बड़े पैमाने पर उत्पादन किया गया था। इस राइफल ने पहली बार 1999 में कारगिल युद्ध के दौरान अपनी शक्ति को प्रदर्शित किया था।

### भारत खरीदेगा 73 हजार और सिग 716 राइफल

**नई दिल्ली।** भारत ने अमेरिका की कंपनी सिग सॉयर को और 73 हजार सिग 716 राइफल का ऑर्डर दिया है। पूर्वी लद्दाख में भारत और चीन के बीच सीमा विवाद जारी रहने के बीच यह कदम उठाया गया है। रक्षा खरीद परिषद ने पिछले साल दिसंबर में 73 हजार सिग राइफल की खरीद की मंजूरी दी थी। आपूर्ति होने के बाद सेना के पास 1,45,400 सिग716 राइफल होंगी। भारत ने 2019 में 72,400 सिग 716 राइफल की आपूर्ति का अनुबंध दिया था।

### ये हैं खूबियां

**सटीक मारक क्षमता :** सिग 716 राइफल की मारक क्षमता लगभग 800 मीटर तक है, जो इसे मध्यम से लंबी दूरी की लड़ाई के लिए उपयुक्त बनाती है। यह राइफल 7.62x51एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग करती है। इसकी सटीकता और शक्तिशाली कार्ट्रिज इसे एक प्रभावी हथियार बनाते हैं।

**सिग 716 की खासियत :** सिग 716 में अधिक शक्तिशाली, 7.62x51एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग किया जाता है, जो इंसास के 5.56x45एमएम नाटो कार्ट्रिज से अधिक शक्तिशाली है। सिग 716 को अपनी सटीकता के लिए जाना जाता है, जो इसे दूरी पर निशाना लगाने में मदद करती है। सिग 716 को अपनी विश्वसनीयता के लिए जाना जाता है, जो इसे कठिन परिस्थितियों में भी काम करने में मदद करती है।

**इंसास राइफल से तुलना :** भारतीय सेना वर्तमान में इंसास राइफल का उपयोग करती है। इंसास (इंडियन स्मॉल आर्म्स सिस्टम) भारत में निर्मित असॉल्ट राइफल है जो 5.56x45 एमएम नाटो कार्ट्रिज का उपयोग करती है। सिग 716 की तुलना में इंसास की मारक क्षमता कम है और यह कम शक्तिशाली कार्ट्रिज का उपयोग करती है।

# भारत से सौहार्द्रपूर्ण संबंध चाहता है बांग्लादेश, हस्तक्षेप नहीं : रहमान

## जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने कहा, नई दिल्ली अपनी विदेश नीति पर करे पुनर्विचार

**ढाका, एजेंसी**



बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के प्रमुख शफीकुर रहमान ने कहा है कि उनकी पार्टी भारत के साथ सौहार्द्रपूर्ण और स्थिर संबंध चाहती है, लेकिन साथ ही कहा कि नई दिल्ली को पड़ोस में अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करने की जरूरत है, क्योंकि द्विपक्षीय संबंधों का मतलब एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप करना नहीं है। बांग्लादेश जमात-ए-इस्लामी के अमीर (प्रमुख) रहमान ने कहा कि उनकी पार्टी भारत और बांग्लादेश के बीच घनिष्ठ संबंधों का समर्थन करती है, लेकिन यह भी मानती है कि बांग्लादेश को अतीत को पीछे छोड़कर अमेरिका, चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के साथ मजबूत और संतुलित संबंध बनाए रखना चाहिए। रहमान (65) ने दलील दी कि जमात-ए-इस्लामी को भारत विरोधी मानने की नई दिल्ली की धारणा गलत है। उन्होंने कहा कि जमात-ए-इस्लामी किसी देश के खिलाफ नहीं है, यह एक गलत धारणा है। हम बांग्लादेश के समर्थक हैं और केवल बांग्लादेश के हितों की रक्षा करने में रुचि रखते हैं। उन्होंने जोर दिया कि इस धारणा को बदलने की जरूरत है।

जमात-ए-इस्लामी ने सुझाव दिया कि बेहतर होता यदि बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना अशांति के कारण इस्तीफा देने के बाद भारत नहीं भागतीं। उन्होंने कानून का सामना करने के लिए उनके बांग्लादेश लौटने की वकालत की। उन्होंने कहा कि भारत हमारा पड़ोसी है और हम अच्छे, स्थिर और सामंजस्यपूर्ण द्विपक्षीय संबंध चाहते हैं। हालांकि, भारत ने अतीत में कुछ ऐसे काम किए हैं जो बांग्लादेश के लोगों को पसंद नहीं आए। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, 2014 के बांग्लादेश चुनावों के दौरान, एक वरिष्ठ भारतीय राजनयिक ने ढाका का दौरा किया और निर्देश दिया कि किसे भाग लेना चाहिए और किसे नहीं। यह अस्वीकार्य था, क्योंकि यह पड़ोसी देश की भूमिका नहीं है। हमारा मानना है कि भारत अंततः बांग्लादेश के संबंध में अपनी विदेश नीति का पुनर्मूल्यांकन करेगा। हमारा मानना है कि एक-दूसरे के आंतरिक मुद्दों में हस्तक्षेप से बचना चाहिए।

### हिंदुओं पर हमले के आरोप निराधार

बांग्लादेश में जमात कार्यकर्ताओं द्वारा हिंदुओं पर हमले के आरोपों से संबंधित प्रश्न का उत्तर देते हुए रहमान ने इन्हें निराधार बताते हुए इनका खंडन किया। रहमान ने जमात-ए-इस्लामी के नकारात्मक चित्रण के लिए दुर्भावनापूर्ण मीडिया अभियान को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि पिछले 15 वर्षों में शेख हसीना सरकार द्वारा किए गए अत्याचारों का सबसे ज्यादा शिकार होने के बावजूद, हम अब भी डटे हैं और जमात को अब भी लोगों का समर्थन प्राप्त है। पाकिस्तान के साथ संबंधों पर रहमान ने कहा हम उनके साथ भी अच्छे संबंध चाहते हैं। हम उपमहाद्वीप में भारत, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमा, भूटान और श्रीलंका सहित सभी से संतुलित संबंध चाहते हैं।

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने जमात से प्रतिबंध हटाया

**ढाका।** बांग्लादेश में नोबेल पुरस्कार विजेता मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने बुधवार को जमात-ए-इस्लामी पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने अपने शासन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान उस पर प्रतिबंध लगा दिया था। हसीना सरकार ने पार्टी को उग्रवादी और आतंकवादी संगठन बताते हुए प्रतिबंधित कर दिया था और उसकी छात्र इकाई और अन्य संबद्ध संगठनों को सरकारी नौकरियों में आरक्षण व्यवस्था को लेकर आंदोलन भड़काने का दोषी ठहराया था। गृह मंत्रालय ने बुधवार को पार्टी पर से प्रतिबंध हटा दिया, जिससे उसे अपनी गतिविधियां फिर शुरू करने का रास्ता मिल गया।

# मोदी के कार्यक्रम में भाग लेने को 24 हजार हस्ताक्षर

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारतीय प्रवासी समुदाय के 24,000 से अधिक सदस्यों ने एक विशाल सामुदायिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं, जिसे अगले महीने यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। मोदी एंड यूएस प्रोग्रेस टूगेदर नामक कार्यक्रम नासाउ वेटरन्स मेमोरियल कॉलेजियम में 22 सितंबर को आयोजित होगा। इसमें 15,000 लोगों के बैठने की क्षमता है। 'इंडो-अमेरिकन कम्युनिटी ऑफ यूएसए' (आईएसीयू) ने मंगलवार को कहा कि 24,000 से अधिक भारतीय-अमेरिकियों ने इस विशाल कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हस्ताक्षर किए हैं जिसे प्रधानमंत्री मोदी संबोधित करेंगे।

मोदी का 26 सितंबर को यहां संयुक्त राष्ट्र महासभा के एक उच्च स्तरीय सत्र को संबोधित करने का कार्यक्रम है। जिसमें 42 राज्यों के भारतीय-अमेरिकियों के इसमें भाग लेने की संभावना है। मुख्य आयोजक ने कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि ज्यादा से ज्यादा लोग इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में भाग ले सकें। कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय-अमेरिकी समुदाय की परस्पर विविधता का जश्न मनाने वाली एक महत्वपूर्ण सभा आयोजित करना है।

# गुजरात में बारिश से नौ की मौत, कई इलाकों में बाढ़



वडोदरा के जलमग्न सामा इलाके में फंसे लोगों को बचाते सेना के जवान।

- प्रधानमंत्री मोदी ने मुख्यमंत्री पटेल से बात कर लिया हालात का जायजा

**अहमदाबाद, एजेंसी**

गुजरात में बारिश से संबंधित घटनाओं में नौ और लोगों की मौत हो गई, जिससे ऐसी घटनाओं में दो दिन में जान गंवाने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के कुछ हिस्सों में बुधवार को लगातार चौथे दिन भी बारिश जारी है। वहीं, बाढ़ प्रभावित इलाकों में से 8500 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से फोन पर बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया और इस संकट में केंद्र की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया।

एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, वायु सेना और तटरक्षक बल के साथ मिलकर बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत और बचाव कार्य संचालित कर रहे हैं। सोमवार और मंगलवार को दो दिन में 15,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राज्य आपातकालीन संचालन केंद्र के मुताबिक, सौराष्ट्र क्षेत्र के कई जिलों खासतौर पर देवभूमि द्वारका, जामनगर, पोरबंदर और राजकोट में बुधवार सुबह छह बजे समाप्त हुई 24 घंटे की अवधि में बहुत भारी बारिश हुई। जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया।

# वैज्ञानिकों ने किया 6-क्यूबिट क्वांटम प्रोसेसर का परीक्षण

- सुपरकंडक्टिंग सर्किट तकनीक पर है आधारित

**नई दिल्ली, एजेंसी**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) तथा टाटा अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) के वैज्ञानिकों ने सुपरकंडक्टिंग सर्किट तकनीक पर आधारित 6-क्यूबिट क्वांटम प्रोसेसर का एंड-टू-एंड परीक्षण पूरा कर लिया है। रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि डीआरडीओ की क्वांटम यांत्रिकी युवा वैज्ञानिक प्रयोगशाला (डीवाईएसएल-क्यूटी) पुणे और टाटा मौलिक अनुसंधान संस्थान (टीआईएफआर) मुंबई के वैज्ञानिकों ने यह परीक्षण किया है।

इसमें क्लाउड-आधारित इंटरफ़ेस से क्वांटम सर्किट सबमिट करना, क्वांटम हार्डवेयर पर प्रोग्राम का निष्पादन और गणना किए गए परिणामों के साथ क्लाउड इंटरफ़ेस को अपडेट करना शामिल था। टीआईएफआर मुंबई के कोलाबा परिसर में क्रियान्वित की जा रही यह परियोजना डीवाईएसएल-क्यूटी, टीआईएफआर और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) के बीच त्रिपक्षीय सहयोग है। डीवाईएसएल-क्यूटी वैज्ञानिकों ने वाणिज्यिक ऑफ-द-शेल्फ इलेक्ट्रॉनिक्स और कस्टम-प्रोग्राम्ड विकास बोर्डों के संयोजन का उपयोग करके नियंत्रण और माप उपकरण को एक साथ रखा। क्वैब को टीआईएफआर में डिजाइन और निर्मित किया गया था और क्वांटम प्रोसेसर आर्किटेक्चर टीआईएफआर में आविष्कार किए गए एक अभिनव रिंग-रेज़ोनेटर डिजाइन पर आधारित है। क्वांटम हार्डवेयर के लिए क्लाउड-आधारित इंटरफ़ेस टीसीएस द्वारा विकसित किया गया है।

# कांगो में मंकी पॉक्स से 610 से अधिक लोगों की मौत

**किंशासा, एजेंसी।** मध्य अफ्रीकी देश डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) में मंकी पॉक्स प्रकोप के 17,801 से अधिक संदिग्ध मामले सामने आए हैं, जिनमें से 610 लोगों की मौत हो गई है। डीआरसी के स्वास्थ्य मंत्री रोजर काम्बा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने लोगों से सुरक्षात्मक उपायों का पालन करने का आग्रह किया, खासकर सितंबर में शुरू होने वाले स्कूल वर्ष के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की।

**फिलीपींस में दो नए मामले सामने आए : मनीला।** फिलीपींस में मंकी पॉक्स के दो नए मामले सामने आए हैं, जिससे देश में सक्रिय मामलों की कुल संख्या पांच हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने बुधवार को यह जानकारी दी। फिलीपींस के स्वास्थ्य सचिव तियोदोरो हर्बोसा ने बताया कि नए मामलों में मेट्रो मनीला की एक 26 वर्षीय महिला और मनीला के दक्षिणी क्षेत्र का 12 वर्षीय युवक शामिल हैं।

**स्पेन 20 प्रतिशत टीके अफ्रीकी देशों को भेजेगा : मैड्रिड।** स्पेन मंकी पॉक्स प्रकोप से निजात दिलाने के लिए मध्य अफ्रीकी देशों को अपने चिकित्सा भंडार से 20 प्रतिशत मंकीपॉक्स टीकों की आपूर्ति करेगा। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि मध्य अफ्रीकी देशों की वर्तमान स्थिति को देखते हुए मंकी पॉक्स प्रकोप पर नियंत्रण पाने के लिए उस क्षेत्र में कार्य करना आवश्यक है।

# इजराइल के हमले में नौ फिलिस्तीनियों की मौत

- इजराइली सेना ने जेनिन शहर को घेरा

**वेस्ट बैंक, एजेंसी**

इजराइल ने बुधवार को वेस्ट बैंक में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया जिसमें कम से कम नौ फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और सेना ने संवदेनशील जेनिन शहर को घेर लिया है। फिलिस्तीनी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इजराइल ने सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद से लगभग हर दिन वेस्ट बैंक पर हमले किए हैं। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल नदाव शोशनी ने कहा कि बड़ी संख्या में सैनिक संवदेनशील जेनिन शहर में घुसे जो लंबे समय से आतंकवादियों का गढ़ रहा है। साथ ही सैनिक तुल्कारिम शहर और अल-फारा रिफ्यूजी कैम्प में भी घुसे।

उन्होंने बताया कि इस दौरान मारे गए सभी नौ लोग आतंकवादी थे। इनमें से तीन तुल्कारिम में एक हवाई हमले में तथा चार अल-फारा में एक हवाई हमले में मारे गए। उन्होंने बताया कि पांच अन्य संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया है। फिलिस्तीनी आतंकवादी समूहों ने कहा कि इजराइली सेना के साथ उनकी मुठभेड़ जारी है। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने फलस्तीनी रेडियो से कहा कि इजराइली बलों ने शहर को घेर लिया है, निकासी और प्रवेश बिन्दुओं को बंद कर दिया है तथा अस्पतालों तक पहुंच को अवरुद्ध कर दिया है। वेस्ट बैंक में फलस्तीन के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इजराइली बलों ने एक अस्पताल तक जाने वाली सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है।

# गुरु ग्रंथ साहिब की छवियां कतर से भारत लाए सरकार

**अमृतसर, एजेंसी।** शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) के अध्यक्ष एडवोकेट हरजिंदर सिंह धामी ने विदेश मंत्रालय द्वारा दोहा कतर में पुलिस से श्री गुरु ग्रंथ साहिब की दो पवित्र छवियों को वापस लेने का स्वागत किया है और इन पवित्र छवियों को भारत लाने की मांग की है। इस संबंध में भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा शिरोमणि कमेटी को ई-मेल के माध्यम से भेजी गई जानकारी के बाद धामी ने कहा कि यह अच्छी बात है कि केंद्र सरकार ने गुरु ग्रंथ साहिब की पवित्र छवियों की बेअदबी को देखते हुए गंभीर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि यह मामला बेहद गंभीर है क्योंकि यह सिख समुदाय की धार्मिक भावनाओं से जुड़ा है, अब श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के दोनों पवित्र स्वरूपों को भारत लाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दोहा कतर में पुलिस से बरामद किए गए पवित्र स्वरूपों को शिरोमणि कमेटी को सौंप दिया जाना चाहिए जिससे उनका सम्मान बरकरार रखा जाए।

**शिवाजी प्रतिमा : अजित पवार ने माफी मांगी**

**लातूर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने तटीय कोंकण क्षेत्र के मालवण किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा गिरने की घटना के लिए बुधवार को महाराष्ट्र के लोगों से माफी मांगी। अजित पवार ने लातूर जिले में जन सम्मान यात्रा के दौरान कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# भारत-अमेरिका संबंध बेहद महत्वपूर्ण : गार्सेटी

- आईसी3 सम्मेलन और एक्सपो 2024 में भाग ले रहे दुनिया भर से 2000 शिक्षक, परामर्शदाता

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में अमेरिकी राजदूत एरिक गार्सेटी ने बुधवार को कहा कि भारत-अमेरिका संबंध वैश्विक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। राजदूत ने यहां वार्षिक आईसी3 सम्मेलन और एक्सपो 2024 में अपने संबोधन के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत-अमेरिका संबंध वैश्विक प्रगति के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, जो शिक्षा के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता में गहराई से निहित है। जैसे-जैसे हम इस साझेदारी को मजबूत करने का प्रयास करते हैं, प्रभावी परामर्श दरवाजे खोलने और आपसी समझ को बढ़ावा देने में एक प्रमुख चालक के रूप में उभरता है।

गार्सेटी ने कहा कि अपने छात्रों को आगे बढ़ाते हुए और उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करके, हम न केवल शैक्षिक मार्गों को बढ़ा रहे हैं, बल्कि अपने द्विपक्षीय संबंधों को भी गहरा कर रहे हैं। इस सम्मेलन में दुनिया भर से लगभग 2,000 शिक्षक, स्कूल नेता, परामर्शदाता और विश्वविद्यालय प्रतिनिधि एक साथ आए। गार्सेटी ने कहा कि आईसी3 जैसे कार्यक्रम इस मिशन में महत्वपूर्ण हैं।

# चीन के मामले पर विस्तृत चर्चा की जरूरत : तिवारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनीष तिवारी ने चीन के साथ सीमा गतिरोध पर संसद में चर्चा कराने में कथित झिझक और अपारदर्शिता के लिए मोदी सरकार की आलोचना की और बीजिंग के साथ भारत के समग्र संबंधों पर एक विस्तृत चर्चा की आवश्यकता पर बल दिया। तिवारी ने यह आरोप भी लगाया कि रक्षा और विदेश मंत्रालय संसदीय छानबीन से मुक्त हैं। उन्होंने 1962 के भारत-चीन सीमा युद्ध के दौरान संसद में चर्चा होने का उदाहरण दिया और इस बात का उल्लेख किया कि 1971 में जब पाकिस्तान के साथ लड़ाई चल रही थी तो तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने संसद को जानकारी दी थी।

# नासा का अगला मंगल मिशन अक्टूबर में लॉन्च किया जाएगा

**संवाददाता, नैनीताल**



- 11 माह के बाद पहुंचेगा मंगल की ऑर्बिट में
- मंगल के वायुमंडल की जांच करेगा यह जुड़वा मिशन
- लाल ग्रह पर मानव जीवन बसाने को लेकर प्रयास

**अमृत विचार :** लालग्रह मंगल पर एक साथ दो मिशन भेजने की अंतिम तैयारी में नासा जुट गया है। मिशन का नाम ब्लू एंड गोल्ड रखा गया है। मिशन का उद्देश्य मंगल के वायुमंडल व सूर्य के विकिरण प्रभाव का पता लगाना है। अक्टूबर में इस जुड़वा मिशन को लॉन्च किया जाएगा।

लाल ग्रह पर मानव जीवन बसाने को लेकर मानवीय प्रयास द्रुत गति से आगे बढ़ रहे हैं। अगले पांच वर्ष में इंसानों का एक दल मंगल की सतह पर पहला कदम रखेगा। इससे पहले नासा सुरक्षा के लिहाज से मंगल की सतह समेत वायुमंडलीय स्थिति की परख कर लेना चाहता है। जिसे लेकर यह जुड़वा मिशन भेजा जा रहा है। यह मिशन हाइब्रिड मैग्नेटोस्फीयर का अध्ययन करेगा। सूर्य से आने वाले उच्च ऊर्जावान कणों के असर का पता लगाएगा। सूर्य से आने वाली हानिकारक पैराबैगनी किरणों की जानकारी जुटाएगा। मंगल के आयनमंडल की जानकारी भी प्राप्त करेगा।

यह बेहद महत्वपूर्ण मिशन है, जो अक्टूबर में लॉन्च किया जाएगा। दोनों उपग्रहों को लाल ग्रह तक पहुंचने में 11 महीने का समय लगेगा। 80 मिलियन डॉलर की कुल लागत से यह मिशन तैयार किया गया है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले अंतरिक्ष विज्ञान प्रयोगशाला (एसएसएल) में ग्रह विज्ञान और खगोल जीव विज्ञान के एसोसिएट निदेशक लिलिज, नासा के गोडार्ड स्पेस फ़्लाइट सेंटर के साथ मिलकर मिशन को अंतिम तैयारियां दे रहे हैं। उनका कहना है कि मंगल का चुंबकीय क्षेत्र सौर हवा को अपने चारों ओर किस तरह से प्रवाहित करता है, साथ ही मैग्नेटोस्फीयर के माध्यम से सौर हवा से ऊर्जा और गति को कैसे लाता व ले जाता है, इस मिशन के जरिए पता लगाया जाएगा।

### 55 मिशन भेजे जा चुके हैं मंगल पर

मंगल की टोह लेने के लिए अभी तक 55 मिशन भेजे जा चुके हैं। मंगल मिशन की शुरुआत 1960 से हुई। सर्वाधिक 27 मिशन नासा ने भेजे हैं। सोवियत संघ ने 21 भेजे हैं। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने चार के अलावा भारत, चीन व जापान ने एक-एक भेजे हैं। 55 में 27 मिशन असफल रहे हैं। तीन आंशिक रूप से सफल रहे हैं। शेष 25 मिशन सफल रहे हैं। शुरुआती 6 मिशन को असफलता देखनी पड़ी थी। जिनमें सोवियत संघ के पांच व एक नासा का था। अधिकांश मिशन मंगल के ऑर्बिट में भेजे गए हैं। मंगल की सतह पर 18 लैंडर व रोबर भेजे गए। जिनमें आठ असफल रहे। तीन आंशिक सफल रहे। मात्र सात को सफलता मिली। इसरो ने 2013 ऑर्बिटर भेजा था। जिसे पहली बार में ही सफलता मिल गई थी।